द्रव्यानुयोग

3

अ.प्र. उपाध्याय मुनिश्री कन्हैयालालजी 'कमल'

अर्हम्

गुरुदेवश्री फतेह-प्रताप स्मृति पुष्प आगम अनुयोग ग्रंथमाला-८

द्रव्यानुयोग

जैनागमों में वर्णित जीव-अजीव विषयक सामग्री का विषयानुक्रम से प्रामाणिक संकलन

(मूल एवं हिन्दी अनुवाद)

तृतीय खण्ड (अध्ययन ३९-४६)

अनेक परिशिष्ट एवं शब्दकोष युक्त

प्रधान सम्पादक :

अनुयोग प्रवर्त्तक उपाध्याय प्रवर पंडित-रत्न

मुनि श्री कन्हैयालाल जी 'कमल'

सहयोगी सम्पादक :

आगम रसिक श्री विनय मुनि जी 'वागीश'

महासती डॉ. श्री मुक्तिप्रभा जी, एम. ए., पी-एच. डी.

महासती डॉ. श्री दिव्यप्रभा जी, एम. ए., पी-एच. डी.

प्रधान परामर्शदाता :

पं. श्री दलसुखभाई मालवणिया

सह-सम्पादक :

पं. श्री देवकुमार जी जैन (बीकानेर)

श्री श्रीचन्द जी सुराना 'सरस'

विशिष्ट सहयोगी :

श्री घेवरचंद जी कानूगो

श्री नेमीचंद जी सिंगवी

प्रकाशक : **आगम अनुयोग ट्रस्ट**

अहमदाबाद-३८० ०१३

सम्पादन सहयोगी :
आगम मनीषी श्री तिलोक मुनि जी 'गीतार्थ'
महासती श्री अनुपमा जी, एम. ए., पी-एच. डी.
महासती श्री भव्यसाधना जी
महासती श्री विरतिसाधना जी
डॉ. श्री धर्मचन्द जी जैन, जोधपुर

पांडुलिपि सहयोगी :
श्री राजेश भंडारी, जोधपुर
श्री राजेन्द्र एवं सुनील मेहता, शाहपुरा
श्री मांगीलाल जी शर्मा, कुरड़ायाँ

प्रकाशक एवं प्राप्ति-स्थान :
आगम अनुयोग ट्रस्ट
१५, स्थानकवासी सोसायटी
नारायणपुरा क्रॉसिंग के पास
अहमदाबाद-३८० ०१३

ट्रस्ट मण्डल :
श्री बलदेवभाई डोसाभाई पटेल
श्री हिम्मतलाल शामलदास शाह
श्री महेन्द्र शान्तिलाल शाह
श्री नवनीतलाल चुन्नीलाल पटेल
श्री रमणलाल माणिकलाल शाह
श्री विजयराज बी. जैन
श्री अजयराज के. मेहता

प्रकाशन वर्ष :
वीर निर्वाण संवत् २५२२
वि. सं. २०५२ पार्श्व जयन्ती
ईस्वी सन् १९९५, दिसम्बर

मुद्रण :
राजेश सुराना द्वारा दिवाकर प्रकाशन
ए-७, अवागढ़ हाउस, एम. जी. रोड,
आगरा-२८२ ००२, फोन : (०५६२) ३५११६५

सम्पर्क सूत्र :
- **मंत्री : श्री जयंतिलाल चंदुलाल संघवी**
  सिद्धार्थ एपार्टमेन्ट, स्थानकवासी सोसायटी के पास,
  नारायणपुरा क्रॉसिंग, अहमदाबाद-३८० ०१३
- **श्री वर्धमान महावीर केन्द्र**
  सब्जी मण्डी के सामने,
  आबू पर्वत-३०७ ५०१ (राज.)
- **डॉ. सोहनलाल जी संचेती, सहमंत्री**
  चाँदी हॉल, केसरवाड़ी,
  जोधपुर-३४२ ००२ (राज.)

© **सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन**

मूल्य :
चार सौ रुपया मात्र (४००/- रुपया)

ARHAM

GURUDEV SHRI FATEH-PRATAP MEMORIAL AGAM ANUYOG SERIES-8

DRAVYANUYOGA

AN AUTHENTIC SUBJECTWISE COLLECTION OF DATA ON LIFE AND MATTER DETAILED IN JAIN SCRIPTURES

(TEXT AND HINDI TRANSLATION)

PART-III (Chapter 39 to 46)

INCLUDING APPENDIXES & MEANINGS

Editor :

Anuyog Pravartak, Upadhyaya Pravar, Pandit Ratna

Muni Shri Kanhiya Lal Ji 'Kamal'

Associate Editor :

Agam Rasik Shri Vinay Muni Ji 'Vageesh'

Mahasati Dr. Shri Mukti Prabha Ji, M.A., Ph.D.

Mahasati Dr. Shri Divya Prabha Ji, M.A., Ph.D.

Chief Consultant :

Pt. Shri Dalsukh Bhai Malvaniya

Co-Editor :

Pt. Shri Dev Kumar Ji Jain (Bikaner)

Shri Srichand Ji Surana 'Saras'

Special Assistance :

Shri Ghewar Chand Ji Kanoogo

Shri Nemi Chand Ji Singhvi

PUBLISHER : AGAM ANUYOG TRUST

AHMEDABAD-380 013

CONTRIBUTING EDITORS :
Agam Maneeshi Shri Tilok Muni Ji 'Geetarth'
Mahasati Shri Anupama Ji, M.A., Ph.D.
Mahasati Shri Bhavya Sadhana Ji
Mahasati Shri Virati Sadhana Ji
Dr. Shri Dharm Chand Ji Jain, Jodhpur

MANUSCRIPT PREPARATION ASSISTANCE :
Shri Rajesh Bhandari, Jodhpur
Shri Rajendra and Sunil Mehta, Shahpura
Shri Mangi Lal Ji Sharma, Kurdayan

PUBLISHED AND MARKETED BY :
Agam Anuyog Trust
15, Sthanakvasi Society
Near Narayanpura Crossing
Ahmedabad-380 013

TRUST MANDAL :
Shri Baldev Bhai Dosa Bhai Patel
Shri Himmat Lal Shamal Das Shah
Shri Mahendra Shanti Lal Shah
Shri Navneet Lal Chunni Lal Patel
Shri Raman Lal Manik Lal Shah
Shri Vijayraj B. Jain
Shri Ajayraj K. Mehta

YEAR OF PUBLICATION :
Veer Nirvan S. 2522
V.S. 2052 Parshwa Jayanti
1995, December

PRINTED BY RAJESH SURANA AT :
Diwakar Prakashan
A-7, Awagarh House, M.G. Road
Agra-282 002, Ph. : (0562) 351165

CONTACT :
- Secretary :
  Shri Jayanti Lal Chandu Lal Sanghavi
  Siddhartha Apartment
  Near Sthanakvasi Society
  Narayanpura Crossing
  Ahmedabad-380 013
- Shri Vardhaman Mahavir Kendra
  Opp. Subji Mandi
  Mount Abu-307 501 (Raj.)
- Dr. Sohan Lal Ji Sancheti
  Co-secretary
  Chandi Hall, Kesarvadi
  Jodhpur-342 002 (Raj.)

© PUBLISHER

PRICE :
Rupees Four Hundred only (Rs. 400.00)

समर्पण

स्थानकवासी परम्परा मान्य बत्तीस आगमों के
सर्वप्रथम संस्कृत-हिन्दी-गुजराती-टीकाकार
तथा
व्याकरण-कोष-छन्द-अलंकार आदि
अनेक विषयों के ग्रन्थों के निर्माता
परम पूज्य श्रुतधर बहुश्रुत एवं गीतार्थ
श्री घासीलाल जी महाराज की पुण्य स्मृति में
द्रव्यानुयोग का यह तृतीय खण्ड
सादर श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

विनीत :
उपाध्याय मुनि कन्हैयालाल 'कमल'
महासती मुक्तिप्रभा
महासती दिव्यप्रभा

प्रकाशकीय

अतीत में कुछ शताब्दियों पहले बहुश्रुत आर्य रक्षित ने अनुयोग विभाजित किये थे किन्तु विस्मृत हो गये और नाममात्र शेष रहे।

चार अनुयोगों के नाम--

१. धर्मकथानुयोग
२. गणितानुयोग
३. चरणानुयोग
४. द्रव्यानुयोग

पूज्य उपाध्यायश्री के मन में संकल्प हुआ कि आगमों को चार अनुयोगों में विभाजित किया जाय। लगभग ५० वर्ष पूर्व आपने अनुयोग सम्पादन का कार्य प्रारम्भ किया था। अनेक विद्वानों से और कुछ श्रुतधर मुनिवरों से मार्गदर्शन प्राप्त किया और कार्य उत्तरोत्तर प्रगति के शिखर पर पहुँचता गया।

प्रारम्भ के तीन अनुयोग हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित हो गये हैं और वे गुजराती अनुवाद के साथ भी प्रकाशित हो रहे हैं। चतुर्थ द्रव्यानुयोग भी प्रकाशित हो रहा है। यह तीन भागों में प्रकाशित हो पाया है। प्रथम एवं द्वितीय भाग के बाद यह तृतीय भाग (सम्पूर्ण द्रव्यानुयोग परिशिष्ट सहित) पाठकों के सम्मुख रखते हुए हमें अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है।

उपाध्यायश्री जी ने बहुत ही परिश्रम किया है। साथ ही उनके सुयोग्य शिष्य श्री विनय मुनि जी 'वागीश' ने भी गुरुदेव के संकल्प को पूर्ण कराने में अथक परिश्रम किया है।

जिनशासन चन्द्रिका महासती जी श्री उज्ज्वलकुमारी जी की सुशिष्या डॉ. महासती, श्री मुक्तिप्रभा जी, डॉ. दिव्यप्रभा जी, डॉ. अनुपमा जी, श्री भव्यसाधना जी, श्री विरतिसाधना जी ने भी इसके सम्पादन में मूल पाठ मिलान एवं लेखन आदि कार्यों में अनवरत परिश्रम किया है।

पं. श्री देवकुमार जी जैन, बीकानेर ने संशोधन आदि कार्यों में, डॉ. धर्मचन्द जी जैन ने आमुख आदि लिखकर योगदान किया है।

श्री श्रीचन्द जी सुराना 'सरस' आगरा ने संशोधन, प्रकाशन तथा श्री मांगीलाल जी शर्मा ने पांडुलिपि आदि कार्यों में विशेष योगदान दिया है, अतः हम इनके आभारी हैं।

मेरे सहयोगी श्री हिम्मतभाई, श्री नवनीतभाई, श्री विजयराज जी, श्री जयन्तिभाई संघवी, डॉ. श्री सोहनलाल जी संचेती आदि का कार्य की प्रगति में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है।

श्री घेवरचन्द जी कानूंगा जोधपुर, श्री नेमीचन्द जी संघवी कुशालपुरा, श्री श्रीचन्द जी जैन दिल्ली, श्री गुलशनराय जी जैन दिल्ली, श्री मोहनलाल जी सांड जोधपुर, श्री नारायणचन्द जी मेहता जोधपुर, श्री जेठमल जी चौरिड़या बैंगलोर का इस प्रकाशन में विशेष रूप से आर्थिक योगदान प्राप्त हुआ है अतः हम इन सबके आभारी हैं।

-बलदेवभाई डोसाभाई पटेल
अध्यक्ष
आगम अनुयोग ट्रस्ट

सम्पादकीय

चार अनुयोगों में द्रव्यानुयोग बहुत विशाल, जटिल व दुरूह है।

यह तीन भागों में प्रकाशित हो रहा है। प्रथम भाग में २४ अध्ययन लिये गये हैं। १,000 विषयों का संकलन हुआ है। द्वितीय भाग संयत, लेश्या, क्रिया, आश्रव, वेद, कषाय, कर्म, वेदना, चार गति, वक्कंति आदि १४ अध्ययनों का संकलन है। कुल ८१२ विषय हैं।

तीसरा भाग भी पाठकों के हाथों में पहुंच रहा है, इसमें गर्भ, युग्म, गम्मा, आत्मा, समुद्घात, चरमाचरम, अजीव, पुद्गल इन ९ अध्ययनों का संकलन है। तथा अनेक परिशिष्ट एवं शब्दकोष भी इसी में संकलित हैं। द्रव्यानुयोग बहुत ही गहन विषय है। इन अध्ययनों में उससे संबंधित पूरा विषय लेने का प्रयत्न किया गया है। अनेक विषय द्वार वाले हैं अतः वे छिन्न-भिन्न न हों इसलिये उनको विभक्त नहीं किया है। परिशिष्ट में अन्य अनुयोगों में प्रकाशित उन विषयों के पृष्ठांक व सूत्रांक दिये हैं जिनका अध्ययन करके पाठक पूर्ण विषय ग्रहण कर सकेंगे अतः पाठक उसका अवलोकन अवश्य करें।

पूज्य गुरुदेव श्री फतेहचन्द जी म. एवं श्री प्रतापमल जी म. के शुभाशीर्वाद से ४५ वर्ष पूर्व यह कार्य प्रारम्भ किया था अब यह कार्य पूर्ण हो रहा है यह मेरे लिए परम प्रसन्नता का विषय है। इस कार्य को सफल बनाने में अनेक भावनाशील श्रुत उपासकों का योगदान प्राप्त हुआ है। जिसमें मेरे शिष्य विनय मुनि का खास सहयोग मिला। उन्होंने सेवा के साथ-साथ अन्तर्हृदय से इस अनुयोग के कार्य को व्यवस्थित किया।

साथ ही महासती जी श्री मुक्तिप्रभा जी अपनी शिष्याओं के साथ आबू पधारीं, उन्होंने अनेक परीषह सहन करके लगभग पाँच वर्ष तक इस भगीरथ कार्य को सफल बनाने में परिश्रम किया है।

इस कार्य का प्रारम्भ हरमाड़ा में हुआ था। प्रकाशन अनुयोग प्रकाशन परिषद् साण्डेराव से प्रारम्भ हुआ था फिर इसी कार्य से अहमदाबाद पहुँचना हुआ, वहाँ श्री बलदेवभाई ने इस कार्य को देखा, उन्होंने प्रसन्न होकर ट्रस्ट की स्थापना की व चारों ही अनुयोगों का प्रकाशन वहाँ से हुआ है। गुजराती भाषांतर भी करने की भावना साकार हो रही है।

स्वाध्यायशील बंधु इनका स्वाध्याय करके ज्ञानोपार्जन करें।

इति शुभम्

—मुनि कन्हैयालाल 'कमल'



॥ अर्हम् ॥

ज्ञानयोगी उपाध्याय प्रवर अनुयोग प्रवर्तक गुरुदेव मुनिश्री कन्हैयालाल जी म. 'कमल'

ज्ञान की उत्कट अगाध पिपासा लिये अहर्निश ज्ञानाराधना में तत्पर, जागरूक प्रज्ञा, सूक्ष्म ग्राहिणी मेधा, शब्द और अर्थ की तलछट गहराई तक पहुँच कर नये-नये अर्थ का अनुसंधान व विश्लेषण करने की क्षमता–यही परिचय है उपाध्याय मुनि श्री कन्हैयालाल जी म. कमल का।

७ वर्ष की लघु वय में वैराग्य जागृति होने पर गुरुदेव पूज्य श्री फतेहचन्द जी महाराज तथा प्रतापचन्द जी म. के सान्निध्य में १८ वर्ष की आयु में दीक्षा ग्रहण। आगम, व्याकरण, कोश, न्याय तथा साहित्य के विविध अंगों का गंभीर अध्ययन व अनुशीलन। आगमों की टीकाएँ व चूर्णि, भाष्य साहित्य का विशेष अनुशीलन। ज्ञानार्जन/विद्यार्जन की दृष्टि से–उपाध्याय श्री अमर मुनिजी, पं. वेचरदास जी दोशी, पं. दलसुख भाई मालवणिया तथा पं. शोभाचन्द जी भारिल्ल का विशेष सान्निध्य प्राप्त कर ज्ञान चेतना की परितृप्ति की। उनके प्रति विद्यागुरु का सम्मान आज भी मन में विद्यमान है। २८ वर्ष की अवस्था में किसी जर्मन विद्वान् के लेख से प्रेरणा प्राप्त कर आगमों का अधुनातन दृष्टि से अनुसंधान। फिर अनुयोग शैली से वर्गीकरण का भीष्म संकल्प। ३० वर्ष की अवस्था से अनुयोग वर्गीकरण कार्य प्रारम्भ। पं. प्रवर श्री दलसुख भाई मालवणिया, पं. अमृतलाल भाई भोजक, महासती डॉ. मुक्तिप्रभा जी, महासती डॉ. दिव्यप्रभा जी, सर्वात्मना समर्पित श्रुतसेवी विनय मुनि जी 'वागीश', श्रीचन्दजी सुराना, डॉ. धर्मचन्द जी जैन, त्यागी विद्वत् पुरुष श्री जौहरीमल जी पारख, पं. देवकुमार जी जैन आदि का समय-समय पर मार्गदर्शन, सहयोग और सहकार प्राप्त होता रहा। बीज रूप में प्रारम्भ किया हुआ अनुयोग कार्य आज अनुयोग के ८ विशाल भागों के लगभग ६ हजार पृष्ठ की मुद्रित सामग्री के रुप में विशाल वट वृक्ष की भाँति श्रुत-सेवा के कार्य में अद्वितीय कीर्तिमान बन गया है।

गुरुदेव के जीवन की महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ –

जन्म	:	वि. सं. १९७० (रामनवमी) चैत्र सुदी ९
जन्मस्थल	:	केकीन्द (जसनगर) राजस्थान
पिता	:	श्री गोविंदसिंह जी राजपुरोहित
माता	:	श्री यमुनादेवी
दीक्षा तिथि	:	वि. सं. १९८८ वैसाख सुदी ६
दीक्षा स्थल	:	धर्म वीरों, दानवीरों की नगरी सांडेराव (राजस्थान)
दीक्षा दाता	:	गुरुदेव जी फतेहचन्द म. एवं श्री प्रतापचन्द जी म.
उपाध्यायपद	:	श्रमण संघ के वरिष्ठ उपाध्याय



गुरुसेवा एवं श्रुत-सेवा के लिए समर्पित साकार विनय मूर्त्ति श्री विनय मुनि जी 'वागीश'

श्री विनय मुनि जी यथानाम तथागुण सम्पन्न सरल-सहज जीवन शैलीयुक्त, गुरुसेवा-श्रुत-सेवा को ही जीवन का महान् उद्देश्य मानने वाले एक अतीव भद्रपरिणामी–'भद्दे णामे भद्द परिणामे'-आपात भद्र- संवास भद्र आदर्श श्रमण है।

आपश्री ने दीक्षा लेते ही स्वयं को मेघ मुनि की भाँति गुरु-चरणों में सर्वात्मना समर्पित कर दिया। साधु समाचारी के दैनिक कार्यक्रमों की साधना-आराधना के पश्चात् जो समय बचता है, उसमें सर्वप्रथम पूज्य गुरुदेव की सेवा, परिचर्या, औषधि आदि की व्यवस्था के पश्चात् जो भी समय रहता है उसमें पूज्य गुरुदेवश्री के साथ अनुयोग कार्य में जुट जाते हैं। हाथ से लिखी फाइलें अनेक मुद्रित आगम प्रतियां सामने रखकर पाठों का मिलान तथा विषय का वर्गीकरण करने में अनुभव के बल पर आप एक सुयोग्य आगम-सम्पादक बन गये हैं। गुरु-कृपा से तथा श्रुत-सेवाजन्य क्षयोपशम के कारण आपकी स्मरणशक्ति एवं ग्रहण शक्ति भी प्रखर है। आगमों की भाषा का ज्ञान, विषय आदि का परिज्ञान भी गंभीर है।

पौराणिक भाषा में अगर गुरुदेव श्री कन्हैयालाल जी म. अनुयोग कार्य के 'व्यास' हैं तो उसे लिपिबद्ध करके व्यवस्थित रूप देने वाले 'गणेश' हैं श्री विनय मुनि जी।

आपका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है–

जन्म स्थल	:	टोंक (राज.)
वैराग्य	:	सं.२०१८ में पूज्य गुरुदेव फतेहचन्द जी म. की सेवा में आये
वैराग्य काल	:	७ वर्ष
शिक्षण	:	संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी, गुजराती, अंग्रेजी
दीक्षा-तिथि	:	माघ सुदी १५ रविवार, पुष्य नक्षत्र वि. सं. २०२५
दीक्षा-स्थल	:	पीह-मारवाड़
दीक्षा-दाता	:	मुनिश्री कन्हैयालाल जी म. ''कमल''
दीक्षा-प्रदाता	:	मरुधरकेशरी श्री मिश्रीमलजी म.

अनुयोग सम्पादन-संशोधन कार्य में समर्पित भाव से अथक श्रम सहयोग प्रदान करने वाली परम विदुषी श्रमणियाँ



श्रुताचार्या परम विदुषी डॉ. मुक्ति प्रभा जी महाराज



अरिहंत प्रिया विदुषी रत्न डॉ. दिव्य प्रभा जी. महाराज



साध्वी विरति साधना जी म. डॉ. साध्वी श्री अनुपमा जी म. साध्वी श्री भव्यसाधना जी

आगम अनुयोग ट्रस्ट के सम्माननीय आधार स्तंभ

श्री बलदेवभाई डोसाभाई पटेल, अहमदाबाद

आप मूलतः साणंद (गुजरात) के निवासी हैं। बहुत वर्षों से अहमदाबाद में ही व्यापार व्यवसाय कर रहे हैं। व्यापारी समाज में आपकी महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठा है। आपके कॉटन का बहुत बड़ा व्यापार है, आप गुजरात व्यापारी महामण्डल के प्रमुख भी रहे हुए हैं। आप अखिल भारतीय शास्त्रोद्धार समिति के प्रमुख हैं एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं के सक्रिय कार्यकर्त्ता हैं। लोक-कल्याण के कार्यों में सदा तत्पर रहते हैं। अनेक वर्षों से आप ब्रह्मचर्य व्रत एवं रात्रि में चौविहार आदि का पालन करते हैं। प्रतिदिन सामायिक, प्रति-क्रमण तथा धार्मिक ग्रन्थों का स्वाध्याय ही आपकी दिनचर्या का प्रमुख अंग है। आप दृढ़ धर्मी, उदार हृदयी श्रावक हैं अतः स्थानीय समाज के अग्रणी माने जाते हैं। कालूपुर बैंक के आप चेयरमेन हैं।

उपाध्याय प्रवर अनुयोग प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव श्री कन्हैयालाल जी म. 'कमल' के सम्पर्क में आप सन् १९७६ में आये। उनके अनुयोग लेखन कार्य से प्रभावित होकर आपने आगम अनुयोग ट्रस्ट की स्थापना की, इस समय ट्रस्ट के प्रमुख भी आप ही हैं। आपकी धर्मपत्नी श्रीमती रुक्मणी बहिन भी धार्मिक भावना वाली थी, आपके सुपुत्र बच्चूभाई, बकुलभाई में धर्म के सुसंस्कार दृढ़ हैं।

श्री नवनीत भाई चुन्नीलाल पटेल, अहमदाबाद

आपने अनेक स्थानकों के निर्माण में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। तपस्वियों का सम्मान करने में आपको विशेष रुचि रही है। पार्श्वनाथ कार्पोरेशन के आप मैनेजिंग डाइरेक्टर हैं। बरवाला सम्प्रदाय के आचार्य श्री चम्पक मुनि जी महाराज के अनन्य भक्त हैं। हरसिद्ध कोपरेटिव बैंक के आप चेयरमेन हैं। अपनी जन्मभूमि सुणाव में हॉस्पिटल के लिए पाँच लाख का महत्त्वपूर्ण दान दिया है। नवरंगपुरा, नारायणपुरा, नवा वाडज आदि अनेक संघों के एवं संस्थाओं के आप ट्रस्टी एवं प्रमुख हैं।

आपके पिताश्री चुन्नीलाल भाई, माता सूरजबेन भी बहुत ही धर्मपरायण थी। साधु साध्वीजी की वैयावच्च हेतु अग्रणी रहते हैं।

आपकी ध्यान साधना के साथ-साथ आगमो के प्रति भी विशेष रुचि है, प्रतिदिन अध्ययन करते हैं।

अनुयोग के इस विशाल कार्य को सम्पन्न कराने में आपके पूरे परिवार का विशेष योगदान रहा है।

आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप ट्रस्टी हैं।

प्राक्कथन

—आचार्य श्री देवेन्द्र मुनि

श्रमणसंघ के वरिष्ठ विद्वान् उपाध्याय मुनि श्री कन्हैयालाल जी म. 'कमल' द्वारा सम्पादित द्रव्यानुयोग वास्तव में एक महासागर का मन्थन कर प्राप्त किया हुआ श्रुतज्ञान का अमृत घट कहा जा सकता है। तीनों भागों में निबद्ध यह ग्रन्थ स्वयं भी ज्ञान का महाकोष जैसा है। इसमें षड्द्रव्यों के भेद-उपभेद, उनकी विविध स्थितियाँ और मुख्यतः जीव-अजीव से सम्बद्ध अनेकानेक विषय गुम्फित हैं। जैन आगमों में जहाँ-तहाँ इन विषयों का वर्णन, संक्षेप और विस्तार में जो भी उपलब्ध है उसे मुनिश्री ने संकलित कर एकत्रित किया है और फिर विषय क्रम से नियोजित कर उपविषयों तथा विभिन्न शीर्षकों में विभक्त करके हिन्दी भावानुवाद के साथ प्रस्तुत किया है। इन तीनों भागों का विहंगम अवलोकन करने पर स्पष्ट पता चलता है कि यह एक अत्यन्त दुष्कर एवं श्रम-साध्य कार्य किसी जाग्रत-प्रज्ञाशील मनस्वी का ही चमत्कार है। किसी भी कार्य की सम्पन्नता के लिए ध्येय, निष्ठा और दृढ़ अध्यवसाय की अपेक्षा रहती है। साथ ही जीवन को उस कार्य के प्रति समर्पित कर देना होता है। उपाध्याय मुनि श्री कन्हैयालाल जी म. 'कमल' के इस कार्य ने यह सिद्ध कर दिया है कि उन्होंने जैन श्रुतज्ञान के क्षेत्र में वह अधूरा कार्य सम्पन्न किया है, जिसका बीज-वपन आज से लगभग २१७५ वर्ष पूर्व युगप्रधान आचार्य आर्यरक्षितसूरि ने किया था।

आचार्य आर्यरक्षितसूरि ने आगमों के अध्ययन को सुगम बनाने और श्रुतज्ञान को सरलतापूर्वक ग्रहण करने की दृष्टि से अनुयोग वर्गीकरण की एक शैली सुनिश्चित की थी और उस पर व्यापक परिश्रम भी किया था। उसी रूपरेखा को आधार बनाकर मुनिश्री ने अपनी अनुभवी बहुश्रुत-दृष्टि से इस कार्य को व्यापक रूप में प्रस्तुत किया है। इस कार्य में मुनिश्री ने जीवन के ५० महत्त्वपूर्ण वर्ष खपाये हैं, परन्तु मैं इस ५० वर्ष के कार्य को ५०० वर्ष के सुदीर्घ श्रम के रूप में आँकता हूँ। दो हजार वर्ष के पश्चात् अनुयोगों का एक सुव्यवस्थित रूप हमारे सामने आया है और वह भी श्रमणसंघ के एक वरिष्ठ उपाध्यायश्री के द्वारा; इस बात का मुझे हर्ष है, आल्हाद है और सम्पूर्ण स्थानकवासी जैन समाज के लिए गौरवास्पद है। मैं तो कहूँगा समस्त जैन समाज के लिए यह प्रसन्नता और गरिमा का विषय बनेगा।

द्रव्यानुयोग की छपी सामग्री का अवलोकन करने पर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई कि इसके स्वाध्याय से कर्म, क्रिया, लेश्या, आस्रव, जन्म-मरण, पुद्गल सम्बन्धी इतनी महत्त्वपूर्ण और जीवनोपयोगी सामग्री मिलती है कि मन करता है कि पढ़ते ही जायें। इस ज्ञानार्णव में डुबकियाँ लगाते रहें। विहंगम अवलोकन करते हुए मैंने एक बार आस्रव अध्ययन के पृष्ठ पलटे। पाँच आस्रवों का वर्णन पढ़ने लगा। पाँच आस्रव द्वारों का विस्तृत वर्णन प्रश्नव्याकरणसूत्र में उपलब्ध है। इन संवर और आस्रव द्वारों का वर्णन, हिंसा, असत्य आदि आस्रवों का फल-विपाक पढ़ने पर रोमांच हो उठता है। हिंसा एवं असत्य सेवन के कारण, हेतु और उनके कटु फल इतने मनोवैज्ञानिक रूप में प्रस्तुत किये गये हैं कि जिन्हें पढ़ते हुए मनुष्य का हृदय काँप उठता है और हिंसा आदि आस्रवों से स्वतः ही विरति होने लगती है।

यह एक उदाहरण है। इसी प्रकार ज्ञान, कर्म, लेश्या आदि सभी विषयों पर बड़ी विस्तृत और आधारभूत सामग्री इस ग्रन्थ में प्राप्त होती है। जिसके स्वाध्याय से ज्ञान की वृद्धि होती है, जिन-वचनों के प्रति श्रद्धा सुदृढ़ होती है और हृदय पाप वृत्तियों से विरक्त होने लगता है।

इसी के साथ यह सामग्री जैनदर्शन के अभ्यासी विद्वानों तथा दर्शन एवं विज्ञान के अनुसंधाताओं के लिए भी बड़ी सहायक और मार्गदर्शक सिद्ध होगी। जैनदर्शन की पुद्गल, जीव, गति, कर्म, लेश्या, योग सम्बन्धी धारणाएँ आज विज्ञान के लिए अध्ययन का अभिनव विषय बना हुआ है। हजारों वर्ष पूर्व वर्णित वे तथ्य सत्य आज विज्ञान की कसौटी पर खरे उतर रहे हैं और साथ ही वैज्ञानिकों को इस दिशा में अनुसंधान करने के लिए आधार-भूमि तैयार करते हैं। एक मार्गदर्शक संकेत और रूपरेखा भी प्रस्तुत करते हैं। इससे ज्ञान-विज्ञान के नये-नये क्षितिज खुलने की सम्भावना प्रबल होती है। मेरा यह विश्वास है कि आने वाले युग का वैज्ञानिक और अनुसंधाता जब तक जैन दर्शन व जैन आगमों का अध्ययन नहीं करेगा उसकी वैज्ञानिक प्रगति अपूर्ण व उसके अनेक प्रश्न अनुत्तरित व उलझे हुए ही रहेंगे। विज्ञान जिन प्रश्नों का आज उत्तर नहीं पा रहा है, जिनके समाधान में विज्ञान असमंजस की स्थिति में है, उन प्रश्नों का, उन पहेलियों का समाधान जैन आगमों के गहरे अनुशीलन से खोजा जा सकता है और इस दिशा में द्रव्यानुयोग का यह महान् संग्रह विशेष सहायक बनेगा, ऐसा मेरा अभिमत है।

उपाध्यायश्री की भावना थी कि मैं इस ग्रन्थ पर विस्तृत प्रस्तावना लिखूँ, मेरी भी अन्तरइच्छा थी कि इस प्रकार के महाग्रन्थ पर एक विस्तृत प्रस्तावना लिखी जाय। अपने अध्ययन, अनुशीलन का सार पाठकों के सामने प्रस्तुत करूँ। परन्तु पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि क्षेत्रों के निरन्तर विहार, प्रतिदिन सैकड़ों, हजारों दर्शनार्थियों का आवागमन, सम्पर्क तथा साधु जीवन की आवश्यक चर्या के कारण मुझे अब तक अवकाश ही नहीं मिल सका और प्रस्तावना विलम्बित होती गई। अस्तु ! अब तृतीय भाग भी सम्पन्न हो रहा है। इसलिए मैंने संक्षेप में ही अपना विचार प्राथमिक वक्तव्य के रूप में प्रस्तुत किया है।

मैं प्रबुद्ध पाठकों से अनुरोध करता हूँ कि वे प्रस्तुत ग्रन्थरत्न पर लिखी हुई डॉ. सागरमल जी जैन और डॉ. धर्मचन्द जी जैन की महत्त्वपूर्ण प्रस्तावना का गहराई से अनुशीलन करें जिससे ग्रन्थ के गुरु गम्भीर रहस्य सहज में समझ में आ सकेंगे क्योंकि दोनों ही प्रस्तावना बड़ी महत्त्वपूर्ण, अनुशीलनात्मक हैं। मैं पुनः अपनी हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ कि उपाध्याय मुनि श्री कन्हैयालाल जी म. 'कमल' का यह ५० वर्ष का दृढ़ अध्यवसाय युक्त अविस्मरणीय श्रम जैन वाङ्मय को यशस्विता प्रदान करेगा और शताब्दियों तक अपना महत्त्व बनाये रखेगा।

इसी शुभाशा के साथ ...!

●●

अनुयोग की अपूर्व यात्रा

—श्री विनय मुनि 'वागीश'

श्रुतज्ञान का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। इसे केवलज्ञान के समकक्ष माना गया है। इसके चौदह भेदोपभेदों में सम्यक् श्रुत एक प्रमुख भेद है, जो द्वादशांग गणिपिटक रूप है। द्वादशांग का ज्ञान सम्यक्त्व-विशुद्धि, वैराग्य की वृद्धि एवं चारित्र की शुद्धि का प्रमुख हेतु है। आगमों का अभ्यास किए बिना न आत्म-विशुद्धि होती है और न आत्मा की सिद्धि होती है। इस प्रकार सतत चिन्तन-मनन से गुरुदेव के मन में यह भावना प्रादुर्भूत हुई कि **"आगमों के स्वाध्याय की परम्परा परिपुष्ट हो"** यही चिन्तन अनुयोगों के शुभारम्भ में निमित्त बना। अनुयोग संकलन का कार्य प्रारम्भ हुआ।

पाठकों को सर्वप्रथम पूज्य गुरुदेवश्री के वैराग्य काल का संक्षिप्त विवरण बता देना चाहता हूँ। पूज्य गुरुदेव ७ वर्ष की छोटी उम्र में वैराग्य अवस्था में आये। पीह शाहपुरा सरवाड़ आदि में प्रारम्भिक अध्ययन के बाद न्याय-साहित्य-व्याकरण-कोश आदि का अध्ययन भी किया, १८ वर्ष की वय होने पर सांडेराव में वैशाख सुदी ६, संवत् १९८८ को पूज्य गुरुदेव श्री फतेहचन्द जी म., पूज्य श्री प्रतापचन्द जी म. के पास आपकी दीक्षा हुई। उस समय पूज्य मरुधरकेसरी जी म., स्वामी जी श्री छगनलाल जी म., स्वामी जी श्री चाँदमल जी म., पूज्य श्री शार्दूलसिंह जी म. आदि अनेक मुनिराज भी दिराजमान थे।

आपका युवाचार्य श्री मधुकर जी म. के साथ अगाध स्नेह था। दीक्षा के पश्चात् युवाचार्यश्री जी ने एवं आपने अनेक आगमों का अध्ययन किया।

पं. शोभाचन्द जी भारिल्ल से जैन न्याय ग्रन्थों का अध्ययन किया। २५ वर्ष की उम्र में पं. बेचरदास जी के पास पाली में भगवतीसूत्र व पण्णवणासूत्र की टीका पढ़ी, क्योंकि सर्वप्रथम आगमों का ज्ञान होना चाहिए। ज्ञान से ही श्रद्धा स्थिर होती है, मन में वैराग्य वृत्ति सुदृढ़ होती है। कर्म क्या है? आत्मा क्या है? कर्म और आत्मा का संबंध कैसे होता है? आस्रव व संवर क्या है? शुभ-अशुभ क्या है? आदि का विवेक ज्ञान से ही होता है। ज्ञान होने पर ही क्रिया सार्थक होती है। शास्त्र में **'पढमं नाणं तओ दया'** कहा है तो ज्ञान का मूल आधार आगम है, अतः सर्वप्रथम आगम ज्ञान होना चाहिए फिर अन्य दर्शनों का, अन्यान्य विषयों का भी ज्ञान हो किन्तु आगम ज्ञान की उपेक्षा करके अन्य विषयों का ज्ञान कभी-कभी श्रद्धा और चारित्र से विचलित भी कर देता है इसलिए ज्ञान व अध्ययन जो भी हो उसका लक्ष्य आगम ज्ञान को सुदृढ़ व सुस्थिर करना हो तभी हमारी ज्ञान साधना सार्थक हो सकती है।

आगम ज्ञान का अर्थ सिर्फ आगमों के पाठ या अर्थ का बोध मात्र ही नहीं, अपितु उसका गम्भीर ज्ञान होना चाहिए। यदि आगमों का ज्ञान विशद हो तो वह वक्ता भी अपने प्रवचन को प्रभावशाली और रुचिकर बना सकता है। विवेचन की क्षमता, विश्लेषण की योग्यता आगम अध्ययन से आती है किन्तु सामान्य साहित्य से नहीं। गम्भीर विवेचन स्थायी असर करता है और आज के बुद्धिवादी लोगों को प्रभावित करने में अधिक सक्षम है।

आगम ज्ञान में परिपक्वता और व्यापकता अगर आये तो वह स्वतः ही प्रवचन प्रश्नोत्तर द्वारा लोक भोग्य और लोक रुचि को सन्तुष्ट करने में समर्थ हो सकता है। उक्त विचारों से ही आपश्री की आगम ज्ञान की रुचि दिन-प्रतिदिन बढ़ती रही।

आपकी २७-२८ वर्ष की उम्र थी, उसी समय 'श्रमण' मासिक में एक जर्मन विद्वान् का लेख पढ़ा, उसने लिखा कि "जैन आगमों में आत्म-विज्ञान के साथ-साथ अणु-विज्ञान, वनस्पति-विज्ञान आदि के विषय में बहुत ही सामग्री भरी है किन्तु उनका कोई ऐसा संस्करण नहीं है कि जिसे पढ़कर उस विषय का ज्ञान हो सके।" उक्त लेख पढ़कर पूज्य गुरुदेव को आगमों का आधुनिक ढंग से सम्पादन करने का संकल्प जगा।

आगमों के शुद्ध संस्करण निकालने का प्रयत्न प्रारम्भ हुआ। आपश्री की यह उत्कृष्ट भावना रहती है कि **"आत्म-जिज्ञासु साधक आगमों का अधिक से अधिक स्वाध्याय करें तथा प्राकृत भाषा से ही अर्थ समझने में सक्षम बनें।"** इसके लिए पूज्य गुरुदेव ने आगमों के मूल पाठों का हिन्दी शीर्षकों सहित संस्करण तैयार किया। पाठों को व्यवस्थित करना, सहज रूप से समझ सके ऐसा सरल बनाना, पदच्छेद करना, छोटे-छोटे पैराग्राफ बनाना आदि कार्य प्रारम्भ किये। सर्वप्रथम मूल सुत्ताणि का सम्पादन किया। वर्धमान वाणी प्रचारक कार्यालय लाडपुरा से प्रकाशन हुआ। वह बहुत ही उपयोगी सिद्ध हुआ। उस कार्य को देखकर पं. श्री फूलचन्द जी म. 'पुष्पभिक्खू' बहुत प्रभावित हुए और उस शैली को समझकर बम्बई निर्णय सागर में सुत्तागमे २ भागों में छपाया, परन्तु उन्होंने अनेक जगह अपनी मान्यतानुसार पाठों में परिवर्तन कर दिया व पदच्छेद आदि नहीं किये जिससे पाठकों के लिए विशेष लाभकारी सिद्ध नहीं हुआ।

३० वर्ष की छोटी उम्र में ही आपश्री के अन्तःकरण में आगमों को अनुयोग शैली से वर्गीकरण करके शोधार्थियों व जिज्ञासुओं के लिए सुलभ बनाने की तीव्र भावना जाग्रत हुई। यह बहुत ही श्रम-साध्य एवं समूह-साध्य कार्य है यह जानते हुए भी उसमें संलग्न हो गये, आपश्री में अध्यवसाय की दृढ़ता, आगमों के प्रति अनन्य श्रद्धा और लोकोपकार की भावना प्रबल थी अतएव आपश्री अकेले ही अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर चल पड़े।

अनुयोग वर्गीकरण से बहुत बड़ा लाभ यह है कि आगम का कौन-सा विषय किस विषय से सम्बन्धित है यह स्पष्ट रूपरेखा सामने आ जाती है। यह जैनागमों का कम्प्यूटर है। हमारे विद्वान् आचार्यों ने इस ओर बहुत कम ध्यान दिया, यद्यपि परिश्रम करना सरल नहीं था फिर भी पूज्य गुरुदेव ने दृढ़ संकल्प कर लिया—अनजान राह पर चल अकेले चल.....।

आगमों के विषयों का सर्वप्रथम कागज की छोटी चिटों पर संकलन किया गया, गहराई से एक-एक विषय की परिश्रमपूर्वक शोध की गई, फिर विचार किया कि किसी योग्य श्रुतधर से परामर्श किया जाए, तब आपश्री उपाध्याय कवि श्री अमरचन्द जी म. से मिले व उनके साथ संवत् २०१२ में जयपुर चातुर्मास किया। परन्तु कविश्री जी का स्वास्थ्य अनुकूल न होने के कारण यथेष्ट मार्गदर्शन नहीं मिला। वहीं पर धानेरा निवासी श्री रमणिकभाई मोहनलाल शाह से जो जयपुर में ही उस समय व्यापार करते थे, वे आये। वे इस कार्य से बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने यथेष्ट योगदान भी दिया।

चातुर्मास पश्चात् हरमाड़ा में चाँदमल जी म. की दीक्षा हुई। पं. मिश्रीलाल जी म. 'मुमुक्षु' को सेवा में छोड़कर पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद लेकर आप पुनः कविश्री जी की सेवा में अनुयोग सम्पादन में मार्गदर्शन के लिए आगरा पधारे। वहाँ कविश्री जी के मन में निशीथभाष्य के सम्पादन का विचार बना हुआ था क्योंकि इसकी एक-दो हस्तलिखित प्रति ही मिलती थी वह भी बहुत जीर्णशीर्ण अशुद्ध स्थिति में देखकर तो पढ़ने का साहस ही नहीं होता। कविश्री जी के निर्देश से पूज्य गुरुदेव ने १४ माह के अल्प समय में अत्यधिक श्रम करके संपादन किया, प्रूफ रीडिंग आदि कार्य किये, २०१५ का चातुर्मास आगरा में ही किया।

वहीं पर पं. दलसुखभाई मालवणिया जी का आना हुआ, वे आपश्री की निष्ठा व कार्य-शैली देखकर बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने कहा– "मेरे पास अभी समय नहीं है फिर कभी आकर ही अनुयोग के कार्य को देख सकूँगा।"

हरमाड़ा से बार-बार समाचार आने के कारण वहाँ से विहार हो गया, पूज्य गुरुदेव की सेवा में पहुँचे। पथरी का ऑपरेशन होने के कारण नव माह अजमेर हॉस्पीटल में सेवा में रहे, वहीं पर पुनः पं. दलसुखभाई मालवणिया पधारे। वे एक माह रुके। उन्होंने उदारतापूर्वक अपने स्वयं के खर्च से सारा काम देखा और कहा–"यह बहुत ही श्रम-साध्य व लम्बे समय का काम है अतः आप अहमदाबाद आवें। मैं इस काम के लिए समय दे दूँगा।"

डॉक्टरों की सलाह से पूज्यश्री को हरमाड़ा ठाणापति बिठाया गया। वहाँ पर श्री शान्तिलाल जी देशरला व कुमार सत्यदर्शी आदि से आगमों को टाइप करवाया, संशोधन किया, फाइलें बनाईं। उन्हें लेकर पुनः पूज्य श्री घासीलाल जी म. के पास अहमदाबाद सरसपुर में मार्गदर्शन हेतु पधारे। उन्होंने कुछ सुझाव दिये व उनका आशीर्वाद लिया। वहाँ चार माह रुककर पुनः हरमाड़ा गुरुदेव की सेवा में पधारे। पुनः टाइप आदि कार्य करवाया। २०१९ कार्तिक वदी ७ को पूज्य गुरुदेव श्री फतेहचन्द जी म. का देहावसान हो गया।

पश्चात् विहार यात्राएँ प्रारम्भ हो गईं, चातुर्मास करना, व्याख्यान देना, फिर आने-जाने वालों का ताँता लगा रहने के कारण कार्य कैसे संभव हो? सामाजिक व्यवस्थाओं के कारण समय नहीं मिल पाया। फिर भी जो समय मिलता उसी में लेखन करना व करवाना।

जोधपुर व सोजत चातुर्मास कर, फिर संवत् २०२२ में दिल्ली पधारे। सब्जी मंडी में आचार्य श्री आत्माराम जी म. के सुशिष्य पं. श्री फूलचन्द जी म. 'श्रमण', श्री रतन मुनि जी म., श्री कान्ति मुनि जी म. के साथ चातुर्मास किया। फिर कार्य को वेग देने के लिए एकान्त में किग्ज्वे केंप में विराजे। वहाँ पर श्री शान्तिलाल जी वनमाली शेठ प्रबन्धक थे। जहाँ पर कागजों के चिटों पर प्रारम्भ में जो विषय-सूची तैयार की थी वह उद्योगशाला प्रेस में छपने दी। ग्रन्थ का नाम **'जैनागम निर्देशिका'** रखा गया। यह ४५ आगमों की विषय-निर्देशिका तैयार हुई। विषय देखने के लिए बहुत उपयोगी ग्रन्थ सिद्ध हुआ वह अब अनुपलब्ध है। उसी समय समवायांग सानुवाद का भी प्रकाशन हुआ। स्थानांग सानुवाद का प्रकाशन भी प्रारम्भ हुआ। कुछ दिन केंप में ठहरकर फिर शोरा कोठी सब्जी मण्डी में विराजे व चरणानुयोग का संपादन प्रारम्भ किया। छपाई भी साथ-साथ चल रही थी, लगभग २५० पेज छप गये थे। उसी समय फाइलों के कागजात किसी ने अस्त-व्यस्त कर दिये, वह खो गये। मुनिश्री का मन थोड़ा उदास हो गया। इस समय श्री बनारसीदास जी ओसवाल ने उत्साहित किया। फिर तिमारपुर निवासी उदार भावनाशील श्रावक श्री गुलशनराय जी जैन के यहाँ चातुर्मास हुआ। उन्होंने बहुत सेवा की, पुनः प्रयत्न किया किन्तु फाइलें व्यवस्थित न होने के कारण चरणानुयोग के कार्य को स्थगित करना पड़ा।

पूज्य मरुधरकेसरी जी म. का मारवाड़ आने के लिए आग्रह हुआ, अतः वहाँ से विहार कर उनके अर्ध-शताब्दी समारोह में सोजत सिटी आना पड़ा फिर सांडेराव चातुर्मास हुआ। पं. शोभाचन्द जी भारिल्ल आये, उनको गणितानुयोग की फाइलें दीं, उन्होंने उसका संपादन किया, फिर माह सुदी १५, संवत् २०२५ में मेरी दीक्षा हुई। उस समय पूज्य मरुधरकेसरी जी महाराज भी पधारे। पश्चात् अजमेर पधारे। वहाँ चार माह विराजे, गणितानुयोग का वैदिक यंत्रालय में मुद्रण हुआ। जिसे शीघ्र करवाने का श्रेय गुरुभक्त श्री रूपराज जी कोठारी को है। मदनगंज, और रिड़ के चातुर्मास के बाद सादड़ी-मारवाड़ में संवत् २०२८ का चातुर्मास हुआ। दो वर्षों में छेदसूत्रों का संपादन हुआ।

सादड़ी वर्षावास में श्रीचन्द जी सुराना आगरा से आये, उनको कार्य सौंपा, वे दो लिपिक लाये, चौमासे में उन्होंने प्रेस कॉपी की। फिर सांडेराव में राजस्थान प्रांतीय साधु-सम्मेलन हुआ। तत्पश्चात् फूलिया कलाँ, जोधपुर, कुचेरा, विजयनगर आदि स्थानों पर वर्षावास हुए।

वहाँ से सादड़ी-मारवाड़ महावीर भवन के उद्घाटन पर पधारे। तत्पश्चात् पूज्य मरुधरकेसरी जी म. का आशीर्वाद लेकर अहमदाबाद की ओर विहार किया। उस समय विजयराज जी सा. बोहरा को पूज्य मरुधरकेसरी जी म. ने प्रेरणा दी कि "अनुयोग का कार्य कराने का ध्यान रखना।" पूज्य गुरुदेव आबू पर्वत पधारे। महावीर केन्द्र के स्थान का चयन किया। वहाँ से अहमदाबाद पधारे, पं. दलसुखभाई मालवणिया जी उस समय एल. डी. इन्स्टीट्यूट में निर्देशक थे, उनके समीप ही चातुर्मास करना आवश्यक था। नवरंगपुरा में उपाश्रय नहीं बना था, ऐसी स्थिति में माणसा (पंजाब) के लाला देशराज जी अग्रवाल दर्शनार्थ आये। उनसे रोशनलाल जी म. का परिचय था। उन्होंने कहा–"यहाँ हमारे बंगले में गेस्ट हाउस है वहाँ आपको चातुर्मास के लिए स्थान अनुकूल देख लीजिए। स्थान अनुकूल लगा, वहीं पर चातुर्मास हुआ, लाला जी ने सेवा का बहुत लाभ लिया।

दरियापुरी संप्रदाय के श्री ताराबाई महासती जी भी वाडज में श्री हिम्मतभाई शामलदास जी के यहाँ विराजमान थे। उनको दर्शन देने के लिए पूज्य गुरुदेव का पधारना हुआ, वे बहुत प्रसन्न हुए। उनकी स्वाध्याय में बहुत रुचि थी, उन्होंने हिम्मतभाई को प्रेरणा दी, उनके यहाँ बहुत बड़ा पुस्तकालय था। उपयोग के लिए पुस्तकें दीं व उन्होंने भी अनुयोग के कार्य में बहुत रुचि ली। पीह वाले श्री मेघराज जी बम्ब हैदराबाद से दर्शनार्थ आये। वे बलदेवभाई को साथ लेकर आये, उन्होंने पूज्य गुरुदेव के कार्य को देखा, वे प्रतिदिन दर्शनार्थ आते रहे व कार्य देखते रहे।

पं. दलसुखभाई प्रतिदिन दो घन्टे आते थे, उन्हें पुराना कार्य पर्याप्त नहीं लगा। पुनः विचार किया कि कार्य शीघ्र कैसे हो? इसलिए सुत्तागमे के पाठ लेने का निश्चय किया। उसके अलग-अलग कटिंग हुए विषय छाँटे गये। फिर भी मूल पाठों की व्यवस्था के लिए अंगसुत्ताणि के कटिंग करके पाठ लिए गये और उन पर शीर्षक लगाये गये। चातुर्मास पश्चात् एल. डी. इन्स्टीट्यूट में विराजे। वहाँ संशोधन कार्य किया गया। बाद में लक्ष्मणभाई भोजक आदि ने प्रेस कॉपी तैयार की। फिर पं. अमृतभाई भोजक जो प्राकृत के अच्छे विद्वान् हैं उन्होंने प्राकृत के शीर्षक लगाये, ग्रन्थ मूल पाठ वाला तैयार हो गया। निर्णय हुआ कि एक भाग में मूल व एक भाग में अनुवाद दिया जाए उस अनुसार नई दुनियाँ प्रेस, इन्दौर में छपने दिया, धीमे काम होने के कारण अहमदाबाद भी एक प्रेस में कुछ हिस्सा छपने दिया। नवरंगपुरा उपाश्रय में चातुर्मास हुआ।

चातुर्मास पश्चात् नवरंगपुरा से विहार कर नारायणपुरा बलदेवभाई के बंगले पधारे वहीं पर चर्चा चली और वहीं **'आगम अनुयोग ट्रस्ट'** की स्थापना हुई।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि इस अनुयोग के कार्य का शुभारम्भ हरमाड़ा से हुआ, श्री चम्पालाल जी चौरड़िया मदनगंज, श्री अमरचन्द जी मारू हरमाड़ा, श्री धर्मीचन्द जी सुराना, श्री छोटमल जी मेहता, श्री नोरतमल जी संचेती आदि ने कार्य को बढ़ाने में योगदान दिया।

पूज्य गुरुदेव की दीक्षा सांडेराव में होने की वजह से उनका इस ओर ध्यान गया और उन्होंने 'आगम अनुयोग प्रकाशन परिषद्' की स्थापना की व अब तक के सभी प्रकाशन इसी के द्वारा हुए। श्री ताराचन्द जी प्रताप जी, श्री हिम्मतमल जी प्रेमचन्द जी, श्री वृद्धिचन्द जी मेघराज जी, श्री नथमल जी निहालचन्द जी, श्री केशरीमल जी सेंसमल जी, श्री चम्पालाल जी हिम्मतमल जी आदि कार्यकर्ताओं ने अपने रिश्तेदारों, मित्रों, उदार ज्ञान प्रेमियों से सहयोग एकत्रित करना व सारी व्यवस्थाएँ सँभालने में बहुत परिश्रम किया। इस प्रकार कार्य होने के ३२ वर्ष पश्चात् अहमदाबाद में यह ट्रस्ट स्थापित हुआ। धर्मकथानुयोग के हिन्दी अनुवाद के लिए पं. देवकुमार जी को दिया गया।

वहाँ से राजस्थान की ओर विहार हुआ, उदयपुर, पाली होते हुए महावीर केन्द्र, आबू के उद्घाटन पर पधारे, आयंबिल ओली हुई। वहाँ से पुनः अहमदाबाद पधारे और राजस्थानी उपाश्रय में चातुर्मास हुआ।

तत्पश्चात् विहार करके बम्बई पधारे। शायन में दरियापुरी संप्रदाय के श्री शांतिलाल जी म., गोंडल संप्रदाय के श्री जसराज जी म. आदि अनेक संतों का मिलना हुआ, पूज्य श्री अमीचन्द जी म. ने अनुयोग के लिए विशेष प्रेरणा दी।

पूज्य गुरुदेव की विचारधारा सम्प्रदायवादी न होकर समन्वय प्रधान रही है, उसी दृष्टिकोण से श्वेताम्बर परम्परा के ४५ आगमों का आधार लेकर कार्य कर रहे थे परन्तु कुछ संकीर्ण विचार वाले श्रावकों ने विशेष जोर दिया इसलिए ३२ आगमों के अनुसार ही अनुयोग का कार्य करने का निर्णय हुआ।

महासती श्री मुक्तिप्रभा जी का सर्वप्रथम परिचय यहीं हुआ व अनुयोग के कार्य से प्रभावित होकर उन्होंने कार्य में सहयोग देना प्रारम्भ किया।

खार चातुर्मास के लिए पधारे, अनुयोग ट्रस्ट के कार्यकर्ता पहुँचे, श्री लाला शादीलाल जी जैन के नेतृत्व में मीटिंग हुई व निर्णय हुआ कि एक ही पेज पर दो कॉलम रहें जिसमें एक ओर मूल व एक ओर हिन्दी अनुवाद दिया जावे तो ही उपयोगी होगा, तदनुसार एक पेज के दो कॉलमों में मूल अनुवाद व्यवस्थित किया गया। अनुवाद का सरल होना, मूल के अनुसार शब्दानुलक्षी होना इसीलिए पाठों का अनेक जगह विस्तृत को संक्षिप्त व संक्षिप्त को विस्तृत करना पड़ा। प्राकृत के ठीक सामने हिन्दी देने से शब्दों के अर्थ का भी पाठकों को बोध हो जाता है।

आगरा से श्रीचन्द जी सुराना को बुलाया गया और उन्हें धर्मकथानुयोग पुनः छपने को दिया गया। जो मूल मात्र पहले छपा है वह गुजराती संस्करण के साथ देने का तय हुआ।

चातुर्मास बाद प्रोस्टेट के दो ऑपरेशन हुए। स्वास्थ्य के कारण बालकेश्वर बम्बई चातुर्मास हुआ। महासती श्री मुक्तिप्रभा जी का चातुर्मास भी वहीं था। धर्मकथानुयोग भाग १ सानुवाद का शेष कार्य किया गया।

वहाँ से हैदराबाद चातुर्मासार्थ विहार हुआ। वहाँ गणितानुयोग के पुनः संपादन का कार्य चालू हुआ। पाठकों को यह ज्ञात ही है कि इसका पूर्व में संस्करण निकला था परन्तु उसकी प्रतियाँ समाप्त हो गईं। ट्रस्ट ने दुबारा छपाने का तय किया। संशोधन होने लगा, बहुत परिश्रम हुआ व दुबारा लगभग ३०० पेज बढ़े फिर भी कुछ पाठ ध्यान में आये सो द्रव्यानुयोग के तीसरे भाग के परिशिष्ट में दिये जा रहे हैं।

हैदराबाद में भी स्वास्थ्य बिगड़ गया, दो ऑपरेशन हुए। स्थिति गंभीर होने के कारण प्लेन से बम्बई लाये गये। जैन क्लीनिक में भरती किये गये। तीन छोटे ऑपरेशन हुए परन्तु सफलता नहीं मिली। डॉ. कोलाबा वाले ने बताया कि "स्ट्रिक्चर बनने के कारण स्थिति गंभीर है, बड़ा ऑपरेशन खतरनाक है फिर भी प्रयत्न करते हैं।" सागारी संथारा कर लिया, उस समय पूज्य गुरुदेव ने अपने हृदय की दो-तीन बातें

विशेष रूप से कहीं–(१) अनुयोग का प्रकाशन होना, (२) आगमों का शुद्ध आधुनिक ढंग के गुटका साइज में प्रकाशित होना, (३) वृद्ध साधु-साध्वियों का सेवा केन्द्र होना। ये तीन इच्छाएँ बताईं व उसी दिन से मेरा इस ओर लक्ष्य केन्द्रित हुआ। ७ घण्टे ऑपरेशन में लगे, ३ दिन में होश आया, ४ माह हॉस्पीटल में रहे, पश्चात् डॉक्टर के परामर्श से विश्राम हेतु देवलाली पधारे। चातुर्मास हुआ, वहाँ की जलवायु बहुत अनुकूल रही। वहीं पर '**वर्धमान महावीर सेवा केन्द्र**' की स्थापना हुई, वहाँ अनेक साधु-साध्वियों की बहुत अच्छी सेवा वर्तमान में भी हो रही है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि ऑपरेशनों के समय महासती श्री मुक्तिप्रभा जी ने अपनी शिष्याओं के साथ बहुत सेवा की। सेवा केन्द्र के उद्घाटन के समय ही धर्मकथानुयोग मूल का विमोचन श्री ताराचन्द जी प्रताप जी सांडेराव वालों ने किया।

उद्घाटन पश्चात् विहार कर अहमदाबाद होते हुए सोजत रोड़ पूज्य प्रवर्तक श्री मरुधरकेसरी जी म., स्वामी जी श्री ब्रजलाल जी म. एवं युवाचार्य श्री मधुकर जी म. के अन्तिम दर्शन कर आबू पर्वत पधारे।

दीक्षा अर्ध-शताब्दी समारोह हुआ, धर्मकथानुयोग सानुवाद भाग १ का श्री मेघराज जी मिश्रीमल जी साकरिया सांडेराव वालों ने विमोचन किया. चातुर्मास आबू में ही हुआ, थोड़ा-थोड़ा लेखन कार्य चलता रहा। खंभात सम्प्रदाय के पं. श्री महेन्द्र ऋषि जी म. ने कार्य में सहयोग दिया।

बम्बई से महासती श्री मुक्तिप्रभा जी ठाणा ११ का आबू पर्वत पधारना हुआ। वे दिल्ली की ओर पधार रही थीं। तब पूज्य गुरुदेव ने फरमाया कि "अनुयोग का कार्य व्यवस्थित करवाकर फिर आगे बढ़ें। उन्होंने चरणानुयोग की फाइलें लीं, उनका पाली चातुर्मास हुआ व हमारा सांडेराव चातुर्मास हुआ। चातुर्मास बाद सादड़ी मारवाड़ में एक महीना महासतियाँ जी व पूज्य गुरुदेव का विराजना हुआ। कार्य देखा गया. वर्गीकरण का कार्य पूर्ण रूप से संतोषप्रद नहीं हुआ। फिर सोजत होकर सब आबू पर्वत आये, धर्मकथानुयोग सानुवाद के दूसरे भाग का श्री कांतिलाल जी व श्री माणकचन्द जी गांधी बम्बई वालों ने विमोचन किया।

सभी चरणानुयोग के काम में संलग्न हो गये। पूज्य गुरुदेव व महासती श्री मुक्तिप्रभा जी, श्री दिव्यप्रभा जी मूल पाठ का संशोधन करते; श्री अनुपमा जी, श्री भव्यसाधना जी लिखते; श्री राजेश जी भंडारी, श्री राजेन्द्र जी मेहता टाइप करते; श्री विरतिसाधना जी मिलान करते; मुझको भी काम में लगने हेतु श्री दिव्यप्रभा जी ने विशेष प्रेरणा दी। मैं भी टाइप किये हुए का निरीक्षण व पाठ मिलाना आदि कार्य करता। विषयों को कॉपी में लिखता, बत्तीस ही आगमों का कौन-सा विषय किस आगम का है व अनुयोग का है इसका विवरण तैयार करता। कार्य में सबके संलग्न होने से कार्य ने तीव्र गति पकड़ी।

ब्यानेरा सभी का चातुर्मास हुआ। हम बाहर बलाणी बाग में काम में लगे रहे, श्री दर्शनप्रभा जी आदि व्याख्यान आदि कार्य सँभालते रहे। आगरा से गणितानुयोग का पुनः मुद्रण होकर आया। वहाँ से सभी अम्बा जी पहुँचे, पुनः काम में लगे, आदिनाथ भवन हेतु जमीन ली गई। वहीं पर श्री तिलोक मुनि जी का पदार्पण हुआ। उनका छेदसूत्रों का अनुभव होने से चरणानुयोग में मार्गदर्शन मिला। फिर ब्यावर आगम समिति के लिए छेदसूत्रों का भी संपादन किया। सर्दी में अम्बा जी ही ठहरकर आबू पर्वत पर पहुँचे, चरणानुयोग का संपादन पूर्ण हुआ और आगरा छपने के लिए भेज दिया।

द्रव्यानुयोग का कार्य प्रारम्भ हुआ, महासतियाँ जी ने जोधपुर चातुर्मास के लिए विहार किया। हमारा आबू ही चातुर्मास हुआ, फिर सर्दी में अम्बा जी होकर सांडेराव गये। वहाँ से आबू पर्वत आये। वहीं पर महासती श्री मुक्तिप्रभा जी आदि ठाणा भी पधारे, पुनः द्रव्यानुयोग का कार्य प्रगति करने लगा, सादड़ी चातुर्मास स्थगित कर आबू ही १४ ठाणा का चातुर्मास हुआ। कार्य में प्रगति होती रही। फिर साध्वी जी श्री अनुपमा जी व श्री अपूर्वसाधना जी के वर्षीतप का पारणा होने से जोधपुर की ओर विहार हो गया, वहाँ पारणे पर श्री पुखराज जी लूंकड़ बम्बई वालों ने चरणानुयोग भाग १ का विमोचन किया।

महासती जी ने वहाँ से जयपुर चातुर्मास के लिए विहार किया। कार्य की गति मन्द हो गयी। हमारा चातुर्मास आबू ही हुआ। चातुर्मास पश्चात् मदनगंज, पीह आदि संघों का अत्याग्रह होने से उस ओर विहार हुआ। मदनगंज में महावीर कल्याण केन्द्र का उद्घाटन हुआ। हरमाड़ा में श्री संजय मुनि जी की दीक्षा हुई। उस समय महासती जी श्री मुक्तिप्रभा जी आदि का जयपुर से पदार्पण हुआ, उन्होंने वापस दिल्ली की ओर विहार किया। वहीं चातुर्मास किया। चरणानुयोग भाग २ का श्री आर. डी. जैन ने विमोचन किया।

हरमाड़ा दीक्षा देकर पुष्कर पहुँचे, वहाँ चार माह विराजकर द्रव्यानुयोग का कार्य करते रहे व साथ-साथ अनुयोग निर्देशिका का भी कार्य करते रहे। पीह चातुर्मास हुआ। आबू ओली पर पहुँचकर पुनः जोधपुर चातुर्मास के लिए पधारे।

चातुर्मास पूर्ण होते ही रावटी पधारे, वहाँ विशेष बस्ती नहीं थी, सेवा मन्दिर है जिसमें त्यागी विद्वत् पुरुष श्री जौहरीमल जी पारख रहते हैं। बहुत बड़ा पुस्तकालय है। तीन किलोमीटर दूर सूरसागर है जहाँ से प्रतिदिन गोचरी लाते। चार माह वहाँ ठहरे। पं. देवकुमार जी बीकानेर वालों को कार्य में लगाया गया, श्री गजेन्द्र जी राजावत ब्यावर वाले टाइपिस्ट रहे।

श्री पारख जी ने कार्य देखा, उन्होंने कहा–इसमें अभी कमी है, मेरी पद्धति से कार्य करें, उनकी पद्धति से कार्य प्रारम्भ हुआ। दो माह कार्य चला, द्रौपदी के चीर की तरह लम्बा होने लगा, फिर सोचा गया कि इस अनुसार यदि कार्य होगा तो अनुयोग के लगभग १६ भाग हो जायेंगे व कई वर्षों में भी कार्य पूरा नहीं हो सकेगा। पुनः हमारी प्राचीन प्रणाली से ही कार्य चालू किया।

वहाँ से सूरसागर आये फिर कार्य चला, सोजत श्री संजय मुनि जी के वर्षीतप के पारणे पर जाकर एक माह में आये, चातुर्मास सूरसागर ही किया। अनुयोग समापन समारोह हुआ। इस समय तक तीन अनुयोग प्रकाशित हो गये थे व चौथा द्रव्यानुयोग का संपादन कार्य भी पूर्ण हो रहा था। सूरसागर संघ व श्री मोहनलाल जी सांड के अत्याग्रह से यह कार्यक्रम रखा गया, जोधपुर में विराजित सभी सम्प्रदायों

के साधु-साध्वी यहाँ पधारे, प्रवचन हुए, अनुयोग के लिए सहयोग एकत्रित हुआ। पूरा कार्य होने पर यह चिन्तन चला कि इसमें कोई पाठ तो नहीं रह गया है अतः ब्यावर की आगम बत्तीसी ली गई व उस पर निशान किये गये इस प्रकार ध्यान करने से अनेक पाठ सामने आये। उनको फिर यथास्थान व्यवस्थित करने में लगे व जो पाठ फिर भी रह गये उनको तीसरे भाग के परिशिष्ट में दिये हैं। अब एक भी पाठ नहीं रहा, यह विश्वास हो गया। सर्दी में वहीं रहे, १४ माह सूरसागर ठहरकर पावटा आये। कुछ दिन वहाँ ठहरकर कार्य किया, श्री सुनील जी मेहता शाहपुरा वाले को टाइप कार्य में लगाया गया फिर जैतारण पावन धाम पहुँचे, वहाँ एक माह रुककर मदनगंज चातुर्मास के लिए पधारे। वहाँ भी इस कार्य में लगे रहे। चातुर्मास पश्चात् हरमाड़ा पहुँचे, २ माह वहाँ रुके, अत्यधिक श्रम किया। श्री तिलोक मुनि जी ने भी कार्य में योगदान किया। श्री मांगीलाल जी शर्मा जो अनेक वर्षों से सेवा कर रहे कुरड़ाया निवासी श्री शिवजीराम जी के सुपुत्र हैं वे भी इस कार्य में जुट गये। उन्होंने खूब श्रम किया। आखिर अन्तिम मंजिल पर पहुँच गये। जिस प्रिय क्षेत्र में पूज्य गुरुदेव श्री फतेहचन्द जी म. ७ वर्ष ठाणापति विराजे व ५० वर्ष पूर्व यह कार्य प्रारम्भ हुआ वहीं पर यह कार्य पूर्ण हुआ।

छपाई के लिए जोधपुर जे. के. कम्प्यूटर में द्रव्यानुयोग दिया हुआ था ५०० पेज तैयार हुए, प्रूफ देखे परन्तु बराबर सेट नहीं हुआ। आखिर रद्द करना पड़ा।

पुनः श्रीचन्द जी सुराना को आगरा से बुलाया गया, उन्हीं की देखरेख में द्रव्यानुयोग की छपाई चालू हुई।

हरमाड़ा से विहार कर आबू पर्वत पहुँचे। अब प्रूफ रीडिंग का कार्य चालू हुआ, श्री सुराना जी तीन बार प्रूफ देखते फिर श्री मांगीलाल जी ने देखा, पुनः मैं और पूज्य गुरुदेव देखते। इस प्रकार ग्रन्थ की छपाई आगे बढ़ती गई। भाग १ तैयार हुआ जिसका श्री नवनीतभाई चुन्नीलाल पटेल अहमदाबाद वालों ने विमोचन किया। सांडेराव चातुर्मास हुआ। फिर सादड़ी, नारलाई, सोजत आदि में प्रूफ रीडिंग परिशिष्ट आदि का कार्य चलता रहा।

सोजत में पूज्य श्री मरुधरकेसरी जी म. की पुण्य तिथि पर प्रवर्तक श्री रूपचन्द जी म. के सान्निध्य में द्रव्यानुयोग के द्वितीय भाग का श्री नेमीचन्द जी संघवी कुशालपुरा वालों ने विमोचन किया।

सभी अध्ययनों के आमुख डॉ. धर्मचन्द जी ने लिखे।

सोजत से विहार कर आबू पर्वत ओली तप कराने पधारे, परिशिष्ट, विषय-सूची आदि का कार्य चला। तीसरे भाग को सम्पन्न करने में लगे। अम्बा जी में चातुर्मास हुआ। चातुर्मास में ओमप्रकाश शर्मा ने स्थानांगसूत्र के मूल पाठ की प्रेस कॉपी की। निरयावलिकादि का पं. रूपेन्द्रकुमार जी ने संपादन किया। श्री बलदेवभाई नवनीतभाई का अत्याग्रह होने से अहमदाबाद की ओर विहार हुआ। वहाँ १ जनवरी १९९६ को सेठ श्री श्रेणिकभाई कस्तूरभाई की अध्यक्षता में 'अनुयोग लोकार्पण समारोह' हुआ। जिसमें अहमदाबाद में विराजित अनेक मुनिराज, महासतियाँ जी पधारे। श्री दीपचन्दभाई गार्डी आदि अनेक विशिष्ट व्यक्ति आये। गुजराती प्रकाशन का निर्णय हुआ। ट्रस्ट को लगभग २० लाख का योगदान प्राप्त हुआ।

इस प्रकार ५० वर्षों के प्रबल पुरुषार्थ से व सभी के महत्त्वपूर्ण योगदान से गुरुदेव की इच्छा पूर्ण हुई यह प्रसन्नता का विषय है।

पाठकों को यह ध्यान में रहे कि एक-एक विषय ५-७ बार लिखा गया व टाइप हुआ होगा, १० बार पढ़ा गया होगा। परन्तु पूर्ण व्यवस्थित न होने के कारण बार-बार संशोधन होता रहा। अब भी पूज्य गुरुदेव को पूर्ण संतोष नहीं है किन्तु लक्ष्य पूर्ण हो गया। वैसे पिछले १२ वर्ष में ही अर्थात् बम्बई के बाद ही चारों अनुयोगों का कार्य हुआ। पूज्य गुरुदेव का स्वास्थ्य अनुकूल न होते हुए व वृद्धावस्था होते हुए भी प्रतिदिन ७-८ घंटे श्रम करना, निर्देश देना यह अनुकरणीय है। आपने निशीथभाष्य व अनुयोग के अतिरिक्त नंदीसूत्र, अनुयोगद्वारसूत्र, दशवैकालिकसूत्र, उत्तराध्ययनसूत्र, दशाश्रुतस्कन्ध, बृहत्कल्प, व्यवहारसूत्र, निशीथसूत्र, आचारांगसूत्र (प्रथम श्रुत.), सूत्रकृतांगसूत्र (प्रथम श्रुत.), समवायांगसूत्र, स्थानांगसूत्र, प्रश्नव्याकरणसूत्र आदि के मूल मात्र का भी संपादन किया है।

स्थानांगसूत्र, समवायांगसूत्र, सूर्यप्रज्ञप्तिसूत्र, संजया नियंठा सानुवाद संपादन किया है। आयारदशा, बृहत्कल्प, व्यवहारसूत्र का सानुवाद विवेचन सहित सम्पादन किया है।

जैनागम निर्देशिका, सदुपदेश सुमन (५०० उपमाएँ) भाष्य कहानियाँ आदि अनेक ग्रन्थों का संपादन किया है।

आपकी प्रवचन शैली बहुत ही लाक्षणिक है। शब्दों की व्युत्पत्तियाँ सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। आपके लेख प्रामाणिक, सचोट व क्रान्तिकारी होते हैं।

आप बहुत सरल हैं। यश नाम-कामना से दूर हैं, अनेक वर्षों से अन्न-जल नहीं ले रहे हैं।

वर्तमान में भी अनुयोग निर्देशिका, जीवाभिगमसूत्र आदि का संपादन कर रहे हैं।

महासती श्री मुक्तिप्रभा जी, श्री दिव्यप्रभा जी एवं उनकी शिष्याओं ने अनेक कष्ट सहन कर जो श्रम किया है, वह कभी विस्मरण नहीं किया जा सकता।

अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पं. दलसुखभाई मालवणिया जी ने भी बिना पारिश्रमिक लिए निःस्वार्थभाव से अपना अमूल्य समय प्रदान किया है।

डॉ. सागरमल जी जैन निदेशक पार्श्वनाथ इन्स्टीट्यूट बनारस जो उच्च कोटि के विद्वान् हैं, उन्होंने अपना अनमोल समय निकालकर चरणानुयोग भाग १ व द्रव्यानुयोग भाग १ की विशाल भूमिका बिना पारिश्रमिक के लिखी है सो प्रशंसनीय है।

पं. देवकुमार जी जैन प्राकृत, संस्कृत के अच्छे विद्वान् हैं उनका भी बहुत योगदान मिला जिससे यह कार्य पूर्ण हो सका। चारों अनुयोग के मुद्रण, प्रूफ संशोधन आदि में श्रीचन्द जी सुराना आगरा का पूर्ण सहयोग रहा।

डॉ. धर्मीचन्द जी जैन ने अपना अमूल्य समय निकालकर प्रत्येक अध्ययन के आमुख व विस्तृत भूमिका लिखी है।

श्री राजेश भंडारी जोधपुर वाले टाइप कार्य में व श्री मांगीलाल जी शर्मा ने प्रूफ रीडिंग में सबसे अधिक श्रम किया है।

इस युग में अर्थव्यवस्था बिना कुछ नहीं होता जिसमें संपादन, प्रकाशन में लगभग ३० लाख से ऊपर राशि का व्यय होना। यह सब श्रेय सांडेराव के कार्यकर्ताओं, ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं व मन्त्री श्री जयन्तिभाई संघवी, सहमन्त्री डॉ. सोहनलाल जी संचेती को है। जिन्होंने बहुत श्रम किया। दिल्ली निवासी श्री गुलशनराय जी जैन, श्रीचन्द जी जैन 'जैन बंधु', श्री प्रभुदासभाई वोरा बम्बई आदि के योगदान को भी नहीं भुलाया जा सकता।

जहाँ-जहाँ पूज्य गुरुदेव का पदार्पण हुआ, चातुर्मास हुए, उन संघों का व श्रद्धाशील ज्ञानानुरागी श्रावकों का भी पंडितों के पारिश्रमिक आदि में योगदान प्राप्त हुआ है।

आचार्य श्री देवेन्द्र मुनि जी द्वारा प्राक्कथन लेखन मार्गदर्शन, प्रवर्तक श्री रूपचन्द जी म. एवं उपप्रवर्तक श्री सुकन मुनि जी म. का भी समय-समय पर मार्गदर्शन मिला।

मेरे सहयोगी पं. श्री मिश्रीमल जी म. 'मुमुक्षु', सेवाभावी श्री चाँदमल जी म., पं. श्री रोशनलाल जी म. 'शास्त्री', श्री मिलन मुनि जी म., तपस्वी श्री संजय मुनि जी म. 'सरल' द्वारा गोचरी आदि वैयावच्च सेवाएँ तथा श्री गौतम मुनि जी म. की व्याख्यान सेवाएँ भुलायी नहीं जा सकतीं।

इस प्रकार सभी के योगदान से ही यह कार्य पूर्ण हो सका है जिनका भी प्रत्यक्ष व परोक्ष में सहयोग प्राप्त हुआ है उन सभी का मैं हृदय से आभारी हूँ।

लिम्बडी संप्रदाय के श्री भाष्कर मुनि जी म. का यहाँ गत वर्ष ओली पर पधारना हुआ। उनकी अनुयोग के प्रति विशेष रुचि रही, उन्होंने सौराष्ट्र कच्छ की अनेक लाइब्रेरियों में सेट भिजवाये। अनुयोग संपादन की प्रारम्भ से जानकारी ली। जो कुछ जानकारी थी वह उन्हें बताई, उनके प्रेम भरे आग्रह से ही मैंने अनुयोग की यात्रा लिखी है।

मुझे भी पूज्य गुरुदेव की सेवा व इस भावना को पूर्ण करने का अवसर प्राप्त हुआ यह मेरा सौभाग्य है। इस कार्य से मुझे असीम आनन्द प्राप्त हुआ। मन एकाग्र हुआ, अनेक बार मैंने स्वयं ने अनुभव किया कि सिरदर्द आदि अनेक व्याधियाँ उत्पन्न हुईं, थकावट महसूस हुई किन्तु कार्य में संलग्न होते ही शांति का अनुभव हुआ।

इस अनुयोग के कार्य में लगे रहने के कारण प्रवचन कला में प्रवीण नहीं हो सका जो सामाजिक दृष्टिकोण से आवश्यक है। क्योंकि आगम की सेवा से तीर्थंकर नामकर्म का उपार्जन होता है अतः मैंने अनुयोग के कार्य को प्राथमिकता दी। अब प्रवचन की प्रगति में संलग्न होना है पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद से मैं अवश्य सफलता प्राप्त कर सकूँगा।

अनुयोगों का गुजराती भाषान्तर का प्रकाशन व आगमों का शुद्ध संस्करण गुटका साइज में प्रकाशन यह भावना भी गुरुदेव की पूर्ण करनी है। इसी आशा के साथ।

श्री वर्धमान महावीर केन्द्र
आबू पर्वत

आगम अनुयोग ट्रस्ट, अहमदाबाद

सहयोगी सदस्यों की नामावली

विशिष्ट सहयोगी

१. श्रीमती सूरज बेन चुन्नीभाई धोरीभाई पटेल, पार्श्वनाथ कॉरपोरेशन, अहमदाबाद
हस्ते, सुपुत्र श्री नवनीतभाई, प्रवीणभाई, जयन्तिभाई
२. श्री वलदेवभाई डोसाभाई पटेल पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट, अहमदाबाद
हस्ते, श्री वलदेवभाई, बच्चूभाई, बकाभाई
३. श्री गुलशनराय जी जैन, दिल्ली
४. श्रीचन्द जी जैन, जैन बन्धु, दिल्ली
५. श्री घेवरचंद जी कानुंगा, एल्कोबक्स प्रा. लि., जोधपुर
६. श्रीमती तारादेवी लालचंद जी सिंघवी, कुशालपुरा

प्रमुख स्तम्भ

१. श्री आत्माराम माणिकलाल पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट, अहमदाबाद
हस्ते, श्री वलवन्तलाल, महेन्द्रकुमार, शान्तिलाल शाह
२. श्री पार्श्वनाथ चेरिटेबल ट्रस्ट, अहमदाबाद
हस्ते, श्री नवनीतभाई
३. श्री कालुपुर कॉमर्शियल को-ऑपरेटिव बैंक लि., अहमदाबाद
४. श्री प्रेम ग्रुप पीपलिया कलां, श्री प्रेमराज गणपतराज बोहरा
हस्ते, श्री पूरणचंद जी बोहरा, अहमदाबाद
५. आइडियल सीट मेटल स्टैपिंग एण्ड प्रेसिंग प्रा. लि.
हस्ते, श्री आर. एम. शाह, अहमदाबाद
६. सेठ श्री चुन्नीलाल नरभेराम मेमोरियल ट्रस्ट, बम्बई
हस्ते, श्री मन्नुभाई बेकरी वाला, रुबी मिल, बम्बई
७. श्री प्रभूदासभाई एन. बोरा, बम्बई
८. श्री पी. एस. लूंकड़ चेरिटेबल ट्रस्ट, बम्बई
हस्ते, श्री पुखराज जी लूंकड़
९. श्री गांधी परिवार, हैदराबाद
हस्ते, अमरचन्द रिखवचन्द गांधी
१०. श्री थानचंद मेहता फाउन्डेशन, जोधपुर
हस्ते, श्री नारायणचंद जी मेहता
११. श्रीमती उदयकंवर धर्मपत्नी श्री उम्मेदमल जी सांड, जोधपुर
हस्ते, श्री गणेशमल जी मोहनलाल जी सांड
१२. श्रीमती सोहनकंवर धर्मपत्नी डॉ. सोहनलाल जी संचेती एवं
सुपुत्र श्री शान्तिप्रकाश, महावीरप्रकाश, जिनेन्द्रप्रकाश व नगेन्द्रप्रकाश संचेती, जोधपुर
१३. श्री जेठमल जी चोरड़िया, महावीर इग हाउस, बैंगलोर
१४. श्री शान्तिलाल जी नाहर, अहमदाबाद

१५. श्री भीमराज जी जवेरचन्द जी, **साण्डेराव**
१६. श्री हीरालाल जी जीरावला, **अहमदाबाद**

स्तम्भ

१. श्री रमणलाल माणिकलाल शाह, **अहमदाबाद**
हस्ते, सुभद्रा बेन
२. श्री हिम्मतलाल सावलदास शाह, **अहमदाबाद**
३. श्री मोहनलाल जी मुकनचंद जी बालिया, **अहमदाबाद**
४. श्री विजयराज जी बालाबक्स जी बोहरा साबरमती, **अहमदाबाद**
५. श्री अजयराज जी के. मेहता ऐलिसब्रिज, **अहमदाबाद**
६. श्री चिमनभाई डोसाभाई पटेल, **अहमदाबाद**
हस्ते, नवनीतभाई
७. श्री साणन्द सार्वजनिक ट्रस्ट
हस्ते, श्री बलदेवभाई, **अहमदाबाद**
८. श्री पंजाब जैन भ्रातृ सभा खार, **बम्बई**
९. श्री रतनकुमार जी जैन, नित्यानन्द स्टील रोलर मिल, **बम्बई**
१०. श्री माणकलाल जी रतनशी बगड़ीया, **बम्बई**
११. श्री राजमल रिखबचंद मेहता चेरिटेबल ट्रस्ट, **बम्बई**
हस्ते, श्री सुशीला बेन रमणिकलाल मेहता, **पालनपुर**
१२. श्री हरीलाल जयचंद डोसी, विश्व वात्सल्य ट्रस्ट, **बम्बई**
१३. श्री तेजराज जी रूपराज जी बम्ब, **इचलकरंजी** (महाराष्ट्र)
हस्ते, श्री माणकचन्द जी रूपराज जी बम्ब, भादवा वाले
१४. श्रीमती सुगनीबाई मोतीलाल जी बम्ब, **हैदराबाद**
हस्ते, श्री भीमराज जी बम्ब पीह वाले
१५. श्री गुलाबचंद जी मांगीलाल जी सुराणा, **सिकन्द्राबाद**
१६. श्री नेमनाथ जी जैन, **इन्दौर** (मध्य प्रदेश)
१७. श्री बाबूलाल जी धनराज जी मेहता, **सादड़ी** (मारवाड़)
१८. श्री हुक्मीचंद जी मेहता (एडवोकेट), **जोधपुर**
१९. श्री केशरीमल जी हीराचंद जी तातेड़ समदड़ी वाले, **हुबली**
२०. श्री आर. डी. जैन, जैन तार उद्योग, **दिल्ली**
२१. श्री देशराज जी पूरणचंद जी जैन, **अहमदाबाद**
२२. श्री रोयल सिन्थेटिक्स प्रा. लि., **बम्बई**
२३. श्री विरदीचंद जी कोठारी, **किशनगढ़**
२४. श्री मदनलाल जी कोठारी महामंदिर, **जोधपुर**
२५. श्री जंवतराज जी सोहनलाल जी बाफणा, **बैंगलोर**
२६. श्री धनराज जी विमलकुमार जी रूणवाल, **बैंगलोर**
२७. श्री जगजीवनदास रतनशी बगड़ीया, **दामनगर** (गुजरात)
२८. श्री सुगाल एण्ड दामाणी, **नई दिल्ली**
२९. श्री भींवराज जी हजारीमल जी साण्डेराव वाले, **कोसम्बा**
३०. मै. मरुधर इलेक्ट्रिकल्स, **बम्बई**
हस्ते, श्री अक्षयकुमार जी सामसुखा जोधपुर वाले
३१. श्री विजयराज जी मेहता, **अहमदाबाद**

महासंरक्षक

१. श्री माणिकलाल सी. गांधी, **अहमदाबाद**
२. श्री स्वस्तिक कॉरपोरेशन, **अहमदाबाद**
हस्ते, श्री हंसमुखलाल कस्तूरचंद
३. श्री विजय कंस्ट्रक्शन कं., **अहमदाबाद**
हस्ते, श्री रजनीकान्त कस्तूरचंद

४. श्री करशनजीभाई लघुभाई निशर दादर, **बम्बई**
५. श्री जसवन्तलाल शान्तिलाल शाह, **बम्बई**
६. श्री वाडीलाल छोटालाल डेली वाला, **बम्बई**
हस्ते, श्री चन्द्रकान्त वी. शाह
७. श्री चम्पालाल जी हरखचंद जी कोठारी पीपाड़ वाले, **बम्बई**
८. श्रीमती लीलावती बेन जयन्तिलाल चेरिटेबल ट्रस्ट, **बम्बई**
९. श्री मूलचंद जी सरदारमल जी संचेती, **जोधपुर**
हस्ते, उमरावमल जी **संचेती**
१०. श्री उदयराज जी संचेती, **जोधपुर**
११. श्री मदनलाल जी संचेती, मनीष इन्डस्ट्रीज, **जोधपुर**
१२. श्री सूरजमल जी सा. गेहलोत सूरसागर, **जोधपुर**
१३. श्रीमती चन्द्रादेवी धर्मपत्नी गंभीरमल जी बम्ब, **टौंक** (राजस्थान)
१४. श्रीमती केली बाई चौधरी ट्रस्ट
हस्ते, श्री शान्तिलाल जी धर्मीचंद जी, **तिरुपती** (आ. प्र.)
१५. कृषिभूषण श्री विजयराज जी फतेहराज जी बरमेचा, **नासिक सिटी**
१६. श्री इन्दरचंद मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट, **नासिक सिटी**
हस्ते, श्री शान्तिलाल जी दूगड़
१७. श्रीमती ऊषादेवी गौतमचंद जी बोहरा, **जैतारण**
हस्ते, श्री जवन्तराज जी बोहरा
१८. श्री भंवरलाल जी हीराचंद जी मेहता, **पाली** (मारवाड़)
१९. श्री मेघराज जी रूपा जी साण्डेराव वाले, जय सन्स अम्ब्रेला इण्डस्ट्रीज, **हुबली**
२०. श्रीमती पानीबाई बालचंद जी बाफना, **सादड़ी** (मारवाड़)
हस्ते, श्री रूपचन्द जी बाफना
२१. श्री एस. एस. जैन सभा, कोल्हापुर मार्ग, सब्जी मण्डी, **दिल्ली**
२२. श्री धीरजभाई धरमशीभाई मोरबिया, **आबू रोड**
२३. श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, **हरमाड़ा**
२४. श्री नरेन्द्रकुमार जी छाजेड़, **उदयपुर**
२५. श्री सुगनचन्द जी जैन, **मद्रास**
२६. श्री अमरचन्द मारु चेरिटेबल ट्रस्ट, **दिल्ली**
हस्ते, माणकचन्द जी, धर्मीचन्द, प्रेमचन्द जी लूणावत, **हरमाड़ा**
२७. तपस्वी चन्दुभाई मेहता, **जामनगर**
२८. श्री भोगीलाल कक्कलभाई, **धानेरा**
२९. श्री जुहारमल जी दीपचन्द जी नाहटा, **केकड़ी**
हस्ते, धनराज लालचन्द सुरेशकुमार
३०. श्री मोडीलाल बरदीचंद सूर्या, **खेड़ब्रह्मा**
३१. श्री केवलचन्द जी जंवरीलाल जी बरमेचा, त्रिमूर्ति अटपड़ा वाले, **मद्रास**
३२. श्री मुकुनचन्द जी चन्दनमल जी लूंकड़, **अहमदाबाद**
३३. श्री पारसमल जी लुणकरण जी लुणावत, **अहमदाबाद**
३४. श्री रतीलाल चुन्नीलाल सोलंकी, **सादड़ी** (मारवाड़)
३५. श्री जवाहरलाल एस. कोठारी, **अहमदाबाद**
३६. श्रीमती खमाबाई मूलचन्द जी कोठारी पीपाड़ वाले, **अहमदाबाद**

संरक्षक

१. श्री भंवरलाल जी मोहनलाल जी भंडारी, **अहमदाबाद**
२. श्री नगीनभाई दोशी, **अहमदाबाद**
३. श्री मूलचंद जी जवाहरलाल जी बरड़िया, **अहमदाबाद**
४. श्री धिंगड़मल जी मुलतानमल जी कानूंगा, **अहमदाबाद**
५. श्री कान्तिलाल जीवनलाल शाह, **अहमदाबाद**
६. श्री शान्तिलाल टी. अजमेरा, **अहमदाबाद**

७. श्री चन्दुलाल शिवलाल संघवी, **अहमदाबाद**
हस्ते, श्री जयन्तिभाई संघवी
८. श्रीमती पार्वती बेन शिवलाल तलखशीबाई अजमेरा ट्रस्ट, **अहमदाबाद**
हस्ते, श्री नवनीतमल मणिलाल अजमेरा
९. श्री शान्तिलाल अमृतलाल बोरा, **अहमदाबाद**
१०. श्री कान्तिलाल मनसुखलाल शाह पालियाद वाला, **अहमदाबाद**
११. श्री गिरधरलाल पुरुषोत्तमदास ऐलिसब्रिज, **अहमदाबाद**
१२. श्री जयन्तिलाल भोगीलाल भावसार सरसपुर, **अहमदाबाद**
१३. श्री भोगीलाल एण्ड कं., **अहमदाबाद**
हस्ते, श्री दिनेशभाई भावसार
१४. श्री अहमदाबाद स्टील स्टोर, **अहमदाबाद**
हस्ते, जयन्तिलाल मनसुखलाल
१५. श्री जादव जी मोहनलाल शाह, **अहमदाबाद**
१६. डॉ. श्री धीरजलाल एच. गोसलिया नवरंगपुरा, **अहमदाबाद**
१७. श्री सज्जनसिंह जी भंवरलाल जी कांकरिया पीपाड़ वाले, **अहमदाबाद**
१८. श्री कान्तिलाल प्रेमचंद शाह मूँगफली वाला, **अहमदाबाद**
१९. प्लाजा इन्डस्ट्रीज, **अहमदाबाद**
हस्ते, धनकुमार भोगीलाल पारीख
२०. श्री नगीनदास शिवलाल, **अहमदाबाद**
२१. श्रीमती कान्ता बेन भँवरलाल जी के वर्षीतप के उपलक्ष में
हस्ते, श्री सखीदास मनसुखभाई, **अहमदाबाद**
२२. श्री दलीचंदभाई अमृतलाल देसाई, **अहमदाबाद**
२३. श्री जयन्तिलाल के. पटेल साणन्द वाले, **अहमदाबाद**
२४. श्री रामसिंह जी चौधरी, **अहमदाबाद**
२५. श्री पोपटलाल मोहनलाल शाह, पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट, **अहमदाबाद**
२६. श्री चिमनलाल डोसाभाई पटेल, **अहमदाबाद**
२७. श्री जादव जी लाल जी वेल जी, **बम्बई**
२८. श्री गेहरीलाल जी कोठारी, कोठारी ज्वैलर्स, **बम्बई**
२९. श्री हिम्मतभाई निहालचन्द जी दोषी, **बम्बई**
३०. श्री आर. आर. चौधरी, **बम्बई**
३१. स्व. श्री मणिलाल नेमचन्द अजमेरा तथा कस्तूरी बेन मणिलाल की स्मृति में
हस्ते, श्री चम्पकभाई अजमेरा, **बम्बई**
३२. श्रीमती समरथ बेन चतुर्भुज बेकरी वाला, **बम्बई**
हस्ते, कान्तिभाई
३३. श्री छगनलाल शामजीभाई विराणी राजकोट वाले, **बम्बई**
३४. श्री रसिकलाल हीरालाल जवेरी, **बम्बई**
३५. श्रीमती तरुलता बेन रमेशचंद दफ्तरी, **बम्बई**
३६. श्री ताराचंद चतुरभाई वोरा बालकेश्वर, **बम्बई**
हस्ते, नन्दलालभाई
३७. श्री चम्पकलाल एम. लाखाणी, **बम्बई**
३८. श्री हीर जी सोजपाल कच्छ कपाया वाला, **बम्बई**
३९. श्री अमृतलाल सोभागचंद जी की स्मृति में
हस्ते, राजेन्द्रकुमार गुणवन्तलाल, **बम्बई**
४०. श्री एच. के. गांधी मेमोरियल ट्रस्ट घाटकोपर, **बम्बई**
हस्ते, वज्जुभाई गांधी

४१. श्री वाडीलाल मोहनलाल शाह सायन, **बम्बई**
४२. श्री नगराज जी चन्दनमल जी मेहता सादड़ी वाले, **बम्बई**
४३. श्री हरीश सी. जैन खार, जय सन्स, **बम्बई**
४४. श्री छोटालाल धनजीभाई दोमड़िया, **बम्बई**
४५. श्रीमती शान्ता बेन कान्तिलाल जी गांधी, **बम्बई**
४६. श्रीमती शिमला रानी जैन की स्मृति में जितेन्द्रकुमार जैन, **बम्बई**
४७. श्रीमती पारसदेवी मोहनलाल जी पारख, **हैदराबाद**
४८. श्री नवरतनमल जी कोटेचा बस्सी वाले, **हैदराबाद**
४९. श्रीमती बीदाम बेन घीसालाल जी कोठारी, **हैदराबाद**
५०. श्री पारसमल जी पारख, **हैदराबाद**
५१. श्री बाबूलाल जी कांकरिया, **हैदराबाद**
५२. श्री सज्जनराज जी कटारिया, **सिकन्द्राबाद**
५३. श्री दिनेशकुमार चन्द्रकान्त बैंकर, **सिकन्द्राबाद**
५४. श्री प्रेमचन्द जी पोमा जी साकरिया, **साण्डेराव**
५५. श्रीमती हंजाबाई प्रेमचंद जी साकरिया, **साण्डेराव**
५६. श्री हिरदीचंद मेगराज जी साकरिया, **साण्डेराव**
५७. श्री जुहारमल जी लुम्बा जी साकरिया, **साण्डेराव**
५८. श्री ताराचंद जी भगवान जी साकरिया, **साण्डेराव**
५९. श्री कस्तूरचंद जी प्रताप जी साकरिया, **साण्डेराव**
६०. श्री ताराचंद जी प्रताप जी साकरिया, **साण्डेराव**
६१. श्री सुमेरमल जी मेड़तिया (एडवोकेट), **जोधपुर**
६२. श्री अगरचंद जी फतेहचंद जी पारख, **जोधपुर**
६३. श्री मुन्नीलाल जी मदनराज जी गोलेच्छा, **जोधपुर**
६४. श्री लुम्बचंद जी गौतमचंद जी सांड, **जोधपुर**
६५. श्री कैलाशचंद्र जी भंसाली, **जोधपुर**
६६. श्री मूलचंद जी भंसाली, **जोधपुर**
६७. श्री शान्तिलाल जी मुन्नालाल जी मुणोत सूरसागर, **जोधपुर**
६८. श्री लालचंद जी गौतमचंद जी मुणोत सूरसागर, **जोधपुर**
६९. श्री गुलराज जी पूनमचंद जी मेहता, **मदनगंज**
७०. श्री गणेशदास शान्तिलाल संचेती, **मदनगंज**
७१. श्री चम्पालाल जी पारसमल जी चौरड़िया, **मदनगंज**
७२. श्री सूरजमल कनकमल, **मदनगंज**
हस्ते, श्री महावीरचंद जी कोठारी
७३. श्री बुधसिंह जी पारसमल जी घीसुलाल जी बम्ब, **मदनगंज**
७४. श्री मांगीलाल जी चम्पालाल जी उत्तमचंद जी चौरड़िया, **मदनगंज**
७५. श्री हरखचंद जी रिखबचंद जी मेड़तवाल, **केकड़ी**
७६. श्री लादूसिंह जी गांग (एडवोकेट), **शाहपुरा**
७७. श्री जबरसिंह जी सुमेरसिंह जी बरड़िया, **रूपनगढ़**
७८. श्री नाहरमल जी बागरेचा, **राबड़ियाद**
हस्ते, श्री नोरतमल जी बागरेचा
७९. श्री शिवराज जी उत्तमचंद जी बम्ब, **पीह**
८०. श्री धनराज जी डांगी, **फतेहगढ़**
८१. श्री हुक्मीचंद जी चान्दमल जी ओम जी कोचेटा पीलवा वाले
कोचेटा फेब्रिक्स, **पाली** (मारवाड़)
८२. श्री लक्ष्मीचंद जी तालेड़ा, **जयपुर**

८३. श्री कंवरलाल जी धर्मीचंद जी बेताला, **गोहाटी** (आसाम)
८४. श्री भंवरलाल जी जुगराज जी फुलफगर, **घोड़नदी** (महाराष्ट्र)
८५. श्री गणशी देवराज, **जालना** (महाराष्ट्र)
८६. श्री कान्तिलाल जी रतनचंद जी बांठिया, **पनवेल** (महाराष्ट्र)
८७. मै. कन्हैयालाल माणकचंद एण्ड सन्स, **बड़गाँव** (पूणा)
८८. श्री रणजीतसिंह ओमप्रकाश जैन, **कालावाली मण्डी** (हरियाणा)
८९. श्री मदनलाल जी जैन, **भटिण्डा** (पंजाब)
९०. श्री भाईलाल जादव जी सेठ, **कोल्हापुर** (महाराष्ट्र)
९१. श्री सोहनराज जी चौथमल जी संचेती सोजत वाले, **सुरगाणा** (महाराष्ट्र)
९२. श्री जे. डी. जैन, **गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश)
९३. श्री प्रेमचंद जी जैन, **आगरा**
९४. श्री जी. एस. संघवी राजेन्द्र नगर, **नई दिल्ली**
९५. श्री वी. अमोलकचंद अमरचंद मेहता, **बैंगलोर**
९६. श्री विजयराज जी पदमचन्द जी गादिया, **कुड़की**
९७. श्री शान्तिलाल जी बम्ब, **पीह**
९८. श्री रजनीकान्त भाई देसाई, **बम्बई**
९९. श्री छोगालाल जी बोहरा, **पाली**
१००. श्री हमीरमल दलीचंद श्रीश्रीमाल, **ब्यावर**
१०१. श्री अशोककुमार जी धीरजकुमार जी गादिया, **बैंगलोर**
१०२. श्री माणकचन्द जी ओसतवाल, **बैंगलोर**
१०३. श्री पूनमचन्द जी हरिशचन्द्र जी बडेर, **जयपुर**
१०४. श्री शान्तिलाल जी रंगलाल जी दक, **अहमदाबाद**

सम्माननीय सदस्य

१. श्री पी. के. गांधी, **बम्बई**
२. श्री सुखलाल जी कोठारी खार, **बम्बई**
३. श्री नागरदास मोहनलाल खार, **बम्बई**
४. श्री आनन्दीलाल जी कटारिया वडाला, **बम्बई**
५. श्री वसन्तलाल के. दोसी विर्लेपाला, **बम्बई**
६. श्री प्रोसीसन टैक्सटाइल इन्जीनियरिंग एण्ड काम्पोन्ट्स, **बम्बई**
७. श्री मेहता इन्द्र जी पुरुषोत्तमदास दादर, **बम्बई**
८. श्री कोरसीभाई हीरजीभाई चेरिटेवल ट्रस्ट, **बम्बई**
९. श्री जयसुखभाई रामजीभाई शेठ कांदावाड़ी, **बम्बई**
१०. श्री चिमनलाल गिरधरलाल कांदावाड़ी, **बम्बई**
११. श्री मेघजीभाई थोभण कांदावाड़ी, **बम्बई**
हस्ते, मणिलाल वीरचंद
१२. श्री प्रितमलाल मोहनलाल दफ्तरी कांदावाड़ी, **बम्बई**
१३. मै. सीलमोहन एण्ड कं., **बम्बई**
हस्ते, रमणिकभाई धानेरा वाले
१४. श्री नरोत्तमदास मोहनलाल, **बम्बई**
१५. श्री वाडीलाल जेठालाल शाह वालकेश्वर, **बम्बई**
आचार्य यशोदेवसूरीश्वर जी की प्रेरणा से
१६. श्री जैन संस्कृति कला केन्द्र मरीनलाईन, **बम्बई**
१७. श्री मेघजी खीमजी तथा लक्ष्मी वेन मेघजी खीमजी, **बम्बई**
१८. श्री ताराचंद गुलाबचंद, **बम्बई**
१९. श्री गिरधरलाल मन्छाचंद जवेरी धानेरा वाले, **बम्बई**

२०. श्रीमती भूरीबाई भंवरलाल जी कोठारी सेमा वाले, **बम्बई**
हस्ते, सागरमल मदनलाल रमेशचंद
२१. श्री पुखराज जी कावड़ीया सादड़ी वाले, न्यू राजुमणि ट्रांसपोर्ट, **बम्बई**
२२. श्री रसीकलाल हीरालाल जवेरी, **बम्बई**
२३. श्री प्रवीणभाई के. मेहता, **बम्बई**
२४. श्री प्रभुदासभाई रामजीभाई सेठ, **बम्बई**
२५. श्रीमती लता बेन विमलचंद जी कोठारी, **बम्बई**
२६. श्री कमलेश एन. शाह, **बम्बई**
२७. श्री अरविन्दभाई धरमशी लुखी, **बम्बई**
२८. श्री चांपशीभाई देवशी नन्दू, **बम्बई**
२९. श्री लालजी लखमशी केमिकल्स प्रा. लि., **बम्बई**
३०. श्री मूलचंद जी गोलेछा, **जोधपुर**
३१. श्री चम्पालाल जी चौपड़ा, **जोधपुर**
३२. श्री माणकचंद जी अशोककुमार जी, **जोधपुर**
३३. श्री मदनराज जी कर्णावट, **जोधपुर**
३४. श्री जेठमल जी लुंकड़, **जोधपुर**
३५. श्री मेहन्द्रकुमार जी राजेन्द्रकुमार जी, **जोधपुर**
३६. श्रीमती विमलादेवी मोतीलाल जी गुलेछा, **जोधपुर**
३७. श्री जैन बुक डिपो पावटा, **जोधपुर**
३८. श्री सायरचंद जी बागरेचा, **जोधपुर**
३९. श्री घेवरचंद जी पारसमल जी टाटिया, **जोधपुर**
४०. श्री भंवरलाल जी गणेशमल जी टाटिया, **जोधपुर**
४१. श्री लाभचंद जी टाटिया, **जोधपुर**
४२. श्री तेजराज जी गोदावत, **जोधपुर**
४३. श्री महावीर स्टोर्स, **जोधपुर**
४४. श्री पारसमल जी सुमेरमल जी संखलेचा, **जोधपुर**
४५. श्री मोहनलाल जी बोथरा, **जोधपुर**
४६. श्री जबरचंद जी सेठिया, **जोधपुर**
४७. श्री मूलचंद जी भंसाली, **जोधपुर**
४८. श्री सोमचंद जी सर्राफ, **जोधपुर**
४९. श्री केशरीमल जी चौपड़ा, **जोधपुर**
५०. श्री कनकराज जी गोलिया, **जोधपुर**
५१. श्री चम्पालाल जी बाफना, **जोधपुर**
५२. श्री ताराचंद जी सायरचंद जी पारख, **जोधपुर**
५३. श्री घेवरचंद जी पारख, **जोधपुर**
५४. श्री उदयराज जी पारख, **जोधपुर**
५५. श्री हरखराज जी मेहता, **जोधपुर**
५६. श्री लालचंद जी बाफना, **जोधपुर**
५७. श्री जैन खतरगच्छ संघ, **जोधपुर**
५८. श्री दिलीपराज जी कर्णावट, **जोधपुर**
५९. श्री शम्भूदयाल जी भंसाली, **जोधपुर**
६०. श्री चम्पालाल जी भंसाली, **जोधपुर**
६१. श्री चन्द्रसागर जी कुंभट, **जोधपुर**
६२. श्री महेन्द्रकुमार जी झामड़, **जोधपुर**
६३. श्री सूरजमल जी रमेशकुमार जी श्रीश्रीमाल, **जोधपुर**
६४. श्री प्रकाशमल जी डोसी प्रतापनगर, **जोधपुर**

६५. श्री सुगनचंद जी भंडारी, **जोधपुर**
६६. श्री मोहनलाल जी चम्पालाल जी गोठी महामन्दिर, **जोधपुर**
६७. श्री गुलाबचंद जी जैन, **जोधपुर**
६८. श्री नरसिंग जी दाधीच सूरसागर, **जोधपुर**
६९. श्री जीवराज जी कानूंगा, **जोधपुर**
७०. श्री भंवरलाल जी कानूंगा, **जोधपुर**
७१. श्री दलाल माणकचंद जी बोहरा, **जोधपुर**
७२. श्रीमती कमला सुराणा, **जोधपुर**
७३. श्री अशोककुमार जी बोहरा, **जोधपुर**
७४. श्रीमती मंजुदेवी अशोककुमार जी बोहरा, **जोधपुर**
७५. श्री सोहनलाल जी बडेर, **जोधपुर**
७६. श्री माणकचंद जी संचेती, **जोधपुर**
७७. श्री मदनचंद जी संचेती, **जोधपुर**
७८. श्री धनराज जी दिलीपचंद जी संचेती, **जोधपुर**
७९. श्री गौतमचंद जी संचेती, **जोधपुर**
८०. श्री प्रकाशचंद जी संचेती, **जोधपुर**
८१. श्री पुष्पचंद जी संचेती, **जोधपुर**
८२. श्री गणपतलाल जी संचेती, **जोधपुर**
८३. श्री भरतभाई जे. शाह, **अहमदाबाद**
८४. श्री लालभाई दलपतभाई चेरिटेबल ट्रस्ट, **अहमदाबाद**
८५. श्री महेन्द्रभाई सी. शाह नवरंगपुरा, **अहमदाबाद**
८६. श्री भींवराज जी भगवान जी धारीवाल, **अहमदाबाद**
८७. श्री पारसमल जी ओटरमल जी कावड़ीया, **सादड़ी** (मारवाड़)
८८. श्री हिम्मतमल जी प्रेमचंद जी साकरिया, **साण्डेराव**
८९. श्री रतीलाल विट्ठलदास गोसलिया, **माधवनगर**
९०. श्री हरखराज जी दौलतराज जी धारीवाल, **हैदराबाद**
९१. श्री एस. एन. भीकमचंद जी सुखाणी लाल बाजार, **सिकन्द्राबाद**
९२. श्री चुन्नीलाल जी बागरेचा, **बालाघाट**
९३. श्री प्रेमराज जी उत्तमचंद जी चौरड़िया, **मदनगंज**
९४. श्री मांगीलाल जी सोलंकी सादड़ी वाले, **पूना**
९५. श्री सोहनराज जी चौथमल जी संचेती सोजत वाले, **सुरगाणा**
९६. श्री लालचंद जी भंवरलाल जी संचेती, **पाली**
९७. श्रीमती कमला बेन मूलचंद जी गूगले, **अहमदनगर**
९८. श्रीमती लीला बेन पोपटलाल बोहरा, **इचलकरंजी**
९९. श्री पुखराज जी महावीरचंद जी मूथा पीह वाले, **मद्रास**
१००. श्री के. सी. जैन (एडवोकेट), **हनुमानगढ़**
१०१. श्रीमती मदनबाई खाबिया पादू वाले, **मद्रास**
१०२. श्री बाबूलाल जी कन्हैयालाल जी जैन, **मालेगाँव**
१०३. श्रीमती कमलाबाई केवलचंद जी आबड़, **भटिण्डा** (पंजाब)
१०४. श्री पारसमल जी सुखाणी, **रायचूर**
१०५. श्री प्रताप मुनि ज्ञानालय, **बड़ी सादड़ी**
१०६. श्री एच. अम्बालाल एण्ड सन्स, **गुडियातम**
हस्ते, श्री प्रेमराज जी पारसमल जी केवलचंद जी बगड़ी वाले
१०७. श्री यश. भंवरलाल जी **श्रीश्रीमाल**, **बैंगलोर**
१०८. श्री कल्याणमल जी कनकराज जी चौरड़िया ट्रस्ट, **मद्रास**

१०९. श्री कैलाशचंद जी दुगड़, **मद्रास**
११०. श्री मेहता विरदीचंद जुमचंद चेरिटेबल ट्रस्ट, **मद्रास**
१११. श्री दुलीचंद जी जैन, **मद्रास**
११२. श्री नेमीचंद जी उत्तमचंद जी संघवी, **धुलिया**
११३. श्री कपूरचंद जी कुलीश, राजस्थान पत्रिका, **जयपुर**
११४. श्री सन्मति जैन पुस्तकालय, **बड़ोत मण्डी**
११५. श्री विनोदकुमार जी हरीलाल जी गोसलिया, **मुजफ्फरनगर**
११६. श्री विजयकुमार जी जैन, **अम्बाला शहर**
११७. श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, **भोपालगढ़**
११८. श्री हंसराज जी जैन, **भटिण्डा** (पंजाब)
११९. श्री कीमतीलाल जी जैन, **मेरठ सिटी**
१२०. श्री संजयकुमार कल्याणमल जी सर्राफ, **शाहजहाँपुर**
१२१. श्री कलवा स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, **कलवा** (थाना)
१२२. श्री ए. पी. जैन, **दिल्ली**
१२३. श्री चम्पालाल जी चपलोत, **भीलवाड़ा**
१२४. श्री तिलोकचंद जी पोखरणा, **मदनगंज**
१२५. श्री उम्मेदसिंह जी चौधरी की स्मृति में
हस्ते, श्री अनन्तसिंह जी, **कैरोट**
१२६. श्री पन्नालाल जी प्रेमचंद जी चौपड़ा, **अजमेर**
१२७. श्री गांग जी कुंवर जी बोरा, **समागोगा कच्छ**
१२८. श्री मोहनलाल जी बाबूलाल जी कांकरिया, **हैदराबाद**
१२९. श्री हीराचन्द जी चौपड़ा, **साण्डेराव**
१३०. श्री सज्जनमल जी बोहरा, **पीसांगन**
१३१. श्री गजराजसिंह जी डांगी, **भीलवाड़ा**
१३२. श्री एस. भंवरलाल जी पारसमल जी, गेलड़ा, **आरकोणम्**
१३३. शा. पोपटलाल मोहनलाल शाह पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट, **अहमदाबाद**
१३४. श्री आबू तलेटी तीर्थ मानपुर, **आबू रोड**
१३५. श्री उगरसिंह जी जैन, शास्त्री नगर, **अहमदाबाद**
१३६. श्री ताराचन्द जी अचलदास जी खींवसरा, **सादड़ी** (मारवाड़)
१३७. श्री पोपटलाल अचलदास जी खींवसरा, **सादड़ी** (मारवाड़)
१३८. श्री ललीतकुमार कोठारी, शाहपुर, **अहमदाबाद**

ज्ञान-दान

१. एन. जे. छेड़ा, **बम्बई**
२. तीर्थराम जी जैन, **होशियारपुर**
३. तेजमल जी बाफणा (एडवोकेट), **भीलवाड़ा**
४. सौभागमल जी बहादुरमल जी नागौरी, **सिंगोली** (मध्य प्रदेश)
५. श्री मोहनलाल जी जंवरीलाल जी बोहरा, **शोलापुर** (कर्णाटक)
६. श्री कस्तूरभाई भोगीलाल शाह, **प्रान्तिज** (गुजरात)
७. श्री शान्तिलाल जी माणकचंद जी कोठारी, **अहमदाबाद**
८. श्री प्राणलाल वल्लभदास घाटलिया, **बम्बई**
९. श्री हजारीमल जी मोतीलाल जी कालूराम जी
माता धापूबाई बेटा पोता हस्ते, भूराराम जी उदयराम जी बागोर, **भीलवाड़ा**
१०. शा. फोजराज चुन्नीलाल बागरेचा जैन धार्मिक ट्रस्ट, **बालाघाट**
११. श्रीमती पुष्पा बेन एम. बागरेचा, **अहमदाबाद**
१२. श्री सोहनलाल जी मोतीलाल जी लोढ़ा, **अम्बाजी**

द्रव्यानुयोग प्रकाशन योजना के सम्माननीय सहयोगी सदस्यों के चित्र व परिचय

श्री चुन्नी भाई धोरी भाई पटेल, अहमदाबाद

आप बहुत ही भावनाशील सुश्रावक हैं। सैकड़ों स्थानों पर उपाश्रय आदि में योगदान दिया है। अनेक जगह अस्पताल आदि में सहयोग किया है। आपकी धर्मपत्नी श्रीमती सूरजबैन भी बहुत भावनाशील थी। आपके सुपुत्र श्री नवनीत भाई, जयंति भाई प्रवीण भाई भी बहुत भावनाशील उदार हृदयी धर्म श्रद्धालु श्रावक हैं। आपके परिवार का अनुयोग ट्रस्ट को बहुत बड़ा योगदान प्राप्त हुआ है।

श्री शांतीलाल जी नाहर, अहमदाबाद

आप सरलमना मिलनसार समाज सेवी, सेवाभावी, उदार हृदयी सज्जन हैं। आप बोराना जिला भीलवाड़ा के मूल निवासी हैं। राजस्थान स्थानकवासी जैन संघ के उपाध्यक्ष हैं। लक्ष्मी मेटल ग्रुप के आप चैयर मैन हैं। अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के ट्रस्टी हैं। अनुयोग ट्रस्ट में आपने विशेष सहयोग दिया है।

श्री जंयति भाई, के. पटेल, अहमदाबाद

आप मूलतः साणन्द के निवासी हैं। अनेक वर्षो तक संघ के प्रमुख रहे हुए हैं। अम्बावाड़ी, जीवराज पार्क आदि अनेक संघों के ट्रस्टी हैं। बहुत ही उदार भावना वाले सज्जन व्यक्ति हैं। पूज्य गुरुदेव के प्रति विशेष श्रद्धा भक्ति रखते हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट में विशेष सहयोग प्रदान किया है।

श्री धीरजलाल, धर्मशी मोरबीया, आबु रोड़

आप मूलतः कच्छ रापर के निवासी हैं। बहुत ही भावनाशील, उदार हृदयी, सेवाभावी सज्जन व्यक्ति हैं। आपका पूरा परिवार ही बहुत धर्म भावना वाला है। संत सतियों की सेवा में संलग्न रहता है। आपके केमिकल व मार्बल का बहुत बड़ा व्यवसाय है। अनुयोग ट्रस्ट में आपने बहुत बड़ा सहयोग दिया है। आपश्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ आबुरोड़ के अध्यक्ष हैं एवं कच्छ की सामाजिक संस्थाओं के साथ अच्छे सम्पर्क में हैं। रापर जीवदया मंडल (गौ-शाला) में अपना योगदान देकर उनमें बहुत अच्छी तरह से सेवा कर रहे हैं।

श्री सरदारमलजी सा. सामसुखा व श्रीमती उछबकंवरबाई सामसुखा (बम्बई)

आप बहुत धार्मिक भावना वाले व उदार स्वभाव के थे। प्रतिदिन सामायिक आदि की प्रवृत्ति में लीन रहते थे।

आपके सुपुत्र श्री अक्षयकुमारजी आदि का मरुधर इलेक्ट्रिकल्स के नाम से बम्बई में बहुत बड़ा व्यवसाय है। पूरा परिवार बहुत धार्मिक भावना वाला है, पूज्य मरुधर केसरी जी म. के प्रति विशेष श्रद्धा भक्ति थी, उपाध्याय श्री जी एवं प्रवर्त्तक श्री जी के प्रति भी विशेष श्रद्धा रखते हैं भावना आनुपूर्वी एवं नन्दी सूत्र (शुटका साइज) के विमोचन का अवसर भी आपको प्राप्त हुआ। आपने आगम अनुयोग ट्रस्ट में विशेष सहयोग दिया।

स्व. श्री रतीलाल जी चुन्नीलाल जी सोलंकी, सादड़ी (मारवाड़)

आप बहुत ही भावनाशील धर्म श्रद्धालु सुश्रावक थे। समाज के बहुत ही अच्छे कार्यकर्त्ता थे। श्री राजस्थान स्थानकवासी जैन संघ, साबरमती स्था. जैन संघ के आप ट्रस्टी थे। आपके सुपुत्र श्री रमेश भाई, गजेश भाई, हरिश भाई आदि भी उसी प्रकार सेवा आदि कार्यों में संलग्न हैं। वस्त्र एवं फाइनेन्स आदि का अहमदाबाद में व्यवसाय है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सहयोगी सदस्य हैं।

श्री पारसमल जी, लुणकरण जी लुणावत, अहमदाबाद

आप मूलतः निम्बोल (जिला-पाली) राजस्थान निवासी हैं। बहुत ही अच्छे सेवाभावी कार्यकर्त्ता हैं। श्री स्थानकवासी जैन संघ मणीनगर (अहमदाबाद) के आप अध्यक्ष हैं। आपके ओटो फाइनेन्स का व्यवसाय है। बहुत ही उदार भावना वाले सज्जन व्यक्ति हैं। आपने अनुयोग ट्रस्ट में विशेष सहयोग दिया है।

स्व. श्री जवाहर लाल जी एस. कोठारी, रणसी गाँव (राज.)

आप बहुत ही धर्मानुरागी सुश्रावक थे। आपके बड़े सुपुत्र श्री बुद्धमल जी कोठारी तमिलनाडू में व्यवसाय करते हैं। द्वितीय सुपुत्र श्री पदमचन्द जी अहमदाबाद में फाइनेन्स का व्यवसाय करते हैं।

एलीसब्रीज स्थानकवासी जैन संघ, युवक मंडल, राजस्थानी संघ, राजस्थान सेवा समिति और ओटो फाइनेन्स एसोसियेशन आदि अनेक संस्थाओं के आप प्रमुख सेक्रेट्री आदि पदों से संलग्न हैं। बहुत ही भावनाशील सेवाभावी कार्यकर्त्ता हैं। आपके भ्राता श्री चैनराज जी एवं मृगेष कुमार जी आदि भी फाइनेन्स के व्यवसाय में ही हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट में सहयोग प्रदान किया है।

श्री वृद्धिचन्द जी मेघराज जी, सांडेराव

श्री स्थानकवासी जैन श्रावक संघ सांडेराव एवं वर्धमान महावीर केन्द्र आबू पर्वत के आप प्रमुख कार्यकर्त्ता हैं। महावीर केन्द्र में कार्यालय का आपकी ओर से ही निर्माण हुआ है। आयंबिल ओली का सफल संचालन आप ही करते रहे हैं। श्री मूलचन्द जी, शेषमल जी, उम्मेदमल जी एवं आप चार भाइयों में सबसे बड़े हैं। पूज्य गुरुदेव के अनन्य भक्त हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सहयोगी हैं।

स्व. श्री माणकचन्दजी बाफणा, बड़गाँव

आप महाराष्ट्र के प्रसिद्ध श्रावकों में थे। आचार्य सम्राट् श्री आनन्द ऋषिजी महाराज के प्रति आपकी दृढ़ श्रद्धा थी, तथा धार्मिक परीक्षा बोर्ड के प्रमुख कार्यकर्ता थे। बड़गाँव में छह दीक्षा एक साथ कराने का महान् लाभ आपने लिया था।

आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप प्रमुख सहयोगी थे।

श्रीमती शान्ताबेन कांन्तिलाल जी गाँधी, बम्बई

आप धर्म में दृढ़ श्रद्धा वाली श्राविका हैं। आपके पतिदेव बहुत ही उदार हृदयी एवं सरल स्वभाव के सज्जन थे। बम्बई में कपड़े का व्यवसाय है एवं बहुत-सी संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। श्री वर्धमान महावीर केन्द्र आबू पर्वत के प्रमुख सहयोगी कार्यकर्त्ता हैं। पूज्य गुरुदेव श्री जी के प्रति आप दोनों की अनन्य श्रद्धा भक्ति रही है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के सहयोगी हैं।

स्व. श्री हिम्मतमल जी, प्रेमचन्द जी, सांड़ेराव

आप बहुत ही सरल आत्मा, भावनाशील, उदार हृदयी सुश्रावक थे। सांड़ेराव संघ के आप बहुत ही अच्छे कार्यकर्त्ता थे। श्री वर्धमान महावीर केन्द्र आबू पर्वत के आप ट्रस्टी थे। आपके सुपुत्र श्री देवीचन्द जी, श्री विमलकुमार जी, श्री रमेशकुमार जी भी उसी प्रकार सेवाभावी उदार भावना वाले हैं। सांड़ेराव संघ व आबू पर्वत केन्द्र की प्रवृत्तियों का संचालन करते हैं। पूज्य गुरुदेव के प्रति अनन्य भक्ति है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के सहयोगी बने हैं।

स्व. श्री पृथ्वीराज जी कोचेटा, पीलवा (नागौर)

आप बहुत ही धार्मिक रुचि वाले श्रावक थे। आपके सुपुत्र श्री पारसमल जी, हुक्मीचन्द जी, चांदमल जी ओम जी आदि पिता के आज्ञाकारी सुपुत्र और धार्मिक प्रवृत्ति वाले श्रावक हैं। पाली, इचलकरंजी, माधवनगर, सांगली आदि में आपके व्यापारिक प्रतिष्ठान हैं। पूज्य गुरुदेव श्री कन्हैयालाल जी म. के प्रति आपके सभी परिवार की विशेष भक्ति है। श्री हुक्मीचन्द जी ने इस प्रकाशन में रुचिपूर्वक सहयोग प्रदान किया है।

स्व. श्री कालूसिंह जी कोठारी, मदनगंज

आप श्रमण संघ के प्रति असीम श्रद्धा वाले श्रावक थे। आपके सुपुत्र श्री महावीरचन्द जी आदि भी धर्म में उसी प्रकार श्रद्धा रखते हैं। आप सबकी पूज्य गुरुदेव के प्रति अनन्य श्रद्धा है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सहयोगी सदस्य हैं।

श्री रणजीतसिंह जी जैन, सिरसा (हरियाणा)

आप प्रसिद्ध श्रावक श्री लक्खूरामजी जैन मन्डी कालांवाली (जिला-सिरसा, हरियाणा) के सुपुत्र हैं। स्वामी श्री छगनलाल जी महाराज के आप परम भक्त हैं। तपस्वी श्री रोशन मुनि जी म. के प्रति भी आपकी विशेष भक्ति है। सामाजिक-धार्मिक कार्यों में आप उदारतापूर्वक सहयोग देते हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सदस्य हैं।

स्व. श्री जुहारमल जी लुम्बा जी साकरिया (सांडेराव)

आपका परिवार बहुत ही धर्मनिष्ठ तथा उदारमना है। आपकी भाँति आपकी धर्मपत्नी सौ. पानीबाई भी बहुत ही धर्मशीला, सेवा-परायण सुश्राविका है। आपके सुपुत्र श्री चम्पालाल जी, फुटरमल जी, हस्तीमल जी, सागरमल जी और रमेशचन्द जी सभी भाई धर्मप्रेमी व गुरुदेवश्री के परम भक्त हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट एवं श्री वर्द्धमान महावीर केन्द्र, आबू पर्वत आदि संस्थाओं में आपका सक्रिय सहयोग मिलता रहा है।

स्व. सुभाषचन्द घीसालाल जी कोठारी, हैदराबाद

आपके पूर्वज पीही (मारवाड़) निवासी थे। वर्तमान में आपके परिवार का हैदराबाद में फायनेन्स का व्यवसाय है। आपकी माताजी बिदामबाई ने आपके पूरे परिवार में धार्मिक संस्कारों का सिंचन किया जिससे परिवार की धर्म में दृढ़ श्रद्धा है।

आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सहयोगी हैं।

श्री चम्पालालजी चौरड़िया, मदनगंज

आप मदनगंज श्रावक संघ के प्रमुख कार्यकर्त्ता हैं एवं स्वभाव से गम्भीर और धर्म में श्रद्धा वाले दृढ़ श्रद्धालु श्रावक हैं। आपकी पूज्य गुरुदेव के प्रति अनन्य श्रद्धा है। महावीर कल्याण केन्द्र मदनगंज, ध्यान साधना केन्द्र आबू पर्वत आदि अनेक संस्थाओं के ट्रस्टी हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सहयोगी सदस्य हैं।

स्व. श्री ताराचन्द जी भगवान जी, सांडेराव

आप धार्मिक आराधना उपासना में विशेष प्रबल भावना रखते थे। आपका व्यवसाय क्षेत्र बम्बई है। आप शरीर से अस्वस्थ होते हुए भी सदा प्रसन्नचित रहते थे। युवावस्था में ही आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण कर लिया था। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सहयोगी हैं।

द्रव्यानुयोग प्रकाशन योजना के सम्माननीय सहयोगी सदस्यों के चित्र व परिचय

श्री चन्दनमल जी, मुकुन्दचन्द जी लुंकड़, अहमदाबाद

आप पचपदरा (मारवाड़) के मूल निवासी हैं। बहुत ही धर्म श्रद्धालु एवं उदार भावना वाले श्रावक हैं। आपने पूज्य पिताजी की स्मृति में अपने गाँव में बहुत बड़े स्थानक का भी निर्माण करवाया है। आबु पर्वत पर चैत्री आयंबिल ओली भी आपने करवाई। आपके सुपुत्र श्री पूनमचन्द जी, कांतिलाल जी, महावीरचन्द जी भी भावनाशील हैं। पूज्य गुरुदेव के प्रति विशेष श्रद्धा रखते हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट में सहयोगी बने हैं।

श्रीमती खम्माबाई श्री मूलचन्द जी कोठारी, अहमदाबाद

आप पिपाड़ सिटी (राज.) के निवासी हैं। वहाँ का कोठारी परिवार बहुत ही धर्म श्रद्धालु एवं उदार भावना वाला है। सेठ श्री मूलचन्द जी सा. एवं खम्माबाई दोनों ही बहुत ही सेवाभावी हैं। प्रत्येक कार्य में अग्रसर रहते हैं। उपाध्याय श्री पुष्कर मुनि जी म. सा. के प्रति विशेष श्रद्धा भक्ति थी। वर्तमान आचार्य श्री देवेन्द्र मुनि जी म. सा. के भी परम भक्त हैं। अनुयोग ट्रस्ट में सहयोग प्रदान किया है।

श्री नरेन्द्रकुमार जी छाजेड़, उदयपुर

आप स्वामी जी श्री छगनलाल जी म. के परम भक्त शाहपुरा (राज.) के प्रसिद्ध न्यायाधीश समाज के कर्णधार श्री सरदारमल जी सा. छाजेड़ के सुपौत्र एवं श्री मानमल जी सा. छाजेड़ के सुपुत्र हैं। बहुत ही भावनाशील श्रावक हैं। श्रुति सिन्थेटिक्स लिमिटेड के प्रबन्ध निर्देशक एवं भंवाल सिंथेटिक्स के चेयरमैन हैं।

आपकी आचार्य श्री देवेन्द्र मुनि जी म., उपाध्याय श्री कन्हैयालाल जी म. 'कमल', प्रवर्त्तक श्री महेन्द्र मुनि जी म. के प्रति विशेष श्रद्धा-भक्ति है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सहयोगी हैं।

श्रीमान केवलचंद जी ब्रह्मेचा

शान्त एवं सरल स्वभाव वाले उदारमना श्री जुगराजजी, खींवराजजी, केवलचन्दजी ब्रह्मेचा इन तीनों भाईयों का मद्रास जैन समाज में विशिष्ट स्थान है। आप राजस्थान में अटपड़ा ग्राम के निवासी श्रीमान् धनराजजी ब्रह्मेचा एवं इच्छाबाई के सुपुत्र हैं।

आपका मद्रास में "श्री जैन जरी स्टोर" श्री जैन क्लॉथ सेन्टर नामक प्रसिद्ध व्यापार है।

श्रीमान् केवलचन्दजी सा. अपने नियम, पच्चखान में अडिग हैं, नियमित सामायिक करना, २० वर्षों से एकाशन व चौविहार करते हैं। आपकी प्रेरणा से धनराज, जुगराज ब्रह्मेचा चेरिटेबल ट्रस्ट, जुगराज, खींवराज, केवलचंद ब्रह्मेचा ट्रस्ट, के. बी. जैन ट्रस्ट चलते हैं।

आप तीनों भाईयों को "त्रिमूर्ति" नाम से जाना जाता है। पूरा परिवार धर्म श्रद्धालु है, ट्रस्ट में विशेष सहयोग दिया है।

श्रीमान अमरचंद जी मेहता, बैंगलोर

आपके पूज्य पिताश्री अमोलकचंद जी सा. मेहता मूलतः रायपुर (मारवाड़) के निवासी थे। श्री अमोलकचंद जी सा. वहाँ पर प्रतिष्ठित कामदार थे। आज भी वहाँ पर कामदारों का ठिकाना प्रसिद्ध है। उनके सुपुत्र श्रीमान् अमरचंदजी सा. अभी बैंगलोर में रहते हैं। बहुत बड़ा व्यवसाय है। सभी परिवार बहुत ही धर्म श्रद्धालु है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के सहयोगी हैं।

स्व. शा. कस्तूरचन्दजी प्रतापजी साकरिया, सांडेराव

आप सांडेराव (बांकलीवास) निवासी प्रतापजी कपूर जी के सुपुत्र थे ! स्व. तपस्वी स्वामी श्री वक्तावरमल जी म. के अनन्य भक्तों में से एक थे। आपके सुपुत्र शांतिलाल जी, कांतिलाल जी, मदनलाल जी, विमलचन्द जी, सुरेश कुमार जी, जगदीश जी भी धर्म में दृढ़ श्रद्धाभाव रखते हैं। सन् ८५ में गुरुदेव के चातुर्मास में आपके घर से ही पाँच मास खमण हुए। आप आगम अनुयोग ट्रस्ट के सक्रिय सहयोगी रहे हैं।

श्री जब्बरसिंहजी बरड़िया, रूपनगढ़

आप रूपनगढ़ के स्वर्गीय श्रावक श्री रामसिंह जी साहब के सुपुत्र हैं। संघ के अच्छे कार्यकर्ता हैं। आपकी पूज्य गुरुदेव के प्रति अनन्य श्रद्धा है। आपका सभी परिवार धर्म एवं समाज सेवा में भाग लेता रहता है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सहयोगी हैं।

श्री लालचन्द जी श्रीश्रीमाल, ब्यावर (राज.)

आप आचार्य जयमल श्रावक संघ के प्रमुख कार्यकर्त्ता हैं। बहुत ही उदार हृदयी धर्म श्रद्धालु श्रावक हैं। आपकी आचार्यकल्प श्री शुभचन्द जी म. सा. के प्रति विशेष श्रद्धा-भक्ति है। ब्यावर में हमीरमल दलीचन्द श्रीश्रीमाल व मद्रास में माणकचन्द कंवरलाल श्रीश्रीमाल के नाम से प्रसिद्ध फर्म हैं।

स्व. श्रीमान् धींगड़मल जी कानूंगा, (गढ़ सिवाना) अहमदाबाद

आप दानवीर धर्मनिष्ठ सुश्रावक थे। आपकी धर्मपत्नी पानीबाई भी धर्मशीला श्राविका थी। धार्मिक कार्यों में लक्ष्मी का सदुपयोग करते ही रहते थे। आपके सुपुत्र राजमल जी आदि पूरा परिवार बहुत धर्म भावना वाला है। आचार्य श्री देवेन्द्र मुनि जी म. के प्रति विशेष श्रद्धा भक्ति है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के सक्रिय सहयोगी बने हैं।



श्री लादुसिंह जी गांग (एडवोकेट), शाहपुरा

आप बहुत ही उदार विचारों के हैं। शाहपुरा संघ के कर्मठ समाजसेवी श्रावक हैं।

पूज्य गुरुदेव श्री प्रतापमल जी म. की स्मृति में वर्धमान महावीर केन्द्र, आबू पर्वत पर स्थापित होम्योपैथिक औषधालय, वेणी-मोहन चिकित्सालय की स्थापना में भी आपका प्रमुख योगदान रहा है।

आपकी पूज्य गुरुदेव के प्रति अनन्य श्रद्धा-भक्ति है। आपके सुपुत्र ज्ञानचन्द जी आदि भी धार्मिक भावना वाले हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सहयोगी सदस्य हैं।

स्व. श्री हरखचन्द जी सा. मेड़तवाल, केकड़ी (राज.)

आप केकड़ी के उदार हृदयी, धर्म श्रद्धालु श्रावक थे। बहुत ही सरल हृदयी थे। आपके सुपुत्र श्री रिखबचन्द जी आदि सभी पूज्य गुरुदेव के प्रति विशेष श्रद्धा-भक्ति रखते हैं। ब्यावर में भी कल्याणमल हरखचन्द के नाम से प्रसिद्ध फर्म है। आप ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य हैं।

स्व. श्री राजेन्द्रकुमार जी जैन, बम्बई

आप मूलतः हरियाणा के निवासी थे। फिर दिल्ली आकर बसे। वहाँ पर आपके परिवार की सोरा कोठी नाम से बहुत बड़ी जगह थी जिसमें स्थानक भी बनवाया हुआ है फिर बम्बई आकर फिल्म व्यवसाय किया, परन्तु विकृतियों के कारण वह कार्य छोड़कर विज्ञापन कम्पनी की स्थापना की। जो आज 'आरेज' के नाम से प्रसिद्ध है। श्री राजेन्द्रकुमार जी का ६२ वर्ष की उम्र में ही २० जून १९९२ को स्वर्गवास हो गया।

आपकी माताजी धर्मानुरागिनी सुश्राविका उदार भावनाशील श्रीमती मायादेवी जैन ने अपने होनहार सुपुत्र की स्मृति में ट्रस्ट को योगदान दिया।

श्री गौतमचन्द जी मुणोत, सूरसागर, (जोधपुर)

आप बहुत ही भावनाशील हैं। श्री लालचंद जी सा. मुणोत के सुपुत्र हैं। श्री भंवरलाल जी सा. प्रताप नगर वालों के छोटे भ्राता हैं। सूरसागर संघ के अध्यक्ष हैं। उपाध्याय श्री जी का लेखन कार्य हेतु १६ माह वहाँ विराजना हुआ उस समय आपने सेवा का बहुत लाभ लिया। अनुयोग समापन समारोह, जिसमें सभी सम्प्रदायों के साधु साध्वी पधारे व ७-८ हजार जनता की उपस्थिति थी उनकी गौतम प्रसादी (स्वधर्मि वात्सल्य) का लाभ आपके परिवार ने लिया। पूरे परिवार की पूज्य गुरुदेव के प्रति विशेष श्रद्धा भक्ति है। आगम अनुयोग ट्रस्ट में सहयोग प्रदान किया है।

स्व. श्री हरीश सी. जैन, बम्बई

आपका जन्म पंजाब में हुआ तथा बम्बई आकर आपने विज्ञापन व्यवसाय प्रारम्भ किया। कठिन परिश्रम तथा गहरी सूझ-बूझ, मृदु व्यवहार के कारण आप प्रगति के शिखर पर चढ़ते गये। आज शिखर पर चढ़ते गये। आज आपका संस्थान जैसन्स (इण्डिया लि.) सम्पूर्ण विश्व के विज्ञापन व्यवसाय में प्रमुख स्थान रखता है। आप सामाजिक सेवा कार्यों में विशेष रुचि रखते थे। साधु-संतों के प्रति आपकी गहरी श्रद्धा-भावना थी। पंजाब जैन भ्रातृ सभा, खार के आप अध्यक्ष रहे तथा अनेक संस्थाओं से सम्बद्ध थे।

आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सहयोगी बने।

स्व. श्री लूमचन्द जी सांड, जोधपुर

आपके व्यापारिक प्रतिष्ठान "लूमचन्द तिलोकचन्द", कटला बाजार, जोधपुर का केश तेल, सुगन्ध, इत्र, सेंट इत्यादि का होलसेल व्यापार में अग्रणी स्थान है। आप बहुत ही धार्मिक प्रवृत्ति के सरल स्वभावी उदार हृदय श्रावक थे। आप स्व. पूज्य स्वामी जी श्री हजारीमल जी म. सा. एवं युवाचार्य पूज्य श्री मिश्रीमल जी म. सा. 'मधुकर' के अनन्य भक्त थे। आपके तीन सुपुत्र सर्वश्री गौतमचन्द जी, बनेचन्द जी धनराज जी सांड अपने पैतृक व्यवसाय में संलग्न हैं। आप आगम अनुयोग ट्रस्ट के सहयोगी हैं।

स्व. श्री मुन्नीलाल जी गुलेछा, जोधपुर

आप बहुत ही धर्म श्रद्धालु उदार हृदयी त्यागी पुरुष थे। छोटी उम्र से ही रात्रि-भोजन आदि अनेक प्रकार के प्रत्याख्यान कर लिये। आपकी ज्ञान में विशेष रुचि थी। आप अनेक वर्षों तक श्री व. स्था. जैन श्रावक संघ, जोधपुर के अध्यक्ष रहे। आपकी धर्मपत्नी श्रीमती फूलकंवर व चारों सुपुत्र व दो सुपुत्रियाँ भी बहुत धर्म श्रद्धालु हैं।

स्व. श्री पृथ्वीराज जी बम्ब, पीह

आप बहुत ही धार्मिक श्रद्धा वाले सुश्रावक थे। पूज्य गुरुदेव ने और आपने बचपन में साथ-साथ अध्ययन किया।

आपके सुपुत्र श्री तेजराज जी व शान्तिलाल जी एवं सुपुत्रियाँ व दामाद श्री पूनमचंद जी डुगड़ (करकेड़ी), श्री सुरेशकुमार जी लुणावत, तिलोरा वाले भी पूज्य गुरुदेव के प्रति अनन्य श्रद्धा-भक्ति रखते हैं व धर्म-श्रद्धालु हैं। श्री शान्तिलाल जी ने पूज्य पिताजी की स्मृति में आगम अनुयोग ट्रस्ट को विशेष योगदान दिया है।

स्व. श्री दौलतराज जी पारख, जोधपुर

आप बहुत उदार दानवीर सुश्रावक थे। स्व. युवाचार्य श्री मधुकर जी महाराज के अनन्य भक्त थे। आपका अगरचंद फतेहचन्द नाम से जोधपुर में कपड़े का व्यवसाय है। आप व्यापारिक क्षेत्र में भी अग्रणीय थे व सामाजिक-धार्मिक क्षेत्र में भी आपका विषेष योगदान रहा है। वर्तमान में आपके भाई छोटमल जी एवं सुपुत्र मोहनलाल जी आदि भी समाज के अग्रणी कार्यकर्त्ता हैं। आपकी स्मृति में महावीर भवन में बहुत बड़े हॉल के निर्माण में भी विशेष योगदान दिया गया।

श्रीमती पारसदेवी मोहनलाल जी पारख, हैदराबाद

श्री मोहनलाल जी सा. मूलतः लाम्बिया (मारवाड़) निवासी हैं। आप बहुत ही उदार हृदय के धर्मप्रेमी सज्जन हैं। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सदा सहयोग प्रदान करते रहते हैं। हैदराबाद में आपका फाइनेन्स का व्यवसाय है। साधु-सन्तों के प्रति विशेष भक्ति-भाव है।

श्रीमती पारसदेवी भी बहुत सरलमना, सेवाभावी और धार्मिक कार्यों में तन-मन-धन से सहयोग करती रहती हैं।

आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सहयोगी हैं।

श्रीमती गैहरीलाल जी कोठारी, बम्बई

श्रीमान गैहरीलाल जी सा. कोठारी मेवाड़ संघ शिरोमणि स्व. प्रवर्त्तक श्री अम्बालाल जी म. के प्रति विशेष भक्ति-भाव रखने वाले धर्मप्रेमी उदार हृदय सज्जन हैं। आप समाज के सभी कार्यों में तन-मन-धन से आगे रहकर सेवा करते थे। बड़े ही हँसमुख, सरल स्वभावी और दानी सज्जन थे। आप मूलतः सेमा (मेवाड़) निवासी हैं। वर्तमान में 'कोठारी ज्वैलर्स' नाम से सायन (बम्बई) में आपका व्यवसाय है। आप ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य हैं।

स्व. श्रीमती हंजाबाई प्रेमचन्द जी साकरिया, बम्बई

आपका जीवन बहुत ही धर्ममय/त्यागमय था। आपके सुपुत्र श्री साकलचन्द जी, डॉ. घीसुलाल जी आदि सभी परिवार की पूज्य गुरुदेव के प्रति गहरी श्रद्धा एवं भक्ति है। साकरिया ब्रादर्स नाम से सायन (बम्बई) में आपके परिवार का मेडिकल व्यवसाय है। आगम अनुयोग ट्रस्ट को आपका सक्रिय सहयोग मिला है।

स्व. श्रीमती शिमलारानी जैन, दिल्ली

कपूरथला निवासी श्री जितेन्द्रनाथ जैन की धर्मपत्नी श्रीमती शिमलारानी बहुत ही धार्मिक भावना वाली श्रद्धालु श्राविका थीं। श्री जितेन्द्रनाथ जी अच्छे श्रद्धालु श्रावक हैं। आपके श्री महेन्द्र जैन, रवीन्द्र जैन आदि तीन सुपुत्र तथा दो पुत्रियाँ हैं। परिवार का दिल्ली एवं बम्बई में मेटल व्यवसाय है। पूज्य महासती श्री मुक्तिप्रभा जी म. की प्रेरणा से आप ने ट्रस्ट की सदस्यता ग्रहण कर आगम प्रकाशन में सहयोगी बने हैं।

श्रीमान लक्ष्मीचन्दजी तालेड़ा, जयपुर

आप ब्यावर के प्रसिद्ध श्रावक श्री स्वरूपचन्द जी तालेड़ा के सुपुत्र हैं। आप अनेक धार्मिक तथा सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय सहयोग करते रहते हैं। साधु संतों की सेवा भी तन-मन-धन से करते रहते हैं।

स्वर्गीय जैन दिवाकर श्री चौथमल जी महाराज के प्रति आपके परिवार की अनन्य आस्था रही है। वर्तमान में आपका जयपुर में "ओसवाल केबल्स (प्रा. लि.), जयपुर" के नाम से औद्योगिक प्रतिष्ठान है।

स्व. श्री मांगीलाल जी सा. चौरड़िया, मदनगंज

आपकी धर्म के प्रति विशेष श्रद्धा थी। आप ९० वर्ष की उम्र में भी सभी कार्य अपने हाथ से करते थे। आपके सुपुत्र श्री नेमीचन्दजी व गुमानमलजी भी बहुत ही उत्साही, समाजसेवी कार्यकर्त्ता हैं। श्री नेमीचन्द जी महावीर कल्याण केन्द्र, मदनगंज के ट्रस्टी हैं आपने उनकी स्मृति में ३१,०००/- रु. का योगदान दिया है। व आपकी धर्मपत्नी ने मास खमण तप भी किया है। आपकी पूज्य गुरुदेव के प्रति विशेष श्रद्धा-भक्ति है। श्री चम्पालाल जी, उत्तमचन्द जी आदि पूरे परिवार का ही ट्रस्ट में योगदान रहा है।

स्व. श्री प्रेमचन्द जी पोमा जी, साकरिया (सांडेराव)

आप सांडेराव के प्रमुख श्रावक श्री पोमा जी दलीचन्द जी के सुपुत्र थे। श्री पोमा जी तपस्वी गुरुदेव श्री वख्तावरमल जी म. के अनन्य भक्त थे। आपका भी जीवन बहुत धर्ममय सादगीपूर्ण था। आप सरल हृदय के श्रद्धाशील श्रावक थे। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सहयोगी थे।

एक बहुआयामी प्रतिभा
स्व. श्री ताराचन्दजी सा. कक्कड़, सरवाड़, जिला अजमेर (राज.)

प्रियधर्मी सरलमना स्व. श्री शार्दूलसिंह जी सा. कक्कड़ के सुपुत्र स्व. श्री "कक्कड़ सा." दृढ़धर्मी श्रद्धालु सुश्रावक थे। अपनी कुशाग्र बुद्धि, स्वाभिमानता एवं दूरदर्शिता में अनेक वर्षों तक श्रावक संघ के मंत्री के रूप में सामाजिक धार्मिक सेवा के साथ नगरपालिका का वाइस चेयरमेन का पद सुशोभित कर राजनैतिक क्षेत्र में कदम रखकर नगर की सेवा की। साधु-संतों के प्रति भी आपकी अगाध श्रद्धा भक्ति थी। जीवदया के कार्यों यथा अमरबकराशाला कबूतर भवन आदि में आपकी विशेष रुचि थी। आपकी धर्मपत्नी श्रीमती चन्द्रप्रभा बहन एवं सुपुत्र भंवरलाल जी ज्ञानचंदजी उत्तमचंदजी सुरेन्द्रकुमारजी नरेन्द्रकुमारजी वीरेन्द्रकुमारजी आदि पूरा परिवार उपाध्याय प्रवर के प्रति अनन्य श्रद्धा भक्ति रखता है एवं समाजसेवा तथा धार्मिक प्रवृत्ति में अग्रणी है। स्व. श्री कक्कड़ सा. गुरुदेव श्री के तरुण अवस्था के साथी थे। आप ट्रस्ट के सक्रिय सहयोगी बने।

श्री बाबूलाल जी कटारिया, सारण (मारवाड़)

आप श्री केवलचन्द जी कटारिया के सुपुत्र हैं। हैदराबाद में आपका इलैक्ट्रिक सामान का व्यवसाय है। आपके दो सुपुत्र तथा एक सुपुत्री है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सक्रिय सहयोगी हैं।

श्री धनराज जी डांगी, फतेहगढ़-सरवाड़ (अजमेर)

आप स्थानीय संघ के प्रमुख कार्यकर्त्ता हैं। धर्म के प्रति गहरी श्रद्धा-भावना रखते हैं। पूज्य गुरुदेवश्री के प्रति आपकी अनन्य आस्था है। मद्रास, अहमदाबाद, ब्यावर, दिल्ली आदि में आपके व्यापारिक प्रतिष्ठान हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सहयोगी हैं।

श्री सज्जनराज जी जैन, सिकन्दराबाद

आप मूल बगड़ी (राज.) निवासी हैं। श्री मिश्रीलाल जी कटारिया के सुपुत्र हैं। वर्तमान में सिकन्दराबाद में बहुत अच्छा व्यवसाय है। सिकन्दराबाद संघ के उदारमना, सेवाभावी, कार्यकर्त्ता तथा अनेक संस्थाओं के अधिकारी पद पर कार्यरत हैं। स्व. पूज्य गुरुदेव श्री मरुधर केसरी जी म. के परम श्रद्धालु भक्त हैं। आपकी धर्मपत्नी शारदा देवी व सुपुत्र महेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र कुमार, राजेन्द्र कुमार भी धर्म भावना वाले हैं।

श्री विजयराज जी गादिया, रिड़

आप मूलतः कुड़की निवासी हैं। धर्मप्रेमी सुश्रावक श्री गोपीचंद जी सा. एवं श्रीमती एंजनकंवर बाई के दत्तक पुत्र हैं। आपकी धर्मपत्नी श्रीमती जतनकंवर जी भी बहुत भावनाशील हैं। श्री गादिया सा. पूज्य गुरुदेव के अनन्य भक्त हैं। बहुत ही उदार भावना वाले हैं। वर्तमान में कुड़की ही रहते हैं व किशनगढ़ में आपका मार्बल का व्यवसाय है। आपके सुपुत्र पद्मचंद जी आदि की भी धर्म में रुचि है। आप ट्रस्ट के सम्माननीय सदस्य हैं।

श्री मदनलाल जी जैन, भटिंडा (पंजाब)

आप सुप्रसिद्ध श्रद्धालु सेठ श्री रामलाल जी जैन (अम्बाला सिटी) के सुपुत्र हैं। उत्तर भारत के कोटन एवं टेक्सटाइल्स व्यवसाय में आपका प्रमुख स्थान है। लुधियाना, भटिंडा, अम्बाला, डब्बावाली आदि क्षेत्रों में आपके व्यापारिक प्रतिष्ठान हैं।

देव-गुरु-धर्म के प्रति आपकी गहरी आस्था है। भटिंडा स्थानकवासी संघ के आप अध्यक्ष हैं तथा अनेक सामाजिक संस्थाओं से सम्बद्ध हैं।

श्री सुमन मुनि जी म. की प्रेरणा से आप ट्रस्ट के सहयोगी सदस्य बने।

श्री शिवराज जी बम्ब, पीह (मारवाड़)

आप बहुत धर्म श्रद्धालु, उदार हृदयी श्रावक हैं। प्रतिदिन सामायिक आदि धार्मिक क्रियाएँ करते हैं। आपकी धर्मपत्नी जी भी स्वाध्याय आदि में विशेष रुचि रखती हैं। आपके सुपुत्र उत्तमचन्द जी आदि सभी धर्मप्रेमी हैं। आपके भाई भींवराज जी आदि का हैदराबाद में व्यवसाय है तथा वहाँ पर स्थानक भी बनवाया है। आगम अनुयोग ट्रस्ट के आप सहयोगी हैं।

आगम अनुयोग के सम्पादन/संकलन एवं मुद्रण में समर्पित सहयोगी

सम्पादक मण्डल

अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान
मूर्धन्य मनीषी श्री दलसुख भाई मालवणिया
(अहमदाबाद)

विश्रुत विद्वान साहित्य मनीषी
डॉ. सागरमल जी जैन
(वाराणसी)

जैन दर्शन के गहन अभ्यासी
विद्वान श्री देवकुमार जी जैन

सुप्रसिद्ध सम्पादक मुद्रण कला विशेषज्ञ
श्रीचन्द सुराना 'सरस'

गहन अध्येता अनुसंधाता विद्वान
डॉ. धर्मचन्द्र जी जैन (जोधपुर)

समाजसेवी, धर्मशील कर्मनिष्ठ-
जीवन के प्रतीक श्री जयन्ती भाई
चन्दुलाल जी संघवी (पीपलीवाला)
मंत्री-अनुयोग ट्रस्ट, अहमदाबाद

अनुयोग ट्रस्ट के सहमंत्री
समर्पित सेवाभावी
डॉ. सोहनलाल जी संचेती (जोधपुर)

आगम अनुयोग कार्य के टाइपिंग आदि कार्य में
सेवाभावी सहयोगी श्री सुनीलकुमार,
श्री राजेन्द्रकुमार मेहता (शाहपुरा)

उपाध्यायश्री की सेवा में समर्पित श्री शिवजी रामजी शर्मा
एवं उनके सुपुत्र टाइप आदि व्यवस्था सँभालने वाले
श्री माँगीलाल जी शर्मा (कुरडायाँ)

* आभार दर्शन *

श्री स्थानकवासी जैन संघ, नारायणपुरा, अहमदाबाद

नारायणपुरा का श्री स्थानकवासी जैन संघ, अहमदाबाद में बहुत ही सेवाभावी संघ है। साधु साध्वियों की सेवा बहुत ही तन्मयता के साथ की जाती है। मानव-कल्याण की अनेक प्रवृत्तियाँ चलती हैं। आगम अनुयोग ट्रस्ट के कार्यालय की व्यवस्था, पुस्तकों के रखने की व्यवस्था आदि में बहुत बड़ा योगदान प्राप्त हुआ है। भविष्य में भी इसी प्रकार का सहयोग मिलता रहेगा। ऐसी अभिलाषा है।

श्री मोहनलाल जी सांड, जोधपुर

आप बहुत ही उदार भावना वाले सेवाभावी कार्यकर्त्ता हैं। स्पष्टवादी हैं। प्रभावशाली हैं। आपने इस अनुयोग के विशाल कार्य को पूर्ण कराने में बहुत बड़ा योगदान दिया है तथा दूसरों से भी दिलवाया है। अनुयोग समापन समारोह आपके ही प्रयत्नों से सफल हुआ है। आपने फोटो प्रदान नहीं किया है। पूज्य मरुधर केसरी जी म. सा. के परम भक्त रहे हैं।

प्रस्तावना

--डॉ. धर्मचन्द जैन

चार अनुयोग

उपाध्यायप्रवर पं. रत्न मुनि श्री कन्हैयालाल जी महाराज 'कमल' ने ईसवीय बीसवीं शती के अन्तिम चरण में आगम अनुयोग के सम्पादन एवं प्रकाशन की दिशा में स्थायी महत्त्व का ऐतिहासिक कार्य किया है। उनका यह कार्य अनुयोग-विभाजन के प्रथम प्रवर्तक आचार्य आर्यरक्षित की भी स्मृति दिलाता है।

आर्यरक्षित के पूर्ववर्ती आचार्य आर्यवज्र के समय तक अनुयोगों का पृथक्करण नहीं हुआ था। उस समय एक सूत्र की व्याख्या रूप एक अनुयोग प्रयुक्त किए जाने पर भी प्रत्येक सूत्र में चरणानुयोग आदि चारों अनुयोगों का अर्थ कहा जाता था। यह तथ्य स्वयं भद्रबाहु ने आवश्यकसूत्र की निर्युक्ति में स्पष्ट किया है।[1] जिनभद्रगणि ने विशेषावश्यकभाष्य में तथा मलधारी हेमचन्द्र ने उसकी वृत्ति में इस तथ्य को पुष्ट किया है।[2] आर्यरक्षित ने आचार्य आर्यवज्र से ही सूत्र के अर्थ का अध्ययन करके अनुयोगों का पृथक्करण किया था। आर्यरक्षित के शिष्य थे--दुर्बलिकापुष्यमित्र। आर्यरक्षित ने जब दुर्बलिकापुष्यमित्र को श्रुत एवं अर्थ का ज्ञान कराते समय कठिनाई का अनुभव किया तथा भावी पुरुषों को मति, मेधा एवं धारणा की दृष्टि से हीन समझा तो उन्होंने अनुयोगों एवं नयों का पृथक्करण कर दिया।

आचार्य आर्यरक्षित ने जिन चार अनुयोगों में श्रुत का विभाजन किया उन चार अनुयोगों का कथन आचार्य भद्रबाहु ने इस प्रकार किया है--

"कालियसुयं च इसिभासियाइं तइओ य सूरपन्नत्ती।
सव्वो य दिट्ठिवाओ चउत्थओ होइ अणुओगो॥"[3]

अर्थात् अनुयोग चार प्रकार का है--(१) कालिकश्रुत, (२) ऋषिभाषित, (३) सूर्यप्रज्ञप्ति और (४) समस्त दृष्टिवाद। आचारांग आदि ग्यारह अंगसूत्रों का अध्ययन काल-ग्रहण आदि विधि से किया जाता है इसलिए इन्हें कालिक कहा जाता है। कालिकसूत्रों को चरणकरणानुयोग भी कहा गया, क्योंकि इनमें धर्मकथा आदि अन्य अनुयोगों के होते हुए भी प्राधान्य चरणकरणानुयोग का है। ऋषिभाषित एवं उत्तराध्ययनसूत्र में नमि-कपिल आदि महर्षियों के धर्माख्यानकों का कथन होने से ये धर्मकथानुयोग कहे गए। सूर्यप्रज्ञप्ति में चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र आदि की विचरण-गति का प्रतिपादन मुख्य है इसलिए यह गणितानुयोग है। दृष्टिवाद नामक बारहवें अंगसूत्र में चालना = प्रत्यवस्थान आदि के द्वारा जीव आदि द्रव्यों का ही प्रतिपादन किया जाता है, इसलिए वह द्रव्यानुयोग है। आचार्य भद्रबाहु ने महाकल्पसूत्र एवं शेष छेदसूत्रों का समावेश चरणकरणानुयोग में किया है, क्योंकि ये भी कालिकसूत्र हैं।[4] इस प्रकार भद्रबाहु ने आर्यरक्षित के अनुसार चार अनुयोगों का निम्नांकित विभाजन प्रस्तुत किया है--

(१) **चरणकरणानुयोग**--कालिकश्रुत (ग्यारह अंगसूत्र, महाकल्पसूत्र एवं शेष छेदसूत्र)

(२) **धर्मकथानुयोग**[5]--ऋषिभाषित (उत्तराध्ययनसूत्र भी)

(३) **गणितानुयोग**--सूर्यप्रज्ञप्ति

(४) **द्रव्यानुयोग**--दृष्टिवाद

चार अनुयोगों के इन नामों का विशेषावश्यकभाष्य के रचयिता जिनभद्रगणि ने स्पष्ट रूप से निम्नांकित गाथा में उल्लेख किया है--

"भण्णंतऽणुओगा चरण-धम्म-संखाण-दव्वाणं।"[6]

अर्थात् चरणानुयोग, धर्मकथानुयोग, संख्यानानुयोग (गणितानुयोग) और द्रव्यानुयोग ये चार अनुयोग कहे गए हैं। श्वेताम्बर जैन परम्परा

---

१. जावं ति अज्जवइरा अपुहत्तं कालियाणुओगस्स। तेणारेण पुहत्तं कालियसुय दिट्ठिवाए य॥
अपुहत्तेऽणुओगो चत्तारि दुवारभासई एगो। पुहुत्ताणुओगकरणे ते अत्थ तओ उ वुच्छिन्ना॥
--आवश्यकनिर्युक्ति ७६३ एवं ७७३ (हर्षपुष्पामृत ग्रन्थमाला)

२. द्रष्टव्य, विशेषावश्यकभाष्य, भाग २, दिव्यदर्शन ट्रस्ट, बम्बई, गाथा २२८५ एवं २२८७ एवं इनकी वृत्ति

३. विशेषावश्यकभाष्य, भाग २ में गाथा २२९४ के रूप में प्राप्त

४. जं च महाकप्प सुयं जाणि अ सेसाणि छेअसुत्ताणि। चरणकरणाणुओगो त्ति कालियत्थे उवगयाणि॥
--विशेषावश्यकभाष्य, भाग २ में गाथा २२९५ के रूप में प्राप्त

५. धर्मकथानुयोग आदि नामों का उल्लेख मलधारी हेमचन्द्र ने विशेषावश्यकभाष्य पर अपनी वृत्ति में किया है। द्रष्टव्य, विशेषावश्यकभाष्य, भाग २, गाथा २२९४-२२९५ की वृत्ति

६. विशेषावश्यकभाष्य, गाथा २२८१

में अनुयोगों का यही क्रम मान्य है। दिगम्बर परम्परा में अनुयोगों के नाम भिन्न हैं तथा उनके नाम द्रव्यसंग्रह टीका एवं पंचास्तिकाय की तात्पर्यवृत्ति के अनुसार इस प्रकार हैं–(१) प्रथमानुयोग, (२) चरणानुयोग, (३) करणानुयोग और (४) द्रव्यानुयोग। प्रथमानुयोग में तिरेसठ शलाका पुरुषों के चरित्र का वर्णन होता है। अर्थात् यह एक प्रकार से श्वेताम्बर परम्परा में मान्य धर्मकथानुयोग की श्रेणी में आता है। चरणानुयोग में उपासकाध्ययन आदि के श्रावकधर्म, तथा आचाराराधन आदि के यतिधर्म को मुख्य रूप से सम्मिलित किया गया है। करणानुयोग में त्रिलोकसार आदि के गणितीय विषय का समावेश होता है। श्वेताम्बर परम्परा में इसे गणितानुयोग कहा गया है। द्रव्यानुयोग में जीवादि षड्द्रव्यों के वर्णन की प्रधानता होती है तथा जीवादि के शुद्धाशुद्ध रूप का विचार किया जाता है। इस प्रकार विषय-वस्तु एवं नामों की दृष्टि से दिगम्बर एवं श्वेताम्बर परम्परा में कोई विशेष अन्तर नहीं है। क्रम में अन्तर अवश्य है। दिगम्बर परम्परा में प्रथमानुयोग किंवा धर्मकथानुयोग को चरणानुयोग के पूर्व रखा गया है तथा श्वेताम्बर परम्परा में धर्मकथानुयोग के पूर्व चरणकरणानुयोग को स्थान दिया गया है।

अनुयोगों के उपर्युक्त विभाजन में एक विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि भद्रबाहु (चौथी शती ई. पू.) ने जहाँ अंगसूत्रादि आगमों को चार अनुयोगों में विभक्त करने का निर्देश किया है वहाँ बृहद्द्रव्यसंग्रह के टीकाकार ब्रह्मदेव (१६वीं शती) ने सूत्रों की विषय-वस्तु को अनुयोग-विभाजन में अलग से भी महत्त्व दिया है। जैसे श्रावकधर्म एवं यतिधर्म का वर्णन करने वाले सूत्रों को उन्होंने चरणानुयोग में सम्मिलित किया है, वैसे ही भद्रबाहु ने कालिकसूत्रों को चरणकरणानुयोग में रखा है। प्रथमानुयोग अथवा धर्मकथानुयोग में दिगम्बर परम्परा में तिरेसठ शलाका पुरुषों का वर्णन करने वाले पुराणों को स्थान दिया गया है वहाँ श्वेताम्बर परम्परा में ऋषिभाषित, उत्तराध्ययनसूत्र जैसे आगमों को धर्मकथानुयोग कहा है। श्वेताम्बर परम्परा में चरणानुयोग को चरणकरणानुयोग कहा है एवं गणितानुयोग की अलग से गणना की गयी है, जबकि दिगम्बर परम्परा में करणानुयोग के अन्तर्गत गणितानुयोग का समावेश होता है।

उपाध्यायप्रवर श्री कन्हैयालाल जी महाराज 'कमल' ने युग की माँग को ध्यान में रखते हुए लगभग ५० वर्षों के अथक परिश्रम से श्वेताम्बर स्थानकवासी परम्परा को मान्य ३२ आगमों के आधार पर चार अनुयोगों को प्रस्तुत किया है। चार अनुयोगों में से चरणानुयोग, धर्मकथानुयोग एवं गणितानुयोग का प्रकाशन पहले ही हो चुका है। द्रव्यानुयोग का प्रकाशन इस तृतीय भाग के साथ पूर्णता को प्राप्त हो रहा है।

आचार्य आर्यरक्षित के द्वारा किए गए अनुयोग-विभाजन के कार्य को उपाध्याय श्री कन्हैयालाल जी महाराज ने आगे बढ़ाया है। आर्यरक्षित ने जहाँ अनुयोगों का स्थूल विभाजन करके विभिन्न आगमों को विषय-वस्तु के प्राधान्य से अलग-अलग अनुयोगों में वर्गीकृत किया था वहाँ उपाध्याय श्री कन्हैयालाल जी महाराज ने आगमों की आन्तरिक विषय-वस्तु को विभिन्न अनुयोगों में वर्गीकृत कर तत्सम्बद्ध अनुयोगों में व्यवस्थित कर दिया है। इस कार्य में उपाध्यायप्रवर को कठोर श्रम करना पड़ा है। कौन-सी विषय-वस्तु किस अनुयोग में जाएगी, यह निर्धारित करना भी कोई सरल कार्य नहीं है। धर्मकथानुयोग की विषय-वस्तु चरणानुयोग एवं द्रव्यानुयोग से भी सम्बद्ध हो सकती है। फिर भी स्वविवेक के आधार पर उपाध्यायप्रवर ने आगमों की आन्तरिक विषय-वस्तु का जो चार अनुयोगों में विभाजन किया है वह जिज्ञासु पाठकों के लिए अत्यन्त उपयोगी है। अनेक शोधार्थियों को इससे महती सुविधा का अनुभव होगा। इस विभाजन से पाठकों को एक तत्त्व या विषय पर सम्पूर्ण आगम में वर्णित तथ्यों को जानने में सुविधा होगी।

आर्यरक्षित एवं उपाध्यायप्रवर के अनुयोग-विभाजन में एक स्थूल भेद यह है कि आर्यरक्षित ने जहाँ श्वेताम्बरों को मान्य समस्त आगमों (विशेषतः अंगसूत्र, उपांगसूत्र, छेदसूत्र एवं मूलसूत्र) का चार अनुयोगों में विभाजन किया है वहाँ उपाध्याय श्री कन्हैयालाल जी महाराज ने श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन परम्परा को मान्य ३२ आगमों की विषय-वस्तु का ही चार अनुयोगों में विभाजन एवं व्यवस्थापन किया है। जिन ३२ आगमों को उपाध्यायश्री ने आधार बनाया है, वे इस प्रकार हैं–

ग्यारह अंग आगम–(१) आचारांग, (२) सूत्रकृतांग, (३) स्थानांग, (४) समवायांग, (५) भगवती (व्याख्याप्रज्ञप्ति), (६) ज्ञाताधर्मकथा, (७) उपासकदशा, (८) अंतकृद्दशा, (९) अनुत्तरोपपातिक, (१०) प्रश्नव्याकरण, (११) विपाकसूत्र।

बारह उपांग आगम–(१) औपपातिक, (२) राजप्रश्नीय, (३) जीवाजीवाभिगम, (४) प्रज्ञापना, (५) जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, (६) चन्द्रप्रज्ञप्ति, (७) सूर्यप्रज्ञप्ति, (८) निरयावलिया, (९) कल्पावतंसिका, (१०) पुष्पिका, (११) पुष्पचूलिका, (१२) वृष्णिदशा।

चार मूलसूत्र–(१) उत्तराध्ययन, (२) दशवैकालिक, (३) नन्दीसूत्र, (४) अनुयोगद्वारसूत्र।

चार छेदसूत्र–(१) दशाश्रुतस्कन्ध, (२) बृहत्कल्पसूत्र, (३) व्यवहारसूत्र, (४) निशीथसूत्र।

बत्तीसवाँ–आवश्यकसूत्र। (११ + १२ + ४ + ४ + १ = ३२)

बत्तीस आगमों के आधार पर किए गए इस अनुयोग-व्यवस्थापन की एक विशेषता यह है कि इसके अन्तर्गत प्रत्येक अनुयोग में विभिन्न अध्ययन बनाए गए हैं एवं फिर उन अध्ययनों के अन्तर्गत सम्बद्ध सामग्री को योजित किया गया है। अध्ययनों के अन्दर भी अनेक उपशीर्षक हैं जिनका प्राकृत एवं हिन्दी दोनों भाषाओं में नामकरण किया गया है। उपाध्यायप्रवर ने हिन्दी पाठकों के लिए अनुयोगों के मूल पाठ के समक्ष ही उसका हिन्दी अर्थ दिया है, जो अत्यन्त सुविधाजनक है।

विशेषावश्यकभाष्य में एक प्रश्न उठाया गया कि आर्यरक्षितसूरि की परम्परा में गोष्ठामाहिल को वादविजयी होने पर हुए मिथ्यात्व के उदय के कारण सातवाँ निह्नव माना गया, तो अनुयोग एवं नय का निरूपण करने वाले आर्यरक्षित को निह्नव क्यों नहीं कहा गया? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए जिनभद्रगणि ने कहा कि आर्यरक्षित ने नय एवं अनुयोगों का निरूपण प्रवचन के हितार्थ ही किया था, उन्होंने यह कार्य मिथ्यात्वभावना से एवं मिथ्याभिनिवेश से नहीं किया था। यदि मिथ्याभिनिवेश से जिनोक्त पद की कोई अवहेलना करता है तो वह

बहुरत आदि सात निह्नवों के समान निह्नव कहलाता है। उपाध्यायप्रवर ने भी अनुयोग-व्यवस्थापन का कार्य प्रवचन-हितार्थ ही किया है, मिथ्यात्वभावना से एवं मिथ्याभिनिवेश से नहीं किया है, अतः वे निह्नव नहीं, अपितु जिनवाणी के उपकारक हैं।

'अनुयोग' शब्द के अन्य प्रयोग

'अनुयोग' शब्द का प्रयोग आगम में अनेक स्थानों पर भिन्न-भिन्न अभिप्राय से हुआ है।

(१) समवायांग एवं नन्दीसूत्र में दृष्टिवाद अंग के पाँच प्रकारों में 'अनुयोग' शब्द का प्रयोग हुआ है। दृष्टिवाद के पाँच प्रकार हैं– (१) परिकर्म, (२) सूत्र, (३) पूर्वगत, (४) अनुयोग और (५) चूलिका। इनमें से अनुयोग को दो प्रकार का निरूपित किया गया है– (१) मूलप्रथमानुयोग और (२) गंडिकानुयोग। ये दोनों अनुयोग मात्र दृष्टिवाद के अंग हैं, अतः इनमें अन्य अंग, उपांग, छेद एवं मूलसूत्रों का समावेश नहीं होता। इनं दोनों अनुयोगों में मात्र दृष्टिवाद का विषय ही समाविष्ट होता है। मूलप्रथमानुयोग में अरिहंतों एवं सिद्धिपथ को प्राप्त हुए महापुरुषों का वर्णन सम्मिलित रहता है तथा गंडिकानुयोग में कुलकरगंडिका, तीर्थंकरगंडिका, गणधरगंडिका आदि का समावेश होता है। स्थूल रूप से विचार करें तो मूलप्रथमानुयोग एवं गंडिकानुयोग का समावेश धर्मकथानुयोग में किया जा सकता है।

(२) 'अनुयोग' शब्द का दूसरा प्रयोग 'अणुओगद्दारा' पद में हुआ है। नन्दीसूत्र एवं समवायांगसूत्र में विभिन्न आगमों का परिचय देते हुए वाचना, प्रतिपत्ति, वेढ़, श्लोक, निर्युक्ति, संग्रहणी आदि के साथ अनुयोगद्वारों का भी उल्लेख किया गया है। प्रायः संख्यात अनुयोगद्वारों का उल्लेख रहता है। अनुयोगद्वारसूत्र में भी श्रुतज्ञान के उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग की प्रवृत्ति का निर्देश है। अनुयोग का अर्थ 'सूत्र के साथ का योजन' है। सूत्र की वाचना के पश्चात् इस अनुयोग की प्रवृत्ति होती है। अनुयोगद्वारसूत्र तो पूर्णरूपेण अनुयोग की विधि का निदर्शन है। अनुयोगद्वारसूत्र में आवश्यकसूत्र के प्रथम सामायिक अध्ययन के चार अनुयोगद्वार इस प्रकार कहे गए हैं–(१) उपक्रम, (२) निक्षेप, (३) अनुगम और (४) नय।[1] नाम, क्षेत्र आदि के आधार पर शब्द का कथन उपक्रम है। उसका फिर नाम, स्थापना आदि में अर्थ खोजना निक्षेप है। अनुकूल अर्थ का कथन अनुगम है तथा अभीष्ट अभिप्राय को पकड़ना नय का कार्य है। इस प्रकार 'अनुयोग' की पूर्णता उपक्रम आदि के द्वारा सम्पन्न होती है।

(३) आचार्य भद्रबाहु ने आवश्यकनिर्युक्ति में अनुयोग का सात प्रकार का निक्षेप बतलाया है, यथा–(१) नामानुयोग, (२) स्थापनानुयोग, (३) द्रव्यानुयोग, (४) क्षेत्रानुयोग, (५) कालानुयोग, (६) वचनानुयोग और (७) भावानुयोग।[2] जिनभद्रगणि ने विशेषावश्यकभाष्य में इन सबकी व्याख्या की है।[3] संक्षेप में कहा जाय तो इन्द्र आदि के साथ 'इन्द्र' आदि नामों का योग या सम्बन्ध नामानुयोग है। काष्ठादि में आचार्य आदि की स्थापना का अनुयोजन या व्याख्यान स्थापनानुयोग है। द्रव्य का, द्रव्य में अथवा द्रव्य से जो पर्यायादि का योग है वह द्रव्यानुयोग है। द्रव्यानुयोग व्याख्यानस्वरूप भी होता है। अनुरूप या अनुकूल योग अर्थात् सम्बन्ध को इस दृष्टि से अनुयोग कहा गया है। इसी प्रकार क्षेत्र, काल, वचन एवं भाव में भी अनुयोग घटित होते हैं। जिस प्रकार अनुयोग का सप्तविध निक्षेप कहा गया है उसी प्रकार अननुयोग का भी सात प्रकार का निक्षेप है, यथा–(१) नामाननुयोग, (२) स्थापनाननुयोग, (३) द्रव्याननुयोग, (४) क्षेत्राननुयोग, (५) कालाननुयोग, (६) वचनाननुयोग और (७) भावाननुयोग।

'अनुयोग' के विभिन्न अर्थ

अनुयोग का प्रायः व्याख्या अर्थ प्रसिद्ध है। भद्रबाहु की निर्युक्ति में अनुयोग को नियोग, भाषा, विभाषा एवं वार्तिक का एकार्थक कहा गया है।[4] ये सभी शब्द अनुयोग के व्याख्या अर्थ को ही स्पष्ट करते हैं। जिनभद्रगणि ने 'अनुयोग' के विभिन्न अर्थों का प्रणयन करते हुए कहा है–

"अणुओयणमणुओगो सुयस्स नियएण जमभिधेएणं।
वावारो वा जोगो जो अणुरूवोऽणुकूलो वा॥
अहवा जमत्थओ थोव-पच्छभावेहिं सुयमणुं तस्स।
अभिधेये वावारो जोगो तेणं व संबंधो॥"[5]

उपर्युक्त दो गाथाओं में अनुयोग के जो अर्थ गुम्फित हैं, उन्हें क्रमशः इस प्रकार रखा जा सकता है–

(१) सूत्र का अपने अभिधेय अर्थ के साथ अनुयोजन या सम्बन्धन अनुयोग है।

(२) योग का एक अर्थ व्यापार है। इसलिए अनुकूल या अनुरूप योग अर्थात् सूत्र का अपने अभिधेय अर्थ में व्यापार अनुयोग है। यथा 'घट' शब्द से 'घट' अर्थ का कथन अनुयोग है।

---

१. तत्थ पढमज्झयणं सामाइयं। तस्स णं इमे चत्तारि अणुओगद्दारा भवंति। तं जहा–(१) उवक्कमे, (२) णिक्खेवे, (३) अणुगमे, (४) णए।
–अनुयोगद्वारसूत्र ७५ (ब्यावर प्रकाशन)

२. नामं ठवणा दविए खेत्ते काले वयणभावे य। एसो अणुओगस्स उ निक्खेवो होइ सत्तविहो॥ *–आवश्यकनिर्युक्ति १३२*

३. द्रष्टव्य, विशेषावश्यकभाष्य, भाग १, गाथा १३८९-१४०९

४. अणुओगो य निओगो भास-विभासा य वत्तियं चेव। एए अणुओगस्स उ नामा एगट्ठिया पंच॥ *–आवश्यकनिर्युक्ति १३१*

५. विशेषावश्यकभाष्य, गाथा १३८६-१३८७

(३) अनुयोग का प्राकृत शब्द 'अणुओग' है। अणु का अर्थ है–सूत्र। अर्थ के आनन्त्य की अपेक्षा सूत्र को अणु कहा जाता है। अथवा तीर्थंकरों के द्वारा 'उप्पन्नेइ वा' इत्यादि त्रिपदी का अर्थ कहा जाता है उसके पश्चात् ही गणधर सूत्र की रचना करते हैं, इसलिए उस अणु अर्थात् सूत्र का अभिधेय अर्थ में व्यापार या योग 'अणुयोग' है।

(४) अनुयोग के उपर्युक्त अर्थों के अतिरिक्त 'व्याख्यान' अर्थ का भूरिशः प्रयोग हुआ है। विशेषावश्यकभाष्य के वृत्तिकार मलधारी हेमचन्द्र ने 'अनुयोगस्तु व्याख्यानम्'[1] 'अनुयोगो व्याख्यानं विधि-प्रतिषेधाभ्यामर्थप्ररूपणम्'[2] इत्यादि वाक्यों में अनुयोग का व्याख्यान या व्याख्या अर्थ प्रतिपादित किया है। सूत्र का अभिधेय अर्थ के साथ योजन भी एक प्रकार से सूत्र का व्याख्यान ही है।

'अनुयोग' शब्द 'अनु' उपसर्गपूर्वक 'युज्' धातु से 'घञ्' प्रत्यय लगकर निष्पन्न हुआ है, जिसका पूर्व निर्दिष्ट अर्थों में से एक अर्थ है–अनुरूप योग। बिखरी हुई विषय-वस्तु का अनुरूपेण एकत्र संयोजन भी इस दृष्टि से 'अनुयोग' है। चार प्रसिद्ध अनुयोगों के नामों का आश्रय लेकर उपाध्यायप्रवर श्री कन्हैयालाल जी महाराज ने ३२ आगमों का चार अनुयोगों में अनुरूप संयोजन किया है, जिससे सूत्र की व्याख्या एवं सम्बद्ध विषय-वस्तु को एक साथ समझने में सुविधा का अनुभव होगा।

द्रव्यानुयोग का महत्त्व एवं स्वरूप

चार अनुयोगों में द्रव्यानुयोग का विशिष्ट महत्त्व है क्योंकि यह अन्य तीन अनुयोगों में भी न्यूनाधिक रूप में अनुगत है। मोक्ष-प्राप्ति की दृष्टि से भी द्रव्यानुयोग का ज्ञान अपरिहार्य है। षड्द्रव्य एवं नवतत्त्व से सम्बद्ध समस्त विवेचन द्रव्यानुयोग में समाहित होता है। नवतत्त्वों के स्वरूप को समझकर उन पर यथार्थ श्रद्धा करने से दर्शन सम्यक् बनता है तथा दर्शन के सम्यक् होने पर ही ज्ञान एवं आचरण सम्यक् होते हैं। अतएव द्रव्यानुयोग मोक्षमार्ग को जानने की दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। भोजसागर (१६वीं शती) विरचित 'द्रव्यानुयोगतर्कणा' में द्रव्यानुयोग को चरणानुयोग एवं करणानुयोग का सार बताते हुए उसे पण्डितजनों को प्रिय प्रतिपादित किया गया है।[3] भोजसागर ने षड्द्रव्यविचार, सूत्रकृतांग आदि सूत्रों तथा सम्मतिप्रकरण व तत्त्वार्थसूत्र आदि को द्रव्यानुयोग कहा है। सम्मतिग्रन्थ (सिद्धसेन रचित) से भोजसागर ने एक गाथा उद्धृत करते हुए द्रव्यानुयोग का महत्त्व स्थापित किया है। गाथा है–

"चरणकरणप्पहाणा ससमय-परसमयमुक्कवावारा।
चरणकरणस्स सारं णिच्चयसुद्धं न जाणंति॥"[4]

अर्थात् चरणकरणानुयोग के ज्ञान से सम्पन्न जन भी स्वसमय एवं परसमय के व्यापार से मुक्त रहते हैं, क्योंकि वे चरणकरणानुयोग के सारभूत निश्चय शुद्ध द्रव्यानुयोग को नहीं जानते हैं। पण्डित टोडरमल ने भी चार अनुयोगों में द्रव्यानुयोग को प्रधान स्वीकार किया है।

द्रव्यानुयोग क्या है? इसका स्वरूप बतलाते हुए जिनभद्रगणि कहते हैं–

"दव्वस्स जोऽणुजोगो दव्वे दव्वेण दव्वहेऊ वा।
दव्वस्स पज्जवेण व जोग्गो दव्वेण वा जोगो॥"[5]

अर्थात् द्रव्य का अनुयोग ही प्रमुख रूप से द्रव्यानुयोग है। अनुयोग का अर्थ यहाँ व्याख्यान अथवा अनुरूप से योग या सम्बन्ध है। द्रव्य का अधिकरणभूत द्रव्य से योग, करणभूत द्रव्य से योग, हेतुभूत द्रव्य से योग भी निक्षेप की संभावनाओं में द्रव्यानुयोग है। द्रव्य का पर्याय के साथ योग भी इस प्रकार द्रव्यानुयोग की परिधि में आता है, यथा–वस्त्र का कुसुम्भ रंग-पर्याय से अनुयोग। इस प्रकार द्रव्यानुयोग के विभिन्न रूप हो सकते हैं, किन्तु शास्त्र की दृष्टि से द्रव्यानुयोग का अर्थ द्रव्यों की व्याख्या का अनुरूप व्यवस्थापन लेना ही उचित होगा।

द्रव्यानुयोग के जिनभद्रगणि ने दो भेद किए हैं–(१) जीव द्रव्य का अनुयोग एवं (२) अजीव द्रव्य का अनुयोग। जीव द्रव्य एवं अजीव द्रव्य के अनुयोग को भी उन्होंने चार प्रकार का प्रतिपादित किया है–(१) द्रव्य से, (२) क्षेत्र से, (३) काल से और (४) भाव से।

प्रस्तुत द्रव्यानुयोग

उपाध्यायप्रवर श्री कन्हैयालाल जी महाराज ने आचरण या चारित्र से सम्बद्ध आगम-विषय-वस्तु को चरणानुयोग में संकलित किया है। आगम की धर्मकथाओं का संयोजन उन्होंने धर्मकथानुयोग में किया है; जैन गणित, खगोल एवं ज्योतिष से सम्बद्ध सामग्री को गणितानुयोग में रखा है तथा शेष समस्त आगम-वस्तु को द्रव्यानुयोग के अन्तर्गत संगृहीत किया है। द्रव्यानुयोग में षड्द्रव्यों के सम्बन्ध में तो विषय-वस्तु संगृहीत है ही, किन्तु इसमें कर्मसिद्धान्त, ज्ञान, दर्शन, लेश्या आदि के सम्बन्ध में भी विभिन्न अध्ययन संयोजित हैं। द्रव्यानुयोग के तीनों भागों में मिलाकर ४६ अध्ययन हैं। ४७वाँ अध्ययन प्रकीर्णक नाम से है, जिसमें ४६ अध्ययनों के पश्चात् अवशिष्ट सामग्री को रखा गया है। ४६ अध्ययन इस प्रकार हैं–(१) द्रव्यानुयोग, (२) द्रव्य, (३) अस्तिकाय, (४) पर्याय, (५) परिणाम, (६) जीवाजीव, (७) जीव, (८) प्रथमाप्रथम, (९) संज्ञी, (१०) योनि, (११) संज्ञा, (१२) स्थिति, (१३) आहार, (१४) शरीर, (१५) विकुर्वणा, (१६) इन्द्रिय, (१७) उच्छ्वास, (१८) भाषा, (१९) योग, (२०) प्रयोग, (२१) उपयोग, (२२) पासणया, (२३) दृष्टि, (२४) ज्ञान, (२५) संयत, (२६) लेश्या, (२७) क्रिया, (२८) आस्रव, (२९) वेद, (३०) कषाय, (३१) कर्म, (३२) वेदना, (३३) गति, (३४) नरकगति,

---

१. विशेषावश्यकभाष्य, भाग १, गाथा १, पृ. १
२. वही, पृ. २
३. विना द्रव्यानुयोगोऽहं चरणकरणाख्ययोः। सारं नेति कृतिप्रेष्ठं निर्दिष्टं सम्मतौ स्फुटम्॥
४. सन्मतिप्रकरण ३/६७
५. विशेषावश्यकभाष्य १३९१

(३५) तिर्यञ्चगति, (३६) मनुष्यगति, (३७) देवगति, (३८) वक्रांति, (३९) गर्भ, (४०) युग्म, (४१) गम्मा, (४२) आत्मा, (४३) समुद्घात, (४४) चरमाचरम, (४५) अजीव द्रव्य और (४६) पुद्गल।

उपर्युक्त अध्ययनों में से ज्ञान अध्ययन तक के प्रथम २४ अध्ययनों की विषय-वस्तु द्रव्यानुयोग के प्रथम भाग में प्रकाशित हुई है। द्वितीय भाग में २५वें संयत अध्ययन से ३८वें वक्रांति अध्ययन तक प्रकाशित हैं। गर्भ से पुद्गल तक के शेष अध्ययन एवं प्रकीर्णक का प्रकाशन प्रस्तुत तृतीय भाग में हुआ है।

३२ आगमों की विषय-वस्तु को चार अनुयोगों में विभक्त करने का श्रमसाध्य कार्य उपाध्यायप्रवर ने पूर्ण कर लिया है, किन्तु यह अत्यन्त ही कठिन कार्य है। इसकी कठिनाई का एक कारण यह भी है कि एक अनुयोग की विषय-वस्तु दूसरे अनुयोग से भी सम्बद्ध होती है। चरणानुयोग एवं धर्मकथानुयोग में द्रव्यानुयोग की विषय-वस्तु का प्राप्त होना सहज सम्भव है। इसी प्रकार द्रव्यानुयोग के एक अध्ययन की विषय-वस्तु दूसरे अध्ययन से भी सम्बद्ध हो सकती है। इसलिए अनुयोगों का व्यवस्थापन एवं अध्ययनों का नियोजन अत्यन्त ही दुष्कर कार्य था। उपाध्यायप्रवर ने इस कार्य को स्वविवेक से सम्पन्न किया है। द्रव्यानुयोग के इन तीनों भागों में उन्होंने एक अतीव उपयोगी कार्य यह किया है कि प्रत्येक भाग के अन्त में उस खण्ड से सम्बद्ध अध्ययनों के परिशिष्ट दिए हैं, जिनमें उन अध्ययनों से सम्बन्धित जो जानकारी अन्य अनुयोगों एवं अध्ययनों में आई है उसकी पृष्ठ संख्या एवं सूत्र संख्या का निर्देश कर दिया है, जिससे पाठक को एक अध्ययन से सम्बद्ध सम्पूर्ण विषय-वस्तु चारों अनुयोगों से प्राप्त करने में अत्यन्त सुविधा का अनुभव होगा।

द्रव्यानुयोग की विषय-वस्तु व्यापक है, तथापि षड्द्रव्यों का वर्णन द्रव्यानुयोग का एक प्रमुख विषय है। षड्द्रव्य हैं–(१) धर्म, (२) अधर्म, (३) आकाश, (४) काल, (५) पुद्गल और (६) जीव। इन षड्द्रव्यों में से जीव एवं पुद्गल के प्रस्तुत द्रव्यानुयोग में स्वतन्त्र अध्ययन भी हैं तथा अनेक अध्ययन जीव एवं पुद्गल के वर्णन से ही सम्बद्ध हैं। उल्लेखनीय यह है कि धर्म, अधर्म, आकाश एवं काल द्रव्यों के निरूपण हेतु द्रव्यानुयोग के तीनों खण्डों में कोई भी स्वतन्त्र अध्ययन नहीं है। इन चार द्रव्यों से सम्बद्ध जानकारी अनेक अध्ययनों में उपलब्ध है। षड्द्रव्यों में से किस द्रव्य का वर्णन किस अध्ययन में प्राप्त होता है, इसकी स्थूल रूपरेखा इस प्रकार रखी जा सकती है–

धर्म द्रव्य–द्रव्य अध्ययन, अस्तिकाय अध्ययन, पर्याय अध्ययन एवं अजीव अध्ययन।

अधर्म द्रव्य–उपर्युक्त चारों अध्ययन।

आकाश द्रव्य–उपर्युक्त चारों अध्ययन।

काल द्रव्य–द्रव्य अध्ययन, पर्याय अध्ययन, जीवाजीव अध्ययन एवं अजीव अध्ययन।

जीव द्रव्य–अजीव एवं पुद्गल अध्ययनों को छोड़कर प्रायः शेष सभी अध्ययन जीव द्रव्य से सम्बद्ध हैं।

पुद्गल द्रव्य–द्रव्य अध्ययन, अस्तिकाय अध्ययन, पर्याय अध्ययन, परिणाम अध्ययन, जीवाजीव अध्ययन, अजीव अध्ययन एवं पुद्गल अध्ययन।

द्रव्य

द्रव्य के स्वरूप एवं भेदों के निरूपण में जैनदर्शन का अपना वैशिष्ट्य है। धर्म एवं अधर्म द्रव्य अन्य किसी भारतीयदर्शन में निरूपित नहीं हैं। यह एकमात्र जैनदर्शन है जिसमें धर्म द्रव्य एवं अधर्म द्रव्य को भी द्रव्यों की गणना में स्थान दिया गया है। धर्म द्रव्य पुद्गल, जीव आदि द्रव्यों की गति में निमित्त कारण बनता है तथा अधर्म द्रव्य स्थिति में निमित्त कारण बनता है। सांख्यदर्शन में प्रकृति को त्रिगुणात्मिका कहते हुए उसमें सत्त्व, रज एवं तम ये तीन गुण माने गए हैं। सत्त्वगुण लघु, प्रकाशक एवं प्रीत्यात्मक होता है। रजोगुण प्रवर्तक, चल एवं अप्रीत्यात्मक होता है। तमोगुण का वैशिष्ट्य है कि वह गुरु, प्रवृत्ति-प्रतिबन्धक (वरणक) एवं विषादात्मक होता है। इन तीन गुणों में रजोगुण को प्रवर्तक एवं तमोगुण को प्रवृत्ति का प्रतिबन्धक कहा गया है जो क्रमशः धर्म एवं अधर्म द्रव्यों से साम्य प्रदर्शित करता है, किन्तु धर्म एवं अधर्म द्रव्य का जैनदर्शन में जो स्वातन्त्र्य निरूपित है, वह सांख्यदर्शन में रजोगुण एवं तमोगुण का नहीं। प्रकृति में तीनों गुण सहभावी हैं, उनके विना प्रकृति का कोई स्वरूप नहीं है, जबकि धर्म-अधर्म द्रव्य पूर्णतः स्वतन्त्र हैं। दूसरी बात यह है कि धर्म एवं अधर्म द्रव्य लोकव्यापी हैं जबकि रजोगुण एवं तमोगुण नहीं। तीसरी बात यह है कि रजोगुण एवं तमोगुण को प्रकृति की अपेक्षा है, धर्म एवं अधर्म द्रव्यों को रहने के लिए लोकाकाश की आवश्यकता है, अन्य किसी द्रव्य की नहीं।

'आकाश' को द्रव्य रूप में प्रायः सभी दर्शनों ने स्वीकार किया है, किन्तु आकाश के लोकाकाश एवं अलोकाकाश के रूप में दो भेद प्रायः जैनेतरदर्शनों में प्राप्त नहीं होते हैं। जैनदर्शन में आकाश दो भागों में विभक्त है–लोकाकाश एवं अलोकाकाश। यह विभाजन कल्पित विभाजन है। आकाश के कोई वास्तविक टुकड़े नहीं किए जा सकते, किन्तु जो आकाश चौदह राजू लोक तक सीमित है उसे लोकाकाश कहा जाता है तथा इस परिधि से बाहर का आकाश अलोकाकाश कहा जाता है। लोकाकाश में वस्तुएँ देखी जा सकती हैं। अलोक में आकाश के अतिरिक्त अन्य किसी भी द्रव्य का होना स्वीकार नहीं किया गया है। धर्म, अधर्म, काल, जीव एवं पुद्गल द्रव्य लोकाकाश तक ही सीमित हैं। मुक्त या सिद्ध जीव भी लोक की परिधि को नहीं लाँघता। वह लोक के ऊर्ध्व भाग में स्थित रहता है तथा वहाँ रहकर ही समस्त लोकालोक को जानता है। न्याय, वैशेषिक, सांख्य, वेदान्त आदि दर्शनों में 'शब्द' को आकाश द्रव्य का गुण माना गया है, जबकि जैनदर्शन में आकाश का गुण अवगाहन करना है, शब्द तो एक प्रकार का पुद्गल है। उसका समावेश पुद्गल द्रव्य के अन्तर्गत होता है।

'काल' द्रव्य की चर्चा भी भारतीयदर्शन में होती रही है। वैशेषिकदर्शन में काल का विस्तृत निरूपण हुआ है। प्रशस्तपादभाष्य में काल

का स्वरूप इस प्रकार निरूपित है–"**कालः परापरव्यतिकरयौगपद्ययौगपद्यचिरक्षिप्रप्रत्ययलिङ्गः।**"[1] अर्थात् काल द्रव्य के कारण ही परत्व एवं अपरत्व अथवा ज्येष्ठ एवं कनिष्ठ का व्यवहार होता है। काल के कारण ही युगपद् एवं अयुगपद् तथा चिर एवं क्षिप्र का व्यवहार होता है। काल का वर्णन व्याकरणदर्शन में भी हुआ है। क्रिया की निष्पत्ति में वहाँ काल को एक कारण माना गया है। जैनदर्शन में काल को वर्तनालक्षण वाला कहा गया है। जिसका तात्पर्य है कि प्रत्येक द्रव्य की पर्याय-परिवर्तन में काल निमित्त कारण बनता है। काल को पृथक् द्रव्य के रूप में स्वीकार करने में जैनों में मतभेद रहा है। आगमों में जहाँ काल का स्पष्ट उल्लेख प्राप्त होता है, वहाँ तत्त्वार्थसूत्र में 'कालश्चेत्येके' सूत्र के द्वारा मान्यताभेद का उल्लेख किया गया है। काल को व्यवहारकाल एवं परमार्थकाल की दृष्टि से दो प्रकार का माना जाता है। व्यवहारकाल को अढाईद्वीप तक माना गया है, क्योंकि मनुष्य इसका व्यवहार अढाईद्वीप तक ही करता है। समय, आवलिका, मुहूर्त्त, दिवस, पक्ष, मास, वर्ष, पल्योपम, सागरोपम आदि के रूप में काल का व्यवहार होता है। परमार्थकाल अढाईद्वीप के बाहर भी विद्यमान है। अन्य द्रव्यों से काल का यह वैशिष्ट्य है कि इसके कोई प्रदेश नहीं हैं। यह अप्रदेशी है एवं अनस्तिकाय है।

'पुद्गल' जैनदर्शन का विशिष्ट पारिभाषिक शब्द है। जैनदर्शन में वर्ण, गन्ध, रस एवं स्पर्शयुक्त द्रव्य को पुद्गल कहा गया है। संसार में जितनी भी दृश्यमान एवं दृश्यमान होने की योग्यता रखने वाली वस्तुएँ हैं वे सब पुद्गल द्रव्य ही हैं। इस दृष्टि से पुद्गल को रूपी द्रव्य कहा जाता है। षड्द्रव्यों में शेष पाँच द्रव्य अरूपी हैं। पुद्गल द्रव्य स्कन्ध, देश, प्रदेश एवं परमाणु के रूप में उपलब्ध होता है।[2]

'जीव' द्रव्य चेतनालक्षणयुक्त होता है। तत्त्वार्थसूत्र में जीव का लक्षण 'उपयोग' कहा गया है। उपयोग दो प्रकार का होता है– (१) साकार और (२) निराकार। साकार उपयोग को ज्ञान एवं निराकार उपयोग को दर्शन कहा जाता है। इस प्रकार जो द्रव्य ज्ञान एवं दर्शनयुक्त होता है वह जीव है। जीव दो प्रकार के होते हैं–संसारस्थ एवं सिद्ध। सिद्ध जीव अष्टविध कर्मों से मुक्त होकर अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तसुख, क्षायिक सम्यक्त्व आदि गुणों से युक्त होते हैं। उनका सुख अव्याबाध होता है। वे अमूर्त, अगुरुलघु एवं अनन्तवीर्य से युक्त होते हुए भी पुनः संसार में जन्म ग्रहण नहीं करते। हिन्दू परम्परा में जहाँ अवतारों की परिकल्पना के अन्तर्गत एक भगवान ही विभिन्न अवतार ग्रहण करते हैं, वहाँ जैनधर्म में एक बार मोक्ष को प्राप्त जीव का संसार में पुनः जन्म स्वीकार नहीं किया गया। सिद्धों के अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन एवं अनन्तसुख को प्राप्त करना संसारस्थ प्राणियों का उत्कृष्टतम उद्देश्य है। संसारस्थ प्राणी जीवाजीव का सम्मिलित रूप है। उनका सम्मिलन संयोग रूप है। संसारस्थ प्राणी को देहादि का प्राप्त होना उसका अजीव के साथ संयोग सिद्ध करता है। व्यवहार में देहादियुक्त प्राणियों को जीव ही कहा जाता है, अजीव नहीं। ऐसे जीवों का अनेक प्रकार से विभाजन किया जाता है। चार गतियों के आधार पर इन्हें (१) नरकगति, (२) तिर्यञ्चगति, (३) मनुष्यगति एवं (४) देवगति के जीवों में विभक्त किया जाता है। पाँच इन्द्रियों के आधार पर इन्हें (१) एकेन्द्रिय, (२) द्वीन्द्रिय, (३) त्रीन्द्रिय, (४) चतुरिन्द्रिय एवं (५) पंचेन्द्रिय में विभक्त किया जाता है। छह काया के आधार पर इन्हें छह प्रकार का निरूपित किया जाता है–(१) पृथ्वीकाय, (२) अप्काय, (३) तेजस्काय, (४) वायुकाय, (५) वनस्पतिकाय और (६) त्रसकाय। पर्याप्त एवं अपर्याप्त के आधार पर भी जीवों का विभाजन किया जाता है। 'पर्याप्त' से तात्पर्य है अपने योग्य आहार, इन्द्रिय आदि पर्याप्तियों को ग्रहण करने का कार्य पूर्ण कर लेना तथा 'अपर्याप्त' से तात्पर्य है इन पर्याप्तियों को पूर्ण न करना। एक जीव में कम से कम चार पर्याप्तियाँ होती हैं–(१) आहार, (२) शरीर, (३) इन्द्रिय और (४) श्वासोच्छ्वास। ये चार पर्याप्तियाँ एकेन्द्रिय जीव में पाई जाती हैं। द्वीन्द्रिय से असंज्ञी पंचेन्द्रिय तक के जीवों में भाषा पर्याप्ति अधिक होती है तथा संज्ञी पंचेन्द्रिय जीव में मन पर्याप्ति को मिलाकर छह पर्याप्तियाँ होती हैं। एकेन्द्रिय जीव सूक्ष्म एवं बादर के भेद से दो प्रकार के निरूपित किए जाते हैं। सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवों को काटा, छेदा या भेदा नहीं जा सकता। बादर एकेन्द्रिय जीवों को घात आदि से प्राणविहीन किया जा सकता है।

सम्पूर्ण द्रव्यानुयोग में जीव से सम्बद्ध वर्णन का प्रमुख स्थान है। अधिकांश भाग में जीव द्रव्य की ही विभिन्न स्थितियों एवं उसके विभिन्न स्वरूपों का वर्णन निहित है। द्रव्यानुयोग में अधिकांश निरूपण जीव के चौबीस दण्डकों के अन्तर्गत हुआ है। जीवों के विभाजन में चौबीस दण्डकों का विशेष महत्त्व है। इस वर्गीकरण में गति, इन्द्रिय एवं काय का वर्गीकरण भी सम्मिलित हो जाता है। 'दण्डक' का अभिप्राय है दण्ड अर्थात् फल भोगने का स्थान। लोक में अधोलोक से ऊर्ध्वलोक की ओर जीवों की प्राप्ति का प्रायः एक क्रम है उसी के आधार पर चौबीस दण्डकों का क्रम निर्धारित किया गया है। चौबीस दण्डक इस प्रकार हैं–

सात प्रकार के नारकी जीवों का	=	१	दण्डक
दस भवनपति देवों के	=	१०	दण्डक
पृथ्वीकाय आदि पाँच स्थावरों (एकेन्द्रियों) के	=	५	दण्डक
तीन विकलेन्द्रियों (द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय एवं चतुरिन्द्रिय) के	=	३	दण्डक
तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय का	=	१	दण्डक
मनुष्य का	=	१	दण्डक
वाणव्यन्तर देवों का	=	१	दण्डक
ज्योतिषी देवों का	=	१	दण्डक
वैमानिक देवों का	=	१	दण्डक
		२४	दण्डक

१. प्रशस्तपादभाष्य, किरणावली सहित, गायकवाड़ ओरियण्टल सीरीज, सन् १९७१, पृ. ७६

२. 'पुद्गल' नाम से द्रव्यानुयोग में एक पृथक् अध्ययन है। इस प्रस्तावना में उसकी चर्चा आगे पृ. ४८-५० पर की गई है अतः वहाँ द्रष्टव्य है।

उपर्युक्त दण्डकों में पाँच स्थावरों को छोड़कर शेष जीवों की उपलब्धि का अधोलोक से ऊर्ध्वलोक की ओर एक निश्चित क्रम है। नारकी जीव अधोलोक में रहते हैं। भवनपति देव अधोलोक एवं तिर्यक्लोक में रहते हैं। विकलेन्द्रिय, तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय, मनुष्य एवं वाणव्यन्तर ज्योतिषी देव तिर्यक्लोक में रहते हैं। वैमानिक देव ऊर्ध्वलोक में रहते हैं।

द्रव्यानुयोग के विभिन्न अध्ययनों को समझने के लिए इन चौबीस दण्डकों का हमें पद-पद पर अवलम्बन लेना पड़ता है।

संख्या की दृष्टि से संसार में अनन्त जीव हैं। एक जीव के असंख्यात आत्म-प्रदेश हैं। जितने लोकाकाश के प्रदेश हैं उतने ही एक जीव के प्रदेश कहे गए हैं।

षड्द्रव्यों में धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय और आकाशास्तिकाय संख्या की दृष्टि से तुल्य हैं तथा षड्द्रव्यों में सबसे अल्प हैं। उनसे जीवास्तिकाय द्रव्य की अपेक्षा अनन्तगुणे हैं, उनसे पुद्गलास्तिकाय द्रव्य की अपेक्षा अनन्तगुणे हैं। उनके अद्धासमय द्रव्य की अपेक्षा अनन्तगुणे हैं।

अस्तिकाय

छह द्रव्यों में से 'काल' को छोड़कर पाँच द्रव्य अस्तिकाय कहे जाते हैं। बहुप्रदेशी होने के कारण इन द्रव्यों को अस्तिकाय कहा जाता है। काल अनस्तिकाय है, क्योंकि वह अप्रदेशी है। प्रदेशसमूह का नाम अस्तिकाय है। अस्तिकाय द्रव्य हैं–(१) धर्मास्तिकाय, (२) अधर्मास्तिकाय, (३) आकाशास्तिकाय, (४) पुद्गलास्तिकाय और (५) जीवास्तिकाय। 'अस्तिकाय' शब्द प्रदेश-समूह के होने का द्योतक है। 'काय' का अर्थ समूह होता है। जो द्रव्य प्रदेश-समूहयुक्त होता है वह अस्तिकाय है। धर्म, अधर्म आदि पाँच द्रव्य अपने प्रदेश-समूहयुक्त होते हैं, अतः ये पाँच अस्तिकाय हैं। काल का कोई प्रदेश नहीं होता। इसलिए वह समूह रूप में नहीं रहता।

षड्द्रव्यों के विवेचन में अस्तिकाय का भी विवेचन समाहित हो जाता है, किन्तु अस्तिकाय शब्द में कुछ वैशिष्ट्य निहित है। धर्मास्तिकाय से तात्पर्य है सम्पूर्ण धर्मास्तिकाय। एक प्रदेश न्यून धर्मास्तिकाय को भी धर्मास्तिकाय नहीं कहा जाता। धर्मास्तिकाय के असंख्यात प्रदेशों का समग्र रूप से जब ग्रहण होता है तभी उसे धर्मास्तिकाय कहा जाता है। इसी प्रकार अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, जीवास्तिकाय और पुद्गलास्तिकाय के भी समग्र प्रदेश गृहीत होने पर उन्हें उन-उन अस्तिकायों के रूप में कहा जाता है। धर्मास्तिकाय एवं अधर्मास्तिकाय के असंख्यात प्रदेश हैं तथा आकाशास्तिकाय, जीवास्तिकाय और पुद्गलास्तिकाय के अनन्त प्रदेश कहे गए हैं।[1] षड्द्रव्यों के निरूपण में धर्म, अधर्म एवं जीव द्रव्य में असंख्यात प्रदेश माने गए हैं तथा आकाश में अनन्त प्रदेश कहे गए हैं। पुद्गल में संख्यात, असंख्यात एवं अनन्त प्रदेश माने गए हैं। पुद्गल परमाणु एक प्रदेशी होकर भी अनेक स्कन्ध रूप बहुत प्रदेशों को ग्रहण करने की योग्यता के कारण बहुप्रदेशी होता है, इसलिए उपचार से उसे 'काय' या अस्तिकाय कहा जाता है।[2]

व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र में धर्मास्तिकाय आदि के जो पर्यायार्थक अभिवचन दिए गए हैं, उनसे इन धर्म-अधर्म आदि के अर्थ का व्यापक परिचय मिलता है। धर्मास्तिकाय के अभिवचन में प्राणातिपातविरमण यावत् परिग्रहविरमण, क्रोध-विवेक यावत् मिथ्यादर्शनशल्य विवेक आदि को भी स्थान दिया गया है। इनके विपरीत अधर्मास्तिकाय के अभिवचन हैं।

पर्याय

द्रव्य के साथ पर्याय का विचार आवश्यक है, क्योंकि द्रव्य विभिन्न पर्यायों अथवा अवस्थाओं में ही प्राप्त होता है। द्रव्य की अवस्था विशेष को पर्याय कहा जाता है। दर्शनग्रन्थों में द्रव्य के क्रमभावी परिणाम को पर्याय कहा गया है[3] तथा गुण एवं पर्याय से युक्त पदार्थ को द्रव्य कहा गया है।[4] दार्शनिक जगत् में एक ही वस्तु की विभिन्न अवस्थाओं को उसकी पर्याय कहा जाता है। जैसे एक ही मनुष्य की बाल, युवा, प्रौढ़ एवं वृद्धावस्था उसकी पर्यायें हैं। एक ही स्वर्ण की कड़ा, कुण्डल एवं हार उस स्वर्ण की पर्यायें हैं। आगम में पर्याय का यह 'क्रमभावी' अर्थ स्फुटरूपेण प्रयुक्त नहीं हुआ है। आगम में तो एक द्रव्य जितनी अवस्थाओं में प्राप्त हो सकता है, वे अवस्थाएँ उस द्रव्य की पर्यायें कहलाती हैं। जैसे जीव की पर्यायें हैं–नारक, देव, मनुष्य, तिर्यञ्च और सिद्ध। पर्याय को प्रज्ञापनासूत्र में दो प्रकार का प्रतिपादित किया गया है–जीव पर्याय और अजीव पर्याय। पर्याय का गहन विचार किया जाय तो जीव की अनन्त पर्यायें हैं एवं अजीव पर्याय भी अनन्त हैं। पर्याय का लक्षण देते हुए उत्तराध्ययनसूत्र में कहा गया है कि एकत्व, पृथक्त्व, संख्या, संस्थान, संयोग और वियोग ये पर्यायों के लक्षण हैं। प्रत्येक पर्याय अपने आप में एक एवं अन्य पर्यायों से पृथक् होती है। पर्याय का अन्तर संख्या (अथवा ज्ञान) एवं आकृति के आधार पर भी होता है। संयोग एवं वियोग से भी पर्याय-परिवर्तन होता रहता है, इसलिए इन्हें (एकत्वादि को) पर्याय का लक्षण कहा गया है। प्रज्ञापनासूत्र में जीवों की संख्या के आधार पर जीव पर्याय अनन्त कही गई हैं। दण्डकों के आधार पर प्रत्येक दण्डक के जीव की अनन्त पर्यायों का कथन आगम में (१) द्रव्य, (२) प्रदेश, (३) अवगाहना, (४) स्थिति, (५) वर्ण, (६) गन्ध, (७) रस, (८) स्पर्श, (९) ज्ञान, (१०) अज्ञान और (११) दर्शन इन ग्यारह द्वारों के माध्यम से निरूपित किया गया है।

---

१. द्रव्यानुयोग, भाग १, पृ. ३३

२. एयपदेसो वि अणू णाणाखंधप्पदेसदो होदि। बहुदेसो उवयारा तेण य काओ भण्णंति सव्वण्हू॥ —*द्रव्यसंग्रह २६*

३. पर्यायस्तु क्रमभावी, यथा तत्रैव सुखदुःखादि। —*प्रमाणनयतत्त्वालोक ५/८*

४. गुणपर्यायवद् द्रव्यम्। —*तत्त्वार्थसूत्र ५/३८*

अजीव पर्याय को रूपी एवं अरूपी–अजीव पर्याय के रूप में विभक्त किया जाता है। इनमें अरूपी अजीव पर्याय के दस भेद हैं– (१) धर्मास्तिकाय, (२) उसके देश और (३) प्रदेश, (४) अधर्मास्तिकाय, (५) उसके देश और (६) प्रदेश, (७) आकाशास्तिकाय, (८) उसके देश और (९) प्रदेश और (१०) अद्धासमय। रूपी अजीव पर्याय के चार भेद हैं–(१) स्कन्ध, (२) देश, (३) प्रदेश और (४) परमाणु। रूपी अजीव पर्याय अनन्त हैं क्योंकि परमाणु पुद्गल अनन्त हैं, द्विप्रदेशिक स्कन्ध अनन्त हैं यावत् अनन्त प्रदेशिक स्कन्ध अनन्त हैं। एक परमाणु पुद्गल दूसरे परमाणु पुद्गल से द्रव्य एवं प्रदेश की अपेक्षा तुल्य होता है, किन्तु अवगाहना, स्थिति, वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श द्वारों से उनमें भिन्नता रहती है। जीव एवं पुद्गल की अनन्त पर्यायों का तो आगम में स्पष्ट कथन हुआ है, किन्तु धर्म, अधर्म, आकाश एवं काल की अनन्त पर्यायों पर आगमों में कोई कथन नहीं हुआ है, जो पर्याय के दार्शनिक = चिन्तन पर प्रश्न-चिन्ह खड़ा करता है।

परिणाम

पर्याय एवं परिणाम में विशेष भेद नहीं है। द्रव्य की विभिन्न अवस्थाओं को जहाँ पर्याय कहा गया है वहाँ पर्याय में परिणमन को परिणाम कहा जा सकता है। 'परिणाम' का निरूपण प्रज्ञापनासूत्र में हुआ है जहाँ परिणाम के जीव एवं अजीव परिणाम भेद करके उनके दस-दस प्रकार बताए गए हैं। जीव परिणाम के दस प्रकार हैं–(१) गति, (२) इन्द्रिय, (३) कषाय, (४) लेश्या, (५) योग, (६) उपयोग, (७) ज्ञान, (८) दर्शन, (९) चारित्र और (१०) वेद। इनमें प्रत्येक के अपने-अपने अवान्तर भेद भी हैं जो कुल ४३ हैं। अजीव परिणाम भी दस प्रकार के हैं–(१) बन्धन, (२) गति, (३) संस्थान, (४) भेद, (५) वर्ण, (६) गंध, (७) रस, (८) स्पर्श, (९) अगुरुलघु और (१०) शब्द परिणाम। अजीव परिणाम में बन्धन के दो अवान्तर भेद हैं–(१) स्निग्ध एवं (२) रुक्ष। गति के भी दो प्रकार हैं–(१) स्पृशद्गति एवं (२) अस्पृशद्गति। दीर्घगति एवं ह्रस्वगति की दृष्टि से भी भेद किए गए हैं। संस्थान परिणाम पाँच प्रकार का है–(१) परिमण्डल, (२) वृत्त, (३) त्र्यंश, (४) चतुरस और (५) आयत। भेद परिणाम भी पाँच प्रकार का है–(१) खण्ड, (२) प्रतर, (३) चूर्णिका, (४) अनुतटिका और (५) उत्कटिका। वर्ण, गन्ध, रस एवं स्पर्श के क्रमशः पाँच, दो, पाँच एवं आठ भेद प्रसिद्ध हैं। अगुरुलघु एक प्रकार का ही होता है। उसके कोई भेद नहीं हैं। शब्द परिणाम को शुभ एवं अशुभ में विभक्त किया जाता है। इन विभिन्न परिणामों के फलस्वरूप पर्याय बदलती रहती है।

जीवाजीव

षड्द्रव्यों में धर्म, अधर्म, आकाश, काल और पुद्गल ये पाँच द्रव्य 'अजीव' हैं तथा एक जीव द्रव्य 'जीव' है। परमार्थतः जीव एवं अजीव द्रव्य पूर्णतः पृथक् हैं। न तो कभी जीव द्रव्य अजीव बन सकता है और न अजीव द्रव्य जीव बन सकता है। किन्तु जीव का अजीव के साथ इस प्रकार का गाढ़ सम्बन्ध है कि अजीव को भी जीव के रूप में व्यवहृत किया जाता है। जीव एवं पुद्गल के गाढ़ सम्बन्ध के कारण शरीर, इन्द्रिय आदि के आधार पर पुद्गल पर भी जीव का आरोप एवं व्यवहार होता ही है। जीव एवं अजीव दोनों शाश्वत हैं। इनमें से कौन पहले हुआ एवं कौन बाद में, इस प्रश्न का उत्तर मुर्गी एवं अण्डे की समस्या के उत्तर की भाँति है और वह यह कि ये दोनों शाश्वत हैं। जीव एवं पुद्गल के पारस्परिक सम्बन्ध के कारण अजीव पुद्गल (देहादि) पर जीव का व्यवहार करना तो साधारण बात है, किन्तु ग्राम, नगर, क्षेत्र आदि को भी वहाँ पर जीवों के रहने के कारण उपचार से कथंचित् जीव (एवं अजीव) कहा गया है। जीव के परिभोग में आने से ये जीव की भाँति व्यवहृत होते हैं। 'गाँव जल गया' कहने से हम समझते हैं कि गाँव में रहने वाले प्राणी भी जल गए। इस प्रकार 'गाँव' शब्द जीव को भी अपने अर्थ में सम्मिलित कर लेता है। यही नहीं, जीव के द्वारा व्यवहृत आनप्राण, स्तोक आदि को जीव एवं अजीव दोनों कहा गया है।

जीव

द्रव्य अध्ययन में जीव के सम्बन्ध में कुछ कहा जा चुका है। यहाँ पर इतना ही विशेष कथन है कि जीव द्रव्य की अपेक्षा शाश्वत एवं अनादि-अनन्त है। उत्थान, कर्म, बल, वीर्य और पुरुषाकार-पराक्रम वाला जीव आत्म-भाव से जीवभाव (चैतन्य) को प्रकट करता है। जीव को जैसी देह मिली है उसके अनुसार ही वह अपने आत्म-प्रदेशों का संकोच एवं विस्तार कर लेता है। इसे जैनदर्शन में जीव का देह परिमाणत्व कहा जाता है। जैनदर्शन की मान्यता है कि जीव स्वयं अपने कर्मों का कर्ता एवं भोक्ता है। किसी ईश्वर के द्वारा कर्मों का फल नहीं दिया जाता। जीव के स्वरूप का वर्णन करते हुए बृहद्द्रव्यसंग्रहकार श्री नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती ने कहा है–

"जीवो उवओगमओ अमुत्ति कत्ता सदेहपरिमाणो।
भोत्ता संसारत्थो सिद्धो सो विस्ससोड्ढगई।।"[1]

अर्थात् जीव उपयोगमय होता है, अमूर्तिक (अरूपी) होता है, कर्ता एवं भोक्ता होता है, वह स्वदेह परिमाण होता है। स्वभावतः वह ऊर्ध्वगति करता है। संसारस्थ एवं सिद्ध की अपेक्षा वह दो प्रकार का होता है। उपयोगमय होने का तात्पर्य है ज्ञानदर्शनमय होना, क्योंकि ज्ञान को साकारोपयोग एवं दर्शन को निराकारोपयोग कहा गया है। द्रव्यानुयोग के प्रथम भाग में भी यह बात कही गई है कि ज्ञान एवं दर्शन नियमतः आत्मा हैं तथा आत्मा भी नियमतः ज्ञान-दर्शन रूप है। जीव की दूसरी विशेषता है कि वह अमूर्त अर्थात् अरूपी है। शरीर एवं कर्मादि की अपेक्षा से जीव व्यवहार में रूपी है, किन्तु परमार्थतः तो वह अरूपी ही है।[2] जीव एवं सुख-दुःख का स्वयं कर्ता एवं भोक्ता होता है, यह तथ्य उत्तराध्ययनसूत्र में भी स्पष्टरूपेण उल्लिखित है।[3] जीव अपने आत्म-प्रदेशों का शरीर के अनुसार संकोच एवं विस्तार कर लेता

---

१. बृहद्द्रव्यसंग्रह २

२. अरूविणो जीवघणा नाणदंसणसन्निया। —*उत्तराध्ययन ३६/६६*

३. अप्पा कत्ता विकत्ता य दुहाण य सुहाण य। —*वही २०/३७*

है। जीव के आत्म-प्रदेश अमूर्त हैं तथापि उनमें संकोच-विस्तार सम्भव है। जीव को ऊर्ध्वगमनशील इसलिए कहा गया है, क्योंकि वह कर्ममुक्त होने पर ऊर्ध्वगमन कर लोक के अग्र भाग में स्थित हो जाता है।

अपेक्षाविशेष से जीवों को सादि-सान्त, सादि-अनन्त, अनादि-सान्त और अनादि-अनन्त भी कहा गया है। नैरयिक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देव गति-आगति की अपेक्षा सादि-सान्त हैं। सिद्ध-जीव गति की अपेक्षा सादि-अनन्त हैं। लब्धि की अपेक्षा भवसिद्धिक जीव अनादि-सान्त हैं और संसार की अपेक्षा से अभवसिद्धिक जीव अनादि-अनन्त हैं। द्रव्य की दृष्टि से जीव शाश्वत है तथा पर्याय की दृष्टि से अशाश्वत है। अजीव द्रव्य जीव द्रव्य के परिभोग में आते हैं, किन्तु जीव द्रव्य अजीव द्रव्यों के परिभोग में नहीं आते हैं। जीव द्रव्य अजीव द्रव्य पुद्गल को ग्रहण करके उसे शरीर, इन्द्रिय, योग एवं श्वासोच्छ्वास में परिणत करते हैं।

प्रथमाप्रथम

जीवों में जो भाव या अवस्थाएँ पहले से चली आ रही हैं उनकी अपेक्षा जीवों को अप्रथम तथा जो भाव या अवस्था पहली बार प्राप्त हो उस अपेक्षा से जीवों को प्रथम कहा जाता है। जैसे जीव को जीवभाव पहले से प्राप्त है, अतः वह जीवभाव की अपेक्षा से अप्रथम है, किन्तु सिद्धभाव प्राप्त करने की अपेक्षा से सिद्धजीव प्रथम हैं, क्योंकि उन्हें सिद्धभाव पहले से प्राप्त नहीं था। द्रव्यानुयोग के प्रथमाप्रथम अध्ययन में जीव, आहार, भवसिद्धिक, संज्ञी, लेश्या आदि १४ द्वारों में जीव के प्रथमाप्रथमत्व का जो निरूपण हुआ है वह सामान्य जीव की अपेक्षा से भी है, नैरयिक से लेकर वैमानिक पर्यन्त चौबीस दण्डकों की अपेक्षा से भी है तथा सिद्धों की अपेक्षा से भी है।

संज्ञी, संज्ञा और योनि

'संज्ञा' एवं 'संज्ञी' शब्द भाषागत रचना की दृष्टि से समान प्रतीत होते हैं, किन्तु तात्त्विक दृष्टि से इनमें महदन्तर है। 'संज्ञी' शब्द का प्रयोग आगम में समनस्क अर्थात् मन वाले जीवों के लिए हुआ है। संज्ञी जीवों में हिताहित का विचार करने का सामर्थ्य होता है। मन के सद्भाव में वे शिक्षा, क्रिया, उपदेश और आलाप को ग्रहण कर सकते हैं। प्रज्ञापनासूत्र के भाषा पद में सण्णी (संज्ञी) शब्द का प्रयोग शब्द संकेत को ग्रहण करने वाले जीव के लिए हुआ है। इस दृष्टि से जो बालक शब्द संकेत में अर्थ या पदार्थ को नहीं जानता, वह भी एक प्रकार से असंज्ञी ही है। मन का विषय श्रुतज्ञान को माना गया है। श्रुतज्ञान शब्द, संकेत आदि के माध्यम से होता है। मन को अनिन्द्रिय एवं नोइन्द्रिय भी कहा गया है। मन से मतिज्ञान भी होता है। इसलिए मन से होने वाले अवग्रह, ईहा, अवाय एवं धारणा नामक मतिज्ञान के भेद स्वीकार किए गए हैं। वैसे शब्द के आश्रय से होने वाला जो परिणामात्मक ज्ञान है वह मन के द्वारा ही होता है, इसलिए मन का विषय 'श्रुत' माना गया है। मन मनन एवं विचार का प्रमुख माध्यम है। यह दो प्रकार का प्रतिपादित है–द्रव्यमन और भावमन। द्रव्यमन पुद्गलों द्वारा निर्मित है तथा भावमन तो जीवरूप ही है, वह जीव से सर्वथा भिन्न नहीं है। यहाँ पर जो 'संज्ञी' शब्द का प्रयोग हुआ है वह द्रव्यमन वाले जीवों के लिए हुआ है। इस दृष्टि से गर्भ से एवं उपपात से जन्म लेने वाले पंचेन्द्रिय जीव ही संज्ञी कहे जाते हैं।

'संज्ञा' शब्द का प्रयोग 'नाम' के लिए भी होता है। यह मतिज्ञान के पर्यायवाची शब्दों में भी परिगणित है तथा अकलंक ने इसे प्रत्यभिज्ञान प्रमाण के अर्थ में ग्रहण किया है। इस प्रकार संज्ञा 'ज्ञान' के अर्थ में भी प्रयुक्त है। किन्तु आगम में आहार, भय, मैथुन, परिग्रह आदि की अभिलाषा को व्यक्त करने के लिए संज्ञा शब्द का प्रयोग हुआ है। आहारादि की अभिलाषा से संसारी जीवों को जाना जाता है, इसलिए भी आहारादि को संज्ञा कहा गया है। सामान्यतः संज्ञा के चार भेद हैं–आहारसंज्ञा, भयसंज्ञा, मैथुनसंज्ञा और परिग्रहसंज्ञा। चार गति के चौबीस दण्डकों में ये चारों संज्ञाएँ प्राप्त होती हैं। संज्ञाओं की उत्पत्ति के विभिन्न कारण हैं। ये वेदनीय अथवा मोहनीयकर्म के उदय से भी उत्पन्न होती हैं तथा इनका श्रवण करने के अनन्तर उत्पन्न मति से भी उत्पन्न होती हैं। इनका सतत चिन्तन करते रहने से भी ये उत्पन्न होती हैं। आहारसंज्ञा में पेट का खाली रहना, भयसंज्ञा में सत्त्वहीनता, मैथुनसंज्ञा में माँस-शोणित का अत्यधिक उपचय और परिग्रहसंज्ञा में परिग्रह का स्वयं के पास रहना भी उत्पत्ति में कारण बनता है। संज्ञाओं की उत्पत्ति में कर्मोदय आन्तरिक कारण है तथा पेट खाली रहना आदि बाह्य कारण हैं। संज्ञा अगुरुलघु होती है। संज्ञा की क्रिया का करण संज्ञाकरण तथा संज्ञा की रचना को संज्ञानिर्वृत्ति कहते हैं।

संज्ञा के १० भेद भी प्रतिपादित हैं। आहारादि चार संज्ञाओं में क्रोध, मान, माया, लोभ, ओघ और लोक संज्ञाओं को मिला देने पर १० भेद बन जाते हैं। आचारांगनिर्युक्ति में संज्ञा के १० भेद प्रतिपादित हैं। वहाँ पर इन दस संज्ञाओं में मोह, धर्म, सुख, दुःख, जुगुप्सा और शोक को योजित किया गया है। सकषायी जीवों में आहारादि संज्ञाएँ पाई जाती हैं तथा पूर्ण वीतराग अवस्था प्राप्त होने पर ये संज्ञाएँ नहीं रहती हैं।

जीव के जन्म ग्रहण करने के स्थान को योनि कहते हैं। भिन्न-भिन्न अपेक्षाओं से योनि के भेद किए जाते हैं। स्पर्श की अपेक्षा योनि तीन प्रकार की है–शीत, उष्ण और शीतोष्ण। चेतना की अपेक्षा उसके सचित्त, अचित्त एवं मिश्र भेद हैं। आवरण की अपेक्षा उसके तीन प्रकार हैं–संवृत, विवृत और संवृत-विवृत। सभी जीव योनि में ही जन्म ग्रहण करते हैं, चाहे वह जन्म उपपात से हो, गर्भ से हो अथवा सम्मूर्च्छिम हो। जैनागमों में ८४ लाख जीव योनियों का उल्लेख प्राप्त होता है, यथा–सात लाख पृथ्वीकायिक, सात लाख अप्कायिक, सात लाख तेजस्कायिक, सात लाख वायुकायिक, दस लाख प्रत्येक वनस्पति, चौदह लाख साधारण वनस्पति, दो लाख द्वीन्द्रिय, दो लाख त्रीन्द्रिय, दो लाख चतुरिन्द्रिय, चार लाख देवता, चार लाख नारक, चार लाख तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय एवं चौदह लाख मनुष्य।

स्थिति

'स्थिति' शब्द का प्रयोग आगम में तीन प्रकार से हुआ है–(१) कर्मस्थिति, (२) भवस्थिति और (३) कायस्थिति। ज्ञानावरण आदि आठों कर्मों की फलदान अवधि को कर्मस्थिति कहा जाता है। प्रायः एक भव में उस गति एवं आयुष्य का बना रहना भवस्थिति माना जाता है तथा

अनेक भवों तक एक ही प्रकार की गति आदि का रहना कायस्थिति कहा जाता है, किन्तु स्थिति अध्ययन में कायस्थिति एवं भवस्थिति का प्रयोग आयुष्यकर्म की स्थिति के अर्थ में हुआ है। देवों एवं नारकियों की भवस्थिति कही गई है तथा मनुष्यों और पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिकों की कायस्थिति कही गई है।[1] किन्तु एक भव की दृष्टि से चौबीस ही दण्डकों के जीवों की स्थिति का निरूपण करना स्थिति अध्ययन का लक्ष्य रहा है।

आहार

जीव जिन पुद्गलों को शरीर, इन्द्रिय आदि के निर्माण एवं संचालन हेतु ग्रहण करता है, उन्हें आहार कहते हैं। ग्रहण करने की विधि के आधार पर आहार चार प्रकार का निरूपित है–(१) लोमाहार, (२) प्रक्षेपाहार (कवलाहार), (३) ओजाहार और (४) मनोभक्षी आहार। लोमों या रोमों के द्वारा आहार योग्य पुद्गलों को ग्रहण करना लोमाहार है। कवल या ग्रास के रूप में आहार ग्रहण करना कवलाहार कहा जाता है। सम्पूर्ण शरीर के द्वारा आहार योग्य पुद्गलों को ग्रहण करना ओजाहार है। यह ओजाहार जीव के द्वारा जन्म ग्रहण करते समय अपर्याप्तक अवस्था में एक बार ही किया जाता है। मन के द्वारा आहार करना मनोभक्षी आहार कहलाता है। मनोभक्षी आहार केवल देवों में उपलब्ध होता है। लोमाहार सभी चौबीस दण्डकों के जीव करते हैं। प्रक्षेपाहार द्वीन्द्रिय से लेकर मनुष्य तक के औदारिकशरीरी जीव करते हैं। नैरयिक एवं देवगति के देव वैक्रियशरीरी होने के कारण कवलाहार नहीं करते हैं। एकेन्द्रिय जीवों के मुख नहीं होता, अतः वे भी कवलाहार नहीं करते हैं।

चार स्थितियों में जीव आहार ग्रहण नहीं करता है–(१) विग्रहगति में, (२) केवली समुद्घात के समय, (३) शैलेशी अवस्था में एवं (४) सिद्ध होने पर। केवली के कवलाहार को लेकर दिगम्बर एवं श्वेताम्बर मान्यता में भेद है। दिगम्बर मान्यता के अनुसार केवली कवलाहार नहीं करते हैं, जबकि श्वेताम्बर मान्यता के अनुसार कवलाहार एवं केवलज्ञान में परस्पर कोई विरोध नहीं है, इसलिए केवली भी कवलाहार ग्रहण करते हैं। श्वेताम्बर दार्शनिक वादिदेवसूरि ने प्रतिपादित किया है कि कवलाहार ग्रहण करने से केवली असर्वज्ञ नहीं हो जाता, क्योंकि कवलाहार एवं सर्वज्ञता में परस्पर कोई विरोध नहीं है।[2]

शरीर

जब तक जीव आठ कर्मों से मुक्त नहीं होता है तब तक उसका शरीर के साथ सम्बन्ध बना रहता है। यह जीव एवं शरीर का अनादि सम्बन्ध है। संसारी जीव सशरीरी होते हैं तथा सिद्ध जीव अशरीरी होते हैं। शरीर की प्राप्ति नामकर्म से होती है। जब तक नामकर्म शेष है तब तक शरीर की प्राप्ति होती रहती है। शरीर पाँच प्रकार के हैं–(१) औदारिक, (२) वैक्रिय, (३) आहारक, (४) तेजस् और (५) कार्मण। प्रधान या उदार पुद्गलों से निर्मित शरीर औदारिक कहलाता है। विविध और विशेष प्रकार की क्रियाएँ करने में सक्षम शरीर वैक्रिय कहा जाता है। आहारकलब्धि से निर्मित शरीर आहारक शरीर होता है। आहार के पाचन में सहायक तथा तेजोलेश्या की उत्पत्ति का आधार शरीर तेजस् कहलाता है। यह तेजस् पुद्गलों से बना होता है। कार्मण पुद्गलों से निर्मित शरीर कार्मण कहलाता है। इन पाँच शरीरों में से तेजस् और कार्मण शरीर सभी संसारी जीवों में पाये जाते हैं। ये दोनों शरीर जीव में तब भी विद्यमान होते हैं जब वह एक काया को छोड़कर दूसरी काया को धारण करने के बीच विग्रहगति में होता है। औदारिकशरीर तिर्यञ्चगति के एकेन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय तक के सभी जीवों में एवं मनुष्यों में पाया जाता है। वैक्रियशरीर नैरयिकों एवं देवों में जन्म से होता है तथा मनुष्य एवं संज्ञी तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय को विशेष लब्धि से प्राप्त होता है। नैरयिक एवं देवों को जन्म से प्राप्त होने वाले वैक्रियशरीर को औपपातिक कहा गया है तथा तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय एवं मनुष्य को प्राप्त होने वाले वैक्रियशरीर को लब्धिप्रत्यय कहा गया है। विभिन्न विक्रियाएँ करने के कारण बादर वायुकाय के जीवों में भी वैक्रियशरीर माना गया है। आहारकशरीर मात्र प्रमत्तसंयत गुणस्थानवर्ती चौदह पूर्वधारी मनुष्यों में पाया जाता है। पाँच शरीरों में कार्मणशरीर अगुरुलघु है तथा शेष चार शरीर गुरुलघु हैं। शरीर की उत्पत्ति जीव के उत्थान, कर्म, बल, वीर्य एवं पुरुषाकार पराक्रम के निमित्त से होती है।

संहनन एवं संस्थान की विषय-वस्तु भी शरीर से सम्बद्ध है। इसलिए शरीर अध्ययन में इनके सम्बन्ध में भी सामग्री सन्निहित है।

विकुर्वणा

विकुर्वणा प्रायः वैक्रियशरीर के माध्यम से की जाती है। विकुर्वणा का अर्थ है विभिन्न प्रकार के रूप, आकार आदि की रचना करना। भावितात्मा अनगार, देव, नैरयिक, वायुकायिक जीव एवं बलाहक प्रायः इस प्रकार की विकुर्वणा करते हैं। विकुर्वणा या विक्रिया मुख्यतः तीन प्रकार की होती है–(१) बाह्य पुद्गलों को ग्रहण करके की जाने वाली, (२) बाह्य पुद्गलों को ग्रहण किए बिना की जाने वाली तथा (३) बाह्य पुद्गलों को ग्रहण करके एवं ग्रहण न करके की जाने वाली विकुर्वणा। विकुर्वणा के तीन भेद आन्तरिक पुद्गलों को ग्रहण करने, ग्रहण न करने एवं मिश्रित स्थिति से भी बनते हैं। जब बाह्य एवं आन्तरिक दोनों प्रकार के पुद्गलों को ग्रहण करने, ग्रहण न करने एवं मिश्रित होने की स्थिति बनती है तब भी विक्रिया के तीन भेद बनते हैं। विकुर्वणा के लिए वर्ण, गंध, रस एवं स्पर्श से युक्त पुद्गलों की आवश्यकता होती है।

भावितात्मा अनगार विभिन्न रूपों की विकुर्वणा कर सकता है। वह अश्व, हाथी, सिंह, बाघ आदि का रूप बनाकर अनेक योजन तक

---

१. द्रव्यानुयोग, भाग १, पृ. २८७

२. न च कवलाहारवत्त्वेन तस्यासर्वज्ञत्वं, कवलाहारसर्वज्ञत्वयोरविरोधात्। —*प्रमाणनयतत्त्वालोक* २/२७

गमन कर सकता है। यही नहीं वह ग्राम, नगर आदि के रूपों की भी विकुर्वणा कर सकता है। उल्लेखनीय है कि भावितात्मा अनगार में विभिन्न विकुर्वणाओं को करने का सामर्थ्य होते हुए भी वे कभी इस प्रकार की विकुर्वणाएँ नहीं करते हैं। जो विकुर्वणाएँ की जाती हैं, उन्हें मायी अनगार करता है, अमायी अनगार नहीं। असंवृत अनगार एक वर्ण का दूसरे वर्ण में, एक रस का दूसरे रस आदि में परिणमन करने में समर्थ हैं।

देव दो प्रकार के हैं–(१) मायी मिथ्यादृष्टि उपपन्नक एवं (२) अमायी सम्यग्दृष्टि उपपन्नक। इनमें अमायी सम्यग्दृष्टि उपपन्नक देव यथेच्छ विकुर्वणा कर सकते हैं, किन्तु मायी मिथ्यादृष्टि देव यथेच्छ विकुर्वणा नहीं कर पाते। मायी मिथ्यादृष्टि देव यदि ऋजु रूप की विकुर्वणा करना चाहते हैं तो वक्ररूप की विकुर्वणा हो जाती है और जब वे वक्ररूप की विकुर्वणा करना चाहते हैं तो ऋजुरूप की विकुर्वणा हो जाती है। अमायी सम्यग्दृष्टि उपपन्नक देव के साथ ऐसा नहीं होता। वह जब जिस रूप की विकुर्वणा करना चाहता है तब उसी रूप की विकुर्वणा हो जाती है। महर्द्धिक देव एकरूप यावत् अनेक रूपों की विकुर्वणा कर सकते हैं। ये हजारों रूपों की विकुर्वणा करके परस्पर एक-दूसरे के साथ संग्राम करने में समर्थ हैं, किन्तु वैक्रियकृत वे शरीर एक ही जीव के साथ सम्बद्ध होते हैं। नैरयिकों में प्रथम नरक से लेकर पंचम नरक तक के नैरयिक एक रूप की भी विकुर्वणा करते हैं और अनेक रूपों की भी विकुर्वणा करते हैं। विकुर्वणा करने से उनकी वेदना की उदीरणा होती है। छठी एवं सातवीं नरक के नैरयिक गोबर के कीड़ों के समान बहुत बड़े वज्रमय मुख वाले रक्तवर्ण कुंथुओं के रूपों की विकुर्वणा करते हैं। वायुकाय के जीव एवं बलाहक (मेघ पंक्ति) भी अपने सामर्थ्य के अनुसार विकुर्वणा करते हैं।

विकुर्वणा आत्म-कर्म एवं आत्म-प्रयोग से होती है, पर-कर्म एवं पर-प्रयोग से नहीं। सम्यग्दृष्टि देवों में नवग्रैवेयक एवं पाँच अनुत्तरविमानवासी देव अनेकविध विकुर्वणा करने में समर्थ होते हुए भी विकुर्वणा नहीं करते हैं।

इन्द्रिय

इन्द्र का अर्थ है आत्मा। जो आत्मा (इन्द्र) का लिंग है वह इन्द्रिय है। इन्द्रियाँ व्यावहारिक दृष्टि से आभिनिबोधिक ज्ञान में सहायभूत होती हैं। श्रुतज्ञान आभिनिबोधिक (मति) ज्ञानपूर्वक होता है, इसलिए श्रुतज्ञान में भी इन्द्रियों को निमित्त माना जा सकता है। जैनदर्शन में 'इन्द्रिय' शब्द से मन का ग्रहण नहीं होता है। मन इसीलिए अनिन्द्रिय या नोइन्द्रिय कहा गया है। इन्द्रियाँ पाँच प्रकार की हैं–(१) श्रोत्रेन्द्रिय, (२) चक्षु-इन्द्रिय, (३) घ्राणेन्द्रिय, (४) रसनेन्द्रिय और (५) स्पर्शनेन्द्रिय। ये पाँचों इन्द्रियाँ ज्ञानेन्द्रियों के नाम से जानी जाती हैं। जैनेतरदर्शनों में पाँच कर्मेन्द्रियाँ भी स्वीकार की गई हैं, यथा–(१) पाणि (हाथ), (२) पाद (पैर), (३) पायु, (४) उपस्थ एवं (५) वाक्। जैनदर्शन में कर्मेन्द्रियों का अलग से कहीं उल्लेख नहीं हुआ है, किन्तु इनका समावेश शरीर के अंगोपांगों में हो जाता है। पाँच ज्ञानेन्द्रियों में श्रोत्र से शब्द का, चक्षु से रूप का, घ्राण से गन्ध का, जिह्वा से रस का तथा स्पर्शनेन्द्रिय से स्पर्श का ज्ञान होता है। वर्णादि के भेदों के आधार पर पाँच इन्द्रियों के २३ विषय और २४० विकार माने जाते हैं। शब्द एवं रूप विषय को आगम में काम कहा गया है तथा गन्ध, रस एवं स्पर्श को भोग कहा गया है। पाँचों को मिलाकर काम-भोग कहा जाता है। पाँच इन्द्रियों में चक्षु को छोड़कर शेष चार इन्द्रियाँ प्राप्यकारी हैं अर्थात् वे विषयों के स्पृष्ट होने पर ही उनका ज्ञान कराती हैं, अन्यथा नहीं। जबकि चक्षु-इन्द्रिय एवं मन को अप्राप्यकारी माना गया है, क्योंकि ये विषयों से अस्पृष्ट रहकर ही उनका ज्ञान करा देते हैं। न्याय-वैशेषिकदर्शन में चक्षु को भी प्राप्यकारी माना गया है तथा बौद्धदर्शन में चक्षु एवं श्रोत्र दो इन्द्रियों को अप्राप्यकारी कहा गया है।

पाँचों प्रकार की इन्द्रियाँ द्रव्य एवं भाव के भेद से दो-दो प्रकार की होती हैं। आगम में द्रव्येन्द्रिय के आठ भेद प्रतिपादित हैं–दो श्रोत्र, दो नेत्र, दो घ्राण, एक जिह्वा और एक स्पर्शन। भावेन्द्रिय पाँच प्रकार की कही गई हैं–श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, जिह्वा और स्पर्शन। तत्त्वार्थसूत्र में इन्द्रिय के द्रव्य एवं भाव भेद करते समय द्रव्येन्द्रिय के दो प्रकार कहे गए हैं–(१) निर्वृत्ति एवं (२) उपकरण।[1] निर्वृत्ति का अर्थ है रचना। निर्माण नामकर्म एवं अंगोपांग नामकर्म के फलस्वरूप विशिष्ट पुद्गलों से इन्द्रिय की रचना होना निर्वृत्ति द्रव्येन्द्रिय है। यह इन्द्रिय का आकार मात्र होता है। उपकरण द्रव्येन्द्रिय निर्वृत्ति का उपघात नहीं होने देती तथा उसकी स्थिति आदि में सहायता करती है। भावेन्द्रिय भी दो प्रकार की होती हैं–(१) लब्धि और (२) उपयोग।[2] लब्धि का अर्थ है जानने की शक्ति। जानने की शक्ति ज्ञानावरणकर्म के क्षयोपशम से प्राप्त होती है। उपयोग का तात्पर्य है जानने की शक्ति का व्यापार।

जिस जीव में जितनी इन्द्रियाँ पायी जाती हैं, वह जीव उसी नाम से पुकारा जाता है, यथा–जिस जीव में एक स्पर्शनेन्द्रिय पायी जाती है उसे एकेन्द्रिय; जिसमें स्पर्श एवं रसना ये दो इन्द्रियाँ पायी जाती हैं उसे द्वीन्द्रिय; जिसमें स्पर्शन, रसना एवं घ्राण ये तीन इन्द्रियाँ पायी जाती हैं उसे त्रीन्द्रिय; जिसमें चक्षु सहित चार इन्द्रियाँ पायी जाती हैं उसे चतुरिन्द्रिय एवं जिसमें श्रोत्र सहित पाँचों इन्द्रियाँ पायी जाती हैं उस जीव को पंचेन्द्रिय कहा जाता है।

हमें जो पाँच इन्द्रियाँ प्राप्त हुई हैं वे वस्तुतः ज्ञानेन्द्रियों के रूप में प्राप्त हुई हैं, किन्तु उन्हें हम भोगेन्द्रियों के रूप में अधिक प्रयोग कर रहे हैं। इन्द्रियों से न केवल शब्दादि को जानते हैं अपितु उनसे भोग में अधिक प्रवृत्त होते हैं।

उच्छ्वास

संसारस्थ प्राणी में कम से कम चार प्राण आवश्यक रूप से पाए जाते हैं–(१) स्पर्शनेन्द्रियबलप्राण, (२) कायबलप्राण, (३) श्वासोच्छ्वास

---

१. निर्वृत्त्युपकरणे द्रव्येन्द्रियम्। –*तत्त्वार्थसूत्र २/१७*

२. लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम्। –*वही २/१८*

और (४) आयुष्य। इन चार प्राणों में श्वासोच्छ्वास को भी प्राण की श्रेणी में लिया गया है। आधुनिक विज्ञान में भी श्वसन क्रिया को सजीवता का एक आधार माना गया है। आगम में भी चारों गतियों के पर्याप्तक जीवों में श्वासोच्छ्वास प्राण को अनिवार्य माना गया है। आगम में श्वसन क्रिया को प्रतिपादित करने वाले आन, प्राण, उच्छ्वास एवं निःश्वास शब्दों का प्रयोग हुआ है। सभी जीव ये चार क्रियाएँ करते हैं। उनमें स्वाभाविक रूप से श्वास ग्रहण करने की क्रिया को आन एवं छोड़ने की क्रिया को प्राण कह सकते हैं तथा ऊँचा श्वास लेने एवं श्वास बाहर निकालने को उच्छ्वास एवं निःश्वास कहा जा सकता है। कुल मिलाकर ये चारों शब्द श्वसन क्रिया को ही अभिव्यक्त करते हैं। यह श्वसन क्रिया मनुष्यों, पशुओं, पक्षियों, कीड़ों-मकोड़ों आदि प्राणियों में तो हमें स्पष्ट दिखाई देती है, किन्तु आगम के अनुसार वैक्रिय शरीरधारी नैरयिकों एवं देवों में भी निरन्तर श्वसन क्रिया चलती रहती है। भगवान महावीर से उनके प्रमुख शिष्य इन्द्रभूति गौतम ने प्रश्न किया कि द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय जीवों में होने वाले आन, प्राण एवं श्वासोच्छ्वास को तो हम जानते-देखते हैं, किन्तु पृथ्वीकाय से वनस्पतिकाय पर्यन्त के एकेन्द्रिय जीव में आन, प्राण एवं श्वासोच्छ्वास होता है या नहीं? भगवान ने उत्तर दिया–हे गौतम ! ये पृथ्वीकायिकादि एकेन्द्रिय जीव भी श्वासोच्छ्वास करते हैं। इनमें भी आन-प्राण एवं उच्छ्वास-निःश्वास की क्रियाएँ होती हैं। आधुनिक विज्ञानवेत्ता वनस्पति में श्वसन क्रिया सिद्ध करने में सफल हो गए हैं, किन्तु पृथ्वीकायिकादि जीवों में श्वसन क्रिया सिद्ध करना उनके लिए अभी शेष है। महावीर की दृष्टि में पृथ्वीकायिकादि सभी जीव श्वसन क्रिया करते हैं। पृथ्वीकायिकादि जीव एकेन्द्रियों को ही श्वासोच्छ्वास के रूप में ग्रहण करते हैं।[1] नैरयिक जीव श्वासोच्छ्वास के रूप में अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय एवं अमनोज्ञ पुद्गलों को ग्रहण करते हैं तो देव इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ आदि पुद्गलों को ग्रहण करते हैं। तिर्यञ्चगति के जीवों एवं मनुष्यों के द्वारा श्वासोच्छ्वास में क्या ग्रहण किया जाता है, इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं है, किन्तु ये भी वर्ण, गंध, रस एवं स्पर्श से युक्त पुद्गलों को ही श्वास-प्रश्वास के रूप में ग्रहण करते हों और छोड़ते हों ऐसा सम्भव है। विज्ञान की मान्यता के अनुसार मनुष्यादि जीव ऑक्सीजन गैस को श्वास रूप में ग्रहण करते हैं तथा कार्बन डाइऑक्साइड गैस को निकालते हैं। विज्ञान की दृष्टि से ये दोनों वायु हैं, किन्तु सजीव हैं या निर्जीव, यह एक प्रश्न उठता है, दूसरा प्रश्न यह भी उठता है कि मनुष्यादि जीव श्वास के रूप में वायु के माध्यम से पुद्गलों को ग्रहण करते हैं या वायु को अथवा दोनों को? यह विचारणीय है। श्वासोच्छ्वास क्रिया का काल चौबीस दण्डक के जीवों में अलग-अलग है।

भाषा

द्वीन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय तक के पर्याप्तक जीवों में भाषा का प्रयोग होता है। भाषा पर्याप्ति पूर्ण कर लेने पर इन जीवों में अपनी बात कहने की क्षमता प्राप्त हो जाती है। भाषा का प्रयोग हमें मनुष्यों में जिस प्रकार प्रभावशाली ढंग से होता दिखाई देता है उतना अन्य जीवों में नहीं। पशु-पक्षियों में भी हमें यत्किंचित् भाषा का प्रयोग दिखाई देता है, किन्तु लट, चींटी, मक्खी जैसे विकलेन्द्रियों में तो इसके प्रयोग का हमें कोई साक्षात् बोध नहीं होता है, किन्तु आगम उनमें भी भाषा का व्यवहार स्वीकार करता है। चींटियों में ऐसा व्यवहार अनुमित भी होता है। जो सहयोग एवं सहकर्मिता उनमें देखने को मिलती है वह बिना भाषा-व्यवहार के सम्भव नहीं है।

भाषा में शब्दों का प्रयोग होता है। जैसे शब्द पौद्गलिक हैं वैसे भाषा भी पौद्गलिक हैं। जैनागमों के अनुसार भाषा का मूल कारण जीव है। जीव जब भाषावर्गणा के पुद्गलों को ग्रहण करता है तभी वह उन्हें भाषा के रूप में अभिव्यक्त करता है। भाषा की उत्पत्ति शरीर से मानी गई है तथा उसका आकार वज्र की भाँति स्वीकार किया गया है। भाषा का अन्त लोकान्त में होता है, अर्थात् भाषा के पुद्गल लोक के अन्त तक पहुँच सकते हैं। ऐसा होने पर भी जैनों ने भाषा को नित्य नहीं माना है। भाषा लोकान्त तक पहुँचकर अथवा संख्यात योजनों तक जाकर विध्वंस को प्राप्त हो जाती है।

भाषा के सम्बन्ध में दार्शनिकों ने गहन विचार किया है। मीमांसक एवं वैयाकरण शब्द को नित्य मानते हैं। बौद्धदार्शनिक शब्द को अनित्य एवं कृतक मानते हैं। वाक्यपदीप में भर्तृहरि ने शब्द को ब्रह्मरूप प्रतिपादित किया है, यथा–

"अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम्।
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः॥"[2]

अर्थात् शब्दतत्त्व अनादिनिधन, अक्षर एवं ब्रह्मरूप है। उससे ही जगत् की अर्थरूप में परिणति होती है। काव्यादर्श में दण्डी ने शब्द के महत्त्व पर इस प्रकार प्रकाश डाला है–

"इदमन्धतमः कृत्स्नं जायेत भुवनत्रयम्।
यदि शब्दाह्वयं ज्योतिरासंसारान्न दीप्यते॥"[3]

अर्थात् यदि संसार में शब्द नामक ज्योति प्रदीप्त नहीं होती तो समस्त संसार गहन अंधकारमय हो जाता। शब्द से हमारा समस्त व्यवहार होता है, इसलिए उसके अभाव में संसार अंधकारमय है।

सर्वार्थसिद्धि में शब्द को दो प्रकार का बतलाया है–(१) भाषात्मक और (२) अभाषात्मक। अभाषात्मक शब्द अचेतन जड़ से उत्पन्न होते हैं। ये दो प्रकार के होते हैं–(१) प्रायोगिक एवं (२) वैस्रसिक। जो शब्द बादलों के गर्जन की भाँति बिना प्रयत्न के उत्पन्न होते हैं वे वैस्रसिक शब्द हैं तथा जो शब्द प्रयत्न द्वारा उत्पन्न होते हैं वे प्रायोगिक शब्द कहलाते हैं। वीणा, घण्टा आदि के शब्द इस दृष्टि से प्रायोगिक हैं। प्रायोगिक शब्द के पाँच प्रकार कहे गए हैं–(१) तत, (२) वितत, (३) घन, (४) शुषिर और (५) संघर्ष। भाषात्मक शब्द भी दो प्रकार का होता है–(१) साक्षर और (२) अनक्षर। अक्षरयुक्त शब्द साक्षर हैं तथा द्वीन्द्रियादि जीवों के द्वारा कहे गए शब्द अनक्षर हैं।

---

१. द्रव्यानुयोग, भाग १, पृ. ५१५
२. वाक्यपदीप १/१
३. काव्यादर्श १/४

व्याकरणदर्शन में शब्द के चार प्रकार या अवस्थाएँ हैं–(१) परा, (२) पश्यन्ती, (३) मध्यमा और (४) वैखरी। उच्चारण के पूर्व शब्दतत्त्व अपनी मूल अवस्था में रहता है। उसी शब्दतत्त्व को भर्तृहरि ने अनादि, अक्षर ब्रह्म कहा है। इसे विद्वानों ने परावाणी कहा है। पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी वाक् इसी के विवर्त हैं। वक्ता की विवक्षा के प्रयत्न से सूक्ष्म स्पन्दन उत्पन्न होता है। इस स्थिति में ज्ञात या अनुभूत अर्थ और शब्द का योग होता है। वाणी की यह स्थिति 'पश्यन्ती' है। नाभिदेशस्थ पश्यन्ती वाणी जब प्राणवायु से उद्वेजित होकर हृदयाकाश में आ जाती है तो उसे मध्यमा वाणी कहा जाता है। लोक-व्यवहार में जिस ध्वन्यात्मक शब्द का प्रयोग किया जाता है वह वैखरी वाणी है। श्रोत्र के द्वारा वैखरी भाषा को ही सुना जाता है।

जैनागमों में जिस भाषा का वर्णन प्राप्त है वह व्याकरणदर्शन की वैखरी वाक् ही है। भाषा के लिए कहा गया है कि भाषा जब बोली जाती है तभी वह भाषा कहलाती है, उसके पूर्व एवं पश्चात् नहीं।

जैनदर्शन के अनुसार भाषा के मुख्यतः चार प्रकार हैं–(१) सत्य, (२) मृषा, (३) सत्यामृषा (मिश्र) और (४) असत्यामृषा (व्यवहार) भाषा। सत्य भाषा जनपद सत्य, सम्मत सत्य आदि के भेद से १० प्रकार की कही गई है। मृषा भाषा के भी क्रोधनिसृता, माननिसृता आदि दस प्रकार हैं। सत्यामृषा के उत्पन्न मिश्रिता आदि दस तथा असत्यामृषा के आमंत्रणी आदि बारह भेद प्रतिपादित हैं। इनमें से केवली दो ही प्रकार की भाषा बोलते हैं–(१) सत्य और (२) असत्यामृषा।

जैन आगमों में भाषाविषयक चिन्तन समृद्ध है, जो आधुनिक भाषाविदों के लिए भी अध्ययन की उपयोगी सामग्री प्रस्तुत करता है। आगमों की मान्यता है कि जीव भाषावर्गणा के जिन द्रव्यों को सत्य भाषा के रूप में ग्रहण करता है, वह उन्हें सत्य भाषा के रूप में निकालता है। जिन द्रव्यों को वह मृषा भाषा के रूप में ग्रहण करता है, उन्हें मृषा भाषा के रूप में निकालता है। इसी प्रकार सत्यामृषा एवं असत्यामृषा भाषा के रूप में द्रव्यों को ग्रहण करने पर क्रमशः उन्हीं भाषाओं के रूप में उन द्रव्यों को निकालता है।

योग-प्रयोग

योग एवं प्रयोग में बहुत सूक्ष्म भेद है। मन, वचन एवं काया की प्रवृत्ति को जहाँ योग कहा गया है वहाँ योग के साथ जीव के व्यापार का जुड़ जाना प्रयोग है।

मन, वचन एवं काया के कारण जीव के प्रदेशों में जो स्पन्दन या हलचल होती है उसे भी योग कहा गया है। योगदर्शन में 'योग' शब्द का प्रयोग 'चित्त की वृत्तियों के निरोध' अर्थ में हुआ है।[1] भगवद्गीता में कर्म के कौशल को योग कहा गया है।[2] योग एक प्रकार से समाधि के अर्थ में भी प्रयुक्त हुआ है। जैनाचार्यों ने योग का समाधि अर्थ स्वीकार करते हुए योगविषयक ग्रन्थों की रचना की है किन्तु आगम में योग का अर्थ समाधि नहीं है। आगम में तो मन, वचन एवं काया की प्रवृत्ति को योग कहा गया है। यह योग कर्मबन्ध में निमित्त बनता है। विशेषतः प्रकृतिबंध एवं प्रदेशबंध में योग को निमित्त माना गया है।

योग एवं प्रयोग में जो स्पष्ट भेद है वह यह कि प्रयोग में जीव के व्यापार की प्रधानता होती है जबकि योग में मन, वचन एवं काया के व्यापार की प्रधानता होती है।[3]

योग के जिस प्रकार तीन एवं पन्द्रह भेद हैं उसी प्रकार प्रयोग के भी वे ही तीन एवं पन्द्रह भेद हैं। तीन भेद हैं–(१) मन, (२) वचन और (३) काया। पन्द्रह में इनका ही विस्तार है। तदनुसार मन के ४, वचन के ४ और काया के ४ भेदों की गणना होती है। मन के ४ भेद हैं–सत्य, मृषा, सत्यामृषा एवं असत्यामृषा। वचन के भी इसी प्रकार सत्य, मृषा, सत्यामृषा एवं असत्यामृषा भेद होते हैं। काया के ७ भेद हैं–(१) औदारिकशरीरकाय, (२) औदारिकमिश्रकाय, (३) वैक्रियशरीरकाय, (४) वैक्रियमिश्रकाय, (५) आहारकशरीरकाय, (६) आहारकमिश्रशरीरकाय और (७) कार्मणशरीरकाय।

मनोवर्गणा के पुद्गलों को ग्रहण कर उन्हें मनरूप में परिणत करना तथा चिन्तन-मनन करना मनोयोग है। भाषावर्गणा के पुद्गलों को ग्रहण कर वस्तु स्वरूप का कथन करना, बोलना वचनयोग है। औदारिक आदि शरीरों से हलन-चलन, संक्रमण आदि क्रियाएँ करना काययोग है। मन आत्मा से भिन्न, रूपी एवं अचित्त है। वह अजीव होकर भी जीवों के होता है, अजीवों के नहीं। व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र में मन के सम्बन्ध में एक उल्लेखनीय तथ्य आया है कि मनन करते समय ही मन 'मन' कहलाता है उसके पूर्व एवं पश्चात् नहीं।[4]

मन, वचन एवं काया की प्रवृत्ति के आधार पर दण्ड भी तीन प्रकार के कहे गए हैं–(१) मनोदण्ड, (२) वचनदण्ड और (३) कायदण्ड। गुप्ति भी तीन प्रकार की कही गई है–(१) मनोगुप्ति, (२) वचनगुप्ति, और (३) कायगुप्ति।

द्रव्यानुयोग के प्रयोग अध्ययन में गतिप्रपात का भी समावेश किया गया है। इसके अन्तर्गत पाँच प्रकार की गतियों का निरूपण हुआ है, यथा–(१) प्रयोगगति (२) ततगति, (३) बन्धछेदनगति, (४) उपपातगति और (५) विहायोगति। विहायोगति के अन्तर्गत १७ प्रकार की गति का निरूपण है जिनमें स्पृशद्गति, अस्पृशद्गति आदि की गणना की गई है। गति का यह वर्णन वैज्ञानिकों के लिए शोध का विषय है। विशेषतः अस्पृशद्गति का वर्णन आश्चर्यजनक है जिसके अनुसार परमाणु पुद्गलों से लेकर अनन्तप्रदेशी स्कन्धों को परस्पर स्पर्श किए बिना होने वाली गति को अस्पृशद्गति कहा गया है। स्पृशद्गति के उदाहरण तो आधुनिक विज्ञान में उपलब्ध हैं, यथा–रेडियो, दूरदर्शन आदि की तरंगें स्पृशद्गति वाली हैं, किन्तु अस्पृशद्गति का तथ्य शोध का विषय है।

---

१. योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः। *–योगसूत्र १/२*

२. योगः कर्मसु कौशलम्।

३. साध्वी डॉ. मुक्तिप्रभा जी ने अपने शोधप्रबन्ध 'योग-प्रयोग-अयोग' में योग एवं प्रयोग के भिन्न अर्थों को ग्रहण किया है।

४. द्रव्यानुयोग, भाग १, पृ. ५४०

उपयोग-पासणया

आगमों में ज्ञान एवं दर्शन को उपयोग कहा गया है। ज्ञान को साकार उपयोग एवं दर्शन को निराकार उपयोग कहा जाता है। ये दोनों उपयोग जीव के लक्षण हैं। साकारोपयोग के पाँच ज्ञान और तीन अज्ञान के आधार पर आठ भेद किये जाते हैं, यथा– (१) आभिनिबोधिकज्ञान, (२) श्रुतज्ञान, (३) अवधिज्ञान, (४) मनःपर्यवज्ञान, (५) केवलज्ञान, (६) मत्यज्ञान, (७) श्रुतअज्ञान और (८) विभंगज्ञान। अनाकारोपयोग के चार भेद हैं–(१) चक्षुदर्शन, (२) अचक्षुदर्शन, (३) अवधिदर्शन और (४) केवलदर्शन।

अजीव द्रव्य भी दो प्रकार के होते हैं–(१) रूपी अजीव द्रव्य और (२) अरूपी अजीव द्रव्य। जो द्रव्य वर्ण, गंध, रस, स्पर्श एवं संस्थान (आकृति) से युक्त होते हैं वे रूपी अजीव द्रव्य कहलाते हैं तथा जो अजीव द्रव्य वर्णादि से रहित होते हैं वे अरूपी अजीव द्रव्य कहे जाते हैं। अरूपी अजीव द्रव्यों में धर्म, अधर्म, आकाश एवं काल द्रव्य की गणना होती है तथा रूपी अजीव द्रव्य की कोटि में मात्र पुद्गल द्रव्य का समावेश होता है। पुद्गल द्रव्य में वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श एवं संस्थान पाया जाता है इसलिए यह रूपी कहलाता है तथा शेष धर्म, अधर्म, आकाश एवं काल द्रव्यों में वर्णादि नहीं पाये जाते इसलिए वे अरूपी कहलाते हैं।[1]

पुद्गल

समस्त जगत् में जो कुछ भी दृश्यमान है अथवा इन्द्रियों द्वारा ग्राह्य है वह सब पुद्गल है। षड्द्रव्यों में यही एक ऐसा द्रव्य है जो मूर्त या रूपी है। तत्त्वार्थसूत्र में पुद्गल का लक्षण इस प्रकार दिया गया है–"**स्पर्शरसगन्धवर्णवन्तः पुद्गलाः।**"[2] अर्थात् जो स्पर्श, रस, गन्ध एवं वर्ण से युक्त हैं वे पुद्गल हैं। पुद्गल द्रव्यों की कुछ पर्यायें और भी हैं,[3] जिन्हें भी पुद्गल के अन्तर्गत ही सम्मिलित किया जाता है। वे पर्यायें उत्तराध्ययनसूत्र में शब्द, अंधकार, उद्योत, प्रभा, छाया एवं आतप के रूप में कही गई हैं तथा तत्त्वार्थसूत्र में बंध, सूक्ष्मता, स्थूलता, संस्थान एवं भेद से युक्त को भी पुद्गल कहा गया है।[4]

जो इन्द्रियगोचर होता है वह पुद्गल ही होता है, किन्तु पुद्गल के परमाणु, द्विप्रदेशी स्कन्ध आदि ऐसे सूक्ष्म अंश भी हैं, जिन्हें इन्द्रियों से नहीं जाना जा सकता। तथापि इनमें वर्ण, गन्ध, रस एवं स्पर्श की उपलब्धि के कारण इन्हें पुद्गल ही कहा जाता है। इन्हें अवधिज्ञान, मनःपर्यायज्ञान अथवा केवलज्ञान से जाना जाता है।

पुद्गल का एक निरुक्तिपरक अर्थ यह किया जाता है कि जो पूरण एवं गलन अवस्था को प्राप्त हो वह पुद्गल है। संघात से यह पूरण अवस्था को तथा भेद से गलन अवस्था को प्राप्त होता है। एक अन्य परिभाषा के अनुसार जीव जिन्हें शरीर, आहार, विषय, इन्द्रिय आदि के रूप में ग्रहण करता है, वे पुद्गल हैं।

---

१. अजीव द्रव्य के सम्बन्ध में इस प्रस्तावना में द्रव्य, अस्तिकाय, पर्याय, परिणाम, जीवाजीव एवं पुद्गल शीर्षक द्रष्टव्य हैं।

२. (i) तत्त्वार्थसूत्र ५/२३
(ii) रूपिणः पुद्गलाः। –५/३ सूत्र भी उपलब्ध है।

३. उत्तराध्ययनसूत्र २८/१२, द्रव्यानुयोग, पृ. १८७१

४. शब्दबन्धसौक्ष्म्यस्थौल्यसंस्थानभेदतमश्छायातपोद्योतवन्तश्च। –*तत्त्वार्थसूत्र ५/२४*

पुद्गल के मुख्यतः दो भेद हैं–(१) परमाणु या अणु और (२) स्कन्ध। किसी अपेक्षा से पुद्गल के चार भेद भी प्रतिपादित हैं–(१) स्कन्ध, (२) स्कन्ध देश, (३) स्कन्ध प्रदेश और (४) परमाणु। अनेक परमाणुओं का संघात स्कन्ध कहलाता है। पुद्गल द्रव्य का वह प्रत्येक खण्ड जो स्वतन्त्र सत्तावान् है वह स्कन्ध है, यथा–ईंट, पत्थर, कुर्सी, टेबल आदि। एक से अधिक स्कन्ध मिलकर भी एक नया स्कन्ध बन सकता है, यथा–अनेक पत्थरों से मिलकर बनी दीवार। स्कन्ध का जब विभाजन होता है तो वह अनेक परमाणुओं में विभक्त हो सकता है, किन्तु जब तक परमाणु की अवस्था नहीं आती तब तक वह स्कन्धों में ही विभक्त होता है। इस प्रकार स्वतन्त्र सत्ता की दृष्टि से स्कन्ध एवं परमाणु भेद ही उपलब्ध होते हैं। देश एवं प्रदेश भेद बुद्धि-परिकल्पित हैं, वास्तविक नहीं। जब स्कन्ध का कोई खण्ड बुद्धि से कल्पित किया जाता है तो उसे देश कहते हैं, यथा–पृथ्वी स्कन्ध का बुद्धिकल्पित देश 'भारत' है। कोई टेबल एक स्कन्ध है, उसका एक हिस्सा जो उससे अलग नहीं हुआ है वह उस टेबल-स्कन्ध का देश कहलाता है। स्कन्ध से अविभक्त परमाणु को प्रदेश कहते हैं। जब वह स्कन्ध से पृथक् हो जाता है तो 'परमाणु' कहा जाता है। यह पुद्गल का अविभाज्य अंश होता है। पुद्गल को स्कन्ध की अपेक्षा भिदुर स्वभाव वाला तथा परमाणु की अपेक्षा अभिदुर स्वभाव वाला कहा जाता है। इन्द्रियग्राह्य पुद्गल बादर एवं शेष सूक्ष्म हैं।

वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श एवं संस्थान में परिणमित होने की दृष्टि से पुद्गल पाँच प्रकार का होता है–(१) वर्णपरिणत, (२) गन्धपरिणत, (३) रसपरिणत, (४) स्पर्शपरिणत एवं (५) संस्थानपरिणत। किन्तु प्रत्येक पुद्गल द्रव्य में ये पाँचों गुण रहते हैं। कोई भी पुद्गल ऐसा नहीं है जो वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श एवं संस्थान (आकार) से रहित हो।

वर्ण के पाँच प्रकार हैं–(१) काला, (२) नीला, (३) लाल, (४) पीला और (५) श्वेत। गंध के दो प्रकार हैं–(१) सुरभिगंध और (२) दुरभिगंध। रस पाँच प्रकार का है–(१) तिक्त, (२) कटु, (३) कषैला, (४) खट्टा और (५) मीठा। स्पर्श के आठ प्रकार हैं–(१) कर्कश, (२) मृदु, (३) गुरु, (४) लघु, (५) शीत, (६) उष्ण, (७) रुक्ष और (८) स्निग्ध। संस्थान के पाँच या छह प्रकार प्रतिपादित हैं। पाँच प्रकार हैं–(१) परिमण्डल, (२) वृत्त, (३) त्रिकोण, (४) चतुष्कोण और (५) आयत। छह प्रकार मानने पर (६) अनियत की भी गणना होती है।

पुद्गल द्रव्य परमाणु के पश्चात् द्विप्रदेशी, त्रिप्रदेशी, चतुःप्रदेशी, पंचप्रदेशी यावत् दशप्रदेशी होता है। दश के पश्चात् संख्यातप्रदेशी, असंख्यातप्रदेशी एवं अनन्तप्रदेशी पुद्गलों का निरूपण किया जाता है। एक परमाणु पुद्गल, एक वर्ण, एक गंध, एक रस और दो स्पर्श वाला होता है। द्विप्रदेशी स्कन्ध कदाचित् एक वर्ण वाला, कदाचित् दो वर्ण वाला, कदाचित् एक गंध वाला, कदाचित् दो गंध वाला, कदाचित् एक रस वाला, कदाचित् दो रस वाला, कदाचित् दो स्पर्श वाला, कदाचित् तीन स्पर्श वाला और कदाचित् चार स्पर्श वाला होता है। इस प्रकार त्रिप्रदेशी आदि स्कन्धों में रस, वर्ण आदि की संख्या कदाचित् बढ़ती जाती है। इससे द्विकसंयोगी, त्रिकसंयोगी वर्णादि की अपेक्षा अनेक भंग बन जाते हैं।

वर्णादि के परिणमन को लेकर आगम में वर्णपरिणत के १०० भेद, गंधपरिणत के ४६ भेद, रसपरिणत के १०० भेद, स्पर्शपरिणत के १८४ भेद और संस्थानपरिणत के १०० भेद प्रतिपादित हैं। कुल मिलाकर इनके ५३० भेद या भंग बनते हैं।[1]

पुद्गल के भेद एवं संघात का तत्त्वार्थसूत्र में तो कथन मिलता ही है, किन्तु व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र में उसका विस्तार से निरूपण हुआ है। तत्त्वार्थसूत्र में संघात, भेद एवं संघात-भेद से स्कन्ध की उत्पत्ति का निरूपण है[2] तथा भेद से अणु या परमाणु की उत्पत्ति का कथन है।[3] स्कन्ध दो प्रकार का माना जाता है–(१) चाक्षुष–जिसे आँख से देखा जा सके और (२) अचाक्षुष–जिसे आँख से न देखा जा सके। चाक्षुष स्कन्ध की उत्पत्ति भेद एवं संघात से होती है।[4] व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र में कहा गया है कि पुद्गलों का संघात एवं भेद कभी अपने स्वभाव से होता है और कभी दूसरे निमित्त से होता है। परमाणु पुद्गलों के मिलने से स्कन्ध का निर्माण होता है तथा पुद्गल का अधिकतम विभाजन परमाणु पुद्गल के रूप में होता है।

एक परमाणु गति करने पर एक समय में लोक के अन्त तक पहुँच सकता है। परमाणु की इस प्रकार की गति का वर्णन अन्य किसी भारतीयदर्शन में नहीं है तथा यह वैज्ञानिकों के लिए भी शोध की प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस समय सर्वाधिक गतिशील वस्तु प्रकाश है जो एक सेकण्ड में लगभग ३ लाख किलोमीटर की दूरी तय करता है। जैनदर्शन के अनुसार प्रकाश भी पुद्गल का ही एक प्रकार है। पुद्गल की गति इससे भी तीव्र हो सकती है। एक परमाणु एक समय में सम्पूर्ण लोक तक पहुँच सकता है। भगवतीसूत्र में वर्णित अस्पृशद्गति से भी इसका समर्थन होता है।[5]

स्थानांगसूत्र में तीन कारणों से पुद्गल का प्रतिघात बतलाया गया है–(१) एक परमाणु पुद्गल दूसरे परमाणु पुद्गल से टकराकर प्रतिहत होता है, (२) रुक्ष स्पर्श से प्रतिहत होता है और (३) लोकान्त में जाकर प्रतिहत होता है।

परमाणु के जैनागमों में चार प्रकार प्रतिपादित हैं–(१) द्रव्यपरमाणु, (२) क्षेत्रपरमाणु, (३) कालपरमाणु और (४) भावपरमाणु। द्रव्यपरमाणु के अच्छेद्य, अभेद्य, अदाह्य और अग्राह्य ये चार भेद किए गए हैं। क्षेत्रपरमाणु के अनर्द्ध, अमध्य, अप्रदेश और अविभाज्य ये

---

१. विवरण के लिए द्रष्टव्य, द्रव्यानुयोग, पृ. १२२७-१२२८

२. संघातभेदेभ्यः उत्पद्यन्ते। —*तत्त्वार्थसूत्र ५/२६*

३. भेदादणुः। —*वही ५/२७*

४. भेदसंघाताभ्यां चाक्षुषाः। —*वही ५/२८*

५. परमाणु पुद्गलों से लेकर अनन्तप्रदेशी स्कन्धों को परस्पर स्पर्श किए बिना होने वाली गति को अस्पृशद्गति कहते हैं।

चार भेद होते हैं। कालपरमाणु के अवर्ण, अगन्ध, अरस और अस्पर्श ये चार भेद हैं तथा भावपरमाणु के वर्णवान्, गंधवान्, रसवान् और स्पर्शवान् के रूप में चार प्रकार हैं।

पुद्गल संख्या की दृष्टि से अनन्त हैं। एकपरमाणु पुद्गल अनन्त हैं तथा अनन्तप्रदेशी पुद्गल भी अनन्त हैं। मध्य के स्कन्ध भी अनन्त हैं।

पुद्गल-परिणमन तीन प्रकार का प्रतिपादित है–(१) प्रयोगपरिणत, (२) विस्रसापरिणत और (३) मिश्रपरिणत। जीव द्वारा गृहीत पुद्गलों को प्रयोगपरिणत पुद्गल, स्वभावतः परिणत पुद्गलों को विस्रसापरिणत पुद्गल तथा प्रयोग और स्वभाव दोनों के द्वारा परिणत पुद्गलों को मिश्रपरिणत पुद्गल कहते हैं।

शुभ पुद्गलों का अशुभ पुद्गलों के रूप में तथा अशुभ पुद्गलों का शुभ पुद्गलों के रूप में परिणमन हो सकता है। यह आवश्यक नहीं कि अशुभ पुद्गल का परिणमन अशुभ रूप में ही हो तथा शुभ पुद्गल का परिणमन शुभ रूप में ही हो।

परिणमन में यह एक महत्त्वपूर्ण तथ्य है कि वर्ण का परिणमन कभी रस, गन्ध या स्पर्श में नहीं होता, रस का परिणमन कभी वर्ण, गन्ध या स्पर्श में नहीं होता। इसी प्रकार गन्ध का वर्णादि में तथा स्पर्श का भी वर्णादि में परिणमन नहीं होता, किन्तु एक वर्ण का अन्य वर्ण में, एक रस का अन्य रस में, एक गंध का अन्य गंध में तथा एक स्पर्श का अन्य स्पर्श में परिणमन संभव है। हरे पत्ते का परिणमन पीले पत्ते के रूप में होना एक वर्ण का अन्य वर्ण में परिणमन सिद्ध करता है। इसी प्रकार सुगंधित वस्तु कालान्तर में दुर्गन्ध में बदल जाती है। मीठा स्वाद खट्टे में बदल जाता है। इसी प्रकार स्निग्ध का रुक्ष में, गुरु का लघु में, शीत का उष्ण में, मृदु का कठोर में परिणमन संभव है।

संसारी जीव आठ कर्मों से युक्त होने के कारण पुद्गल से पूर्णतया सम्बद्ध है। शरीर, इन्द्रिय, मन आदि जो जीव को मिले हैं वे भी इस कारण पौद्गलिक हैं। जीव को पर-भाव में ले जाने वाले प्राणातिपात आदि १८ पाप भी इस दृष्टि से पौद्गलिक हैं तथा वर्ण, गंध, रस एवं स्पर्श से युक्त हैं। जीव को स्वभाव में लाने वाले गुणों में वर्णादि की सत्ता स्वीकार नहीं की गई है। ज्ञान, दर्शन आदि जीव के गुण वर्णादि से रहित हैं। लेश्याओं में द्रव्यलेश्या वर्णादि से युक्त है, जबकि भावलेश्या इनसे रहित है।

पुद्गल एवं परमाणु का जो वर्णन द्रव्यानुयोग के पुद्गल अध्ययन में समाविष्ट है वह भारतीयदर्शन में अनूठा है तथा वैज्ञानिकों के लिए अन्वेषण-बिन्दु प्रदान करता है।

आगम प्रकाशन

ईसवीय उन्नीसवीं शती के उत्तरार्द्ध में प्रारम्भ हुए आगम प्रकाशन के कार्य ने बीसवीं शती में देश-विदेश के विद्वानों का ध्यान आकृष्ट किया है। यह काल आगम साहित्य के अनुशीलन एवं प्रकाशन की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्व का रहा है। सम्प्रति हमारे समक्ष आगम के अनेक संस्करण उपलब्ध हैं। आगम प्रकाशन की दिशा में सर्वप्रथम स्टिवन्स ने सन् १८४८ ई. में कल्पसूत्र का अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित किया था। उसके पश्चात् जर्मन विद्वान् प्रोफेसर वेबर ने सन् १८६५-६६ ई. में भगवतीसूत्र के कुछ अंश का सम्पादन कर टिप्पण लिखे। भारत में सर्वप्रथम राय धनपतसिंह बहादुरसिंह, मुर्शिदाबाद ने सन् १८७४ ई. में आगम प्रकाशन का कार्य प्रारम्भ किया। उन्होंने उपलब्ध टीका, दीपिका, बालावबोध आदि के साथ आगमों के संस्करण प्रकाशित कराए। लगभग ११ वर्षों की अल्पावधि में ही प्रायः सभी महत्त्वपूर्ण आगम प्रकाशित हो गए। राय धनपतसिंह जी द्वारा प्रकाशित इन आगमों का प्रारम्भ में घोर विरोध हुआ, किन्तु युग की माँग के कारण प्रकाशन कार्य को निरन्तर बल मिला।

इसी समय १८७९ ई. में जर्मनी के हर्मन जैकोबी द्वारा सम्पादित कल्पसूत्र प्रकाशित हुआ। १८८२ ई. में उनका सम्पादित आचारांगसूत्र सामने आया। जैकोबी ने 'सेक्रिड बुक्स ऑफ ईस्टर्न सीरीज' के अन्तर्गत आचारांग, कल्पसूत्र, सूत्रकृतांग एवं उत्तराध्ययनसूत्र के अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित किए। ल्यूमन ने औपपातिक एवं आवश्यकसूत्र का तथा स्टेन्थिल ने ज्ञाताधर्मकथा का संपादित संस्करण प्रकाशित किया। वाल्टर शुब्रिंग ने १९१० ई. में आचारांगसूत्र का रोमन लिपि में तथा १९२४ ई. में देवनागरी लिपि में प्रकाशन किया। शुब्रिंग ने सूत्रकृतांग के कुछ अंश के साथ आचारांग का जर्मन में अनुवाद भी किया। उनके द्वारा निशीथसूत्र, बृहत्कल्पसूत्र, व्यवहारसूत्र, दशवैकालिकसूत्र आदि के भी संस्करण प्रकाशित किए गए। रोमन लिपि में प्रकाशित कुछ आगमों का जैन साहित्य संशोधक समिति, पूना ने देवनागरी में परिवर्तन किया।

आगमों के प्रकाशन की दिशा में स्थानकवासी, मूर्तिपूजक एवं तेरापंथ सम्प्रदायों का महनीय योगदान रहा है। आगमों के मूल पाठ वाले संस्करण तो आज अनेक प्रकार के उपलब्ध हैं, किन्तु इन आगमों के हिन्दी एवं गुजराती में अनुवाद भी प्रकाशित हुए हैं। आगमों पर संस्कृत टीका का निर्माण भी हुआ है।

स्थानकवासी परम्परा में आचार्य श्री अमोलक ऋषि जी महाराज, आचार्य श्री घासीलाल जी महाराज, श्री फूलचन्द जी महाराज 'पुष्फभिक्खू', आचार्य श्री आत्माराम जी महाराज, आचार्य श्री हस्तीमल जी महाराज आदि संतों का इस दिशा में उल्लेखनीय योगदान रहा है। आचार्य श्री अमोलक ऋषि जी महाराज ने स्थानकवासी परम्परा को मान्य आगमों का हिन्दी में अनुवाद किया जिनका प्रकाशन लाला सुखदेवसहाय ज्वालाप्रसाद, हैदराबाद ने एवं अमोल ज्ञानालय, धूलिया ने किया। आचार्य श्री घासीलाल जी महाराज ने ३२ आगमों पर संस्कृत टीका का निर्माण किया तथा उसके हिन्दी एवं गुजराती अनुवाद प्रस्तुत किए, जिनका प्रकाशन अ. भा. श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन शास्त्रोद्धारक समिति, अहमदाबाद से हुआ। श्री पुष्फभिक्खू जी ने ३२ आगमों के मूल पाठ का संक्षिप्त संस्करण तैयार किया जो दो भागों में सूत्रागम प्रकाशन समिति, गुड़गाँव से प्रकाशित हुआ। आचार्य श्री आत्माराम जी महाराज ने १९ आगमों का हिन्दी अनुवाद विवेचन किया था, जो आचार्य आत्माराम जैन प्रकाशन समिति, लुधियाना से प्रकाशित हुआ। आचार्य श्री हस्तीमल जी महाराज ने नन्दीसूत्र पर संस्कृत

टीका का निर्माण किया, प्रश्नव्याकरण एवं बृहत्कल्पसूत्र का हिन्दी अनुवाद एवं विवेचन प्रस्तुत किया जो विभिन्न स्थानों से प्रकाशित हुए। अंतगडदशासूत्र की संस्कृत छाया, शब्दार्थ एवं हिन्दी अनुवाद तैयार किया जो सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल, जयपुर से प्रकाशित हुआ। उत्तराध्ययनसूत्र एवं दशवैकालिकसूत्र का हिन्दी पद्यानुवाद के साथ प्रस्तुति कराकर भी आचार्य श्री हस्तीमल जी महाराज ने आगम साहित्य की सेवा की।

अ. भा. साधुमार्गी जैन संस्कृति रक्षक संघ, सैलाना ने मूल आगमों का अंगपविट्ठ एवं अनंगपविट्ठ के रूप में ३२ आगमों का प्रकाशन किया। भगवतीसूत्र का हिन्दी अनुवाद के साथ सात भागों में भी इसी संस्था ने प्रकाशन किया।

श्री मधुकर जी महाराज युवाचार्य द्वारा प्रवर्तित आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर का इस दिशा में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। विभिन्न जैन संतों एवं विद्वानों के सहयोग से इस संस्था ने विस्तृत भूमिका के साथ ३२ आगमों का हिन्दी विवेचन के साथ सुन्दर प्रकाशन किया है।

तेरापंथ संस्था जैन विश्वभारती, लाड़नूं ने भी आगम प्रकाशन की दिशा में महत्त्व का कार्य किया है। गणाधिपति श्री तुलसी जी (पूर्व में आचार्य) एवं आचार्य महाप्रज्ञ (पहले मुनि नथमल एवं युवाचार्य महाप्रज्ञ) के सम्पादन में अंगसुत्ताणि के तीन भाग एवं उवंगसुत्ताणि के दो भाग व नवसुत्ताणि में मूल आगमों का प्रकाशन हुआ है। आचारांग, सूत्रकृतांग, स्थानांग, समवायांग, उत्तराध्ययन एवं दशवैकालिकसूत्र भी हिन्दी अनुवाद एवं टिप्पणों के साथ प्रकाशित हो चुके हैं। आचार्य महाप्रज्ञ ने हाल ही में आचारांगसूत्र पर संस्कृत में भाष्य की रचना की है जो हिन्दी अनुवाद एवं परिशिष्ट के साथ सन् १९९४ ई. में प्रकाशित हुआ है। इससे पूर्व भगवतीसूत्र पर भाष्य का एक भाग उनका प्रकाशित हो चुका है।

श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संस्थाओं में आगमोदय समिति, सूरत; श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई एवं हर्षपुष्पामृत ग्रन्थमाला, लाखाबावल (सौराष्ट्र) के नाम प्रमुख हैं। आगमोदय समिति, सूरत से श्री सागरानन्दसूरि द्वारा संपादित आगमों का प्रकाशन हुआ। हर्षपुष्पामृत ग्रन्थमाला में 'आगम-सुधा-सिन्धु' नाम से ४५ आगमों का संकलन-संपादन १४ भागों में हुआ है। इसी प्रकार श्री आनन्दसागर जी के संपादन में 'आगमरत्नमंजूषा' के अन्तर्गत सभी आगम प्रकाशित हुए हैं।

महावीर जैन विद्यालय, बम्बई से लगभग २० आगमों का प्रकाशन हो चुका है। यहाँ से प्रकाशित आगमों को पाठ-निर्धारण की दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्व दिया जाता है। मुनि श्री पुण्यविजय जी, मुनि श्री जम्बूविजय जी, पं. श्री बेचरदास जी दोशी, पं. श्री दलसुखभाई मालवणिया आदि प्रमुख विद्वानों की सूक्ष्मेक्षिका का उपयोग इन आगमों के सम्पादन में हुआ है, इसलिए इन्हें विद्वज्जगत् में अधिक प्रामाणिक माना जाता है।

जैन आगमों पर शोध कार्य भी हुए हैं। अनेक विश्वविद्यालयों में विद्वानों ने आगमों को आधार बनाकर अपने शोध प्रबन्ध लिखे हैं तथा पी-एच. डी. की उपाधि प्राप्त की है। किन्तु अभी उच्चस्तरीय कार्यों की गुंजाइश ज्यों की त्यों है।

उपसंहार

तत्त्वज्ञान की दिशा में द्रव्यानुयोग का महत्त्व असंदिग्ध है। द्रव्यानुयोग का यह प्रकाशन तत्त्वजिज्ञासुओं का तो पथ-प्रदर्शन करेगा ही, किन्तु इक्कीसवीं शती में होने वाले आगम अनुशीलन को भी एक दिशा प्रदान करेगा। आगमों में उपलब्ध पाठभेद एवं संक्षिप्तीकरण से होने वाली कठिनाई का निवारण करने की दिशा में समुचित प्रयास को बल मिले, ऐसी आशा है। दिगम्बर एवं श्वेताम्बरों के भेद को भुलाकर यदि समस्त आगमों के अध्ययन की रुचि जागृत हो तो महत्त्व का कार्य हो सकता है।

आज आवश्यकता है आगमों का प्राण समझने की तथा उन्हें हृदयंगम कर जन-समाज के लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायी रूप में प्रस्तुत करने की। आने वाले समय में अनुभवी साधक-विद्वान् इस ओर आशा है अपने चरण बढ़ायेंगे।

प्रस्तावना-लेखन में हुए विलम्ब के लिए कृपाशील उपाध्यायप्रवर अनुयोग प्रवर्तक श्री कन्हैयालाल जी महाराज से करबद्ध क्षमाप्रार्थी हूँ तथा पाठकों की ज्ञान-वृद्धि हेतु मंगल कामना करता हूँ। उनके सुझाव एवं सद्भाव के लिए सदैव स्वागत है।

–डॉ. धर्मचन्द जैन
सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर-३४२ ०१०

वसन्त पंचमी
२४ जनवरी, १९९६

विषय-सूची

भाग ३

अध्ययन ३९ से ४६ तथा प्रकीर्णक

क्र. सं.	अध्ययन	पृष्ठांक
३९.	गर्भ अध्ययन	१५३९-१५६१
४0.	युग्म अध्ययन	१५६२ १५९९
४१.	गम्मा अध्ययन	१६00-१६७३
४२.	आत्मा अध्ययन	१६७४-१६७९
४३.	समुद्घात अध्ययन	१६८0-१७0७
४४.	चरमाचरम अध्ययन	१७0८-१७२६
४५.	अजीव द्रव्य अध्ययन	१७२७-१७४६
४६.	पुद्गल अध्ययन	१७४७-१८९२
	प्रकीर्णक	१८९३-१९१५

विषयानुक्रमणिका

सूत्रांक	विषय	पृष्ठांक
	३९. गर्भ अध्ययन	
१.	गर्भ आदि पदों का स्वामित्व,	१५४१
२.	भव के चतुर्विधत्व का प्ररूपण,	१५४१
३.	गर्भ धारण के विधि-निषेध के कारणों का प्ररूपण,	१५४१-१५४२
४.	मानुषी गर्भ के चार प्रकारों का प्ररूपण,	१५४२
५.	गर्भगत जीव के नरक और देवों में उत्पन्न होने के कारणों का प्ररूपण,	१५४२-१५४४
६.	गर्भ में उत्पन्न होते हुए जीव के सइन्द्रिय-सशरीर उत्पत्ति का प्ररूपण,	१५४४
७.	गर्भ में उत्पन्न होते हुए जीव के वर्णादि का प्ररूपण,	१५४४
८.	उदक गर्भ के प्रकार और समय का प्ररूपण,	१५४४-१५४५
९.	उदक-तिर्यंचयोनिक-मनुष्य स्त्रियों के गर्भ आदि की कायस्थिति का प्ररूपण,	१५४५
१०.	गर्भ में स्थित जीव के अवस्थान का प्ररूपण,	१५४५
११.	एक भव ग्रहण की अपेक्षा एक जीव के जनकों का प्रमाण,	१५४५-१५४६
१२.	एक भव ग्रहण की अपेक्षा एक जीव के पुत्रों की संख्या,	१५४६
१३.	जीव के शरीर में माता-पिता के अंगों का प्ररूपण,	१५४६
१४.	माता-पिता के अंगों की कायस्थिति का प्ररूपण,	१५४६
१५.	जीव-चौबीसदंडकों में एकत्व-बहुत्व की विग्रह गति का प्ररूपण,	१५४६-१५४७
१६.	विविध दिशाओं की अपेक्षा एकेन्द्रिय जीवों की विग्रह गति के समय का प्ररूपण,	१५४७-१५५६
१७.	अनंतरोपपन्नक एकेन्द्रिय जीवों की विग्रह गति के समय का प्ररूपण,	१५५७
१८.	परंपरोपपन्नक एकेन्द्रिय जीवों की विग्रह गति के समय का प्ररूपण,	१५५७
१९.	अणंतरावगाढादि एकेन्द्रिय जीवों की विग्रह गति के समय का प्ररूपण,	१५५७
२०.	कृष्ण-नील-कापोतलेश्यी एकेन्द्रिय जीवों की विग्रह गति के समय का प्ररूपण,	१५५७-१५५८
२१.	द्वीप समुद्रों में परस्पर जीवों के जन्म-मरण का प्ररूपण,	१५५८
२२.	मरण के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण,	१५५८-१५६१
२३.	मरण समय जीव के पाँच निर्याण स्थान और तन्निमित्तक गति का प्ररूपण,	१५६१
२४.	अन्तिम शरीर वालों के मरण का प्रमाण,	१५६१
	४०. युग्म अध्ययन	
१.	युग्म के भेद और उनके लक्षणों का प्ररूपण,	१५६३
२.	चौवीसदंडकों और सिद्धों में युग्म भेदों का प्ररूपण,	१५६३-१५६४
३.	जघन्यादि पद की अपेक्षा चौबीसदंडकों में और सिद्धों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण,	१५६४
४.	जघन्यादि पद की अपेक्षा स्त्रियों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण,	१५६४-१५६५
५.	द्रव्य प्रदेश की अपेक्षा जीव-चौबीसदंडकों और सिद्धों में युग्म-भेदों का प्ररूपण,	१५६५-१५६६
६.	प्रदेशावगाढ की अपेक्षा जीव-चौबीसदंडकों और सिद्धों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण,	१५६६
७.	स्थिति की अपेक्षा जीव-चौबीसदंडकों और सिद्धों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण,	१५६६-१५६७
८.	वर्णादि के पर्यायों की अपेक्षा जीव-चौबीसदंडकों और सिद्धों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण,	१५६७
९.	ज्ञान पर्यायों की अपेक्षा जीव-चौबीसदंडकों और सिद्धों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण,	१५६७-१५६८
१०.	अज्ञान पर्यायों की अपेक्षा जीव-चौबीसदंडकों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण,	१५६८

सूत्रांक	विषय	पृष्ठांक
११.	दर्शन पर्यायों की अपेक्षा जीव-चौबीसदंडकों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण,	१५६८-१५६९
१२.	क्षुद्रयुग्मों के भेद और उनके लक्षणों का प्ररूपण,	१५६९
१३.	क्षुद्रकृतयुग्मादि नैरयिकों के उत्पाद आदि का प्ररूपण,	१५६९-१५७०
१४.	क्षुद्रकृतयुग्मादि की अपेक्षा कृष्णलेश्यी नैरयिकों के उत्पातादि का प्ररूपण,	१५७०-१५७१
१५.	क्षुद्रकृतयुग्मादि की अपेक्षा नीललेश्यी नैरयिकों के उत्पातादि का प्ररूपण,	१५७१-१५७२
१६.	क्षुद्रकृतयुग्मादि की अपेक्षा कापोतलेश्यी नैरयिकों के उत्पातादि का प्ररूपण,	१५७२
१७.	क्षुद्रकृतयुग्मादि भवसिद्धिक-अभवसिद्धिक नैरयिकों के उत्पातादि का प्ररूपण,	१५७२-१५७३
१८.	क्षुद्रकृतयुग्मादि सम्यग्दृष्टि-मिथ्यादृष्टि नैरयिकों के उत्पातादि का प्ररूपण,	१५७३
१९.	क्षुद्रकृतयुग्मादि कृष्णपाक्षिक-शुक्लपाक्षिक नैरयिकों के उत्पातादि का प्ररूपण,	१५७३-१५७४
२०.	क्षुद्रकृतयुग्मादि की अपेक्षा नैरयिकों के उद्वर्तनादि का प्ररूपण,	१५७४
२१.	सोलह महायुग्म और उनके लक्षणों का प्ररूपण,	१५७५-१५७६
२२.	सोलह एकेन्द्रिय महायुग्मों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५७६-१५८०
२३.	प्रथम समयोत्पन्न सोलह महायुग्म वाले एकेन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८०-१५८१
२४.	अप्रथमसमय से चरमाचरम पर्यन्त महायुग्म वाले एकेन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८१-१५८२
२५.	लेश्याओं की अपेक्षा महायुग्म वाले एकेन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८२-१५८३
२६.	भवसिद्धिक-अभवसिद्धिक महायुग्म वाले एकेन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८३-१५८४
२७.	सोलह द्वीन्द्रिय महायुग्मों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८४
२८.	प्रथम समयादि महायुग्म द्वीन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८४-१५८५
२९.	सलेश्य महायुग्म द्वीन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८५
३०.	भवसिद्धिक-अभवसिद्धिक महायुग्म द्वीन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८५-१५८६
३१.	महायुग्म त्रीन्द्रिय जीवों के उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८६
३२.	महायुग्म चतुरिन्द्रिय जीवों के उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८६
३३.	महायुग्म असंज्ञी पंचेन्द्रिय जीवों के उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८६
३४.	महायुग्म वाले संज्ञी पंचेन्द्रिय जीवों के उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८६-१५८८
३५.	प्रथम समयादि महायुग्म संज्ञी पंचेन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८८
३६.	सलेश्य महायुग्म वाले संज्ञी पंचेन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५८८-१५९०
३७.	भवसिद्धिक संज्ञी पंचेन्द्रिय महायुग्म शतक में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५९०
३८.	अभवसिद्धिक संज्ञी पंचेन्द्रिय महायुग्म शतक में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण,	१५९०-१५९२
३९.	राशियुग्म के भेद और उनके लक्षणों का प्ररूपण,	१५९२
४०.	राशियुग्म कृतयुग्म वाले चौबीसदंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण,	१५९२-१५९४
४१.	राशियुग्म त्र्योजराशि वाले चौबीसदंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण,	१५९४-१५९५
४२.	राशियुग्म द्वापरयुग्म वाले चौबीसदंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण,	१५९५
४३.	राशियुग्म कल्योज राशि वाले चौबीसदंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण,	१५९५-१५९६
४४.	सलेश्य राशियुग्म कृतयुग्मादि वाले चौबीसदंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण,	१५९६-१५९७
४५.	भवसिद्धिक राशियुग्म कृतयुग्मादि वाले चौबीसदंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण,	१५९७-१५९८
४६.	अभवसिद्धिक राशियुग्म कृतयुग्मादि वाले चौबीसदंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण,	१५९८
४७.	सम्यग्दृष्टि-मिथ्यादृष्टि राशियुग्म कृतयुग्मादि वाले चौबीसदंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण,	१५९८-१५९९
४८.	कृष्णपाक्षिक-शुक्लपाक्षिक राशियुग्म कृतयुग्मादि वाले चौबीसदंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण,	१५९९

४१. गम्मा अध्ययन

१.	चौबीसदंडकों के चौबीस उद्देशकों में उत्पातादि बीस द्वारों की द्वार गाथायें,	१६०२
२.	गति की अपेक्षा नैरयिकों के उपपात का प्ररूपण,	१६०२-१६०३
३.	नरक में उत्पन्न होने वाले पर्याप्त असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों में उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६०३-१६०९

सूत्रांक	विषय	पृष्ठांक
४.	रत्नप्रभा नरक में उत्पन्न होने वाले पर्याप्त संज्ञी संख्यात वर्षायुष्क पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिक में उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६०९-१६१३
५.	शर्कराप्रभा से तमःप्रभा पृथ्वी पर्यन्त नरक में उत्पन्न होने वाले पर्याप्त संज्ञी संख्यात वर्षायुष्क पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिक में उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६१३-१६१४
६.	अधःसप्तम नरक में उत्पन्न होने वाले पर्याप्त संज्ञी संख्यात वर्षायुष्क संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिक में उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६१४-१६१६
७.	मनुष्य गति की अपेक्षा नरक में उपपात का प्ररूपण,	१६१६-१६१७
८.	रत्नप्रभा नरक में उत्पन्न होने वाले पर्याप्त संज्ञी संख्यात वर्षायुष्क मनुष्य में उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६१७-१६१९
९.	शर्कराप्रभा से तमःप्रभा पृथ्वी पर्यन्त नरक में उत्पन्न होने वाले पर्याप्त संज्ञी संख्यात वर्षायुष्क मनुष्य में उत्पातादि वीस द्वारों का प्ररूपण,	१६१९-१६२०
१०.	अधःसप्तम नरक में उत्पन्न होने वाले पर्याप्त संज्ञी संख्यात वर्षायुष्क मनुष्य में उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६२०-१६२१
११.	गति की अपेक्षा असुरकुमारों के उपपात का प्ररूपण,	१६२१-१६२२
१२.	असुरकुमारों में उत्पन्न होने वाले पर्याप्त असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिक के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६२२
१३.	असुरकुमारों में उत्पन्न होने वाले असंख्यात वर्षायुष्क संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६२२-१६२५
१४.	असुरकुमारों में उत्पन्न होने वाले संख्यात वर्षायुष्क संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६२५
१५.	असुरकुमारों में उत्पन्न होने वाले असंख्यात वर्षायुष्क संज्ञी मनुष्यों में उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६२५-१६२६
१६.	असुरकुमारों में उत्पन्न होने वाले पर्याप्त संख्यात वर्षायुष्क संज्ञी मनुष्यों में उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६२६
१७.	गति की अपेक्षा नागकुमारों के उपपात का प्ररूपण,	१६२७
१८.	नागकुमारों में उत्पन्न होने वाले असंख्यात वर्षायुष्क संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६२७-१६२८
१९.	नागकुमारों में उत्पन्न होने वाले पर्याप्त संख्यात वर्षायुष्क संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों में उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६२८
२०.	नागकुमारों में उत्पन्न होने वाले असंख्यात वर्षायुष्क संज्ञी मनुष्यों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६२८-१६२९
२१.	नागकुमारों में उत्पन्न होने वाले पर्याप्त संख्यात वर्षायुष्क संज्ञी मनुष्यों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६२९
२२.	सुवर्णकुमार से स्तनितकुमार पर्यन्तों में उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६२९
२३.	गति की अपेक्षा पृथ्वीकायिकों के उपपात का प्ररूपण,	१६३०
२४.	पृथ्वीकायिक में उत्पन्न होने वाले पृथ्वीकायिक के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६३०-१६३२
२५.	पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले अप्कायिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६३२-१६३४
२६.	पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले तेजस्कायिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६३४
२७.	पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले वायुकायिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६३४
२८.	पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले वनस्पतिकायिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६३४
२९.	पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले द्वान्द्रियों में उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६३५-१६३६
३०.	पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले त्रीन्द्रिय जीवों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६३७
३१.	पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले चतुरिन्द्रिय जीवों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६३७
३२.	पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों की अपेक्षा पृथ्वीकाय के उपपात का प्ररूपण,	१६३७-१६३८
३३.	पृथ्वीकायिक में उत्पन्न होने वाले असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६३८
३४.	पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६३८-१६३९
३५.	मनुष्यों की अपेक्षा पृथ्वीकायिकों के उत्पातादि का प्ररूपण,	१६३९
३६.	पृथ्वीकायिक में उत्पन्न होने वाले असंज्ञी मनुष्यों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६३९-१६४०
३७.	पृथ्वीकायिक में उत्पन्न होने वाले संज्ञी मनुष्यों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४०
३८.	देवों की अपेक्षा पृथ्वीकायिक में उत्पात का प्ररूपण,	१६४०-१६४१
३९.	पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले भवनवासी देवों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४१-१६४२

सूत्रांक	विषय	पृष्ठांक
४०.	पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले वाणव्यन्तर देवों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४२-१६४३
४१.	पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले ज्योतिष्क देवों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४३
४२.	पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होने वाले वैमानिक देवों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४३-१६४४
४३.	अप्कायिकों में उत्पन्न होने वाले तेवीस दंडकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४४
४४.	तेजस्कायिकों में उत्पन्न होने वाले दस दंडकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४५
४५.	वायुकायिकों में उत्पन्न होने वाले दस दंडकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४५
४६.	वनस्पतिकायिकों में उत्पन्न होने वाले तेवीस दंडकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४५
४७.	द्वीन्द्रियों में उत्पन्न होने वाले दस दंडकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४५-१६४६
४८.	त्रीन्द्रियों में उत्पन्न होने वाले दस दंडकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४६
४९.	चतुरिन्द्रियों में उत्पन्न होने वाले दस दंडकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४६
५०.	गति की अपेक्षा पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों के उपपात का प्ररूपण,	१६४६
५१.	पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों में उत्पन्न होने वाले नैरयिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४६-१६४९
५२.	पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों में उत्पन्न होने वाले एकेन्द्रिय-विकलेन्द्रियों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६४९-१६५०
५३.	पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों में उत्पन्न होने वाले असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६५०-१६५१
५४.	पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों में उत्पन्न होने वाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६५२-१६५३
५५.	पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों में उत्पन्न होने वाले असंज्ञी मनुष्यों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६५३-१६५४
५६.	पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों में उत्पन्न होने वाले संज्ञी मनुष्यों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६५४-१६५६
५७.	पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों में उत्पन्न होने वाले भवनवासी देवों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६५६
५८.	पंचेन्द्रिय तिर्यंचों में उत्पन्न होने वाले वाणव्यन्तर देवों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६५६-१६५७
५९.	पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों में उत्पन्न होने वाले ज्योतिष्क देवों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६५७
६०.	वैमानिक देवों की अपेक्षा पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों के उपपात का प्ररूपण,	१६५७
६१.	पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों में उत्पन्न होने वाले सहस्रार पर्यन्त कल्पोपपन्न वैमानिक देवों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६५८
६२.	नैरयिकों की अपेक्षा मनुष्यों में उपपात का प्ररूपण,	१६५८
६३.	मनुष्यों में उत्पन्न होने वाले रत्नप्रभा से तमःप्रभा पृथ्वी पर्यन्त नैरयिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६५८-१६५९
६४.	मनुष्यों में उत्पन्न होने वाले तिर्यंचयोनिकों और मनुष्यों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६५९-१६६०
६५.	मनुष्यों में उत्पन्न होने वाले कल्पोपपन्नक वैमानिक पर्यन्त देवों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६६०-१६६१
६६.	मनुष्यों में उत्पन्न होने वाले कल्पातीत वैमानिक देवों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६६१-१६६३
६७.	वाणव्यंतरों में उत्पन्न होने वाले असंज्ञी-संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६६४-१६६५
६८.	वाणव्यंतरों में उत्पन्न होने वाले मनुष्यों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६६५
६९.	ज्योतिष्कों में उत्पन्न होने वाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६६५-१६६७
७०.	ज्योतिष्कों में उत्पन्न होने वाले मनुष्यों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६६७-१६६८
७१.	सौधर्म देवों में उत्पन्न होने वाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६६८-१६६९
७२.	सौधर्म देव में उत्पन्न होने वाले मनुष्यों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६६९-१६७०
७३.	ईशानादि सहस्रार पर्यन्त देवों में उत्पन्न होने वाले तिर्यंचयोनिक और मनुष्यों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६७०-१६७१
७४.	आनत आदि अच्युत पर्यन्त देवों में उत्पन्न होने वाले मनुष्यों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६७१-१६७२
७५.	कल्पातीत वैमानिक देवों में उत्पन्न होने वाले मनुष्यों के उत्पातादि बीस द्वारों का प्ररूपण,	१६७२-१६७३

४२. आत्मा अध्ययन

१.	द्रव्य की अपेक्षा आत्मा,	१६७५
२.	जीव-चौबीसदंडकों में ज्ञान दर्शन की अपेक्षा आत्म-स्वरूप का प्ररूपण,	१६७५
३.	आत्मा के आठ प्रकारों का प्ररूपण,	१६७५

सूत्रांक	विषय	पृष्ठांक
४.	आत्मा द्वारा शब्दों के अनुभूति स्थान का प्ररूपण,	१६७६
५.	प्राणातिपातादि में प्रवर्तमान जीवों और जीवात्माओं में एकत्व का प्ररूपण,	१६७६-१७७७
६.	प्राणातिपातादि के आत्म परिणामित्व का प्ररूपण,	१६७७
७.	द्रव्यात्मादि आठ आत्माओं के परस्पर सहभाव का प्ररूपण,	१६७७-१६७९
८.	द्रव्यादि आत्माओं का अल्पबहुत्व,	१६७९
९.	शरीर को छोड़कर आत्मनिर्याण के द्विविधत्व का प्ररूपण,	१६७९

४३. समुद्घात अध्ययन

१.	समुद्घात के भेदों का प्ररूपण,	१६८१
२.	सामान्य से समुद्घातों का स्वामित्व,	१६८१
३.	औधिक समुद्घातों का ओघ से काल प्ररूपण,	१६८१
४.	चौवीसदंडकों में समुद्घातों का प्ररूपण,	१६८१-१६८२
५.	रत्नप्रभादि सात पृथ्वियों में नैरयिकों के समुद्घातों का प्ररूपण,	१६८२
६.	सम्मूर्च्छिम-गर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों और मनुष्यों की समुद्घात संख्या का प्ररूपण,	१६८२-१६८३
७.	औधिक और अनन्तरोपपन्नकादि ग्यारह स्थानों में एकेन्द्रियों के समुद्घातों का प्ररूपण,	१६८३
८.	सौधर्मादि वैमानिक देवों में समुद्घातों का प्ररूपण,	१६८३-१६८४
९.	चौवीसदंडकों में एकत्व-बहुत्व द्वारा अतीत अनागत समुद्घातों का प्ररूपण,	१६८४-१६८६
१०.	चौवीसदंडकों का चौबीसदंडकों में एकत्व-बहुत्व द्वारा अतीत-अनागत्व समुद्घातों का प्ररूपण,	१६८६
	(१) वेदना समुद्घात,	१६८६
	(२) कषाय समुद्घात,	१६८७-१६८८
	(३) मारणांतिक समुद्घात,	१६८८
	(४) वैक्रिय समुद्घात,	१६८८
	(५) तेजस् समुद्घात,	१६८८
	(६) आहारक समुद्घात,	१६८९
	(७) केवली समुद्घात,	१६८९-१६९१
११.	जीव-चौवीसदंडकों में समुद्घातों के क्षेत्र काल और क्रिया का प्ररूपण,	१६९१
	(१) वेदना समुद्घात,	१६९१-१६९२
	(२) कषाय समुद्घात,	१६९२
	(३) मारणांतिक समुद्घात,	१६९२-१६९३
	(४) वैक्रिय समुद्घात,	१६९३
	(५) तेजस् समुद्घात,	१६९३-१६९४
	(६) आहारक समुद्घात,	१६९४
१२.	मारणांतिक समुद्घात से समवहत जीवों में आहारादि का प्ररूपण,	१६९४-१६९६
१३.	चौवीसदंडकों में मारणांतिक समुद्घात से समवहत-असमवहत होकर मरण का प्ररूपण,	१६९६
१४.	जलचर-स्थलचर खेचरों का मारणांतिक समुद्घात से समवहत-असमवहत होकर मरण का प्ररूपण,	१६९६
१५.	समुद्घात समवहत व असमवहत जीव और चौवीसदंडकों का अल्पबहुत्व,	१६९६-१६९९
१६.	छाद्मस्थिक समुद्घातों का विस्तार से प्ररूपण,	१६९९-१७००
१७.	कषाय समुद्घात का विस्तार से प्ररूपण,	१७००-१७०३
१८.	केवली समुद्घात के प्रयोजन और कार्य का प्ररूपण,	१७०३
१९.	केवली समुद्घात से निर्जीर्ण चरम पुद्गलों के सूक्ष्मादि का प्ररूपण,	१७०३-१७०४
२०.	केवली समुद्घात के समय का प्ररूपण,	१७०५
२१.	आवर्जीकरण के समय का प्ररूपण,	१७०५
२२.	केवली समुद्घात में योग-योजन का प्ररूपण,	१७०५-१७०६

सूत्रांक	विषय	पृष्ठांक
२३.	केवली समुद्घातानंतर मनोयोगादि के योजन का प्ररूपण,	१७०६
२४.	केवली समुद्घातानंतर और मोक्षगमन का प्ररूपण,	१७०६-१७०७

४४. चरमाचरम अध्ययन

१.	चरमाचरम का लक्षण,	१७०९
२.	एकत्व-बहुत्व की विवक्षा से जीव-चौबीसदंडकों में गति आदि ग्यारह द्वारों से चरमाचरमत्व का प्ररूपण,	१७०९
	(१) गति द्वार,	१७०९
	(२) स्थिति द्वार,	१७०९
	(३) भव द्वार,	१७०९-१७१०
	(४) भाषा द्वार,	१७१०
	(५) आनपान द्वार,	१७१०
	(६) आहार द्वार,	१७१०
	(७) भाव द्वार,	१७१०-१७११
	(८) वर्ण द्वार,	१७११
	(९) गंध द्वार,	१७११
	(१०) रस द्वार,	१७११
	(११) स्पर्श द्वार,	१७११-१७१२
३.	एकत्व-बहुत्व की विवक्षा से जीव-चौबीसदंडक और सिद्धों में जीवादि चौदह द्वारों से चरमाचरमत्व का प्ररूपण,	१७१२
	(१) जीव द्वार,	१७१२
	(२) आहारक द्वार,	१७१२
	(३) भवसिद्धिक द्वार,	१७१२
	(४) संज्ञी द्वार,	१७१३
	(५) लेश्या द्वार,	१७१३
	(६) दृष्टि द्वार,	१७१३
	(७) संयत द्वार,	१७१३
	(८) कषाय द्वार,	१७१३
	(९) ज्ञान द्वार,	१७१३
	(१०) योग द्वार,	१७१३
	(११) उपयोग द्वार,	१७१३
	(१२) वेद द्वार,	१७१४
	(१३) शरीर द्वार,	१७१४
	(१४) पर्याप्तक द्वार,	१७१४
४.	चरम और अचरमों के अन्तर का प्ररूपण,	१७१४
५.	चरमाचरमों का अल्पबहुत्व,	१७१४

अजीवों का चरमाचरमत्व

६.	परिमंडलादि संस्थानों के चरमाचरमत्व का प्ररूपण,	१७१४-१७१५
७.	परिमंडलादि संस्थानों का द्रव्यादि की अपेक्षा चरमाचरमत्व आदि का अल्पबहुत्व,	१७१५-१७१८
८.	द्रव्यादि की अपेक्षा परमाणु पुद्गल के चरमाचरमत्व का प्ररूपण,	१७१८
९.	परमाणु पुद्गल और स्कन्धों में चरमाचरम का प्ररूपण,	१७१८-१७२५
१०.	आठ पृथ्वियों और लोकालोक के चरमाचरमत्व का प्ररूपण,	१७२५-१७२६
११.	चरमाचरम की कायस्थिति का प्ररूपण,	१७२६

सूत्रांक	विषय	पृष्ठांक
	४५. अजीव द्रव्य अध्ययन	
१.	दो प्रकार के अजीव द्रव्य,	१७२९
२.	दस प्रकार की अरूपी अजीव प्रज्ञापना,	१७२९
३.	चार प्रकार की रूपी अजीव प्रज्ञापना,	१७२९-१७३०
४.	रूपी अजीव के भेद-प्रभेद,	१७३०-१७३१
५.	वर्ण परिणतादि के सौ भेद,	१७३२-१७३४
६.	गंध परिणतादि के छियालीस भेद,	१७३४-१७३५
७.	रस परिणतादि के सौ भेद,	१७३५-१७३८
८.	स्पर्श परिणतादि के एक सौ चौरासी भेद,	१७३८-१७४३
९.	संस्थान परिणतादि के सौ भेद,	१७४३-१७४६
१०.	रूपी अजीव द्रव्यों के अनंतत्व का प्ररूपण,	१७४६
	४६. पुद्गल अध्ययन	
१.	पुद्गलों की विविध प्रकार से द्विविधता,	१७५१
२.	पुद्गलों की वर्गणाओं के भेदों का प्ररूपण,	१७५१-१७५२
३.	पुद्गल करण के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण,	१७५२
४.	पुद्गलों के परिणाम का चतुर्विधत्व,	१७५२
५.	पुद्गल परिणाम के पाँच भेद-प्रभेद,	१७५२-१७५३
६.	द्रव्यादि की अपेक्षा रूपी अजीव (पुद्गल) द्रव्य का प्ररूपण,	१७५३
७.	पुद्गल परिणामों के बावीस भेद,	१७५३
८.	त्रिकालवर्ती परमाणु पुद्गलों और स्कन्धों के वर्णादि परिणाम का प्ररूपण,	१७५३-१७५४
९.	परमाणु पुद्गल और स्कन्धों के वर्णादि का प्ररूपण,	१७५४-१७५५
१०.	परमाणु पुद्गल और स्कन्धों में विस्तार से वर्णादि के भंगों का प्ररूपण,	१७५५-१७७४
११.	प्राणातिपातादि अठारह पापस्थानों में वर्णादि का प्ररूपण,	१७७४
१२.	प्राणातिपातादि अठारह पापस्थान विरमणों में वर्णादि के अभाव का प्ररूपण,	१७७४-१७७५
१३.	औत्पातिकी आदि चार बुद्धियों अवग्रहादि और उत्थानादि में वर्णादि के अभाव का प्ररूपण,	१७७५
१४.	अवकाशांतरों तनुवातादि और पृथ्वियों में वर्णादि का प्ररूपण,	१७७५
१५.	रत्नप्रभा आदि पृथ्वियों में पुद्गल द्रव्यों के वर्णादि का प्ररूपण,	१७७५-१७७६
१६.	जम्बूद्वीपादि सौधर्मकल्पादि और नैरयिकावास आदि में वर्णादि का प्ररूपण,	१७७६
१७.	गर्भ में उत्पन्न होते हुए जीव के वर्णादि का प्ररूपण,	१७७६
१८.	चौवीसदंडकों में वर्णादि का प्ररूपण,	१७७६-१७७७
१९.	धर्मास्तिकायादि षड्द्रव्यों में वर्णादि का प्ररूपण,	१७७७
२०.	कर्म और लेश्याओं में वर्णादि का प्ररूपण,	१७७७
२१.	दृष्टि-दर्शन-ज्ञान-अज्ञान और संज्ञाओं में वर्णादि के अभाव का प्ररूपण,	१७७७
२२.	पाँच शरीर और तीन योगों में वर्णादि का प्ररूपण,	१७७७
२३.	उपयोगों में वर्णादि के अभाव का प्ररूपण,	१७७७
२४.	सर्वद्रव्यों, प्रदेशों और पर्यायों में वर्णादि के भावाभाव का प्ररूपण,	१७७८
२५.	अतीत अनागत और सर्वकाल में वर्णादि के अभाव का प्ररूपण,	१७७८
२६.	जम्बूद्वीप आदि द्वीप समुद्रों में सवर्ण-अवर्ण द्रव्यों का अन्योन्य बद्धत्वादि का प्ररूपण,	१७७८
२७.	पुद्गलों के संस्थान भेदों का विस्तृत प्ररूपण,	१७७८-१७७९
२८.	छह संस्थानों का द्रव्यादि की अपेक्षा अनन्तत्व का प्ररूपण,	१७७९
२९.	छह संस्थानों का द्रव्यादि की अपेक्षा अल्पबहुत्व,	१७७९-१७८०
३०.	परिमण्डलादि पाँच संस्थान भेदों के संख्यातादि का प्ररूपण,	१७८०-१७८१

सूत्रांक	विषय	पृष्ठांक
३१.	सात नरक पृथ्वियों, सौधर्मादि कल्पों और ईषत् प्राग्भारा पृथ्वी में परिमण्डलादि संस्थानों का अनन्तत्व,	१७८१
३२.	यवाकार परिमण्डलादि पाँच संस्थानों का परस्पर अनन्तत्व,	१७८१-१७८२
३३.	सात नरकपृथ्वियों, सौधर्मादि कल्पों और ईषत् प्राग्भारा पृथ्वी में पाँच यवमध्य संस्थानों का अनन्तत्व,	१७८२
३४.	पाँच संस्थानों के प्रदेशों का और प्रदेशावगाढत्व का प्ररूपण,	१७८३-१७८५
३५.	पाँच संस्थानों का एकत्व-बहुत्व से द्रव्य और प्रदेश की अपेक्षा कृतयुग्मादि का प्ररूपण,	१७८५-१७८६
३६.	एकत्व-बहुत्व से पाँच संस्थानों में यथायोग्य कृतयुग्मादि प्रदेशावगाढत्व का प्ररूपण,	१७८६-१७८७
३७.	एकत्व-बहुत्व की अपेक्षा पाँच संस्थानों की कृतयुग्मादि समयस्थिति का प्ररूपण,	१७८७
३८.	पाँच संस्थानों का वर्ण-गन्ध-रस और स्पर्श पर्यायों के कृतयुग्मादि का प्ररूपण,	१७८८
३९.	पुद्गलों के संघात आदि के कारणों का प्ररूपण,	१७८८
४०.	परमाणु पुद्गलों के संघात और भेदों के कार्यों का प्ररूपण,	१७८८-१८०१
४१.	पुद्गलों का प्रतिघात,	१८०१
४२.	पुद्गलों के प्रयोग परिणतादि भेदत्रिक,	१८०१
४३.	नव दंडकों द्वारा प्रयोग परिणत पुद्गल का प्ररूपण,	१८०१
	(१) प्रथम दंडक,	१८०१-१८०५
	(२) द्वितीय दंडक,	१८०५-१८०७
	(३) तृतीय दंडक,	१८०७-१८०८
	(४) चतुर्थ दंडक,	१८०८
	(५) पाँचवाँ दंडक,	१८०९
	(६) छट्ठा दंडक,	१८०९-१८१०
	(७) सातवाँ दंडक,	१८१०
	(८) आठवाँ दंडक,	१८१०
	(९) नवमा दंडक,	१८१०
४४.	नव दंडकों द्वारा मिश्र परिणत पुद्गलों का प्ररूपण,	१८११
४५.	विश्रसा परिणत पुद्गलों के भेद-प्रभेद,	१८११
४६.	एक द्रव्य के प्रयोग परिणतादि का प्ररूपण,	१८१२-१८१७
४७.	दो द्रव्यों के प्रयोग परिणतादि का प्ररूपण,	१८१७-१८१९
४८.	तीन द्रव्यों के प्रयोग परिणतादि का प्ररूपण,	१८१९-१९२०
४९.	चार आदि अनन्त द्रव्यों के प्रयोग परिणतादि का प्ररूपण,	१८२०-१८२१
५०.	प्रयोग परिणतादि पुद्गलों का अल्पबहुत्व,	१८२१
५१.	अच्छिन्न पुद्गलों के चलन का प्ररूपण,	१८२१
५२.	विविध प्रकार के पुद्गलों और स्कन्धों के अनंतत्व का प्ररूपण,	१८२१-१८२३
५३.	एक आकाशप्रदेश में स्थित पुद्गलों के चयादि का प्ररूपण,	१८२३
५४.	द्रव्यादि आदेशों द्वारा सर्वपुद्गलों के सार्द्ध सप्रदेशादि का प्ररूपण,	१८२३-१८२५
५५.	चौवीसदंडकों में आत्त-अनात्त आदि पुद्गलों का प्ररूपण,	१८२५-१८२६
५६.	इन्द्रिय विषय रूप पुद्गलों का परस्पर परिणमन का प्ररूपण,	१८२६-१८२७
५७.	फाणित गुड आदि दृष्टांतों द्वारा रूपी द्रव्यों में व्यवहारनय और निश्चयनय से वर्णादि का प्ररूपण,	१८२७-१८२८
५८.	वर्ण-गंध-रस और स्पर्श निर्वृत्ति के भेद तथा चौबीसदंडकों में प्ररूपण,	१८२८
५९.	क्षेत्र दिशानुसार पुद्गलों का अल्पबहुत्व,	१८२८-१८२९
६०.	एक समयादि की स्थिति वाले पुद्गलों का द्रव्यादि की अपेक्षा अल्पबहुत्व,	१८२९
६१.	पुद्गल के द्रव्य स्थान आदि आयुष्यों का अल्पबहुत्व,	१८२९
६२.	वर्णादि की अपेक्षा पुद्गलों का द्रव्यादि की विवक्षा से अल्पबहुत्व,	१८३०
६३.	परमाणुओं के भेद-प्रभेद,	१८३०
६४.	एक समय में परमाणु पुद्गल की गति सामर्थ्य का प्ररूपण,	१८३०-१८३१

सूत्रांक	विषय	पृष्ठांक
६५.	परमाणु पुद्गलों का शाश्वतत्व-अशाश्वतत्व,	१८३१
६६.	विविध प्रकारों के परमाणु पुद्गल और स्कन्धों के अनन्तत्व का प्ररूपण,	१८३१-१८३२
६७.	परमाणु पुद्गलों के संघात भेद के परिणाम का प्ररूपण,	१८३२
६८.	पुद्गल परिवर्त के भेद और चौबीसदंडकों में प्ररूपण,	१८३२
६९.	जीव-चौबीसदंडकों में पुद्गल परिवर्तों का प्ररूपण,	१८३२-१८३३
७०.	चौबीसदंडकों का चौबीसदंडकों में पुद्गल परिवर्तों का प्ररूपण,	१८३३-१८३५
७१.	औदारिकादि पुद्गल परिवर्तों के नामकरण के कारणों का प्ररूपण,	१८३५-१८३६
७२.	औदारिकादि सात पुद्गल परिवर्तों का अल्पबहुत्व,	१८३६
७३.	औदारिकादि सात पुद्गल परिवर्तों के निर्वर्तना काल का प्ररूपण,	१८३६
७४.	औदारिकादि पुद्गल परिवर्त सप्तक के निर्वर्तना काल का अल्पबहुत्व,	१८३६-१८३७
७५.	परमाणु और स्कन्धों के त्रिकालवर्तित्व का प्ररूपण,	१८३७
७६.	परमाणु पुद्गलों, स्कन्धों और चौबीसदंडकों में अनुश्रेणी गति का प्ररूपण,	१८३७-१८३८
७७.	परमाणु पुद्गल स्कन्धों का सार्ध-समध्य और सप्रदेशादि का प्ररूपण,	१८३८
७८.	परमाणु पुद्गल स्कन्धों में सार्द्ध-अनर्द्धत्व का प्ररूपण,	१८३८-१८३९
७९.	परमाणु पुद्गल और स्कन्धों में कथंचित्, आत्मादि रूप का प्ररूपण,	१८३९-१८४४
८०.	परमाणु पुद्गल स्कन्धों का परस्पर स्पर्शना का प्ररूपण,	१८४४-१८४५
८१.	परमाणु पुद्गल और स्कन्धों का वायुकाय से स्पर्शना का प्ररूपण,	१८४५
८२.	परमाणु पुद्गल स्कन्धों का असिधारादि पर अवगाहनादि का प्ररूपण,	१८४६-१८४७
८३.	परमाणु पुद्गल स्कन्धों के कम्पन आदि का प्ररूपण,	१८४७-१८४८
८४.	परमाणु पुद्गल स्कन्धों में यथायोग्य देशकम्पक आदि का प्ररूपण,	१८४८
८५.	विविध प्रकारों से परमाणु पुद्गल स्कन्धों की स्थिति का प्ररूपण,	१८४९
८६.	विविध प्रकारों के परमाणु पुद्गल स्कन्धों के अंतर काल का प्ररूपण,	१८४९-१८५०
८७.	सर्वकम्पक-देशकम्पक-निष्कम्पक परमाणु पुद्गल स्कन्धों की स्थिति का प्ररूपण,	१८५०-१८५१
८८.	सर्वकम्पक-देशकम्पक-निष्कम्पक परमाणु पुद्गल स्कन्धों के अन्तर काल का प्ररूपण,	१८५१-१८५२
८९.	सर्वकम्पक-देशकम्पक-निष्कम्पक परमाणु पुद्गल स्कन्धों का अल्पबहुत्व,	१८५२
९०.	सर्वकम्पक-देशकम्पक-निष्कम्पक परमाणु पुद्गल स्कन्धों का द्रव्यार्थादि की अपेक्षा अल्पबहुत्व,	१८५२-१८५४
९१.	एकत्व-बहुत्व की विवक्षा से परमाणु पुद्गल और स्कन्धों के सकम्प-निष्कम्प का प्ररूपण,	१८५४
९२.	सकम्प-निष्कम्प परमाणु पुद्गल स्कन्धों की स्थिति का प्ररूपण,	१८५४
९३.	सकम्प-निष्कम्प परमाणु पुद्गल स्कन्धों के अन्तर काल का प्ररूपण,	१८५५
९४.	सकम्प-निष्कम्प परमाणु पुद्गल स्कन्धों का अल्पबहुत्व,	१८५५-१८५६
९५.	सकम्प-निष्कम्प परमाणु पुद्गल स्कन्धों का द्रव्यादि की अपेक्षा अल्पबहुत्व,	१८५६-१८५७
९६.	परमाणु पुद्गलों और स्कन्धों का द्रव्य और प्रदेश की अपेक्षा से बहुत्व का प्ररूपण,	१८५७-१८५८
९७.	परमाणु पुद्गलों और स्कन्धों की अवगाहना स्थिति द्वारा द्रव्य व प्रदेश विवक्षा से विशेषाधिक आदि का प्ररूपण,	१८५८-१८५९
९८.	परमाणु पुद्गलों और स्कन्धों का वर्णादि की अपेक्षा द्रव्य प्रदेश द्वारा बहुत्व का प्ररूपण,	१८५९
९९.	परमाणु पुद्गल और स्कन्धों का द्रव्यादि की अपेक्षा अल्पबहुत्व,	१८५९-१८६०
१००.	एक प्रदेशादि पुद्गलों की अवगाहना और स्थिति की अपेक्षा अल्पबहुत्व,	१८६०-१८६१
१०१.	परमाणु पुद्गल और स्कन्धों का वर्णादि की अपेक्षा द्रव्यादि विवक्षा द्वारा अल्पबहुत्व,	१८६१-१८६२
१०२.	परमाणु पुद्गल और स्कन्धों का द्रव्य व प्रदेश की अपेक्षा से कृतयुग्मादि का प्ररूपण,	१८६२-१८६४
१०३.	परमाणु पुद्गल और स्कन्धों के अवगाहना स्थिति वर्णादियुक्त कृतयुग्म आदि का प्ररूपण,	१८६४-१८६६
१०४.	अन्यतीर्थिकों की स्कन्ध के संघात और भेद की धारणा निराकरण का प्ररूपण,	१८६६-१८६७
१०५.	निक्षेप विधि से स्कन्ध का प्ररूपण,	१८६७-१८७०
१०६.	शब्दों के भेद-प्रभेद,	१८७०

सूत्रांक	विषय	पृष्ठांक
१०७.	शब्दों की उत्पत्ति के निमित्त,	१८७०-१८७१
१०८.	शब्दादि का पुद्गल रूपत्व प्ररूपण,	१८७१
१०९.	शब्दादि का एकत्व,	१८७१
११०.	शब्दादि पुद्गलों के विविध प्रकार से भेदों का प्ररूपण,	१८७१
१११.	प्रयोगबन्ध-विस्रसाबन्ध नामक दो बंध भेद,	१८७१
११२.	विस्रसाबंध का विस्तार से प्ररूपण,	१८७१-१८७२
११३.	प्रयोगबंध के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण,	१८७२-१८७५
११४.	शरीरप्रयोगबंध के भेद,	१८७५
११५.	औदारिक शरीरप्रयोगबंध का विस्तार से प्ररूपण,	१८७५-१८७६
११६.	औदारिक शरीरप्रयोगबंध की स्थिति का प्ररूपण,	१८७६-१८७७
११७.	औदारिक शरीरबन्ध के अन्तर काल का प्ररूपण,	१८७७-१८७८
११८.	औदारिक शरीर के बंधक-अबंधकों का अल्पबहुत्व,	१८७८
११९.	वैक्रिय शरीरप्रयोगबंध का विस्तार से प्ररूपण,	१८७९-१८८०
१२०.	वैक्रिय शरीरप्रयोगबंध की स्थिति का प्ररूपण,	१८८०-१८८१
१२१.	वैक्रिय शरीरप्रयोगबंध के अन्तर काल का प्ररूपण,	१८८१
१२२.	पुनः वैक्रिय शरीर प्राप्त करने वालों के वैक्रिय शरीरप्रयोगबंध के अन्तर काल का प्ररूपण,	१८८१-१८८३
१२३.	वैक्रिय शरीर के बंधक-अबंधकों का अल्पबहुत्व,	१८८३
१२४.	आहारक शरीरप्रयोगबंध का विस्तार से प्ररूपण,	१८८३-१८८४
१२५.	तेजस् शरीरप्रयोगबंध का विस्तार से प्ररूपण,	१८८४-१८८५
१२६.	आठ प्रकार के कार्मण शरीरप्रयोगबंध का विस्तार से प्ररूपण,	१८८५-१८८८
१२७.	पाँच शरीरों के परस्पर बंधक-अबंधक का प्ररूपण,	१८८८-१८९०
१२८.	पाँच शरीरों के बंधक-अबंधकों का अल्पबहुत्व,	१८९०
१२९.	घ्राणेन्द्रिय से संलग्न पुद्गलों का घ्राणग्राह्यत्व का प्ररूपण,	१८९०
१३०.	चौबीसदंडकों में आहारिक पुद्गलों के परिणतादि का प्ररूपण,	१८९०-१८९२
१३१.	नरक पृथ्वियों में स्थित सर्वपुद्गलों में पूर्व प्रवेश आदि का प्ररूपण,	१८९२

प्रकीर्णक

१.	द्रव्यार्थिक नय दृष्टि से अस्तिकाय आदि के एकत्व का प्ररूपण,	१८९४
२.	चित्तवृत्त्यादि के एकत्व का प्ररूपण,	१८९४
३.	द्रव्यार्थिक नय दृष्टि से अठारह पापस्थानों के नाम,	१८९४
४.	द्रव्यार्थिक नय दृष्टि से अठारह पापस्थान विरमण के नाम,	१८९५
५.	गुणप्रमाण के दो प्रकार,	१८९५
६.	भाव शंख के स्वरूप का प्ररूपण,	१८९५
७.	चौबीसदंडकों में सामान्य से दंड संख्या का प्ररूपण,	१८९५
८.	आशीविष भेदों का विस्तार से प्ररूपण,	१८९५-१८९८
९.	तीन प्रकार की ऋद्धि के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण,	१८९८
१०.	अर्थोपार्जन हेतु के तीन प्रकार,	१८९९
११.	विवक्षा से इन्द्रों के तीन प्रकार,	१८९९
१२.	विनिश्चय के तीन प्रकार,	१८९९
१३.	श्रमण माहनों के अभिसमागम के तीन प्रकार,	१८९९
१४.	शूरों के चार प्रकार,	१८९९
१५.	विद्यमान गुणों का विनाश-विकास के चार हेतु,	१८९९-१९००
१६.	चार प्रकार का संसार,	१९००
१७.	गति की अपेक्षा संसार के चार प्रकार,	१९००

सूत्रांक	विषय	पृष्ठांक
१८.	निक्षेप-विवक्षा से सत्य के चार प्रकार,	१९००
१९.	हास्योत्पत्ति के चार कारण,	१९००
२०.	व्याधि के चार प्रकार,	१९००
२१.	चिकित्सा के चार अंग,	१९००
२२.	चिकित्सक के चार प्रकार,	१९००-१९०१
२३.	विकथा के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण,	१९०१
२४.	दण्ड के पाँच प्रकार,	१९०१
२५.	निधि के पाँच प्रकार,	१९०१-१९०२
२६.	इन्द्रिय विषयों में अनुरक्ति के पाँच हेतु,	१९०२
२७.	प्रतिघातों के पाँच प्रकार,	१९०२
२८.	आजीवकों के पाँच प्रकार,	१९०२
२९.	सुप्त से जागृत होने के पाँच हेतु,	१९०२
३०.	शौच के पाँच प्रकार,	१९०२
३१.	उत्कल के पाँच प्रकार,	१९०२-१९०३
३२.	छेदन के पाँच प्रकार,	१९०३
३३.	आनन्तर्य के पाँच प्रकार,	१९०३
३४.	तुल्य के छह भेद और उनके स्वरूप का प्ररूपण,	१९०३-१९०५
३५.	छहों दिशाओं में जीवों की गति-आगति आदि प्रवृत्तियों का प्ररूपण,	१९०६
३६.	विष परिणाम के छह प्रकार,	१९०६
३७.	वचन प्रयोग के सात प्रकार,	१९०६-१९०७
३८.	विकथा के सात प्रकार,	१९०७
३९.	सात भय स्थान,	१९०७
४०.	आयुर्वेद के आठ अंग,	१९०७
४१.	पुण्य के नौ प्रकार,	१९०७-१९०८
४२.	सद्भाव पदार्थों के नव भेदों के नाम,	१९०८
४३.	रोगोत्पत्ति के नौ कारण,	१९०८
४४.	शरीर के मल द्वारों के नौ नाम,	१९०८
४५.	विवक्षा से अनन्तक के दस प्रकार,	१९०८
४६.	दान के दस निमित्त कारणों का प्ररूपण,	१९०८-१९०९
४७.	दुःषम और सुषम काल का लक्षण,	१९०९
४८.	दस प्रकार के बलों का प्ररूपण,	१९०९
४९.	दस प्रकार के शस्त्रों का प्ररूपण,	१९०९
५०.	आशंसा प्रयोग के दस भेद,	१९१०
५१.	अस्थिर-स्थिर-बालभाव आदि का परिवर्तन-अपरिवर्तन और शाश्वतादि का प्ररूपण,	१९१०
५२.	शैलेशी प्रतिपन्नक अणगार के पर प्रयोग के बिना एजनादि के निषेध का प्ररूपण,	१९१०
५३.	एजना के भेद और चार गतियों में प्ररूपण,	१९१०-१९११
५४.	चलना के भेद-प्रभेद और उनके स्वरूप का प्ररूपण,	१९११-१९१२
५५.	जीवों के भय हेतु का प्ररूपण,	१९१२-१९१३
५६.	युद्ध करते हुए पुरुषों के जय-पराजय हेतु का प्ररूपण,	१९१३
५७.	अंगभूत और अंतःस्थित वस्तु समूह के द्वारा राजगृह नगर का प्ररूपण,	१९१३-१९१४
५८.	क्षीणभोगी छद्मस्थादि मनुष्यों में भोगित्व का प्ररूपण,	१९१४-१९१५
५९.	आदर्श आदि को देखने सम्बन्धी विज्ञान,	१९१५
६०.	दौड़ते हुए घोड़े के 'खु खु' शब्द करने के हेतु का प्ररूपण,	१९१५
६१.	द्रव्यानुयोग का उपसंहार,	१९१५

तीनों भागों की संयुक्त सूची

भाग	अध्ययन	विषय	पृष्ठ
१.	१-२४	१०००	१-७८८
२.	२५-३८	८१२	७८९-१५३६
३.	३९-४६ / ४६	३८८ / २२००	१५३७-१९१८

परिशिष्ट–

१. सन्दर्भ स्थल सूची	१९१९
२. संकलन में प्रयुक्त आगमों के स्थल निर्देश	१९२३
३. प्रकीर्णक	१९७७
■ धर्मकथानुयोग प्रकीर्णक	१९७७
■ गणितानुयोग प्रकीर्णक	१९९३
■ चरणानुयोग प्रकीर्णक	२०३३
४. शब्द-कोष	२०३८
तीनों भागों की सम्पूर्ण पृष्ठ संख्या	२१२४

॥ द्रव्यानुयोग तृतीय भाग ॥

(अध्ययन ३९ से ४६ तथा परिशिष्ट युक्त)

गर्भ अध्ययन : आमुख

इस गर्भ अध्ययन में उन जीवों के जन्म का विवेचन है जो गर्भ से जन्म ग्रहण करते हैं। इसके साथ ही विग्रहगति एवं मरण का भी विशद वर्णन है। यह अध्ययन वक्कंति (व्युत्क्रान्ति) अध्ययन का पूरक अध्ययन है।

कुछ जीवों का जन्म सम्मूर्च्छिम जन्म कहलाता है। एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रियादि जीवों का जन्म इसी श्रेणी में आता है। देवों एवं नैरयिकों का जन्म बिना माता-पिता के संयोग के होने से उपपात जन्म कहलाता है। मनुष्य, पशु, पक्षी आदि कुछ जीव ऐसे हैं जिनका जन्म गर्भ से होता है।

चौबीस दण्डकों में से मात्र दो दण्डकों के जीवों का जन्म गर्भ से होता है–१. मनुष्य और २. पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चों का। इन दोनों के चर्मयुक्त पर्व होते हैं। ये दोनों शुक्र और रक्त से उत्पन्न होते हैं। ये दोनों गर्भ में रहते हुए आहार ग्रहण करते हैं तथा वृद्धिंगत होते हैं। गर्भ में रहते हुए इनकी हानि, विक्रिया, गतिपर्याय, समुद्घात, कालसंयोग, गर्भ से निर्गमन और मृत्यु होती है।

गर्भधारण करने व न करने के सम्बन्ध में स्थानांग सूत्र में बहुत सी बातें दी गई हैं। पाँच कारणों से स्त्री पुरुष का सहवास न करती हुई भी गर्भ धारण कर सकती है–१. कुआसन से बैठी स्त्री की अनावृत योनि में शुक्रपुद्गल चले जाने से २. शुक्र-पुद्गलों से युक्त वस्त्र को योनि-देश में प्रविष्ट कराने पर ३. स्वयं ही अपने हाथ से शुक्र-पुद्गलों को योनि देश में प्रवेश कराने पर ४. दूसरे के द्वारा शुक्र-पुद्गलों को योनि-देश में प्रवेश कराने पर ५. शीतोदक में स्नान करती हुए स्त्री के योनि स्थान में शुक्र-पुद्गलों के प्रवेश कर जाने से। पाँच कारणों से स्त्री पुरुष का सहवास करती हुई भी गर्भ धारण नहीं करती है–१. स्त्री के पूर्ण युवति न होने पर २. यौवन बीत जाने पर ३. जन्म से ही वंध्या होने पर ४. रोगयुक्त होने पर ५. शोकग्रस्त होने पर। ऐसे पाँच-पाँच अन्य कारण और भी हैं जिनसे स्त्री पुरुष का सहवास प्राप्त करके भी गर्भ धारण नहीं करती है, यथा–१. स्त्री के सदा ऋतुमती रहने पर २. कभी भी ऋतुमती न होने पर ३. गर्भाशय के नष्ट हो जाने पर ४. गर्भाशय की शक्ति क्षीण होने पर तथा ५. अप्राकृतिक क्रीड़ा करने पर। अन्य पाँच कारण हैं–१. ऋतुकाल में वीर्यपात होने तक पुरुष का सेवन न करने से २. समागत शुक्र पुद्गलों के विध्वस्त हो जाने से ३. पित्त प्रधान शोणित के उदीर्ण होने से ४. देव, कर्म, शाप आदि से ५. पुत्र-फलदायी कर्म के अर्जित न होने से।

मानुषी स्त्रियों के गर्भ चार प्रकार के होते हैं–१. स्त्री के रूप में, २. पुरुष के रूप में, ३. नपुंसक के रूप में, ४. बिम्ब विचित्र आकृति के रूप में। शुक्र अल्प और रज अधिक होने पर स्त्री, शुक्र अधिक और रज अल्प होने पर पुरुष, रज व शुक्र समान होने पर नपुंसक तथा वायुविकार के कारण स्त्री रज के स्थिर होने पर बिम्ब उत्पन्न होता है। गर्भस्थ जीव शुभ भावों से काल करने पर देवलोक में उत्पन्न होता है तथा अशुभ भावों से काल करने पर नरक में जाता है। गर्भ में उत्पन्न होता हुआ जीव इन्द्रिय सहित भी उत्पन्न होता है तथा इन्द्रिय रहित भी उत्पन्न होता है। भावेन्द्रियों की अपेक्षा वह इन्द्रियों सहित उत्पन्न होता है तथा द्रव्येन्द्रियों की अपेक्षा वह इन्द्रियरहित उत्पन्न होता है। इसी प्रकार गर्भ में उत्पन्न होता हुआ जीव तैजस् एवं कार्मण शरीरों की अपेक्षा सशरीर उत्पन्न होता है तथा औदारिक, वैक्रिय और आहारक शरीरों की अपेक्षा शरीर रहित उत्पन्न होता है। गर्भ में उत्पन्न होता हुआ जीव पाँच वर्ण, दो गन्ध, पाँच रस और आठ स्पर्श परिणाम से परिणमित होता है।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"दुसमइएण वा, तिसमइएण वा, चउसमइएण वा विग्गहेणं उववज्जेज्जा ?"

उ. एवं खलु गोयमा ! मए सत्त सेढीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–

१. उज्जुआयता **जाव** ७. अद्धचक्कवाला।

१. एगओ वंकाए सेढीए उववज्जमाणे दुसमइएणं विग्गहेणं उववज्जेज्जा,

२. दुहओ वंकाए सेढीए उववज्जमाणे जे भविए एगपयरंसि अणुसेढिं उववज्जित्तए से णं तिसमइएणं विग्गहेणं उववज्जेज्जा।

३. जे भविए विसेढिं उववज्जित्तए से णं चउसमइएणं विग्गहेणं उववज्जेज्जा।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"दुसमइएण वा, तिसमइएण वा, चउसमइएण वा विग्गहेणं उववज्जेज्जा।"

एवं एएणं गमएणं पुरत्थिमिल्ले चरिमंते समोहए दाहिणिल्ले चरिमंते उववाएयव्वो जाव **सुहुमवणस्सइकाइओ पज्जत्तओ सुहुमवणस्सइकाइएसु पज्जत्तएसु चेव, सव्वेसिं दुसमइओ, तिसमइओ, चउसमइओ विग्गहो भाणियव्वो।**

प. अपज्जत्तसुहुमपुढविकाइए णं भंते ! लोगस्स पुरत्थिमिल्ले चरिमंते समोहए, समोहणित्ता जे भविए लोगस्स पच्चत्थिमिल्ले चरिमंते अपज्जत्तसुहुमपुढविकाइयत्ताए उववज्जित्तए,

से णं भंते ! कइ समइएणं विग्गहेणं उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! एगसमइएण वा **जाव** चउसमइएण वा विग्गहेणं उववज्जेज्जा।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"एगसमइएण वा, **जाव** चउसमइएण वा विग्गहेणं उववज्जेज्जा ?"

उ. गोयमा ! **एवं जहेव पुरत्थिमिल्ले चरिमंते समोहया पुरत्थिमिल्ले चेव चरिमंते उववाइया तहेव पुरत्थिमिल्ले चरिमंते समोहया पच्चत्थिमिल्ले चरिमंते उववाएयव्वो सव्वे।**

प. अपज्जत्तसुहुमपुढविकाइए णं भंते ! लोगस्स पुरत्थिमिल्ले चरिमंते समोहए, समोहणित्ता जे भविए लोगस्स उत्तरिल्ले चरिमंते अपज्जत्तसुहुमपुढविकाइयत्ताए उववज्जित्तए, से णं भंते ! कइ समइएणं विग्गहेणं उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! **एवं जहा पुरत्थिमिल्ले चरिमंते समोहओ दाहिणिल्ले चरिमंते उववाइओ तहा पुरत्थिमिल्ले समोहओ उत्तरिल्ले चरिमंते उववाएयव्वो।**

उ. गौतम ! वह दो समय, तीन समय या चार समय की विग्रहगति से उत्पन्न होता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"वह दो समय, तीन समय या चार समय की विग्रह गति से उत्पन्न होता है ?"

उ. गौतम ! मैंने सात श्रेणियां कही हैं, यथा–

१. ऋज्वायता **यावत्** ७. अर्द्धचक्रवाला।

१. एकतोवक्रा श्रेणी से उत्पन्न होने पर दो समय की विग्रहगति से उत्पन्न होता है।

२. उभयतोवक्रा श्रेणी से उत्पन्न होने पर जो एक प्रतर में अनुश्रेणी (समश्रेणी) से उत्पन्न होने योग्य है, वह तीन समय की विग्रहगति से उत्पन्न होता है।

३. विश्रेणी से उत्पन्न होने पर चार समय की विग्रहगति से उत्पन्न होता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"वह दो समय, तीन समय या चार समय की विग्रहगति से उत्पन्न होता है।"

इसी प्रकार इसी आलापक से पूर्वी-चरमान्त में समुद्घात करके दक्षिणी-चरमान्त में पर्याप्त सूक्ष्मवनस्पतिकायिक का पर्याप्त सूक्ष्मवनस्पतिकायिकों में यथायोग्य दो समय, तीन समय या चार समय की विग्रहगति से उपपात का कथन करना चाहिए।

प्र. भंते ! जो अपर्याप्त सूक्ष्म पृथ्वीकायिक जीव लोक के पूर्वी-चरमान्त में मरण समुद्घात करके लोक के पश्चिमी-चरमान्त में अपर्याप्त सूक्ष्मपृथ्वीकायिक रूप में उत्पन्न होने योग्य है तो–

भंते ! वह कितने समय की विग्रहगति से उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! वह एक समय की **यावत्** चार समय की विग्रहगति से उत्पन्न होता है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"एक समय की यावत् चार समय की विग्रहगति से उत्पन्न होता है ?"

उ. गौतम ! **जैसे पूर्वी-चरमान्त में समुद्घात करके पूर्वी-चरमान्त में ही उपपात का कथन किया, वैसे ही पूर्वी-चरमान्त में समुद्घात करके पश्चिमी-चरमान्त में सभी के उपपात का कथन करना चाहिए।**

प्र. भंते ! जो अपर्याप्त सूक्ष्मपृथ्वीकायिक जीव लोक के पूर्वी चरमान्त में मरणसमुद्घात करके लोक के उत्तरी-चरमान्त में अपर्याप्त सूक्ष्मपृथ्वीकायिक जीव रूप में उत्पन्न होने योग्य है तो भंते ! वह कितने समय की विग्रहगति से उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार पूर्वी-चरमान्त में समुद्घात करके दक्षिणी-चरमान्त में उपपात का कथन किया उसी प्रकार पूर्वी-चरमान्त में समुद्घात करके उत्तरी-चरमान्त में उपपात का कथन करना चाहिए।**

प. अपज्जत्तसुहुमपुढविकाइए णं भंते ! लोगस्स दाहिणिल्ले चरिमंते समोहए, समोहणित्ता जे भविए लोगस्स दाहिणिल्ले चेव चरिमंते अपज्जत्तसुहुमपुढविकाइयत्ताए उववज्जित्तए–
से णं भंते ! कइ समइएणं विग्गहेणं उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! **एवं जहा पुरत्थिमिल्ले समोहओ पुरत्थिमिल्ले चेव उववाइओ तहा दाहिणिल्ले समोहओ दाहिणिल्ले चेव उववाएयव्वो।**

तहेव निरवसेसं जाव सुहुमवणस्सइकाइओ पज्जत्तओ सुहुमवणस्सइकाइएसु चेव पज्जत्तएसु दाहिणिल्ले चरिमंते उववाइओ।
एवं दाहिणिल्ले समोहयओ पच्चत्थिमिल्ले चरिमंते उववाएयव्वो,
णवरं–दुसमइय तिसमइय-चउसमइय विग्गहो **सेसं तहेव।**

एवं दाहिणिल्ले समोहयओ उत्तरिल्ले उववाएयव्वो, जहेव सट्ठाणे तहेव एगसमइय-दुसमइय-तिसमइय-चउसमइय विग्गहो।

पुरत्थिमिल्ले जहा **पच्चत्थिमिल्ले तहेव दुसमइय-तिसमइय-चउसमइय विग्गहो।**

पच्चत्थिमिल्ले चरिमंते समोहयाणं पच्चत्थिमिल्ले चेव चरिमंते उववज्जमाणाणं जहा सट्ठाणे।

उत्तरिल्ले उववज्जमाणाणं एगसमइओ विग्गहो नत्थि।
सेसं तहेव।
पुरत्थिमिल्ले जहा सट्ठाणे।

दाहिणिल्ले एगसमइओ विग्गहो नत्थि,

सेसं तं चेव।
उत्तरिल्ले समोहयाणं उत्तरिल्ले चेव उववज्जमाणाणं जहा सट्ठाणे।

उत्तरिल्ले समोहयाणं पुरत्थिमिल्ले उववज्जमाणाणं एवं चेव,
णवरं–एगसमइओ विग्गहो नत्थि,
उत्तरिल्ले समोहयाणं दाहिणिल्ले उववज्जमाणाणं जहा सट्ठाणे।
उत्तरिल्ले समोहयाणं पच्चत्थिमिल्ले उववज्जमाणाणं एगसमइओ विग्गहो नत्थि,

सेसं तहेव जाव **सुहुमवणस्सइकाइओ पज्जत्तओ सुहुमवणस्सइकाइएसु पज्जत्तएसु चेव।**

–विया. स. ३४/ए. १, उ. १, सु. १-६८

प्र. भंते ! जो अपर्याप्त सूक्ष्मपृथ्वीकायिक जीव लोक के दक्षिणी-चरमान्त में मरण समुद्घात करके दक्षिणी-चरमान्त में ही अपर्याप्त सूक्ष्मपृथ्वीकायिक रूप में उत्पन्न होने योग्य है तो–

भंते ! वह कितने समय की विग्रहगति से उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! **जिस प्रकार पूर्वी-चरमान्त में समुद्घात करके पूर्वी-चरमान्त में ही उपपात का कथन किया, उसी प्रकार दक्षिणी-चरमान्त में समुद्घात करके दक्षिणी-चरमान्त में ही उत्पन्न होने योग्य का उपपात कहना चाहिए।**

इसी प्रकार पर्याप्त सूक्ष्मवनस्पतिकायिक का पर्याप्त सूक्ष्मवनस्पतिकायिकों पर्यन्त दक्षिणी चरमान्त में उपपात कहना चाहिए।

इसी प्रकार दक्षिणी-चरमान्त में समुद्घात करके पश्चिमी-चरमान्त में उपपात का कथन करना चाहिए।

विशेष–इनमें से दो समय, तीन समय या चार समय की विग्रहगति होती है। **शेष पूर्ववत् कहना चाहिए।**

जिस प्रकार स्वस्थान में उपपात का कथन किया, उसी प्रकार दक्षिणी-चरमान्त में समुद्घात करके उत्तरी चरमान्त में उपपात का और एक समय, दो समय, तीन समय या चार समय विग्रहगति का कथन करना चाहिए।

जिस प्रकार पश्चिमी-चरमान्त में उपपात का कथन किया उसी प्रकार पूर्वी-चरमान्त में दो समय, तीन समय या चार समय की विग्रहगति से उपपात का कथन करना चाहिए।

पश्चिमी-चरमान्त में समुद्घात करके पश्चिमी चरमान्त में ही उत्पन्न होने वाले का कथन स्वस्थान के अनुसार करना चाहिए।

उत्तरी-चरमान्त में उत्पन्न होने वाले जीव के एक समय की विग्रहगति नहीं होती। **शेष सब कथन पूर्ववत् है।**

पूर्वी-चरमान्त में उपपात का कथन स्वस्थान के अनुसार जानना चाहिए।

दक्षिणी चरमान्त के उपपात में एक समय की विग्रहगति नहीं होती है।

शेष सब कथन पूर्ववत् है।

उत्तरी-चरमान्त में समुद्घात करके उत्तरी-चरमान्त में उत्पन्न होने वाले जीव का कथन स्वस्थान में उपपात के समान जानना चाहिए।

इसी प्रकार उत्तरी-चरमान्त में समुद्घात करके पूर्वी-चरमान्त में उत्पन्न होने वाले जीवों के उपपात का कथन करना चाहिए।

विशेष–इनमें एक समय की विग्रहगति नहीं होती है।

उत्तरी-चरमान्त में समुद्घात करके दक्षिणी-चरमान्त में उत्पन्न होने वाले जीवों का कथन भी स्वस्थान के समान है।

उत्तरी-चरमान्त में समुद्घात करके पश्चिमी-चरमान्त में उत्पन्न होने वाले जीवों के एक समय की विग्रहगति नहीं होती है।

शेष कथन पर्याप्त सूक्ष्मवनस्पतिकायिक का पर्याप्त सूक्ष्मवनस्पतिकायिक जीवों पर्यन्त उपपात का कथन पूर्ववत् जानना चाहिए।

१७. अनंतरोववन्नग एगिंदिय जीवाणं विग्गहगइस्स समय परूवणं–

प. अणंतरोववन्नगएगिंदिया णं भंते ! कओ हिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **जहेव ओहिए उद्देसओ भणिओ।**

–विया. स. ३४/ए. १, उ. २, सु. १

१८. परंपरोववन्नग एगिंदिय जीवाणं विग्गहगइस्स समय परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! परंपरोववन्नगा एगिंदिया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचविहा परंपरोववन्नगा एगिंदिया पन्नत्ता, तं जहा–

पुढविकाइया भेओ चउक्कओ जाव **वणस्सइकाइय त्ति।**

प. परंपरोववन्नगअपज्जत्तसुहुमपुढविकाइए णं भंते ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए पुरत्थिमिल्ले चरिमंते समोहए समोहणित्ता जे भविए इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए **जाव** पच्चत्थिमिल्ले चरिमंते अपज्जत्तसुहुमपुढविकाइयत्ताए उववज्जित्तए,

से णं भंते ! कइ समइएणं विग्गहेणं उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! **एवं एएणं अभिलावेणं जहेव पढमो उद्देसओ** जाव **लोगचरिमंतो त्ति।** *–विया. स. ३४/ए. १, उ. ३, सु. १-२*

१९. अणंतरावगाढाइ एगिंदिय जीवाणं विग्गहगइस्स समय परूवणं–

एवं सेसा वि अट्ठ उद्देसगा जाव **अचरिमो त्ति।**

णवरं–अणंतरावगाढाइं अणंतरोववन्नग सरिसा,

परंपरावगाढाइं परंपरोववन्नग सरिसा,

चरिमा य अचरिमा य एवं चेव। *–विया. स. ३४/ए. १, उ. ४-११*

२०. कण्ह-नील-काउ-लेस्सी एगिंदिय जीवाणं विग्गहगइस्स समय परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! कण्हलेस्सा एगिंदिया पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचविहा कण्हलेस्सा एगिंदिया पन्नत्ता, **भेओ चउक्कओ जहा कण्हलेस्स एगिंदियसए** जाव **वणस्सइकाइय त्ति।**

प. कण्हलेस्स अपज्जत्तसुहुमपुढविकाइए णं भंते ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए पुरत्थिमिल्ले चरिमंते समोहए समोहणित्ता जे भविए इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए **जाव** पच्चत्थिमिल्ले चरिमंते अपज्जत्तसुहुमपुढविकाइयत्ताए उववज्जित्तए, से णं भंते ! कइ समइएणं विग्गहेणं उववज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! **एवं एएणं अभिलावेणं जहेव ओहिय उद्देसओ** जाव **लोगचरिमंते त्ति। सव्वत्थ कण्हलेस्सेसु चेव उववाएयव्वो।** *–विया. स. ३४/ए. २, उ. १-११, सु. ५-२*

१७. अनंतरोपपन्नक एकेन्द्रिय जीवों की विग्रह गति के समय का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! अनन्तरोपपन्नक एकेन्द्रिय जीव कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **यह औधिक (पूर्व) उद्देशक के अनुसार कहना चाहिए।**

१८. परंपरोपपन्नक एकेन्द्रिय जीवों की विग्रहगति के समय का प्ररूपण–

प्र. भंते ! परम्परोपपन्नक एकेन्द्रिय कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! परम्परोपपन्नक एकेन्द्रिय जीव पांच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

पृथ्वीकायिक इत्यादि के चार-चार भेद वनस्पतिकायिक पर्यन्त कहने चाहिए।

प्र. भन्ते ! परम्परोपपन्नक अपर्याप्त सूक्ष्म पृथ्वीकायिक जीव रत्नप्रभा पृथ्वी के पूर्वी चरमान्त में मरण समुद्घात करके रत्नप्रभापृथ्वी के **यावत्** पश्चिमी चरमान्त में अपर्याप्त सूक्ष्म पृथ्वीकायिक रूप में उत्पन्न होने योग्य है तो–

भंते ! वह कितने समय की विग्रहगति से उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! **औधिक (प्रथम) उद्देशक के अभिलाप के अनुसार लोक के चरमान्त पर्यन्त उत्पत्ति कहनी चाहिए।**

१९. अणंतरावगाढादि एकेन्द्रिय जीवों की विग्रहगति के समय का प्ररूपण–

इसी प्रकार शेष आठ उद्देशक अचरिम पर्यन्त कहने चाहिए।

विशेष–अनंतरावगाढादि अणंतरोपपन्नक के समान है।

परंपरावगाढादि परंपरोपपन्नक के समान है।

चरम-अचरम का कथन भी इसी प्रकार है।

२०. कृष्ण नील कापोत लेश्यी एकेन्द्रिय जीवों की विग्रह गति के समय का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! कृष्णलेश्यी एकेन्द्रिय जीव कितने प्रकार के कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! कृष्णलेश्यी एकेन्द्रिय जीव पांच प्रकार के कहे गए हैं, **उनके चार-चार भेद कृष्णलेश्यी एकेन्द्रियशतक के अनुसार वनस्पतिकायिक पर्यन्त जानने चाहिए।**

प्र. भन्ते ! कृष्णलेश्यी अपर्याप्त सूक्ष्मपृथ्वीकायिक जीव इस रत्नप्रभापृथ्वी के पूर्वीचरमान्त में मरण समुद्घात करके रत्नप्रभा पृथ्वी के यावत् पश्चिमी चरमान्त में अपर्याप्त सूक्ष्म पृथ्वीकायिक रूप में उत्पन्न होने योग्य है तो भंते ! वह कितने समय की विग्रह गति से उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! **औधिक उद्देशक के अभिलाप के अनुसार लोक के चरमान्त पर्यन्त सर्वत्र कृष्णलेश्या वालों में उपपात कहना चाहिए।**

नीललेस्से वि एवं चेव।
काउलेस्से वि एवं चेव। *–विया. स. ३४, उ. ३-५, सु. २,३*

नीललेश्या का भी कथन इसी प्रकार है।
कापोतलेश्या का भी कथन इसी प्रकार है।

२१. दीव-समुद्दाइसु परोप्परं जीवाणं जम्म-मरण परूवणं–

प. जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे जीवा उद्दाइत्ता-उद्दाइत्ता लवण-समुद्दे पच्चायंति ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइया पच्चायंति, अत्थेगइया नो पच्चायंति।

प. लवणे णं भंते ! समुद्दे जीवा उद्दाइत्ता-उद्दाइत्ता जंबुद्दीवे दीवे पच्चायंति ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइया पच्चायंति, अत्थेगइया नो पच्चायंति। *–जीवा. पडि. ३, सु. १४६*

प. लवणे णं भंते ! समुद्दे जीवा उद्दाइत्ता-उद्दाइत्ता धायइसंडे दीवे पच्चायंति ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइया पच्चायंति, अत्थेगइया नो पच्चायंति।

प. धायइसंडे णं भंते ! दीवे जीवा उद्दाइत्ता-उद्दाइत्ता लवणे समुद्दे पच्चायंति ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइया पच्चायंति, अत्थेगइया नो पच्चायंति। *–जीवा. पडि. ३, सु. १५४*

प. धायइसंडे णं भंते ! दीवे जीवा उद्दाइत्ता-उद्दाइत्ता कालोए समुद्दे पच्चायंति ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइया पच्चायंति, अत्थेगइया नो पच्चायंति।

प. कालोए णं भंते ! समुद्दे जीवा उद्दाइत्ता-उद्दाइत्ता धायइसंडे दीवे पच्चायंति ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइया पच्चायंति, अत्थेगइया नो पच्चायंति। *–जीवा. पडि. ३, सु. १७४*

प. कालोए णं भंते ! समुद्दे जीवा उद्दाइत्ता-उद्दाइत्ता पुक्खरवरदीवे पच्चायंति ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइया पच्चायंति, अत्थेगइया नो पच्चायंति ?

प. पुक्खरवरदीवे णं भंते ! जीवा उद्दाइत्ता-उद्दाइत्ता कालोए समुद्दे पच्चायंति ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइया पच्चायंति, अत्थेगइया नो पच्चायंति।

एवं पुक्खरोदसमुद्दे वि,
एवं वरुणवराइदीवेसु जाव **सयंभूरमणाइसमुद्दे उद्दाइत्ता-उद्दाइत्ता जीवा परोप्परं पच्चायंति।**
–जीवा. पडि. ३, सु. १७५-१७६ (अ)

२१. द्वीप समुद्रों में परस्पर जीवों के जन्म मरण का प्ररूपण–

प्र. भंते ! जंबूद्वीप द्वीप में मरकर जीव क्या लवणसमुद्र में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होते हैं और कोई उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. भंते ! लवणसमुद्र में मरकर जीव क्या जम्बूद्वीप द्वीप में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होते हैं और कोई उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. भंते ! लवण समुद्र में मरकर जीव क्या धातकीखण्ड में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होते हैं और कोई उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. भंते ! धातकीखण्ड द्वीप में मरकर जीव क्या लवण समुद्र में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होते हैं और कोई उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. भंते ! धातकी खण्ड द्वीप में जीव मरकर क्या कालोद समुद्र में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होते हैं और कोई उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. भंते ! कालोद समुद्र में जीव मरकर क्या धातकी खण्ड द्वीप में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होते हैं और कोई उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. भंते ! कालोद समुद्र में जीव मरकर क्या पुष्करवरद्वीप में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होते हैं और कोई उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. भंते ! पुष्करवरद्वीप में जीव मरकर क्या कालोद समुद्र में उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! कोई उत्पन्न होते हैं और कोई उत्पन्न नहीं होते हैं।

इसी प्रकार पुष्करोद समुद्र के लिए जानना चाहिए।
इसी प्रकार वरुणवर आदि द्वीपों से स्वयंभूरमणादि समुद्रों पर्यन्त जीव मर-मरकर परस्पर एक दूसरे में उत्पन्न होते हैं।

२२. मरणस्स भेयप्पभेय परूवणं–

सत्तरसविहे मरणे पण्णत्ते, तं जहा–

१. आवीईमरणे, २. ओहिमरणे,
३. आयंतियमरणे, ४. वलयमरणे,
५. वसट्टमरणे, ६. अंतोसल्लमरणे,

२२. मरण के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण–

सत्रह प्रकार का मरण कहा गया है, यथा–

१. आवीचि-मरण, २. अवधि-मरण,
३. आत्यन्तिक मरण, ४. वलय-मरण,
५. वशार्त-मरण, ६. अन्तःशल्य-मरण,

७. तब्भवमरणे, ८. बालमरणे,
९. पंडितमरणे, १०. बालपंडितमरणे,
११. छउमत्थमरणे, १२. केवलिमरणे,
१३. वेहाणसमरणे, १४. गिद्धपुट्ठमरणे,
१५. भत्तपच्चक्खाणमरणे, १६. इंगिणिमरणे,
१७. पाओवगमणमरणे। —*सम. सम. १७, सु. १*

प. कइविहे णं भंते ! मरणे पन्नत्ते ?

उ. गोयमा ! पंचविहे मरणे पन्नत्ते, तं जहा–
१. आवीचियमरणे, २. ओहिमरणे,
३. आइयंतियमरणे, ४. बालमरणे,
५. पंडियमरणे।

प. आवीचियमरणे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. दव्वावीचियमरणे, २. खेत्तावीचियमरणे,
३. कालावीचियमरणे, ४. भवावीचियमरणे,
५. भावावीचियमरणे।

प. दव्वावीचियमरणे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. नेरइय-दव्वावीचियमरणे,
२. तिरिक्खजोणिय-दव्वावीचियमरणे,
३. मणुस्स-दव्वावीचियमरणे,
४. देव-दव्वावीचियमरणे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"नेरइयदव्वावीचियमरणे, नेरइयदव्वावीचियमरणे ?"

उ. गोयमा ! जे णं नेरइया नेरइयदव्वे वट्टमाणा जाइं दव्वाइं नेरइयाउयत्ताए गहियाइं बद्धाइं पुट्ठाइं कडाइं पट्ठवियाइं निविट्ठाइं अभिनिविट्ठाइं अभिसमन्नागयाइं भवंति ताइं दव्वाइं आवीचीअणुसमयं निरंतरं मरंतीति कट्टु,

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"नेरइय-दव्वावीचियमरणे, नेरइयदव्वावीचियमरणे।"
एवं जाव देव-दव्वावीचियमरणे।

प. खेत्तावीचियमरणे णं भंते ! कइविहे पन्नत्ते ?

उ. गोयमा ! चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. नेरइय खेत्तावीचियमरणे **जाव**
४. देवखेत्तावीचियमरणे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"नेरइयखेत्तावीचियमरणे, नेरइयखेत्तावीचियमरणे ?"

७. तद्भव-मरण, ८. बाल-मरण,
९. पंडित-मरण, १०. बाल-पंडित-मरण,
११. छद्मस्थ-मरण, १२. केवलि-मरण,
१३. वेहाणस-मरण, १४. गृद्धस्पृष्ट-मरण,
१५. भक्तप्रत्याख्यान-मरण, १६. इंगिनी-मरण,
१७. पादोपगमन-मरण।

प्र. भंते ! मरण कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! पाँच प्रकार का मरण कहा गया है, **यथा**–
१. आवीचिक-मरण, २. अवधिमरण,
३. आत्यन्तिकमरण, ४. बालमरण,
५. पण्डित-मरण।

प्र. भंते ! आवीचिकमरण कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! वह पाँच प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. द्रव्यावीचिकमरण, २. क्षेत्रावीचिकमरण,
३. कालावीचिकमरण, ४. भवावीचिक मरण,
५. भावावीचिकमरण,

प्र. भंते ! द्रव्यावीचिकमरण कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! वह चार प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. नैरयिक-द्रव्यावीचिकमरण,
२. तिर्यञ्चयोनिक-द्रव्यावीचिकमरण,
३. मनुष्य-द्रव्यावीचिकमरण,
४. देव-द्रव्यावीचिकमरण,

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक-द्रव्यावीचिकमरण-नैरयिक द्रव्यावीचिकमरण है ?"

उ. गौतम ! नारकद्रव्य (नारकजीव) रूप से विद्यमान जिस नैरयिक ने जिन द्रव्यों को नरकायु के रूप में ग्रहण किया है, बाँधा है, प्रदेशों में स्पृष्ट किया है, विशिष्ट अनुभाव (फलदान सामर्थ्य) से युक्त किया है, दीर्घ स्थिति से स्थापित किया है, जीव प्रदेशों में निविष्ट किया है, अभिनिविष्ट (अत्यन्त गाढ रूप से निविष्ट) किया है तथा जो द्रव्य अभिसमन्वागत (उदयावलिका में प्रविष्ट हो गये हैं), उन द्रव्यों को (भोग कर) वह प्रतिसमय निरन्तर छोड़ता (मरता) रहता है।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक द्रव्यावीचिकमरण-नैरयिक द्रव्यावीचिक मरण है।"
इसी प्रकार (तिर्यञ्चयोनिक-द्रव्यावीचिकमरण, मनुष्य-द्रव्यावीचिकमरण) देव-द्रव्यावीचिक मरण पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भंते ! क्षेत्रावीचिकमरण कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! वह चार प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. नैरयिक क्षेत्रावीचिकमरण **यावत्**
४. देव क्षेत्रावीचिकमरण।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक क्षेत्रावीचिकमरण-नैरयिक क्षेत्रावीचिकमरण है।"

उ. गोयमा ! जं णं नेरइया नेरइयखेत्ते वट्टमाणा जाइं दव्वाइं नेरइयाउयत्ताएगहियाइं,
एवं जहेव दव्वावीचियमरणे तहेव खेत्तावीचियमरणे वि।

एवं जाव भावावीचियमरणे।

प. ओहिमरणे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?
उ. गोयमा ! पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. दव्वोहिमरणे, २. खेत्तोहिमरणे,
३. कालोहिमरणे, ४. भवोहिमरणे,
५. भावोहिमरणे।
प. दव्वोहिमरणे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?
उ. गोयमा ! चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. नेरइयदव्वोहिमरणे **जाव**
४. देवदव्वोहि मरणे।
प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"नेरइयदव्वोहिमरणे-नेरइयदव्वोहिमरणे ?"
उ. गोयमा ! जं णं नेरइया नेरइयदव्वे वट्टमाणा जाइं दव्वाइं संपयं मरंति, तं णं नेरइया ताइं दव्वाइं अणागए काले पुणोऽवि मरिस्संति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"नेरइयदव्वोहिमरणे-नेरइयदव्वोहिमरणे।"
एवं तिरिक्खजोणिय-मणुस्स-देव-दव्वोहिमरणे वि।

एवं एएणं गमएणं खेत्तोहिमरणे वि, कालोहिमरणे वि, भवोहिमरणे वि, भावोहिमरणे वि।

प. आइयंतियमरणे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?
उ. गोयमा ! पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. दव्वाइयंतियमरणे, २. खेत्ताइयंतियमरणे,
३. कालाइयंतियमरणे, ४. भवाइयंतियमरणे,
५. भावाइयंतियमरणे।
प. दव्वाइयंतियमरणे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?
उ. गोयमा ! चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. नेरइयदव्वाइयंतियमरणे **जाव**
२. देवदव्वाइयंतियमरणे।
प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"नेरइय दव्वाइयंतियमरणे, नेरइयदव्वाइयंतियमरणे ?"
उ. गोयमा ! जं णं नेरइया नेरइय दव्वे वट्टमाणा जाइं दव्वाइं संपयं मरंति, जे णं नेरइया ताइं दव्वाइं अणागए काले नो पुणोऽवि मरिस्संति।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"नेरइयदव्वाइयंतियमरणे-नेरइयदव्वाइयंतियमरणे।"
एवं तिरिक्ख-मणुस्स-देव-दव्वाइयंतियमरणे।

उ. गौतम ! नैरयिक क्षेत्र में रहे हुए जिन द्रव्यों को नरकायुरूप में नैरयिक जीव ने स्पर्श रूप से ग्रहण किया है।
इत्यादि जैसा कथन द्रव्यावीचिकमरण में किया है उसी प्रकार क्षेत्रावीचिक मरण में भी करना चाहिए।

इसी प्रकार (कालावीचिकमरण, भावावीचिकमरण) भावावीचिकमरण पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भंते ! अवधिमरण कितने प्रकार का कहा गया है ?
उ. गौतम ! वह पाँच प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. द्रव्यावधिमरण, २. क्षेत्रावधिमरण,
३. कालावधिमरण, ४. भवावधिमरण,
५. भावावधिमरण।
प्र. भंते ! द्रव्यावधिमरण कितने प्रकार का कहा गया है ?
उ. गौतम ! वह चार प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. नैरयिक-द्रव्यावधिमरण **यावत्**
४. देव-द्रव्यावधिमरण।
प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक द्रव्यावधिमरण–नैरयिक द्रव्यावधिमरण है।"
उ. गौतम ! नैरयिक द्रव्य के रूप में रहे हुए नैरयिक जीव जिन द्रव्यों को इस (वर्तमान) समय में भोग कर मरते हैं, वे ही जीव पुनः नैरयिक होकर उन्हीं द्रव्यों को ग्रहण कर भविष्य काल में भोगकर मरेंगे।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिकद्रव्यावधिमरण–नैरयिक द्रव्यावधिमरण है।"
इसी प्रकार तिर्यञ्चयोनिक मनुष्य और देव-द्रव्यावधिमरण भी कहना चाहिए।

इसी प्रकार के आलापक द्वारा क्षेत्रावधिमरण, कालावधिमरण, भवावधिमरण और भावावधिमरण का भी कथन करना चाहिए।

प्र. भंते ! आत्यन्तिकमरण कितने प्रकार का कहा गया है ?
उ. गौतम ! वह पाँच प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. द्रव्यात्यन्तिकमरण, २. क्षेत्रात्यन्तिकमरण,
३. कालात्यन्तिक मरण, ४. भवात्यन्तिकमरण,
५. भावात्यन्तिकमरण।
प्र. भंते ! द्रव्यात्यन्तिकमरण कितने प्रकार का कहा गया है ?
उ. गौतम ! वह चार प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. नैरयिक द्रव्यात्यन्तिकमरण **यावत्**
२. देव-द्रव्यात्यन्तिक मरण।
प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक-द्रव्यात्यन्तिकमरण-नैरयिक-द्रव्यात्यन्तिकमरण है ?"
उ. गौतम ! नैरयिक द्रव्य रूप में रहे हुए नैरयिक जीव जिन द्रव्यों को वर्तमान में भोग कर मरते हैं वे ही नैरयिक पुनः उन द्रव्यों को भविष्यकाल में भोगकर नहीं मरेंगे।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक-द्रव्यात्यन्तिकमरण–नैरयिक-द्रव्यात्यन्तिकमरण है।"
इसी प्रकार तिर्यञ्चयोनिक मनुष्य और देवद्रव्यात्यन्तिक-मरण के लिए भी कहना चाहिए।

एवं खेत्ताइयंतियमरणे वि जाव भावाइयंतियमरणे वि।

प. बालमरणे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! दुवालसविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. वलयमरणे, २. वसट्टमरणे,
३. अंतोसल्लमरणे, ४. तब्भवमरणे,
५. गिरिपडणे, ६. तरुपडणे,
७. जलप्पवेसे, ८. जलणप्पवेसे,
९. विसभक्खणे, १०. सत्थोवाडणे,
११. वेहाणसे, १२. गिद्धपट्ठे[1]।

प. पंडिय मरणे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. पाओवगमणे य २. भत्तपच्चक्खाणे य।

प. पाओवगमणे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. णीहारिमे य,
२. अणीहारिमे य नियमं अप्पडिकम्मे।

प. भत्तपच्चक्खाणे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! एवं तं चेव।

णवरं–सप्पडिकम्मे,[2] –विया. स. १३, उ. ७, सु. २३-४४

इसी प्रकार क्षेत्रात्यन्तिकमरण से भावात्यन्तिकमरण पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भंते ! बालमरण कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! वह बारह प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. वलय मरण, २. वसार्त मरण,
३. अन्तःशल्यमरण, ४. तद्भव मरण,
५. गिरिपतन, ६. तरुपतन,
७. जलप्रवेश, ८. जलण (अग्नि) प्रवेश,
९. विषभक्षण, १०. शस्त्रावपाटण,
११. वैहानस, १२. गृद्धपृष्ट मरण।

प्र. भंते ! पंडितमरण कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! वह दो प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. पादोपगमन, २. भक्त प्रत्याख्यान।

प्र. भंते ! पादोपगमन कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! वह दो प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. निर्हारिम (आहार रहित),
२. अनिर्हारिम (आहार सहित) नियमतः अप्रतिकर्म सेवा शुश्रूषा रहित है।

प्र. भंते ! भक्तप्रत्याख्यान कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! यह पूर्ववत् जानना चाहिए।

विशेष–सप्रतिकर्म (सेवा शुश्रूषा सहित) है।

२३. मरणकाले जीवस्स पंच निज्जाणठाणा तन्निमित्तगे गई परूवण य–

पंचविहे जीवस्स निज्जाणमग्गे पण्णत्ते, तं जहा–

१. पाएहिं, २. ऊरूहिं,
३. उरेणं, ४. सिरेणं,
५. सव्वंगेहिं।

१. पाएहिं निज्जायमाणे निरयगामी भवइ,
२. ऊरूहिं निज्जायमाणे तिरियगामी भवइ,
३. उरेणं निज्जायमाणे मणुयगामी भवइ,
४. सिरेणं निज्जायमाणे देवगामी भवइ,
५. सव्वंगेहिं निज्जायमाणे सिद्धिगइपज्जवसाणे पण्णत्ते।

–ठाणं अ. ५, उ. ३, सु. ४६१

२३. मरण समय जीव के पाँच निर्याण स्थान और तन्निमित्तक गति का प्ररूपण–

जीव का निर्याण मार्ग (मृत्यु के समय शरीर से जीव प्रदेशों के निकलने का मार्ग) पाँच प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. पैर, २. ऊरू (जांघ),
३. हृदय, ४. सिर,
५. सर्वांग।

१. पैरों से निर्याण करने वाला जीव नरकगामी होता है।
२. ऊरू (जंघा) से निर्याण करने वाला जीव तिर्यक्गामी होता है।
३. हृदय से निर्याण करने वाला जीव मनुष्यगामी होता है।
४. सिर से निर्याण करने वाला जीव देवगामी होता है।
५. सर्वांग से निर्याण करने वाला जीव अंतिम स्थान सिद्धगति प्राप्त करता है।

२४. अंतिम सरीरियाणं मरण पमाणं–

एगे मरणे अंतिमसारीरियाणं। –ठाणं. अ. १, सु. २६

२४. अन्तिम शरीर वालों के मरण का प्रमाण–

अन्तिम शरीर वालों का मरण एक कहा गया है।

□ □

१. विया. स. २, उ. १, सु. २६
२. विया. स. २, उ. १, सु. २७-२९

युग्म अध्ययन : आमुख

'युग्म' जैन दर्शन का एक पारिभाषिक शब्द है। यह चार की संख्या का द्योतक है। चार की संख्या के आधार पर युग्म का विचार किया जाता है। प्रायः गणितशास्त्र में समसंख्या को युग्म एवं विषमसंख्या को ओज कहा गया है। इन युग्म एवं ओज संख्याओं का विचार जब युग्म चार की संख्या के आधार पर किया जाता है तो युग्म के चार भेद बनते हैं–१. कृतयुग्म, २. ओज, ३. द्वापरयुग्म और ४. कल्योज। इनमें से दो युग्म अर्थात् समराशियाँ हैं तथा दो ओज अर्थात् विषम राशियाँ हैं। इन सबका विचार चार की संख्या के आधार पर किए जाने से इन्हें युग्म राशियाँ कहा गया है। इनके स्वरूप का निरूपण प्रस्तुत अध्ययन में हुआ है। तदनुसार जिस राशि में चार-चार निकालने पर अन्त में चार शेष रहें वह 'कृतयुग्म' है, यथा–८, १२, १६, २०, २४ आदि संख्याएँ। जिस राशि में से चार-चार निकालने पर अन्त में तीन शेष रहे उसे त्र्योज कहते हैं, यथा–७, ११, १५ आदि संख्याएँ। इसी प्रकार जिस राशि में से चार-चार घटाने पर अन्त में दो शेष रहे उसे द्वापर युग्म एवं जिसमें एक शेष रहे उसे कल्योज कहते हैं। यथा–६, १०, १४, १८ आदि संख्याएँ द्वापरयुग्म एवं ५, ९, १३, १७ आदि संख्याएँ कल्योज हैं।

इन कृतयुग्म आदि भेदों का २४ दण्डकों के जीवों एवं सिद्धों में निरूपण हुआ है। जिसके अनुसार वनस्पतिकाय को छोड़कर समस्त जीवों में चार प्रकार के युग्म पाए जाते हैं। वनस्पतिकाय एवं सिद्धों में कदाचित् कृतयुग्म, कदाचित् त्र्योज, कदाचित् द्वापरयुग्म एवं कदाचित् कल्योज युग्म कहा गया है। जघन्य, उत्कृष्ट एवं अजघन्योत्कृष्ट दृष्टि से भी इन युग्मों का विभिन्न जीवों में विचार किया गया है। स्त्रियों में पृथक्रूपेण विचार किया गया है। द्रव्यार्थ की दृष्टि से एक जीव कल्योज रूप होता है, कृतयुग्म, त्र्योज एवं द्वापरयुग्म रूप नहीं होता। यह नियम एक जीव की अपेक्षा समस्त चौबीस दण्डकों में लागु होता है। अनेक जीवों की अपेक्षा ओघादेश से वे कृतयुग्म है, विधानादेश से वे कल्योज रूप हैं। प्रदेश की अपेक्षा जीव कृतयुग्म है तथा शरीरप्रदेशों की अपेक्षा वह कदाचित् कृतयुग्म है यावत् कदाचित् कल्योज रूप है। कदाचित् एक जीव कृतयुग्म प्रदेशावगाढ़ है यावत् कदाचित् कल्योज प्रदेशावगाढ़ है। इसी प्रकार नैरयिक से लेकर वैमानिक दण्डक पर्यन्त विधान है।

स्थिति की अपेक्षा से एक जीव कृतयुग्म समय की स्थिति वाला है। नैरयिक आदि एक जीव कदाचित् कृतयुग्म समय की स्थिति वाला यावत् कदाचित् कल्योज समय की स्थिति वाला माना गया है।

प्रस्तुत अध्ययन विविध जानकारियों से सम्पन्न है। इसमें सामान्य जीव, चौबीस दण्डकों एवं सिद्धों में कृतयुग्मादि का निरूपण वर्णादि पर्यायों की अपेक्षा, ज्ञान पर्यायों, अज्ञान पर्यायों एवं दर्शन पर्यायों की अपेक्षा से भी हुआ है। यही नहीं इसमें युग्म को क्षुद्रयुग्म एवं महायुग्म के रूप में भी निरुपित करते हुए विभिन्न द्वारों से उनका प्रतिपादन किया गया है।

यह वैशिष्ट्य है कि क्षुद्रयुग्म के अन्तर्गत मात्र नैरयिकों एवं महायुग्म के अन्तर्गत एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञीपंचेन्द्रिय एवं संज्ञीपंचेन्द्रिय जीवों का निरूपण किया गया है। क्षुद्रयुग्म से आशय है लघु संख्या वाली राशि तथा महायुग्म से आशय है बड़ी संख्या वाली राशि।

क्षुद्रयुग्म के भी वे ही चार भेद हैं–१. कृतयुग्म, २. त्र्योज, ३. द्वापर युग्म और ४. कल्योज। इनका भी वही लक्षण है जो युग्म के भेदों का है। क्षुद्रकृतयुग्मादिराशि में नैरयिकों के उपपात आदि का निरूपण है। नैरयिकों में भी कृष्णलेश्यी, नीललेश्यी, कापोतलेश्यी, भवसिद्धिक, अभवसिद्धिक, सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि, कृष्णपाक्षिक एवं शुक्लपाक्षिक की अपेक्षा से विस्तृत निरूपण है। उपपात की भाँति उद्वर्तन का वर्णन है। इस सन्दर्भ में किया गया अधिकांश निरूपण व्युत्क्रान्ति (वुक्कंति) अध्ययन से मेल खाता है।

महायुग्म के १६ भेद कहे गये हैं–१. कृतयुग्म कृतयुग्म, २. कृतयुग्म त्र्योज, ३. कृतयुग्म द्वापरयुग्म, ४. कृतयुग्म कल्योज, ५. त्र्योज कृतयुग्म, ६. त्र्योजत्र्योज, ७. त्र्योज द्वापरयुग्म, ८. त्र्योज कल्योज, ९. द्वापरयुग्म कृतयुग्म, १०. द्वापरयुग्म त्र्योज, ११. द्वापरयुग्म द्वापरयुग्म, १२. द्वापरयुग्म कल्योज, १३. कल्योज कृतयुग्म, १४. कल्योज त्र्योज, १५. कल्योजद्वापरयुग्म और १६. कल्योज कल्योज। ये १६ भेद उन मूल चार भेदों के ही विभिन्न अंगों का परिणाम है। इन भेदों के स्वरूप का आधार भी पूर्ववत् चार की संख्या ही है। उदाहरण के लिये कृतयुग्मकृतयुग्म का अर्थ है किसी राशि में से चार-चार की संख्या का अपहार करने पर चार शेष रहें, किन्तु उस राशि के पुनः अपहार करने पर कृतयुग्म (चार) शेष रहे तो उसे कृतयुग्मकृतयुग्म कहा जाएगा।

महायुग्मों के अन्तर्गत एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञीपंचेन्द्रिय एवं संज्ञी पंचेन्द्रिय जीवों का उत्पात आदि ३२ द्वारों से निरुपण हुआ है। वे ३२ द्वार हैं–१. उपपात, २. परिमाण, ३.अपहार, ४. अवगाहना, ५. बन्धक, ६. वेद, ७. उदय, ८. उदीरणा, ९. लेश्या, १०. दृष्टि, ११. ज्ञान, १२. योग, १३. अयोग, १४. वर्णरसादि, १५. उच्छ्वास, १६. आहारक, १७. विरति, १८. क्रिया, १९. बन्धक, २०. संज्ञा, २१. कषाय, २२. स्त्रीवेदादि, २३. बन्ध, २४, संज्ञी, २५. इन्द्रिय, २६. अनुबन्ध, २७. संवेध, २८. आहार, २९. स्थिति, ३०. समुद्घात, ३१. च्यवन और ३२. सभी जीवों का मूलादि में उपपात। यह वर्णन भी ११ उद्देशकों में हुआ है जिनमें औधिक, प्रथमसमयोत्पन्न एवं अप्रथमसमयोत्पन्न से चरमाचरमसमय तक के तीन विभाजन प्रमुख हैं। लेश्या, भवसिद्धिक, अभवसिद्धिक आदि के आधार पर भी इन जीवों को महायुग्म के अन्तर्गत निरुपित किया गया है। समस्त वर्णन उपपात आदि ३२ द्वारों में सिमटा हुआ है।

अन्त में राशियुग्म के कृतयुग्म, त्र्योज, द्वापरयुग्म एवं कल्योज भेद करते हुए २४ दण्डकों में उपपात आदि का निरुपण किया गया है। इनका भी लेश्या, भवसिद्धि, अभवसिद्धि, सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि, कृष्णपाक्षिक, शुक्लपाक्षिक आदि अपेक्षाओं से विस्तृत निरुपण उपलब्ध है।

इस प्रकार राशि के कृतयुग्म आदि भेदों को आधार बनाकर विविध दण्डकों में किया गया यह उपपात आदि द्वारों से वर्णन अत्यन्त उपयोगी एवं ज्ञानवर्द्धक है। □□

४०. जुम्मऽज्झयणं

सूत्र

१. जुम्मस्स भेया तेसिं लक्खणाण य परूवणं–

प. कइ णं भंते ! जुम्मा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! चत्तारि जुम्मा पण्णत्ता, तं जहा–

१. कडजुम्मे, २. तेयोए,

३. दावरजुम्मे, ४. कलियोए।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

'कडजुम्मे जाव कलियोए ?'

उ. गोयमा ! १. जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे चउपज्जवसिए। से तं कडजुम्मे।

२. जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे तिपज्जवसिए। से तं तेयोए।

३. जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे दुपज्जवसिए। से तं दावरजुम्मे।

४. जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे एगपज्जवसिए। से तं कलियोए।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

''कडजुम्मे जाव कलियोए''।[1] *–विया. स. १८, उ. ४, सु. ४*

२. चउवीसदंडएसु सिद्धेसु य जुम्म भेय परूवणं–

प. दं. १. नेरइयाणं भंते ! कइ जुम्मा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! चत्तारि जुम्मा पण्णत्ता, तं जहा–

१. कडजुम्मे जाव ४. कलियोए।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

''नेरइयाणं चत्तारि जुम्मा पण्णत्ता, तं जहा–

१. कडजुम्मे जाव ४. कलियोए।

उ. गोयमा ! अट्ठो तहेव।

दं. २-१५ एवं जाव वाउकाइयाणं।

प. दं. १६. वणस्सइकाइया णं भंते ! कइ जुम्मा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! वणस्सइकाइया सिय कडजुम्मा, सिय तेओया, सिय दावरजुम्मा, सिय कलिओया।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

''वणस्सइकाइया सिय कडजुम्मा जाव कलिओया ?

उ. गोयमा ! उववायं पडुच्च।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

''वणस्सइकाइया सिय कडजुम्मा जाव कलिओया ?''

दं. १७. बेइंदिया जहा नेरइयाणं।

४०. युग्म अध्ययन

सूत्र

१. युग्म के भेद और उनके लक्षणों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! युग्म कितने कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! युग्म चार कहे गए हैं, यथा–

१. कृतयुग्म, २. त्र्योज,

३. द्वापरयुग्म, ४. कल्योज।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहते हैं कि–

'युग्म चार हैं– कृतयुग्म यावत् कल्योज।'

उ. गौतम ! १. जिस राशि में से चार-चार निकालने पर अन्त में चार शेष रहें, वह राशि ''कृतयुग्म'' है।'

२. जिस राशि में से चार-चार निकालने पर अन्त में तीन शेष रहें, वह राशि ''त्र्योज'' है।

३. जिस राशि में से चार-चार निकालने पर अन्त में दो शेष रहें, वह राशि ''द्वापरयुग्म'' है।

४. जिस राशि में से चार-चार निकालने पर अन्त में एक शेष रहे, वह राशि ''कल्योज'' है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

''युग्म चार हैं–कृतयुग्म यावत् कल्योज''।

२. चौबीस दण्डकों और सिद्धों में युग्म भेदों का प्ररूपण–

प्र. दं.१. भन्ते ! नैरयिकों में कितने युग्म कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! उनमें चार युग्म कहे गए हैं, यथा–

१. कृतयुग्म यावत् ४. कल्योज।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

नैरयिकों में चार युग्म होते हैं, यथा–

१. कृतयुग्म यावत् ४. कल्योज।''

उ. गौतम ! कारण पूर्ववत् जानना चाहिए।

दं. २-१५ इसी प्रकार वायुकायिक पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. दं. १६. भन्ते ! वनस्पतिकायिकों में कितने युग्म कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! वनस्पतिकायिक कदाचित् कृतयुग्म होते हैं, कदाचित् त्र्योज होते हैं, कदाचित् द्वापरयुग्म होते हैं और कदाचित् कल्योज होते हैं।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

''वनस्पतिकायिक कदाचित् कृतयुग्म होते हैं यावत् कदाचित् कल्योज होते हैं ?''

उ. गौतम ! उपपात (जन्म) की अपेक्षा ऐसा कहा जाता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

''वनस्पतिकायिक कदाचित् कृतयुग्म होते हैं यावत् कदाचित् कल्योज होते हैं।

दं. १७. द्वीन्द्रिय जीवों का कथन नैरयिकों के समान है।

---

१. विया. स. २५, उ. ४, सु. १

दं. १८-२४ एवं जाव वेमाणियाणं[1]।
सिद्धाणं जहा वणस्सइकाइयाणं।
–विया. स. २५, उ, ४, सु. २-७

दं. १८-२४ इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।
सिद्धों का कथन वनस्पतिकायिकों के समान है।

३. जहण्णाइ पयं पडुच्च चउवीसदंडएसु सिद्धेसु य कडजुम्माइ परूवणं–

३. जघन्यादि पद की अपेक्षा चौबीस दण्डकों में और सिद्धों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण–

प. दं. १. नेरइया णं भन्ते ! किं १. कडजुम्मा, २. तेओया, ३. दावरजुम्मा, ४. कलिओया ?

प्र. दं. १. भन्ते ! नैरयिक क्या १. कृत युग्म हैं, २. त्र्योज हैं, ३. द्वापरयुग्म हैं या ४ कल्योज हैं ?

उ. गोयमा ! जहन्नपए कडजुम्मा,
उक्कोसपए तेओया,
अजहन्नमणुक्कोसपदे सिय कडजुम्मा जाव सिय कलिओया।
दं. २-११ एवं असुरकुमारा जाव थणियकुमारा।

उ. गौतम ! वे जघन्यपद में कृतयुग्म हैं,
उत्कृष्ट पद में त्र्योज हैं,
तथा अजघन्योत्कृष्ट पद में कदाचित् कृतयुग्म हैं यावत् कदाचित् कल्योज हैं।
दं. २-११ इसी प्रकार असुरकुमारों से स्तनितकुमारों पर्यन्त जानना चाहिए।

प. दं. १२. पुढविकाइया णं भन्ते ! किं कडजुम्मा जाव कलिओया ?

प्र. दं. १२. भन्ते ! पृथ्वीकायिक जीव क्या कृतयुग्म हैं यावत् कल्योज हैं ?

उ. गोयमा ! जहन्नपए कडजुम्मा,
उक्कोसपए दावरजुम्मा,
अजहन्नमणुक्कोसपए सिय कडजुम्मा जाव सिय कलिओया।
दं. १३-१५ एवं जाव वाउकाइया।

उ. गौतम ! वे जघन्यपद में कृतयुग्म हैं,
उत्कृष्ट पद में द्वापरयुग्म हैं,
किन्तु अजघन्योत्कृष्ट पद में कदाचित् कृतयुग्म हैं यावत् कदाचित् कल्योज हैं।
दं. १३-१५ इसी प्रकार वायुकायिक पर्यन्त कहना चाहिए।

प. दं. १६. वणस्सइकाइया णं भन्ते ! किं कडजुम्मा जाव कलिओया ?

प्र. दं. १६. भन्ते ! वनस्पतिकायिक जीव क्या कृतयुग्म हैं यावत् कल्योज हैं ?

उ. गोयमा ! १. जहन्नपए अपदा, २. उक्कोसपए अपदा,
३. अजहन्नमणुक्कोसपए सिय कडजुम्मा जाव सिय कलिओया।
दं. १७-१९ बेइंदिया जाव चउरिंदिया जहा पुढविकाइया।

उ. गौतम ! वे जघन्यपद में अपद हैं और उत्कृष्टपद में भी अपद हैं, किन्तु अजघन्योत्कृष्ट पद में कदाचित् कृतयुग्म हैं यावत् कदाचित् कल्योज हैं।
दं. १७-१९ द्वीन्द्रिय से चतुरिन्द्रिय पर्यन्त पृथ्वीकायिकों के समान हैं।

दं. २०-२४ पंचिंदियतिरिक्खजोणिया जाव वेमाणिया जहा नेरइया।
सिद्धा जहा वणस्सइकाइया।
–विया. स. १८, उ. ४, सु. ५-१२

दं. २०-२४ पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च-योनिकों से वैमानिकों पर्यन्त का कथन नैरयिकों के समान करना चाहिए।
सिद्धों का कथन वनस्पतिकायिकों के समान जानना चाहिए।

४. जहण्णाइपयं पडुच्च इत्थीसु कडजुम्माइ परूवणं–

४. जघन्यादि पद की अपेक्षा स्त्रियों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण–

प. इत्थीओ णं भन्ते ! किं कडजुम्माओ जाव कलिओयाओ ?

प्र. भन्ते ! क्या स्त्रियाँ कृतयुग्म हैं यावत् कल्योज हैं ?

उ. गोयमा ! जहन्नपदे कडजुम्माओ, उक्कोसपदे वि कडजुम्माओ,
अजहन्नमणुक्कोसपदे सिय कडजुम्माओ जाव सिय कलिओयाओ।
एवं असुरकुमारित्थीओ वि जाव थणियकुमारित्थीओ।

उ. गौतम ! वे जघन्यपद में कृतयुग्म हैं और उत्कृष्टपद में भी कृतयुग्म हैं,
किन्तु अजघन्योत्कृष्ट पद में कदाचित् कृतयुग्म हैं यावत् कदाचित् कल्योज हैं।
असुरकुमार स्त्रियों (देवियों) से स्तनितकुमार स्त्रियों पर्यन्त इसी प्रकार जानना चाहिए।

एवं ति[illegible]रिक्खजोणित्थीओ।

तिर्यञ्चयोनिक स्त्रियों का कथन भी इसी प्रकार कहना चाहिए।

एवं मणुस्सित्थीओ।

मनुष्य-स्त्रियों के लिए भी इसी प्रकार कहना चाहिए।

१. ठाणं. अ. ४, उ. ३, सु. ३१६

एवं जाव वाणमंतर-जोइसिए-वेमाणियदेवित्थीओ।

–विया. स. १८, उ. ४, सु. १३-१७

५. दव्व-पएसं पडुच्च जीव-चउवीसदंडएसु सिद्धेसु य कडजुम्माइ भेय परूवणं–

प. जीवे णं भंते ! दव्वट्ठयाए किं कडजुम्मे जाव कलियोए ?

उ. गोयमा ! नो कडजुम्मे, नो तेयोए, नो दावरजुम्मे, कलियोए।

दं. १-२४ एवं णेरइए जाव वेमाणिए।

एवं सिद्धे वि।

प. जीवा णं भंते ! दव्वट्ठयाए किं कडजुम्मा जाव कलिओया ?

उ. गोयमा ! ओघादेसेणं कडजुम्मा, नो तेओया, नो दावरजुम्मा, नो कलिओया।

विहाणादेसेणं नो कडजुम्मा, नो तेओया, नो दावरजुम्मा, कलिओया।

प. दं. १. नेरइया णं भंते ! दव्वट्ठयाए किं कडजुम्मा जाव कलिओया ?

उ. गोयमा ! १. ओघादेसेणं सिय कडजुम्मा जाव सिय कलिओया।

२. विहाणादेसेणं नो कडजुम्मा, नो तेओया, नो दावरजुम्मा, कलिओया।

दं. २-२४ एवं जाव वेमाणिया।

एवं सिद्धा वि।

प. जीवे णं भंते ! पएसट्ठयाए किं कडजुम्मे जाव कलियोए ?

उ. गोयमा ! जीवपएसे पडुच्च कडजुम्मे, नो तेओये, नो दावरजुम्मे, नो कलिओए।

सरीरपएसे पडुच्च सिय कडजुम्मे जाव सिय कलिओए।

दं. १-२४ एवं नेरइए जाव वेमाणिए।

प. सिद्धे णं भंते ! पएसट्ठयाए किं कडजुम्मे जाव कलियोए ?

उ. गोयमा ! कडजुम्मे, नो तेओए, नो दावरजुम्मे, नो कलिओए।

प. जीवा णं भंते ! पएसट्ठयाए किं कडजुम्मा जाव कलिओया ?

उ. गोयमा ! जीवपएसे पडुच्च ओघादेसेण वि, विहाणादेसेण वि कडजुम्मा,

नो तेओया, नो दावरजुम्मा, नो कलिओया।

सरीरपएसे पडुच्च ओघादेसेणं सिय कडजुम्मा जाव सिय कलिओया,

वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देवों की देवियों के विषय में भी इसी प्रकार कहना चाहिए।

५. द्रव्य प्रदेश की अपेक्षा जीव-चौबीसदण्डकों और सिद्धों में युग्म-भेदों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! (एक) जीव द्रव्यार्थरूप से कृतयुग्म यावत् कल्योज-रूप है ?

उ. गौतम ! कृतयुग्म, त्र्योज और द्वापरयुग्मरूप नहीं है किन्तु कल्योजरूप है।

दं. १-२४ इसी प्रकार (एक) नैरयिक से वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिए।

इसी प्रकार सिद्ध के लिए भी जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! (अनेक) जीव द्रव्यार्थरूप से कृतयुग्म यावत् कल्योजरूप हैं ?

उ. गौतम ! वे ओघादेश (सामान्य) से कृतयुग्म हैं, किन्तु त्र्योज, द्वापरयुग्म या कल्योजरूप नहीं हैं।

विधानादेश (विशेष) से वे कृतयुग्म, त्र्योज तथा द्वापरयुग्म नहीं हैं, किन्तु कल्योजरूप हैं।

प्र. दं. १. भन्ते ! नैरयिक द्रव्यार्थरूप से कृतयुग्म यावत् कल्योज रूप हैं ?

उ. गौतम ! वे १. ओघादेश से कदाचित् कृतयुग्मरूप हैं यावत् कदाचित् कल्योजरूप हैं,

२. विधानादेश से वे कृतयुग्म, त्र्योज और द्वापरयुग्मरूप नहीं हैं, किन्तु कल्योजरूप हैं।

दं. २-२४ इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त (द्रव्यार्थ रूप से) जानना चाहिए।

इसी प्रकार सिद्धों के लिए भी जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! (एक) जीव प्रदेशार्थरूप से कृतयुग्म है यावत् कल्योज है ?

उ. गौतम ! जीव प्रदेश की अपेक्षा कृतयुग्म है किन्तु त्र्योज, द्वापरयुग्म और कल्योजरूप नहीं है।

शरीरप्रदेशों की अपेक्षा जीव कदाचित् कृतयुग्म है यावत् कदाचित् कल्योजरूप है।

दं. १-२४ इसी प्रकार नैरयिक से वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! सिद्ध प्रदेशार्थरूप से कृतयुग्म है यावत् कल्योज है ?

उ. गौतम ! वह कृतयुग्म है, किन्तु त्र्योज, द्वापरयुग्म या कल्योजरूप नहीं है।

प्र. भन्ते ! (अनेक) जीव प्रदेशों की अपेक्षा क्या कृतयुग्म हैं यावत् कल्योजरूप हैं ?

उ. गौतम ! जीव प्रदेशों की अपेक्षा ओघादेश और विधानादेश से कृतयुग्म हैं,

किन्तु त्र्योज, द्वापरयुग्म या कल्योजरूप नहीं हैं।

शरीरप्रदेशों की अपेक्षा जीव ओघादेश से कदाचित् कृतयुग्म हैं यावत् कदाचित् कल्योज रूप हैं।

विहाणादेसेणं कडजुम्मा वि **जाव** कलिओया वि।

दं. १-२४ एवं नेरइया जाव **वेमाणिया।**

प. सिद्धा णं भन्ते ! किं कडजुम्मा **जाव** कलिओया ?

उ. गोयमा ! ओघादेसेण वि, विहाणादेसेण वि कडजुम्मा, नो तेओया, नो दावरजुम्मा, नो कलिओया।

–विया. स. २५, उ. ४, सु. २८-४०

६. **पएसोगाढं पडुच्च जीव-चउवीसदंडएसु सिद्धेसु य कडजुम्माइ परूवणं–**

प. जीवे णं भंते ! किं कडजुम्मपएसोगाढे **जाव** सिय कलियोगपएसोगाढे ?

उ. गोयमा ! सिय कडजुम्मपएसोगाढे **जाव** सिय कलियोगपएसोगाढे।

दं. १-२४ एवं नेरइए जाव **वेमाणिए।**

एवं जाव **सिद्धे।**

प. जीवा णं भंते ! किं कडजुम्मपएसोगाढा **जाव** कलिओए पएसोगाढा ?

उ. गोयमा ! ओघादेसेणं कडजुम्मपएसोगाढा,
नो तेओयपएसोगाढा, नो दावरजुम्मपएसोगाढा, नो कलिओएपएसोगाढा।
विहाणादेसेणं कडजुम्मपएसोगाढा वि **जाव** कलिओएपएसोगाढा वि।

प. **दं. १.** नेरइया णं भंते ! किं कडजुम्मपएसोगाढा जाव कलिओएपएसोगाढा ?

उ. गोयमा! १. ओघादेसेणं सिय कडजुम्मपएसोगाढा **जाव** सिय कलिओएपएसोगाढा।
२. विहाणादेसेणं कडजुम्मपएसोगाढा वि **जाव** कलिओएपएसोगाढा वि।

दं. २-११, १७-२४ एवं एगिंदिय-सिद्धवज्जा जाव **वेमाणिया।**

दं. १२-१६ सिद्धा एगिंदिया य जहा जीवा।

–विया. स. २५, उ. ४, सु. ४१-४६

७. **ठिईं पडुच्च जीव-चउवीसदंडएसु सिद्धेसु य कडजुम्माइ परूवणं–**

प. जीवे णं भंते ! किं कडजुम्मसमयट्ठिईए **जाव** कलिओगसमयट्ठिईए ?

उ. गोयमा ! कडजुम्मसमयट्ठिईए,
नो तेयोगसमयट्ठिईए, नो दावरजुम्मसमयट्ठिईए, नो कलिओगसमयट्ठिईए।

प. **दं. १.** नेरइए णं भंते ! किं कडजुम्मसमयट्ठिईए जाव कलिओगसमयट्ठिईए ?

उ. गोयमा ! सिय कडजुम्मसमयट्ठिईए जाव सिय कलिओगसमयट्ठिईए।

दं. २-२४. एवं जाव **वेमाणिए।**

विधानादेश से वे कृतयुग्म भी हैं यावत् कल्योज भी हैं।

दं. १-२४ इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भंते ! सिद्ध प्रदेशों की अपेक्षा कृतयुग्म हैं यावत् कल्योज हैं ?

उ. गौतम ! वे ओघादेश से भी और विधानादेश से भी कृतयुग्म हैं, किन्तु त्र्योज, द्वापर युग्म या कल्योज नहीं हैं।

६. **प्रदेशावगाढ की अपेक्षा जीव-चौबीसदंडकों और सिद्धों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण–**

प्र. भंते ! क्या (एक) जीव कृतयुग्म-प्रदेशावगाढ है यावत् कल्योज प्रदेशावगाढ है ?

उ. गौतम ! वह कदाचित् कृतयुग्म-प्रदेशावगाढ है **यावत्** कदाचित् कल्योज प्रदेशावगाढ है।

दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिक से वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिए।

इसी प्रकार सिद्ध पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या (अनेक) जीव कृतयुग्म-प्रदेशावगाढ हैं **यावत्** कल्योज प्रदेशावगाढ हैं ?

उ. गौतम ! वे ओघादेश से कृतयुग्म-प्रदेशावगाढ हैं,
किन्तु त्र्योज प्रदेशावगाढ, द्वापरयुग्म प्रदेशावगाढ और कल्योज प्रदेशावगाढ नहीं हैं।
विधानादेश से वे कृतयुग्म-प्रदेशावगाढ भी हैं यावत् कल्योज-प्रदेशावगाढ भी हैं।

प्र. **दं. १.** भंते ! क्या (अनेक) नैरयिक कृतयुग्म-प्रदेशावगाढ हैं यावत् कल्योज प्रदेशावगाढ हैं ?

उ. गौतम ! १. वे ओघादेश से कदाचित् कृतयुग्म-प्रदेशावगाढ हैं यावत् कदाचित् कल्योज-प्रदेशावगाढ हैं।
२. विधानादेश से कृतयुग्म-प्रदेशावगाढ भी हैं यावत् कल्योज-प्रदेशावगाढ भी हैं।

एकेन्द्रिय-जीवों और सिद्धों को छोड़कर शेष सभी दण्डक वैमानिक पर्यन्त पूर्ववत् (नैरयिकों के समान) जानने चाहिए।

सिद्धों और एकेन्द्रिय जीवों का कथन सामान्य जीवों के समान है।

७. **स्थिति की अपेक्षा जीव-चौबीसदंडकों और सिद्धों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण–**

प्र. भंते ! क्या (एक) जीव कृतयुग्म समय की स्थिति वाला है यावत् कल्योज समय की स्थिति वाला है ?

उ. गौतम ! वह कृतयुग्म समय की स्थिति वाला है,
किन्तु त्र्योज-समय, द्वापरयुग्म-समय या कल्योज-समय की स्थिति वाला नहीं है।

प्र. **दं. १.** भंते ! क्या (एक) नैरयिक कृतयुग्म-समय की स्थिति वाला है **यावत्** कल्योज समय की स्थिति वाला है ?

उ. गौतम ! वह कदाचित् कृतयुग्म समय की स्थिति वाला है **यावत्** कदाचित् कल्योज समय की स्थिति वाला है।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिए।

सिद्धे जहा जीवे।

प. जीवा णं भंते ! किं कडजुम्मसमयट्ठिईया जाव कलिओगसमयट्ठिईया ?

उ. गोयमा ! ओघादेसेण वि, विहाणादेसेण वि कडजुम्मसमयट्ठिईया,
नो तेयोगसमयट्ठिईया, नो दावरजुम्मसमयट्ठिईया, नो कलिओगसमयट्ठिईया।

प. दं. १. नेरइया णं भंते ! किं कडजुम्मसमयट्ठिईया जाव कलिओगसमयट्ठिईया ?

उ. गोयमा ! ओघादेसेणं सिय कडजुम्मसमयट्ठिईया जाव सिय कलिओगसमयट्ठिईया,
विहाणादेसेणं कडजुम्मसमयट्ठिईया वि जाव कलिओगसमयट्ठिईया वि।
दं. २-२४. एवं जाव वेमाणिया।
सिद्धा जहा जीवा। *–विया. स. २५, उ. ४, सु. ४७-५४*

८. वण्णाइ पज्जवेहिं पडुच्च जीव-चउवीसदंडएसु सिद्धेसु य कडजुम्माइ परूवणं–

प. जीवे णं भंते ! कालवण्णपज्जवेहिं किं कडजुम्मे जाव कलिओए ?

उ. गोयमा ! जीवपएसे पडुच्च नो कडजुम्मे जाव नो कलिओए।
सरीरपएसे पडुच्च सिय कडजुम्मे जाव सिय कलिओए।

दं. १-२४. एवं नेरइए जाव वेमाणिए।

सिद्धा ण चेव पुच्छिज्जंति।

प. जीवा णं भंते ! कालवण्णपज्जवेहिं किं कडजुम्मा जाव कलिओया ?

उ. गोयमा ! जीवपएसे पडुच्च ओघादेसेण वि, विहाणादेसेण वि नो कडजुम्मा जाव नो कलिओया।
सरीरपएसे पडुच्च ओघादेसेणं सिय कडजुम्मा जाव सिय कलिओया,
विहाणादेसेणं कडजुम्मा वि जाव कलिओया वि।
दं. १-२४. एवं नेरइया जाव वेमाणिया।

एवं नीलवण्णपज्जवेहि वि दंडओ भाणियव्वो एगत्त-पुहत्तेणं।
एवं जाव लुक्खफासपज्जवेहिं।
–विया. स. २५, उ. ४, सु. ५५-६१

९. नाणपज्जवेहिं पडुच्च जीव-चउवीसदंडएसु सिद्धेसु य कडजुम्माइ परूवणं–

प. जीवे णं भंते ! आभिणिबोहिय-नाणपज्जवेहिं किं कडजुम्मे जाव कलिओए ?

सिद्ध का कथन (औधिक) जीव के समान है।

प्र. भंते ! (अनेक) जीव कृतयुग्म-समय की स्थिति वाले हैं यावत् कल्योज समय की स्थिति वाले हैं ?

उ. गौतम ! वे ओघादेश से तथा विधानादेश से कृतयुग्म समय की स्थिति वाले हैं,
किन्तु त्र्योज-समय, द्वापरयुग्म-समय या कल्योज समय की स्थिति वाले नहीं हैं।

प्र. दं. १. भंते ! (अनेक) नैरयिक कृतयुग्म-समय की स्थिति वाले हैं यावत् कल्योजसमय की स्थिति वाले हैं ?

उ. गौतम ! ओघादेश से वे कदाचित् कृतयुग्म समय की स्थिति वाले हैं यावत् कदाचित् कल्योज-समय की स्थिति वाले हैं।
विधानादेश से वे कृतयुग्म-समय की स्थिति वाले भी हैं यावत कल्योज-समय की स्थिति वाले भी हैं।
दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।
सिद्धों का कथन सामान्य जीवों के समान है।

८. वर्णादि के पर्यायों की अपेक्षा जीव-चौबीसदंडकों और सिद्धों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या (एक) कृष्णवर्ण वाला जीव पर्यायों की अपेक्षा कृतयुग्म है यावत् कल्योज है ?

उ. गौतम ! जीव प्रदेशों की अपेक्षा कृतयुग्म नहीं है यावत् कल्योज नहीं है,
किन्तु शरीरप्रदेशों की अपेक्षा कदाचित् कृतयुग्म है यावत् कदाचित् कल्योज है।
दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिक से वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।
(अरूपी होने से) यहाँ सिद्ध के विषय में प्रश्न नहीं करना चाहिए,

प्र. भंते ! क्या (अनेक) जीव कृष्णवर्ण पर्यायों की अपेक्षा कृतयुग्म हैं यावत् कल्योज हैं ?

उ. गौतम ! जीव-प्रदेशों की अपेक्षा ओघादेश से और विधानादेश से कृतयुग्म यावत् कल्योज नहीं हैं।
शरीरप्रदेशों की अपेक्षा ओघादेश से कदाचित् कृतयुग्म हैं यावत् कदाचित् कल्योज हैं,
विधानादेश से वे कृतयुग्म भी हैं यावत् कल्योज भी हैं।
दं. १-२४. इसी प्रकार नैरयिकों से वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।
इसी प्रकार एकवचन और बहुवचन से नीले वर्ण के पर्यायों की अपेक्षा भी कहना चाहिए।
इसी प्रकार रुक्ष स्पर्श पर्यायों पर्यन्त (शेष वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श पर्यायों की अपेक्षा) भी पूर्ववत् कहना चाहिए।

९. ज्ञान पर्यायों की अपेक्षा जीव-चौबीसदंडकों और सिद्धों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या (एक) जीव आभिनिबोधिकज्ञान के पर्यायों की अपेक्षा कृतयुग्म है यावत् कल्योज है ?

उ. गोयमा ! सिय कडजुम्मे **जाव** सिय कलिओए।
एवं एगिंदियवज्जं जाव **वेमाणिए।**

प. जीवा णं भंते ! आभिणिबोहिय-नाणपज्जवेहिं किं कडजुम्मा **जाव** कलिओगा ?

उ. गोयमा ! १. ओघादेसेणं सिय कडजुम्मा **जाव** सिय कलिओगा,
२. विहाणादेसेणं कडजुम्मा वि **जाव** कलिओया वि।
एवं एगिंदियवज्जं जाव **वेमाणिया।**

एवं सुयनाणपज्जवेहि वि।
ओहिनाणपज्जवेहि वि एवं चेव।

णवरं–विगलिंदियाणं नत्थि ओहिनाणं।
मणपज्जवनाणं पि एवं चेव।

णवरं–जीवाणं मणुस्साण य, सेसाणं नत्थि।

प. जीवे णं भंते ! केवलनाणपज्जवेहिं किं कडजुम्मे **जाव** कलिओए ?

उ. गोयमा ! कडजुम्मे, नो तेयोए, नो दावरजुम्मे, नो कलियोए।
एवं मणुस्से वि।
एवं सिद्धे वि।

प. जीवा णं भंते ! केवलनाणपज्जवेहिं किं कडजुम्मा **जाव** कलिओगा ?

उ. गोयमा ! ओधादेसेण वि, विहाणादेसेण वि कडजुम्मा।
नो तेयोगा, नो दावरजुम्मा, नो कलिओगा।
एवं मणुस्सा वि।
एवं सिद्धा वि। –*विया. स. २५, उ. ४, सु. ६२-७४*

१०. अन्नाणपज्जवेहिं पडुच्च जीव चउवीसदंडएसु कडजुम्माइ परूवणं–

प. जीवे णं भंते ! मइअन्नाणपज्जवेहिं किं कडजुम्मे जाव कलिओए ?

उ. गोयमा ! **जहा आभिणिबोहियनाणपज्जवेहिं तहेव दो दण्डगा।**
एवं सुयअन्नाणपज्जवेहि वि।

एवं विभंगनाणपज्जवेहि वि।
–*विया. स. २५, उ. ४, सु. ७५-७७*

११. दंसण पज्जवेहिं पडुच्च जीव चउवीसदंडएसु कडजुम्माइ परूवणं–

चक्खुदंसण-अचक्खुदंसण-ओहिदंसणपज्जवेहि वि एवं चेव।

उ. गौतम ! वह कदाचित् कृतयुग्म है यावत् कदाचित् कल्योज है।
इसी प्रकार एकेन्द्रिय को छोड़कर वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या (अनेक) जीव आभिनिबोधिक ज्ञान के पर्यायों की अपेक्षा कृतयुग्म हैं यावत् कल्योज हैं ?

उ. गौतम ! १. ओघादेश से वे कदाचित् कृतयुग्म हैं यावत् कदाचित् कल्योज हैं।
२. विधानादेश से कृतयुग्म भी हैं यावत् कल्योज भी हैं।
इसी प्रकार एकेन्द्रियों को छोड़कर वैमानिकों पर्यन्त जानना चाहिए।

इसी प्रकार श्रुतज्ञान के पर्यायों की अपेक्षा भी कहना चाहिए।
अवधिज्ञान के पर्यायों की अपेक्षा भी इसी प्रकार कहना चाहिए।

विशेष–विकलेन्द्रियों में अवधिज्ञान नहीं होता।
मनःपर्यवज्ञान के पर्यायों के लिए भी इसी प्रकार कहना चाहिए।

विशेष–जीव और मनुष्यों में ही मनःपर्यवज्ञान होता है, शेष जीवों में नहीं पाया जाता।

प्र. भन्ते ! क्या (एक) जीव केवलज्ञान के पर्यायों की अपेक्षा कृतयुग्म है यावत् कल्योज है ?

उ. गौतम ! वह कृतयुग्म है, किन्तु त्र्योज, द्वापरयुग्म या कल्योज नहीं है।
इसी प्रकार मनुष्य के लिए भी जानना चाहिए।
इसी प्रकार सिद्ध के लिए भी कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! क्या (अनेक) जीव केवलज्ञान के पर्यायों की अपेक्षा कृतयुग्म हैं यावत् कल्योज हैं ?

उ. गौतम ! ओघादेश से और विधानादेश से वे कृतयुग्म हैं, किन्तु त्र्योज, द्वापरयुग्म और कल्योज नहीं हैं।
इसी प्रकार मनुष्यों के लिए भी समझना चाहिए।
इसी प्रकार सिद्धों के लिए भी कहना चाहिए।

१०. अज्ञान पर्यायों की अपेक्षा से जीव-चौबीस दण्डकों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! क्या (एक) जीव मतिअज्ञान के पर्यायों की अपेक्षा कृतयुग्म है यावत् कल्योज है ?

उ. गौतम ! **आभिनिबोधिकज्ञान के पर्यायों के समान यहाँ भी (एक वचन बहुवचन की अपेक्षा) दो दण्डक कहने चाहिए।**
इसी प्रकार श्रुतअज्ञान के पर्यायों की अपेक्षा भी कहना चाहिए।

इसी प्रकार विभंगज्ञान के पर्यायों की अपेक्षा भी कहना चाहिए।

११. दर्शन पर्यायों की अपेक्षा जीव-चौबीस दण्डकों में कृतयुग्मादि का प्ररूपण–

चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन और अवधिदर्शन के पर्यायों के लिए भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

णवरं–जस्स जं अत्थि तं भाणियव्वं।

केवलदंसणपज्जवेहिं जहा केवलनाणपज्जवेहिं।

–विया. स. २५, उ. ४, सु. ७८-७९

१२. **खुड्डजुम्मस्स भेया तेसिं लक्खणाण य परूवणं–**

प. कइ णं भंते ! खुड्डाजुम्मा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! चत्तारि खुड्डाजुम्मा[1] पण्णत्ता, तं जहा–
१. कडजुम्मे, २. तेयोए, ३. दावरजुम्मे, ४. कलियोए।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
चत्तारि खुड्डा जुम्मा पण्णत्ता, तं जहा–
''कडजुम्मे **जाव** कलियोए ?''

उ. गोयमा ! १. जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे चउपज्जवसिए। से तं खुड्डागकडजुम्मे।
२. जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे तिपज्जवसिए। से तं खुड्डागतेयोए।
३. जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे दुपज्जवसिए। से तं खुड्डागदावरजुम्मे।
४. जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे एगपज्जवसिए। से तं खुड्डागकलियोए।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
''चत्तारि खुड्डाजुम्मा, तं जहा–
''कडजुम्मे **जाव** कलियोए।'' *–विया. स. ३१, उ. १, सु. २*

१३. **खुड्डागकडजुम्माइ नेरइयाणं उववायाईणं परूवणं–**

प. खुड्डागकडजुम्म नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?
किं नेरइएहिंतो उववज्जंति **जाव** देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नो नेरइएहिंतो उववज्जंति,
तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
मणुस्सेहिंतो उववज्जंति,
नो देवेहिंतो उववज्जंति।
एवं नेरइयाणं उववाओ जहा वक्कंतीए तहा भाणियव्वो[2]।

प. ते णं भंते ! जीवा एगसमएणं केवइया उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! चत्तारि वा, अट्ठ वा, बारस वा, सोलस वा, संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उववज्जंति।

प. ते णं भंते ! जीवा कहं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! से जहानामए-पवए पवमाणे अज्झवसाणनिव्वत्तिएणं करणोवाएणं सेयकाले तं ठाणं विप्पजहित्ता पुरिमं ठाणं उवसंपज्जित्ताणं विहरइ, एवामेव ते वि जीवा, पवओ विव पवमाणा अज्झवसाण निव्वत्तिएणं करणोवाएणं सेयकाले तं भवं विप्पजहित्ता पुरिमं भवं उवसंपज्जित्ताणं विहरंति[3]।

विशेष–जिसमें जो पाया जाता हो वह कहना चाहिए।

केवलदर्शन के पर्यायों का कथन केवलज्ञान के पर्यायों के समान जानना चाहिए।

१२. **क्षुद्रयुग्मों के भेद और उनके लक्षणों का प्ररूपण–**

प्र. भंते ! क्षुद्रयुग्म कितने कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! क्षुद्रयुग्म चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. कृतयुग्म, २. त्र्योज, ३. द्वापरयुग्म, ४. कल्योज।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
क्षुद्र युग्म चार कहे गए हैं, यथा–
'कृतयुग्म यावत् कल्योज ?'

उ. गौतम ! १. जिस राशि में से चार-चार का अपहार करते हुए अन्त में शेष चार रहे वह **'क्षुद्र कृतयुग्म'** है।
२. जिस राशि में से चार-चार का अपहार करते हुए अन्त में तीन शेष रहे वह **'क्षुद्रत्र्योज'** है।
३. जिस राशि में से चार-चार का अपहार करते हुए अन्त में दो शेष रहे वह **'क्षुद्रद्वापरयुग्म'** है।
४. जिस राशि में से चार-चार का अपहार करते हुए अन्त में एक ही शेष रहे वह **'क्षुद्रयुग्म कल्योज'** है।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
''क्षुद्रयुग्म चार कहे गए हैं, यथा–
''कृतयुग्म **यावत्** कल्योज।''

१३. **क्षुद्रकृतयुग्मादि नैरयिकों के उत्पाद आदि का प्ररूपण–**

प्र. भंते ! क्षुद्रकृतयुग्म-राशि वाले नैरयिक कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
क्या वे नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! नैरयिकों में से आकर उत्पन्न नहीं होते,
तिर्यञ्चयोनिकों में से आकर उत्पन्न होते हैं,
मनुष्यों में से आकर उत्पन्न होते हैं,
देवों में से आकर उत्पन्न नहीं होते।
जिस प्रकार व्युत्क्रान्ति पद में नैरयिकों का उत्पाद कहा है वही सब यहाँ भी कहना चाहिए।

प्र. भंते ! वे जीव एक समय में कितने उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे चार, आठ, बारह, सोलह, संख्यात या असंख्यात उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! वे जीव किस प्रकार उत्पन्न होते हैं ?

२८. प्रथम समयादि महायुग्म द्वीन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीसद्वारों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! प्रथमसमयोत्पन्न कृतयुग्म-कृतयुग्मराशि वाले द्वीन्द्रिय जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गोयमा ! **एवं जहा एगिंदियमहाजुम्माणं पढमसमयुद्देसए दस नाणत्ताइं ताइं चेव दस इह वि।**

एक्कारसमं इमं नाणत्तं नो मणजोगी, नो वइजोगी, कायजोगी।
सेसं जहा एगिंदियाणं चेव पढमुद्देसे।

एवं एए वि जहा एगिंदियमहाजुम्मेसु एक्कारस उद्देसगा तहेव भाणियव्वा,
णवरं–चउत्थ-अट्ठम-दसमेसु सम्मत्त-नाणाणि न भण्णंति।

जहेव एगिंदिएसु, पढमो तइयो पंचमो य एक्कगमा,

सेसा अट्ठ एक्कगमा। *–विया स. ३६, १/बे., उ. २-११*

२९. **सलेस्स महाजुम्म बेइंदिएसु उववायाइ बत्तीसदाराणं परूवणं–**

प. कण्हलेस्सकडजुम्मकडजुम्मबेइंदिया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव,**
कण्हलेस्सेसु वि एक्कारसउद्देसगसंजुत्तं सयं,

णवरं–लेसा, संचिट्ठणा जहा एगिंदियकण्हलेस्साणं।
–विया. स. ३६, २/बे. उ. १-११

एवं नीललेस्सेहि वि सयं। *–विया. स. ३६, ३/बे. उ. १-११*

एवं काउलेस्सेहि वि सयं। *–विया. स. ३६, ४/बे., उ. १-११*

३०. **भवसिद्धिय अभवसिद्धिय महाजुम्म बेइंदिएसु उवावायाइ बत्तीसदाराणं परूवणं–**

प. भवसिद्धिय-कडजुम्म कडजुम्मबेइंदिया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ? किं नेरइएहिंतो उववज्जंति **जाव** देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नो नेरइएहिंतो उववज्जंति,
तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जंति,
मणुस्सेहिंतो उववज्जंति,
नो देवेहिंतो उववज्जंति।
भवसिद्धियसया वि चत्तारि तेणेव पुव्वगमएणं नेयव्वा,
णवरं–

प. अह भंते ! सव्वपाणा **जाव** सव्वसत्ता भवसिद्धिय कडजुम्मकडजुम्म एगिंदियत्ताए उववन्नपुव्वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे,
सेसं जहेव ओहियसयाणि चत्तारि।
–विया. स. ३६, ५-८/बे. उ. १-११

उ. गौतम ! **जिस प्रकार एकेन्द्रियमहायुग्मों का प्रथमसमय वाला उद्देशक कहा उसी प्रकार यहाँ भी जानना तथा वहाँ जिन दस बातों का अन्तर बताया है, यहाँ भी उन दसों का अन्तर समझना चाहिए।**

ग्यारहवें में यह अन्तर है ये मनयोगी और वचनयोगी नहीं होते, किन्तु काययोगी होते हैं,

शेष सब कथन एकेन्द्रियमहायुग्मों के प्रथम उद्देशक के समान जानना चाहिए।

एकेन्द्रियमहायुग्म के ग्यारह उद्देशकों के समान यहाँ भी ग्यारह उद्देशक कहने चाहिए।

विशेष–चौथे, आठवें और दसवें उद्देशक में सम्यक्त्व और ज्ञान का कथन नहीं करना चाहिए।

एकेन्द्रिय के समान प्रथम, तृतीय और पंचम इन तीन उद्देशकों के एक समान पाठ हैं,

शेष आठ उद्देशक एक समान हैं।

२९. **सलेश्य महायुग्म द्वीन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण–**

प्र. भंते ! कृष्णलेश्यी कृतयुग्म-कृतयुग्म-राशि वाले द्वीन्द्रिय जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **इसका कथन पूर्ववत् करना चाहिए।**

कृष्णलेश्यी जीवों का ग्यारह उद्देशक-युक्त शतक भी इसी प्रकार है।

विशेष–इनकी लेश्या और संचिट्ठणा (कायस्थिति) कृष्णलेश्यी एकेन्द्रिय जीवों के समान है।

इसी प्रकार नीललेश्यी द्वीन्द्रिय जीवों का ग्यारह उद्देशकयुक्त शतक कहना चाहिए।

इसी प्रकार कापोतलेश्यी द्वीन्द्रिय जीवों का ग्यारह उद्देशक युक्त शतक भी जानना चाहिए।

३०. **भवसिद्धिक-अभवसिद्धिक महायुग्मद्वीन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण–**

प्र. भंते ! भवसिद्धिक-कृतयुग्मराशि वाले द्वीन्द्रिय जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ? क्या वे नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे नैरयिकों से आकर उत्पन्न नहीं होते,
तिर्यञ्चयोनिकों से आकर उत्पन्न होते हैं,
मनुष्यों से आकर उत्पन्न होते हैं,
देवों से आकर उत्पन्न नहीं होते हैं।
इसी प्रकार पूर्वोक्त गमक के अनुसार भवसिद्धिक महायुग्मद्वीन्द्रिय जीवों के चारों शतक जानने चाहिए।
विशेष–

प्र. भंते ! सर्वप्राण **यावत्** सर्वसत्व भवसिद्धिक कृतयुग्म-कृतयुग्म एकेन्द्रिय के रूप में पहले उत्पन्न हुए हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
शेष सब कथन चारों औधिकशतक के अनुसार जानना चाहिए।

जहा भवसिद्धियसया चत्तारि एवं अभवसिद्धिसया वि चत्तारि भाणियव्वा,
णवरं–सम्मत्त-नाणाणि सव्वेहिं नत्थि। सेसं तं चेव।

एवं एयाणि बारस बेइंदियमहाजुम्मसयाणि भवंति।
–विया. स. ३६, ९-१२/बे. उ. १-११

जिस प्रकार भवसिद्धिक (द्वीन्द्रिय जीवों) के चार शतक कहे, उसी प्रकार अभवसिद्धिकों के भी चार शतक कहने चाहिए।
विशेष–इन सब में सम्यक्त्व और ज्ञान नहीं होते हैं। शेष सब कथन पूर्ववत् है।
इस प्रकार ये बारह द्वीन्द्रियमहायुग्मशतक होते हैं।

३१. महाजुम्म-तेइंदियाणं उववायाइ बत्तीसदाराणं परूवणं–

प. कडजुम्मकडजुम्मतेइंदिया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?
उ. गोयमा ! एवं तेइंदिएसु वि बारससया कायव्वा बेइंदियसयसरिसा,
णवरं–ओगाहणा जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं उक्कोसेणं तिण्णि गाउयाइं,
ठिई जहण्णेणं एक्कं समयं उक्कोसेणं एकूणपन्नराइंदियाइं।
सेसं तहेव। –विया. स. ३७(१-१२)

३१. महायुग्म त्रीन्द्रिय जीवों के उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! कृतयुग्म-कृतयुग्मराशि वाले त्रीन्द्रिय जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
उ. गौतम ! द्वीन्द्रियशतक के समान त्रीन्द्रिय जीवों के भी बारह शतक कहने चाहिए।
विशेष–इनकी अवगाहना जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग और उत्कृष्ट तीन गव्यूति है।
स्थिति जघन्य एक समय की और उत्कृष्ट उनपचास (४९) अहोरात्रि की है।
शेष सब कथन पूर्ववत् है।

३२. महाजुम्म-चउरिंदियाणं उववायाइ बत्तीसदाराणं परूवणं–

चउरिंदिएहि वि एवं चेव बारस सया कायव्वा,
णवरं–ओगाहणा जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं उक्कोसेणं चत्तारि गाउयाइं,
ठिई जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं छम्मासा।
सेसं जहा बेइंदियाणं। –विया. स. ३८

३२. महायुग्म चतुरिन्द्रिय जीवों के उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण–

इसी प्रकार चतुरिन्द्रिय जीवों के बारह शतक कहने चाहिए।
विशेष–इनकी अवगाहना जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग और उत्कृष्ट चार गव्यूति है।
स्थिति जघन्य एक समय की और उत्कृष्ट छह महीने की है।
शेष सब कथन द्वीन्द्रिय जीवों के शतक के समान है।

३३. महाजुम्म असण्णिपंचेंदियाणं उववायाइ बत्तीसदाराणं परूवणं–

प. कडजुम्म-कडजुम्म असन्नि पंचेंदिया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?
उ. गोयमा ! जहा बेइंदियाणं तहेव असन्निसु वि बारस सया कायव्वा,
णवरं–ओगाहणा जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं,

उक्कोसेणं जोयणसहस्सं,
संचिट्ठणा जहण्णेणं एक्कं समयं,
उक्कोसेणं पुव्वकोडीपुहत्तं,
ठिई जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं पुव्वकोडी।
सेसं जहा बेइंदियाणं। –विया. स. ३९

३३. महायुग्म असंज्ञी पंचेन्द्रिय जीवों के उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! कृतयुग्म-कृतयुग्म असंज्ञी पंचेन्द्रिय जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
उ. गौतम ! द्वीन्द्रियों के समान असंज्ञियों के भी बारह शतक कहने चाहिए।
विशेष–इनकी अवगाहना जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग की है।
उत्कृष्ट एक हजार योजन की है ।
संचिट्ठणा (कायस्थिति) जघन्य एक समय की है।
उत्कृष्ट पूर्वकोटि पृथक्त्व की है।
(भव) स्थिति जघन्य एक समय और उत्कृष्ट पूर्वकोटि की है।
शेष सब कथन द्वीन्द्रियों के समान है।

३४. महाजुम्म सण्णि पंचेंदियाणं उववायाइ बत्तीसदाराणं परूवणं–

प. कडजुम्मकडजुम्म सन्नि पंचेंदिया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?
उ. गोयमा ! उववाओ चउसु वि गईसु।

३४. महायुग्म वाले संज्ञी पंचेन्द्रियों के उत्पातादि बत्तीसद्वारों का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! कृतयुग्म-कृतयुग्मराशि वाले संज्ञी पंचेन्द्रिय जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
उ. गौतम ! ये चारों गतियों में उत्पन्न होते हैं।

संखेज्जवासाउय-असंखेज्जवासाउय-पज्जत्ता-अपज्जत्तएसु य, न कओ वि पडिसेहो **जाव** अणुत्तरविमाणे त्ति।

२-४ परिमाणं अवहारो, ओगाहणा य जहा असन्नि-पंचेंदियाणं।

५. वेयणिज्जवज्जाणं सत्तण्हं पगडीणं बंधगा वा, अबंधगा वा,

वेयणिज्जस्स बंधगा, नो अबंधगा।

६. मोहणिज्जस्स वेयगा वा, अवेयगा वा।

सेसाणं सत्तण्ह वि वेयगा, नो अवेयगा।

सायावेयगा वा, असायावेयगा वा।

७. मोहणिज्जस्स उदई वा, अणुदई वा,

सेसाणं सत्तण्ह वि उदई, नो अणुदई।

८. नामस्स गोयस्स य उदीरगा, नो अणुदीरगा,

सेसाणं छण्ह वि उदीरगा वा, अणुदीरगा वा।

९. कण्हलेस्सा वा **जाव** सुक्कलेस्सा वा।

१०. सम्मदिट्ठी वा, मिच्छादिट्ठी वा, सम्ममिच्छादिट्ठी वा।

११. णाणी वा, अण्णाणी वा।

१२. मणजोगी वा, वइजोगी वा, कायजोगी वा,

१३-१६. उवओगा, वन्नाइं, उस्सासगा, निस्सासगा आहारगा य जहा एगिंदियाणं।

१७. विरया वा, अविरया वा, विरयाविरया वा।

१८. सकिरिया, नो अकिरिया।

प. १९. ते णं भंते ! जीवा किं सत्तविहबंधगा, अट्ठविहबंधगा, छव्विहबंधगा, एगविहबंधगा ?

उ. गोयमा ! सत्तविहबंधगा वा **जाव** एगविहबंधगा वा।

प. २०. ते णं भंते ! जीवा किं आहारसण्णोवउत्ता **जाव** परिग्गहसन्नोवउत्ता, नो सण्णोवउत्ता ?

उ. गोयमा ! आहारसन्नोवउत्ता वा **जाव** नो सन्नोवउत्ता वा।

सव्वत्थ पुच्छा भाणियव्वा।

२१. कोहकसाई वा **जाव** लोभकसाई वा, अकसायी वा,

२२. इत्थिवेदगा वा, पुरिसवेदगा वा, नपुंसगवेदगा वा, अवेदगा वा।

२३. इत्थिवेदबंधगा वा, पुरिसवेदबंधगा वा, नपुंसगवेदबंधगा वा, अबंधगा वा।

२४. सण्णी, नो असण्णी।

२५. सइंदिया, नो अणिंदिया।

२६. संचिट्ठणा जहण्णेण एक्कं समयं[1], उक्कोसेणं सागरोवमसयपुहत्तं साइरेगं।

वे संख्यातवर्षायु और असंख्यातवर्षायु वाले पर्याप्तक और अपर्याप्तक जीवों में से आकर उत्पन्न होते हैं। अनुत्तरविमान पर्यन्त किसी भी गति में आने जाने का निषेध नहीं है।

२-४ इनका परिमाण, अपहार और अवगाहना असंज्ञी पंचेन्द्रिय जीवों के समान है।

५. ये जीव वेदनीयकर्म को छोड़कर शेष सात कर्मप्रकृतियों के बन्धक या अबन्धक हैं और

वेदनीयकर्म के तो बन्धक ही हैं, अबन्धक नहीं हैं।

६. मोहनीयकर्म के वेदक या अवेदक हैं।

शेष सात कर्मप्रकृतियों के वेदक हैं, अवेदक नहीं हैं।

वे सातावेदक या असातावेदक हैं।

७. मोहनीयकर्म के उदयी या अनुदयी हैं।

शेष सात कर्मप्रकृतियों के उदयी हैं, अनुदयी नहीं है।

८. नाम और गोत्र कर्म के वे उदीरक हैं, अनुदीरक नहीं हैं।

शेष छह कर्मप्रकृतियों के उदीरक भी हैं और अनुदीरक भी हैं।

९. कृष्णलेश्या से शुक्ललेश्या पर्यन्त छहों लेश्याएँ पाई जाती हैं।

१०. वे सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि भी हैं।

११. वे ज्ञानी भी हैं और अज्ञानी भी हैं।

१२. वे मनोयोगी, वचनयोगी और काययोगी हैं।

१३-१६. उनमें उपयोग, शरीर के वर्णादि चार, उच्छ्वास-निःश्वास और आहारक (अनाहारक) का कथन एकेन्द्रिय जीवों के समान है।

१७. वे विरत, अविरत या विरताविरत होते हैं।

१८. वे क्रियावान् हैं, अक्रियावान नहीं हैं।

प्र. १९. भंते ! वे जीव सप्तविध-कर्मबन्धक, अष्टविधकर्म-बन्धक, षड्विधकर्मबन्धक या एकविधकर्मबन्धक होते हैं ?

उ. गौतम ! वे सप्तविधकर्मबन्धक भी होते हैं यावत् एकविध-कर्मबन्धक भी होते हैं।

प्र. २०. भंते ! वे जीव क्या आहारसंज्ञोपयुक्त यावत् परिग्रह-संज्ञोपयुक्त या नो संज्ञोपयुक्त हैं ?

उ. गौतम ! वे आहारसंज्ञोपयुक्त यावत् नो संज्ञोपयुक्त हैं।

इसी प्रकार सर्वत्र प्रश्नोत्तर करने चाहिए, यथा–

२१. वे क्रोधकषायी यावत् लोभकषायी होते हैं और अकषायी भी होते हैं।

२२. वे स्त्रीवेदक, पुरुषवेदक, नपुंसकवेदक और अवेदक होते हैं।

२३. वे स्त्रीवेद-बन्धक, पुरुषवेद-बन्धक, नपुंसकवेद-बन्धक या अबन्धक होते हैं।

२४. वे संज्ञी होते हैं, असंज्ञी नहीं होते।

२५. वे सइन्द्रिय होते हैं, अनिन्द्रिय नहीं होते।

२६. इनका संचिट्ठणाकाल (संस्थितिकाल) जघन्य एक समय और उत्कृष्ट कुछ अधिक सागरोपम-शतपृथक्त्व होता है।

१. (२७) संवेहो न भण्णइ।

२८. आहारो तहेव **जाव** नियमं छद्दिसिं।

२९. ठिई जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं।

३०. छ समुग्घाया आदिल्लगा।

मारणंतियसमुग्घाएणं समोहया वि मरंति, असमोहया वि मरंति।

३१. उव्वट्टणा जहेव उववाओ।

न कत्थइ पडिसेहो **जाव** अणुत्तरविमाण त्ति।

प्र. ३२. अह भंते ! सव्वपाणा **जाव** सव्वसत्ता कडजुम्म कडजुम्म सन्नि पंचिंदियत्ताए उववन्नपुव्वा ?

उ. हंता, गोयमा ! असइं अदुवा अणंतखुत्तो।

एवं सोलससु वि जुम्मेसु भाणियव्वं जाव **अणंतखुत्तो।**

णवरं–परिमाणं जहा बेइंदियाणं, **सेसं तहेव।**

–विया. स. ४०, १/स. पं., उ. १, सु. १-६

३५. पढमसमयाइ महाजुम्म सन्निपंचेंदियेसु उववायाइ बत्तीसदाराणं परूवणं–

प. पढमसमय-कडजुम्म-कडजुम्म-सन्नि-पंचेंदिया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **उववाओ, परिमाणं, अवहारो जहा एएसिं चेव पढमे उद्देसए।**

ओगाहणा, बंधो, वेदो, वेयणा, उदई, उदीरणा य जहा **बेइंदियाणं पढमसमइयाणं तहेव।**

कण्हलेस्सा वा **जाव** सुक्कलेस्सा वा।

सेसं जहा बेइंदियाणं पढमसमइयाणं जाव **अणंतखुत्तो,**

णवरं–इत्थिवेदगा वा, पुरिसवेदगा वा, नपुंसगवेदगा वा।

सण्णिणो, नो असण्णिणो।

सेसं तहेव।

एवं सोलससु वि जुम्मेसु परिमाणं तहेव सव्वं।

एवं एत्थ वि एक्कारस उद्देसगा तहेव।

पढमो, तइओ, पंचमो य सरिसगमा।

सेसा अट्ठ वि सरिसगमा।

चउत्थ-अट्ठम-दसमेसु नत्थि विसेसो।

–विया. स. ४० १/स. पं., उ. २-११

३६. सलेस्स महाजुम्म सन्नि पंचिंदिएसु उववायाइ बत्तीसदाराणं परूवणं–

प. कण्हलेस्स-कडजुम्म-कडजुम्म-सन्नि-पंचेंदिया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **तहेव जहा पढमुद्देसओ सन्नीणं,**

२८. वे आहार पूर्ववत् **यावत्** नियम से छहों दिशाओं से ग्रहण करते हैं।

२९. इनकी स्थिति जघन्य एक समय और उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम की है।

३०. इनमें आदि के छह समुद्घात पाये जाते हैं।

ये मारणान्तिक समुद्घात से समवहत होकर भी मरते हैं और असमवहत होकर भी मरते हैं।

३१. इनकी उद्वर्त्तना का कथन उपपात के समान है।

अनुत्तरविमान पर्यन्त कहीं भी इनकी उद्वर्तना का निषेध नहीं करना चाहिए।

प्र. ३२. भंते ! क्या सर्व प्राण **यावत्** सर्व सत्व कृतयुग्म-कृतयुग्म संज्ञी पंचेन्द्रिय के रूप में उत्पन्न हुए हैं ?

उ. हां, गौतम ! वे इससे पूर्व अनेक बार या अनन्त बार उत्पन्न हो चुके हैं।

इसी प्रकार सोलह युग्मों में अनन्त बार उत्पन्न हो चुके हैं पर्यन्त कहना चाहिए।

विशेष–इनका परिमाण द्वीन्द्रिय जीवों के समान है। **शेष सब** पूर्ववत् **है।**

३५. प्रथम समयादि महायुग्म संज्ञीपंचेन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! प्रथम समय के कृतयुग्म-कृतयुग्मराशि वाले संज्ञीपंचेन्द्रिय जीव कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **इनका उपपात**, परिमाण, **अपहार इन्हीं** के प्रथम **उद्देशक के अनुसार जानना चाहिए।**

इनकी अवगाहना, बन्ध, वेद, वेदना, उदय **और** उदीरणा **प्रथम समय के द्वीन्द्रिय जीवों के समान जानना चाहिए।**

ये कृष्णलेश्यी यावत् शुक्ललेश्यी होते हैं।

शेष प्रथमसमयोत्पन्न द्वीन्द्रिय जीवों के समान अनन्त बार उत्पन्न हुए हैं पर्यन्त कहना चाहिए।

विशेष–वे स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी और नपुंसकवेदी होते हैं।

वे संज्ञी होते हैं, असंज्ञी नहीं होते हैं।

शेष कथन पूर्ववत् है।

इसी प्रकार सोलह ही युग्मों में परिमाण आदि सभी कथन पूर्ववत् जानने चाहिए।

इसी प्रकार यहाँ भी ग्यारह उद्देशक पूर्ववत् कहने चाहिए।

प्रथम, तृतीय और पंचम उद्देशक एक समान है।

शेष सब आठ उद्देशक एक समान है।

चौथे, आठवें और दसवें उद्देशक में कोई विशेषता नहीं है।

३६. सलेश्य महायुग्म वाले संज्ञी पंचेन्द्रियों में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! कृष्णलेश्यी कृतयुग्म-कृतयुग्मराशि वाले संज्ञीपंचेन्द्रिय कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! संज्ञी के प्रथम उद्देशक के अनुसार इनका कथन करना चाहिए।

णवरं–बंधो, वेदो, उदई, उदीरणा, लेस्सा, बंधगा, सण्णा, कसाय, वेदबंधगा य **एयाणि जहा बेइंदियाणं कण्हलेस्साणं।**
वेदो तिविहो, अवेदगा नत्थि।
संचिट्ठणा जहण्णेणं एक्कं समयं,
उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं।
एवं ठिई वि।
णवरं–ठिईए अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं न भण्णंति।
सेसं जहा एएसिं चेव पढमे उद्देसए जाव **अणंतखुत्तो।**

एवं सोलससु वि जुम्मेसु। *–विया. स. ४०, २/स. पं., उ. १*

प. पढमसमय-कण्हलेस्स-कडजुम्मकडजुम्म-सन्नि-पंचेंदियाणं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **जहा सन्नि-पंचेंदिय-पढमसमयुद्देसए तहेव निरवसेसं। णवरं–**

प. ते णं भंते ! जीवा कण्हलेस्सा ?

उ. हंता, गोयमा ! कण्हलेस्सा, **सेसं तं चेव।**
एवं **सोलससु वि जुम्मेसु।**
एवं एए वि एक्कारस उद्देसगा कण्हलेसस्सए।

पढम-तइय-पंचमा सरिसगमा।
सेसा अट्ठ वि सरिसगमा। *–विया. स. ४० २/स. पं., उ. २-११*
एवं **नीललेस्सेसु वि सयं।**
णवरं–संचिट्ठणा जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं दस सागरोवमाइं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागमब्भहियाइं,
एवं ठिई वि।
एवं तिसु उद्देसएसु।

सेसं तं चेव। *–विया. स. ४०, ३/स. पं., उ. १-११*
एवं काउलेस्ससयं वि,

णवरं–संचिट्ठणा जहण्णेणं एक्कं समयं,
उक्कोसेणं तिण्णि सागरोवमाइं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागमब्भहियाइं,
एवं ठिई वि।
एवं तिसु वि उद्देसएसु,
सेसं तं चेव। *–विया. स. ४०, ४/सं. पं., उ. १-११*
एवं तेउलेस्सेसु वि सयं।
णवरं–संचिट्ठणा जहण्णेणं एक्कं समयं,
उक्कोसेणं दो सागरोवमाइं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागमब्भहियाइं,
एवं ठिई वि,
णवरं–नो सण्णोवउत्ता वा।

विशेष–बन्ध, वेद, उदय, उदीरणा, लेश्या, **बन्धक, संज्ञा,** कषाय और वेदबंधक **इन सभी का कथन कृष्णलेश्यी द्वीन्द्रिय जीवों के समान है।**
इनमें तीनों वेद होते हैं, अवेदक नहीं होते।
उनकी संचिट्ठणा जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त अधिक तेतीस सागरोपम की है।
उनकी स्थिति भी इसी प्रकार है।
विशेष–स्थिति में अन्तर्मुहूर्त अधिक नहीं कहना चाहिए।
शेष सब कथन इन्हीं के प्रथम उद्देशक के अनुसार अनन्त बार उत्पन्न होते हैं पर्यन्त जानना चाहिए।
इसी प्रकार सोलह युग्मों का कथन करना चाहिए।

प्र. भंते ! प्रथमसमयोत्पन्न कृष्णलेश्यी कृतयुग्म-कृतयुग्मराशि वाले संज्ञीपंचेन्द्रिय जीव कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **इनका समग्र कथन प्रथमसमयोत्पन्न संज्ञीपंचेन्द्रियों के उद्देशक के अनुसार करना चाहिए। विशेष–**

प्र. भंते ! क्या वे जीव कृष्णलेश्या वाले हैं ?

उ. हां, गौतम ! वे कृष्णलेश्या वाले हैं। **शेष कथन पूर्ववत् है।**
इसी प्रकार सोलह ही युग्मों में कहना चाहिए।
इसी प्रकार कृष्णलेश्याशतक के ग्यारह उद्देशक जानने चाहिए।
प्रथम, तृतीय और पंचम ये तीनों उद्देशक एक समान हैं।
शेष आठ उद्देशक एक समान हैं।
नीललेश्या वाले संज्ञी पंचेन्द्रियों का शतक भी इसी प्रकार है।
विशेष–इसका संचिट्ठणाकाल जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम के असंख्यातवें भाग अधिक दस सागरोपम है।
स्थिति भी इसी प्रकार समझनी चाहिए।
इसी प्रकार (पहले, तीसरे, पाँचवें) तीन उद्देशकों के विषय में जानना चाहिए।
शेष कथन पूर्ववत् है।
कापोतलेश्या शतक के विषय में भी इसी प्रकार जानना चाहिए।
विशेष–संचिट्ठणाकाल जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट पल्योपम के असंख्यातवें भाग अधिक तीन सागरोपम है।
स्थिति भी इसी प्रकार है।
इसी प्रकार तीनों उद्देशक जानना चाहिए।
शेष कथन पूर्ववत् है।
तेजोलेश्या शतक के लिए भी इसी प्रकार जानना चाहिए।
विशेष–संचिट्ठणाकाल जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट पल्योपम के असंख्यातवें भाग अधिक दो सागरोपम है।
स्थिति भी इसी प्रकार है।
विशेष–यहां नोसंज्ञोपयुक्त भी होते हैं।

एवं तिसु वि उद्देसएसु। सेसं तं चेव।
–विया. स. ४०, ५/स. पं., उ. १-११

जहा तेउलेस्सासयं तहा पम्हलेस्सासयं पि।

णवरं–संचिट्ठणा जहण्णेणं एक्कं समयं,
उक्कोसेणं दस सागरोवमाइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं,
एवं ठिई वि,
णवरं–अंतोमुहुत्तं न भण्णइ। सेसं तं चेव।

एवं एएसु पंचसु सएसु जहा कण्हलेस्सासए गमओ तहा नेयव्वो जाव अणंतखुत्तो।
–विया. स. ४०, ६/स. पं., उ. १-११

सुक्कलेस्ससयं जहा ओहियसयं,
णवरं–संचिट्ठणा ठिई य जहा कण्हलेस्सासए।

सेसं तहेव जाव अणंतखुत्तो।
–विया. स. ४०, ७/स. पं., उ. १-११

इसी प्रकार तीनों उद्देशकों के विषय में समझना चाहिए। शेष कथन पूर्ववत् है।

जिस प्रकार तेजोलेश्याशतक का कथन किया उसी प्रकार पद्मलेश्या का कथन करना चाहिए।

विशेष–संचिट्ठणाकाल जघन्य एक समय,
उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त अधिक दस सागरोपम है।
स्थिति भी इतनी ही है,
विशेष–इसमें अन्तर्मुहूर्त नहीं समझना चाहिए। शेष कथन पूर्ववत् है।

इस प्रकार इन पांचों शतकों में कृष्णलेश्या शतक के समान अनन्त बार उत्पन्न हो चुके हैं पर्यन्त आलापक जानने चाहिए।

शुक्ललेश्याशतक भी औधिक शतक के समान है।
विशेष–इनका संचिट्ठणाकाल और स्थिति कृष्णलेश्या शतक के समान है।
शेष सब कथन पूर्ववत् पहले अनन्त बार उत्पन्न हुए हैं पर्यन्त करना चाहिए।

३७. भवसिद्धियसन्निपंचेंदियमहाजुम्मसएसु उववायाइ बत्तीसदाराणं परूवणं–

प. भवसिद्धिय-कडजुम्म-कडजुम्म-सन्नि-पंचेंदिया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! जहा पढमं सन्निसयं तहा नेयव्वं भवसिद्धियाभिलावेणं, णवरं–

प. भंते ! सव्वपाणा जाव सव्वसत्ता पुव्वोववन्ना ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
सेसं तं चेव। *–विया. स. ४०, ८/स. पं., उ. १-११*

प. कण्हलेस्स-भवसिद्धिय-कडजुम्म-कडजुम्म-सन्नि-पंचेंदियाणं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! एवं एएणं अभिलावेणं जहा ओहियकण्हलेस्ससयं। *–विया. स. ४०, ९/स.पं., उ. १-११*
एवं नीललेस्स भवसिद्धिएहि वि सयं।
–विया. स. ४०, १०/स. पं., उ. १-११

एवं जहा ओहियाणि सन्नि-पंचेंदियाणं सत्तसयाणि भणियाणि एवं भवसिद्धिएहि वि सत्त सयाणि कायव्वाणि,
णवरं–सत्तसु वि सएसु

प. भंते ! सव्वपाणा जाव सव्वसत्ता पुव्वोववन्ना ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे। सेसं तं चेव।
–विया. स. ४०, ११-१४/स. पं., उ. १-११

३७. भवसिद्धिक संज्ञी पंचेन्द्रिय महायुग्म शतक में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! भवसिद्धिक कृतयुग्म-कृतयुग्मराशि वाले संज्ञी पंचेन्द्रिय जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! भवसिद्धिक आलापक के साथ प्रथम संज्ञीशतक के अनुसार यह शतक जानना चाहिए। विशेष–

प्र. भंते ! क्या सर्व प्राण यावत् सर्व सत्व यहाँ पहले उत्पन्न हुए हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
शेष कथन पूर्ववत् जानना चाहिए।

प्र. भंते ! कृष्णलेश्यी-भवसिद्धिक कृतयुग्म-कृतयुग्मराशि वाले संज्ञीपंचेन्द्रिय जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! कृष्णलेश्यी औधिकशतक के अनुसार इसी अभिलाप से यह शतक कहना चाहिए।
नीललेश्यी भवसिद्धिकशतक भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

जिस प्रकार संज्ञीपंचेन्द्रिय जीवों के सात औधिकशतक कहे हैं, उसी प्रकार भवसिद्धिक के भी सातों शतक कहने चाहिए।

विशेष–सातों शतकों में (यह प्रश्न करना चाहिए)

प्र. भंते ! सर्व प्राण यावत् सर्व सत्व यहाँ पूर्व में उत्पन्न हुए हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। शेष कथन पूर्ववत् है।

३८. अभवसिद्धिय सन्निपंचेंदिय महाजुम्मसएसु उववायाइ बत्तीसदाराणं परूवणं–

प. अभवसिद्धिय-कडजुम्म-कडजुम्म-सन्नि-पंचेंदिया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

३८. अभवसिद्धिक संज्ञी पंचेन्द्रिय महायुग्म शतक में उत्पातादि बत्तीस द्वारों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! अभवसिद्धिक-कृतयुग्म-कृतयुग्मराशि वाले संज्ञी-पंचेन्द्रिय जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गोयमा ! उववाओ तहेव अणुत्तरविमाणवज्जो।

परिमाणं, अवहारो, उच्चत्तं, बंधो, वेदो, वेदणं, उदयी, उदीरणा य जहा कण्हलेस्ससए।
कण्हलेस्सा वा जाव सुक्कलेस्सा वा।
नो सम्मदिट्ठी, मिच्छादिट्ठी, नो सम्मामिच्छादिट्ठी।

नो नाणी, अन्नाणी।
एवं जहा कण्हलेस्ससए,
णवरं–नो विरया, अविरया, नो विरयाविरया।

संचिट्ठणा, ठिई य जहा ओहियुद्देसए।

समुग्घाया आइल्लगा पंच।
उव्वट्टणा तहेव अणुत्तरविमाणवज्जं।

उ. गौतम ! अनुत्तरविमानों को छोड़कर शेष सभी स्थानों में पूर्ववत् उपपात जानना चाहिए।
इनका परिमाण, अपहार, ऊँचाई, बन्ध, वेद, वेदन, उदय और उदीरणा कृष्णलेश्या शतक के समान है।
वे कृष्णलेश्यी से शुक्ललेश्यी पर्यन्त छहों लेश्या वाले होते हैं।
वे सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि नहीं होते, केवल मिथ्यादृष्टि होते हैं।
वे ज्ञानी नहीं होते, अज्ञानी होते हैं।
इसी प्रकार सब कृष्णलेश्यी शतक के समान है।
विशेष–वे विरत और विरताविरत नहीं होते, किन्तु अविरत होते हैं।
इनका संचिट्ठणाकाल और स्थिति औधिक उद्देशक के अनुसार जानना चाहिए।
इनमें आदि के पाँच समुद्घात पाये जाते हैं।
अनुत्तरविमानों को छोड़कर पूर्ववत् उद्वर्तना जानना चाहिए।

प. भंते ! सव्वपाणा जाव सव्वसत्ता पुव्वोववन्ना ?
उ. गोयमा ! णो इणट्ठे सम्मट्ठे,
सेसं जहा कण्हलेस्ससए जाव अणंतखुत्तो।

एवं सोलससु वि जुम्मेसु।

प्र. भंते ! क्या सर्व प्राण यावत् सर्व सत्व पूर्व में उत्पन्न हुए हैं ?
उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
शेष कृष्णलेश्या शतक के समान अनन्त बार उत्पन्न हुए हैं पर्यन्त कहना चाहिए।
इसी प्रकार सोलह ही युग्मों के लिए जानना चाहिए।

प. पढमसमय-अभवसिद्धिय-कडजुम्म-कडजुम्म-सन्नि-पंचेंदिया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?
उ. गोयमा ! जहा सन्नीणं पढमसमयुद्देसए तहेव,

णवरं–सम्मत्तं, सम्मामिच्छत्तं, नाणं च सव्वत्थ नत्थि।
सेसं तहेव।
एवं एत्थ वि एक्कारस उद्देसगा कायव्वा,
पढम-तइय-पंचमा एक्कगमा।

सेसा अट्ठ वि एक्कगमा।
–विया. स. ४०, १५/स. पं., उ. १-११

प्र. भंते ! क्या सर्व प्राण यावत् सर्व सत्व पूर्व में उत्पन्न हुए हैं ?
उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
शेष कृष्णलेश्या शतक के समान अनन्त बार उत्पन्न हुए हैं पर्यन्त कहना चाहिए।
इसी प्रकार सोलह ही युग्मों के लिए जानना चाहिए।
प्र. भंते ! प्रथमसमयोत्पन्न अभवसिद्धिक कृतयुग्म-कृतयुग्मराशि वाले संज्ञी पंचेन्द्रिय जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
उ. गौतम ! प्रथम समय के संज्ञी उद्देशक के अनुसार सर्वत्र जानना चाहिए,
विशेष–सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और ज्ञान सर्वत्र नहीं होता।
शेष कथन पूर्ववत् है।
इसी प्रकार इस शतक में भी ग्यारह उद्देशक कहने चाहिए।
इनमें से प्रथम, तृतीय एवं पंचम ये तीनों उद्देशक समान पाठ वाले हैं।
शेष आठ उद्देशक भी एक समान हैं।

प. कण्हलेस्स-अभवसिद्धिय-कडजुम्म-कडजुम्म-सन्नि-पंचेंदिया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?
उ. गोयमा ! जहा एएसिं चेव ओहियसयं तहा कण्हलेस्ससयंपि, णवरं
प. ते णं भंते ! जीवा कण्हलेस्सा ?
उ. हंता, गोयमा ! कण्हलेस्सा।
ठिई संचिट्ठणा य जहा कण्हलेस्ससए। सेसं तं चेव।
–विया. स. ४०, १६ सं. पं., उ. १-११

प्र. भंते ! कृष्णलेश्यी-अभवसिद्धिक-कृतयुग्म-कृतयुग्मराशि वाले संज्ञीपंचेन्द्रिय जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
उ. गौतम ! जिस प्रकार इनका औधिक शतक कहा है उसी प्रकार कृष्णलेश्यी शतक जानना चाहिए, विशेष–
प्र. भंते ! क्या वे जीव कृष्णलेश्या वाले हैं ?
उ. हां, गौतम ! वे कृष्णलेश्या वाले हैं।
इनकी स्थिति और संचिट्ठणाकाल कृष्णलेश्या शतक के समान है, शेष कथन पूर्ववत् है।

एवं छहि वि लेसाहिं छ सया कायव्वा जहा कण्हलेस्ससयं,

णवरं–संचिट्ठणा, ठिई य जहेव ओहिएसु तहेव भाणियव्वा,
णवरं–सुक्कलेसाए उक्कोसेणं एक्कतीसं सागरोवमाइं अंतोमुहुत्तमब्भहियाइं,

जिस प्रकार कृष्णलेश्या-सम्बन्धी शतक कहा, उसी प्रकार छहों लेश्या सम्बन्धी छह शतक कहने चाहिए।
विशेष–संचिट्ठणाकाल और स्थिति का कथन औधिक शतक के समान करना चाहिए।
विशेष–शुक्ललेश्यी का उत्कृष्ट संचिट्ठणाकाल अन्तर्मुहूर्त अधिक इकतीस सागरोपम है।

ठिई एवं चेव।

णवरं–अंतोमुहुत्तो नत्थि, जहन्नगं तहेव,

सव्वत्थ सम्मत्तं, नाणाणि नत्थि।

विरई, विरयाविरई, अणुत्तरविमाणोववत्ती एयाणि नत्थि।

प. भंते ! सव्वपाणा **जाव** सव्व सत्ता पुव्वोववन्ना ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

एवं एयाणि सत्त अभवसिद्धीय-महाजुम्मसयाणि भवंति।

–विया. स. ४०, १७-२१ स. पं., उ. १-११

एवं एयाणि एक्कवीसं सन्निमहाजुम्मसयाणि।

सव्वाणि वि एक्कासीइं महाजुम्मसयाणि। *–विया. स. ४०,*

३९. रासिजुम्मस्स भेया तेसिं लक्खणाणि य परूवणं–

प. कइ णं भंते ! रासीजुम्मा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! चत्तारि रासीजुम्मा पण्णत्ता, तं जहा–

१. कडजुम्मे **जाव** ४. कलिओए।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"चत्तारि रासीजुम्मा पण्णत्ता, तं जहा–

१. कडजुम्मे **जाव** ४. कलिओए ?"

उ. गोयमा ! जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे चउपज्जवसिए, से तं रासीजुम्म कडजुम्मे,

एवं जाव जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे एगपज्जवसिए, से तं रासीजुम्मकलिओए।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"चत्तारि रासीजुम्मा पण्णत्ता, तं जहा– १. कडजुम्मे **जाव** ४. कलिओए।" *–विया. स. ४१, उ. १, सु. १*

४०. रासीजुम्म कडजुम्मेसु चउवीसदंडएसु उववायाइ परूवणं–

प. दं. १. रासीजुम्म-कडजुम्म नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **उववाओ जहा वक्कंतीए।**

प. ते णं भंते ! जीवा एगसमएणं केवइया उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! चत्तारि वा, अट्ठ वा, बारस वा, सोलस वा, संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उववज्जंति।

प. ते णं भंते ! जीवा किं संतरं उववज्जंति, निरंतरं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! संतरं पि उववज्जंति, निरंतरं पि उववज्जंति।

संतरं उववज्जमाणा जहण्णेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जे समये अंतरं कट्टु उववज्जंति।

स्थिति भी इसी प्रकार है।

विशेष–उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त अधिक नहीं कहना चाहिए। जघन्य उसी प्रकार कहना चाहिए।

इनमें सर्वत्र सम्यक्त्व और ज्ञान नहीं होते,

इनमें विरति, विरताविरति और अनुत्तरविमानों में उत्पत्ति नहीं होती।

प्र. भंते ! सभी प्राण **यावत्** सर्वसत्व पूर्व में उत्पन्न हुए हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

इस प्रकार ये सात अभवसिद्धिक महायुग्म शतक होते हैं।

इस प्रकार ये संज्ञीपंचेन्द्रियों के इक्कीस महायुग्म शतक हुए।

सभी मिलाकर महायुग्म-सम्बन्धी ८१ शतक सम्पूर्ण हुए।

३९. राशियुग्म के भेद और उनके लक्षणों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! राशियुग्म कितने कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! राशियुग्म चार कहे गए हैं, यथा–

१. कृतयुग्म **यावत्** ४. कल्योज।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहते हैं कि–

"राशियुग्म चार हैं, यथा–

१. कृतयुग्म **यावत्** ४. कल्योज।"

उ. गौतम ! जिस राशि में से चार-चार अपहार करते हुए अन्त में चार शेष रहे, उस राशि युग्म को 'कृतयुग्म' कहते हैं।

इसी प्रकार यावत् जिस राशि में से चार-चार का अपहार करते हुए अन्त में एक शेष रहे, उस राशियुग्म को "कल्योज" कहते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"राशि युग्म चार हैं, यथा–१. कृतयुग्म **यावत्** ४. कल्योज।"

४०. राशियुग्म कृतयुग्म वाले चौवीसदंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! राशियुग्म कृतयुग्म वाले नैरयिक कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **इनका उपपात व्युत्क्रान्तिपद के अनुसार जानना चाहिए।**

प्र. भंते ! वे जीव एक समय में कितने उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे चार, आठ, बारह, सोलह, संख्यात या असंख्यात उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! वे जीव सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे जीव सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं।

सान्तर उत्पन्न होने पर जघन्य एक समय और उत्कृष्ट असंख्यात समय का अन्तर करके उत्पन्न होते हैं।

निरंतरं उववज्जमाणा जहण्णेणं दो समया, उक्कोसेणं असंखेज्जा समया अणुसमयं अविरहियं निरंतरं उववज्जंति।

प. ते णं भंते ! जीवा जं समयं कडजुम्मा तं समयं तेओया ?

जं समयं तेओया तं समयं कडजुम्मा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. जं समयं कडजुम्मा तं समयं दावरजुम्मा, जं समयं दावरजुम्मा तं समयं कडजुम्मा ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. जं समयं कडजुम्मा तं समयं कलिओया, जं समयं कलिओया तं समयं कडजुम्मा ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. ते णं भंते ! जीवा कहं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! से जहानामए पवए पवमाणे अज्झवसाण निवत्तिएणं करणोवाएणं सेयकाले तं ठाणं विप्पजहित्ता पुरिमठाणं उवसंपज्जित्ताणं विहरइ, **एवामेव** ते वि जीवा पवओविव पवमाणा अज्झवसाणं निव्वत्तिएणं करणोवाएणं सेयकाले तं भवं विप्पजहित्ता पुरिमं भवं उवसंपज्जित्ताणं विहरंति **जाव** आयप्पयोगेणं उववज्जंति, नो परप्पयोगेणं उववज्जंति।

प. ते णं भंते ! जीवा किं आयजसेणं उववज्जंति, आय अजसेणं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! नो आयजसेणं उववज्जंति, आयअजसेणं उववज्जंति।

प. जइ आयअजसेणं उववज्जंति किं आयजसं उवजीवंति, आयअजसं उवजीवंति ?

उ. गोयमा ! नो आयजसं उवजीवंति, आयअजसं उवजीवंति।

प. जइ आयअजसं उवजीवंति किं सलेस्सा, अलेस्सा ?

उ. गोयमा ! सलेस्सा, नो अलेस्सा।

प. जइ सलेस्सा किं सकिरिया, अकिरिया ?

उ. गोयमा ! सकिरिया, नो अकिरिया।

प. जइ सकिरिया तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झंति **जाव** सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. **दं. २.** रासीजुम्म-कडजुम्म-असुरकुमारा णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **जहेव नेरइया तहेव निरवसेसं।**

निरन्तर उत्पन्न होने पर जघन्य दो समय और उत्कृष्ट असंख्यात समय तक निरन्तर प्रतिसमय अविरहितरूप से उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! वे जीव जिस समय कृतयुग्मराशि वाले होते हैं, क्या उसी समय त्र्योज राशि वाले होते हैं ?

जिस समय त्र्योज राशि वाले होते हैं, क्या उसी समय कृतयुग्मराशि वाले होते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! वे जिस समय कृतयुग्म वाले होते हैं, क्या उसी समय द्वापरयुग्म वाले होते हैं, जिस समय वे द्वापरयुग्म वाले होते हैं, क्या उसी समय कृतयुग्म वाले होते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! जिस समय वे कृतयुग्म वाले होते हैं, क्या उसी समय कल्योज होते हैं, जिस समय कल्योज वाले होते हैं, क्या उसी समय कृतयुग्मराशि वाले होते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! वे जीव (नैरयिक) कैसे उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! जैसे कोई कूदने वाला पुरुष कूदता हुआ अध्यवसाय निष्पन्न क्रिया साधन द्वारा अपने पूर्वस्थान को छोड़कर भविष्यकाल में आगे के स्थान को प्राप्त करता है, वैसे ही जीव भी कूदने वाले की तरह कूदते हुए अध्यवसाय निष्पन्न क्रिया साधन (कर्मों) द्वारा पूर्वभव को छोड़कर आगामी भव को प्राप्त कर उत्पन्न होते हैं **यावत्** वे आत्मप्रयोग से उत्पन्न होते हैं पर-प्रयोग से उत्पन्न नहीं होते हैं।

प्र. भंते ! वे जीव आत्म-यश (आत्म-संयम) से उत्पन्न होते हैं या आत्मअयश (आत्म-असंयम) से उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! वे आत्म-यश से उत्पन्न नहीं होते हैं किन्तु आत्म अयश से उत्पन्न होते हैं।

प्र. यदि वे जीव-आत्म-अयश से उत्पन्न होते हैं तो क्या वे आत्म-यश से जीवन निर्वाह करते हैं या आत्म-अयश से जीवननिर्वाह करते हैं ?

उ. गौतम ! वे आत्म-यश से जीवननिर्वाह नहीं करते, किन्तु आत्म-अयश से जीवन निर्वाह करते हैं।

प्र. यदि वे आत्म-अयश से जीवन निर्वाह करते हैं, तो वे सलेश्यी होते हैं या अलेश्यी होते हैं ?

उ. गौतम ! वे सलेश्यी होते हैं, अलेश्यी नहीं होते हैं।

प्र. यदि वे सलेश्यी होते हैं तो क्रिया सहित होते हैं या क्रियारहित होते हैं ?

उ. गौतम ! वे सक्रिय होते हैं, अक्रिय नहीं होते हैं।

प्र. यदि वे सक्रिय होते हैं तो क्या उसी भव को ग्रहण करके सिद्ध होते हैं यावत् सर्वदुःखों का अन्त करते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. **दं. २.** भंते ! राशियुग्म-कृतयुग्मराशि वाले असुरकुमार कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. **गौतम ! जिस प्रकार नैरयिकों के विषय में कहा है उसी प्रकार यहां भी सम्पूर्ण कहना चाहिए।**

दं. ३-२०. एवं जाव **पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया,**

णवरं-वणस्सइकाइया **जाव** असंखेज्जा वा, अणंता वा उववज्जंति।

सेसं तं चेव।

दं. २१. मणुस्सा वि एवं चेव जाव **नो आयजसेणं उववज्जंति, आयअजसेणं उववज्जंति।**

प. जइ आयअजसेणं उववज्जंति किं आयजसं उवजीवंति, आयअजसं उवजीवंति ?

उ. गोयमा ! आयजसं पि उवजीवंति, आयअजसं पि उवजीवंति।

प. जइ आयजसं उवजीवंति किं सलेस्सा, अलेस्सा ?

उ. गोयमा ! सलेस्सा वि, अलेस्सा वि।

प. जइ अलेस्सा किं सकिरिया, अकिरिया ?

उ. गोयमा ! नो सकिरिया, अकिरिया।

प. जइ अकिरिया तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झंति **जाव** सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति ?

उ. हंता, गोयमा ! सिज्झंति **जाव** सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति।

प. जइ सलेस्सा किं सकिरिया, अकिरिया ?

उ. गोयमा ! सकिरिया, नो अकिरिया।

प. जइ सकिरिया तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झंति जाव सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइया तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झंति **जाव** सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति, अत्थेगइया नो तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झंति **जाव नो** सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति।

प. जइ आयअजसं उवजीवंति किं सलेस्सा, अलेस्सा ?

उ. गोयमा ! सलेस्सा, नो अलेस्सा।

प. जइ सलेस्सा किं सकिरिया अकिरिया ?

उ. गोयमा ! सकिरिया, नो अकिरिया।

प. जइ सकिरिया तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झंति जाव सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

दं. २२-२४. वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिया जहा नेरइया। *-विया. स. ४१, उ. १, सु. २-११*

४१. रासीजुम्मतेएसु चउवीसदंडएसु उववायाइ परूवणं-

प. दं. १. रासीजुम्मतेओय-नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

दं. ३-२०. इसी प्रकार पंचेंद्रियतिर्यञ्चयोनिक पर्यन्त सारा कथन करना चाहिए,

विशेष-वनस्पतिकायिक जीव यावत् असंख्यात या अनन्त उत्पन्न होते हैं,

शेष सब कथन पूर्व के समान है।

दं. २१. मनुष्यों का कथन भी इसी प्रकार वे आत्म-यश से उत्पन्न नहीं होते, किन्तु आत्म-अयश से उत्पन्न होते हैं पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. यदि वे (मनुष्य) आत्म-अयश से उत्पन्न होते हैं तो क्या आत्म-यश से जीवन-निर्वाह करते हैं या आत्म-अयश से जीवन निर्वाह करते हैं ?

उ. गौतम ! आत्म-यश से भी जीवन निर्वाह करते हैं और आत्म-अयश से भी जीवन निर्वाह करते हैं।

प्र. यदि वे आत्मयश से जीवन निर्वाह करते हैं तो सलेश्यी होते हैं या अलेश्यी होते हैं ?

उ. गौतम ! वे सलेश्यी भी होते हैं और अलेश्यी भी होते हैं।

प्र. यदि वे अलेश्यी होते हैं तो सक्रिय होते हैं या अक्रिय होते हैं ?

उ. गौतम ! वे सक्रिय नहीं होते, किन्तु अक्रिय होते हैं।

प्र. यदि वे अक्रिय होते हैं तो क्या उसी भव को ग्रहण करके सिद्ध होते हैं **यावत्** सर्वदुःखों का अन्त करते हैं ?

उ. हां, गौतम ! वे उसी भव में सिद्ध होते हैं **यावत्** सर्वदुःखों का अन्त करते हैं।

प्र. यदि वे सलेश्यी हैं तो सक्रिय होते हैं या अक्रिय होते हैं ?

उ. गौतम ! वे सक्रिय होते हैं, अक्रिय नहीं होते हैं।

प्र. यदि वे सक्रिय होते हैं तो क्या उसी भव को ग्रहण करके सिद्ध होते हैं **यावत्** सब दुःखों का अन्त करते हैं ?

उ. गौतम ! कितने ही (मनुष्य) उसी भव में सिद्ध होते हैं **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त करते हैं। कितने ही मनुष्य उसी भव में सिद्ध नहीं होते **यावत्** सर्व दुःखों का अन्त नहीं करते हैं।

प्र. यदि वे आत्म-अयश से जीवन निर्वाह करते हैं तो वे सलेश्यी होते हैं या अलेश्यी होते हैं ?

उ. गौतम ! वे सलेश्यी होते हैं, अलेश्यी नहीं होते हैं।

प्र. यदि वे सलेश्यी होते हैं तो क्या सक्रिय होते हैं या अक्रिय होते हैं ?

उ. गौतम ! वे सक्रिय होते हैं, अक्रिय नहीं होते हैं।

प्र. यदि वे सक्रिय होते हैं तो क्या उसी भव से सिद्ध होते हैं यावत् सब दुःखों का अन्त करते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

दं. २२-२४. वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिकों का कथन नैरयिकों के समान है।

४१. राशि युग्म-त्र्योजराशि वाले चौवीस दंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण-

प्र. दं. १. भंते ! राशियुग्म-त्र्योजराशि वाले नैरयिक कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

किं नेरइएहिंतो उववज्जंति जाव देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! उववाओ जहा वक्कंतिए।

णवरं–परिमाणं–तिण्णि वा, सत्त वा, एक्कारस वा, पन्नरस वा, संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उववज्जंति। संतरं तहेव।

प. ते णं भंते ! जीवा जं समयं तेओया तं समयं कडजुम्मा,

जं समयं कडजुम्मा तं समयं तेओया ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. ते णं भंते ! जीवा जं समयं तेओया तं समयं दावरजुम्मा,

जं समयं दावरजुम्मा तं समयं तेओया ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
एवं कलिओएण वि समं।

दं. २-२४. सेसं तं चेव जाव वेमाणिया,

णवरं–उववाओ सव्वेसिं जहा वक्कंतिए।
–विया. स. ४१, उ. २, सु. १-३

४२. रासीजुम्मदावरजुम्मेसु चउवीसदंडएसु उववायाइ परूवणं–

प. दं. १. रासीजुम्म-दावरजुम्म-नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?
किं नेरइएहिंतो उववज्जंति जाव देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! उववाओ जहा वक्कंतिए।

णवरं–परिमाणं दो वा, छ वा, दस वा, संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उववज्जंति।

प. ते णं भंते ! जीवा जं समयं दावरजुम्मा तं समयं कडजुम्मा, जं समयं कडजुम्मा तं समयं दावरजुम्मा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
एवं तेयोएण वि समं।
एवं कलिओएण वि समं।
दं. २-२४. सेसं जहा पढमुद्देसए जाव वेमाणिया।
–विया. स. ४१, उ. ३, सु. १-३

४३. रासीजुम्मकलिओएसु चउवीसदंडएसु उववायाइ परूवणं–

प. दं. १. जइ रासीजुम्म-कलिओय-नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

क्या वे नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते हैं यावत् देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! इसका उपपात व्युत्क्रान्ति पद के अनुसार जानना चाहिए।

विशेष–परिमाण तीन, सात, ग्यारह, पन्द्रह संख्यात या असंख्यात उत्पन्न होते हैं।

सान्तर निरंतर का कथन पूर्ववत् जानना चाहिए।

प्र. भंते ! वे जीव जिस समय त्र्योजराशि वाले होते हैं, क्या उस समय कृतयुग्मराशि वाले होते हैं।
जिस समय कृतयुग्म राशि वाले होते हैं, क्या उस समय त्र्योजराशि वाले होते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! जिस समय वे जीव त्र्योजराशि वाले होते हैं, क्या उस समय द्वापरयुग्मराशि वाले होते हैं,
जिस समय वे द्वापरयुग्मराशि वाले होते हैं, क्या उस समय वे त्र्योजराशि वाले होते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
कल्योजराशि के साथ कृतयुग्मादिराशि का कथन भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

दं. २-२४. शेष सब कथन पूर्ववत् वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिए।

विशेष–सभी का उपपात व्युत्क्रान्तिपद के अनुसार जानना चाहिए।

४२. राशियुग्म-द्वापरयुग्म वाले चौबीस दंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! राशियुग्म द्वापरयुग्मराशि वाले नैरयिक कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?
क्या वे नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते हैं यावत् देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! इनका उपपात व्युत्क्रान्ति पद के अनुसार जानना चाहिए।

विशेष–परिमाण दो, छह, दस, संख्यात या असंख्यात उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! वे जीव जिस समय द्वापरयुग्म होते हैं, क्या उस समय कृतयुग्म वाले होते हैं ? जिस समय कृतयुग्म वाले होते हैं, क्या उस समय द्वापरयुग्म वाले होते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
इसी प्रकार त्र्योजराशि वालों के साथ भी जानना चाहिए।
इसी प्रकार कल्योजराशि वालों के साथ भी जानना चाहिए।
दं. २-२४. शेष सब कथन वैमानिकों पर्यन्त प्रथम उद्देशक के समान है।

४३. राशियुग्म-कल्योज राशि वाले चौवीस दंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! राशियुग्म-कल्योजराशि वाले नैरयिक कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

किं नेरइएहिंतो उववज्जंति **जाव** देवेहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! **उववाओ जहा वक्कंतीए।**

णवरं–परिमाणं एक्को वा, पंच वा, नव वा, तेरस वा, संखेज्जा वा, असंखेज्जा वा उववज्जंति।

प. ते णं भंते ! जीवा जं समयं कलिओया तं समयं कडजुम्मा,

जं समयं कडजुम्मा तं समयं कलिओया ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

एवं तेओयेण वि समं।

एवं दावरजुम्मेण वि समं।

दं. २-२४. सेसं जहा पढमुद्देसए जाव वेमाणिया।

–विया. स. ४१, उ. ४, सु. १-३

४४. सलेस्स रासीजुम्म कडजुम्माइ चउवीसदंडएसु उववायाइ पत्तवणं–

प. कण्हलेस्स-रासीजुम्म-कडजुम्म-नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति,

उ. गोयमा ! **उववाओ जहा धूमप्पभाए।**

सेसं जहा पढमुद्देसए।

असुरकुमाराणं तहेव एवं जाव वाणमंतराणं।

मणुस्साण वि जहेव नेरइयाणं।

आयअजसं उवजीवंति।

अलेस्सा अकिरिया, तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झंति एवं न भाणियव्वं।

सेसं जहा पढमुद्देसए। *–विया. स. ४१, उ. ५, सु. १-३*

कण्हलेस्सतेयोएहि वि एवं चेव उद्देसओ।

–विया. स. ४१, उ. ६, सु. १

कण्हलेस्सदावरजुम्मेहि वि एवं चेव उद्देसओ।

–विया. स. ४१, उ. ७, सु. १

कण्हलेस्सकलिओएहि वि एवं चेव उद्देसओ।

परिमाणं संवेहो य जहा ओहिएसु उद्देसएसु।

–विया. स. ४१, उ. ८, सु. १

जहा कण्हलेस्सेहिं एवं नीललेस्सेहि वि चत्तारि उद्देसगा भाणियव्वा निरवसेसा,

णवरं–नेरइयाणं उववाओ जहा वालुयप्पभाए।

क्या वे नैरयिकों से आकर उत्पन्न होते हैं **यावत्** देवों से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **इनका उपपात व्युत्क्रान्ति पद के अनुसार जानना चाहिए।**

विशेष–परिमाण–एक, पाँच, नौ, तेरह, संख्यात या असंख्यात उत्पन्न होते हैं।

प्र. भंते ! वे जीव जिस समय कल्योज हैं, क्या उस समय कृतयुग्म वाले होते हैं,

जिस समय कृतयुग्म हैं, क्या उस समय कल्योज वाले होते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

इसी प्रकार त्र्योज के साथ कृतयुग्मादि का कथन जानना चाहिए।

द्वापरयुग्म के साथ कृतयुग्मादि का कथन भी इसी प्रकार समझना चाहिए।

दं. २-२४. शेष सब प्रथम उद्देशक के समान वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिए।

४४. सलेश्य राशियुग्म कृतयुग्मादि वाले चौबीस दंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! कृष्णलेश्यी राशियुग्म-कृतयुग्मराशि वाले नैरयिक कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! **इनका उपपात धूमप्रभापृथ्वी के नैरयिकों के समान कहना चाहिए।**

शेष सब कथन प्रथम उद्देशक के अनुसार जानना चाहिए।

असुरकुमारों के विषय में भी इसी प्रकार वाणव्यन्तरों पर्यन्त कहना चाहिए।

मनुष्यों के विषय में भी नैरयिकों के समान कथन करना चाहिए।

वे आत्म-अयश (असंयम) पूर्वक जीवन-निर्वाह करते हैं।

यहां पर अलेश्यी, अक्रिय तथा उसी भव में सिद्ध होने का कथन नहीं करना चाहिए।

शेष सब कथन प्रथमोद्देशक के समान है।

कृष्णलेश्यी त्र्योजराशि नैरयिक का उद्देशक भी इसी प्रकार कहना चाहिए।

कृष्णलेश्यी द्वापरयुग्मराशि वाले नैरयिक का उद्देशक भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

कृष्णलेश्यी कल्योजराशि वाले नैरयिकों का उद्देशक भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

किन्तु इनका परिमाण और संवेध औधिक उद्देशक के अनुसार समझना चाहिए।

जिस प्रकार कृष्णलेश्या के चार उद्देशक कहे उसी प्रकार नीललेश्या के भी समग्र रूप से चार उद्देशक कहने चाहिए।

विशेष–नैरयिकों के उपपात का कथन वालुकाप्रभा के समान जानना चाहिए।

सेसं तं चेव। —विया. स. ४१, उ. ९-१२, सु. १

काउलेस्से वि एवं चेव चत्तारि उद्देसगा कायव्वा,

णवरं—नेरइयाणं उववाओ जहा रयणप्पभाए।

सेसं तं चेव। —विया. स. ४१, उ. १३-१६, सु. १

प. तेउलेस्सरासीजुम्म-कडजुम्म-असुरकुमारा णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! एवं चेव।

णवरं—जेसु तेउलेस्सा अत्थि तेसु भाणियव्वं।

एवं एए वि कण्हलेस्ससरिसा चत्तारि उद्देसगा कायव्वा।

—विया. स. ४१, उ. १७-२०, सु. १

एवं पम्हलेस्साए वि चत्तारि उद्देसगा कायव्वा।

पंचेंदियतिरिक्खजोणियाणं, मणुस्साणं, वेमाणियाण य एएसिं पम्हलेस्सा, सेसाणं नत्थि।

—विया. स. ४१, उ. २१-२४, सु. १

जहा पम्हलेस्साए एवं सुक्कलेस्साए वि चत्तारि उद्देसगा कायव्वा,

णवरं—मणुस्साणं गमओ जहा ओहिय उद्देसएसु, सेसं तं चेव।

एवं एए छसु लेस्सासु चउवीसं उद्देसगा भवंति।

ओहिया चत्तारि।

सव्वेए अट्ठावीसं उद्देसगा भवंति।

—विया. स. ४१, उ. २५-२८, सु. १-२

४५. भवसिद्धीय रासीजुम्म कडजुम्माइ चउवीसदंडएसु उववायाइ परूवणं—

प. भवसिद्धीय-रासीजुम्म-कडजुम्म-नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! जहा ओहिया पढमगा चत्तारि उद्देसगा तहेव निरवसेसं एए वि चत्तारि उद्देसगा।

प. कण्हलेस्स-भवसिद्धीय-रासीजुम्म-कडजुम्म-नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! जहा कण्हलेस्साए चत्तारि उद्देसगा तहा इमे वि भवसिद्धीय कण्हलेस्सेहिं चत्तारि उद्देसगा कायव्वा।

एवं नीललेस्सभवसिद्धिएहि वि चत्तारि उद्देसगा।

एवं काउलेस्सेहि वि चत्तारि उद्देसगा।

तेउलेस्सेहि वि चत्तारि उद्देसगा ओहियसरिसा।

पम्हलेस्सेहि वि चत्तारि उद्देसगा।

सुक्कलेस्सेहि वि चत्तारि उद्देसगा ओहियसरिसा।

शेष सब कथन पूर्ववत् है।

इसी प्रकार कापोतलेश्या के भी चार उद्देशक कहने चाहिए।

विशेष—नैरयिकों का उपपात रत्नप्रभापृथ्वी के समान जानना चाहिए।

शेष कथन पूर्ववत् है।

प्र. भंते ! तेजोलेश्या वाले राशियुग्म-कृतयुग्मरूप असुरकुमार कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! इसका कथन पूर्ववत् जानना चाहिए।

विशेष—जिनमें तेजोलेश्या हो, उन्हीं के लिए जानना चाहिए।

इस प्रकार इसके भी कृष्णलेश्या सदृश चार उद्देशक कहने चाहिए।

इसी प्रकार पद्मलेश्या के भी चार उद्देशक जानने चाहिए।

पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक, मनुष्य और वैमानिकों में पद्मलेश्या होती है, शेष में नहीं होती है।

जिस प्रकार पद्मलेश्या के चार उद्देशक कहे उसी प्रकार शुक्ललेश्या के भी चार उद्देशक जानने चाहिए।

विशेष—मनुष्यों के लिए औधिक उद्देशक के अनुसार जानना चाहिए। शेष सब कथन पूर्ववत् है।

इस प्रकार इन छहों लेश्याओं के चौबीस उद्देशक होते हैं।

चार औधिक उद्देशक हैं।

ये सभी मिलकर अट्ठाईस उद्देशक होते हैं।

४५. भवसिद्धिक राशियुग्म कृतयुग्मादि वाले चौबीस दंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण—

प्र. भंते ! भवसिद्धिक राशियुग्म-कृतयुग्मराशि वाले नैरयिक कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! जिस प्रकार औधिक चार उद्देशक कहे उसी अनुसार इनके भी सम्पूर्ण चारों उद्देशक जानने चाहिए।

प्र. भंते ! कृष्णलेश्यी भवसिद्धिक राशियुग्म-कृतयुग्मराशि वाले नैरयिक कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! जिस प्रकार कृष्णलेश्या के चार उद्देशक कहे हैं, उसी प्रकार भवसिद्धिक कृष्णलेश्यी जीवों के भी चार उद्देशक कहने चाहिए।

इसी प्रकार नीललेश्यी भवसिद्धिक जीवों के भी चार उद्देशक कहने चाहिए।

इसी प्रकार कापोतलेश्यी भवसिद्धिक जीवों के भी चार उद्देशक कहने चाहिए।

तेजोलेश्यी भवसिद्धिक जीवों के भी औधिक के समान चार उद्देशक जानने चाहिए।

पद्मलेश्यी भवसिद्धिक जीवों के भी चार उद्देशक जानने चाहिए।

शुक्ललेश्यी भवसिद्धिक जीवों के भी औधिक के समान चार उद्देशक कहने चाहिए।

एवं एए वि भवसिद्धिएहिं अट्ठावीसं उद्देसगा भवंति।
–विया. स. ४१, उ. २९-५६, सु. १-८

इस प्रकार भवसिद्धिक जीवों के अट्ठाईस उद्देशक होते हैं।

४६. अभवसिद्धीय रासीजुम्म कडजुम्माइ चउवीसदंडएसु उववायाइ परूवणं–

४६. अभवसिद्धिक राशियुग्म कृतयुग्मादि वाले चौबीस दंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण–

प. अभवसिद्धीय-रासीजुम्म-कडजुम्म-नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

प्र. भंते ! अभवसिद्धिक-राशियुग्म-कृतयुग्मराशि वाले नैरयिक कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गोयमा ! **जहा पढमो उद्देसगो,**

उ. गौतम ! **प्रथम उद्देशक के समान इस उद्देशक का कथन करना चाहिए।**

णवरं–मणुस्सा नेरइया य सरिसा भाणियव्वा। **सेसं तहेव।**

विशेष–मनुष्यों और नैरयिकों का कथन समान जानना चाहिए। **शेष कथन पूर्ववत् है।**

एवं चउसु वि जुम्मेसु चत्तारि उद्देसगा।

इसी प्रकार चारों युग्मों के चार उद्देशक कहने चाहिए।

प. कण्हलेस्स-अभवसिद्धीय-रासीजुम्म-कडजुम्म-नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

प्र. भंते ! कृष्णलेश्यी-अभवसिद्धिक-राशियुग्म-कृतयुग्मराशि वाले नैरयिक कहाँ से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव चत्तारि उद्देसगा।**

उ. गौतम ! **इनके भी पूर्ववत् चार उद्देशक कहने चाहिए।**

एवं नीललेस्स-अभवसिद्धीएहि वि चत्तारि उद्देसगा।

इसी प्रकार नीललेश्या वाले अभवसिद्धिक जीवों के भी चार उद्देशक जानने चाहिए।

एवं काउलेस्सेहि वि चत्तारि उद्देसगा।

इसी प्रकार कापोतलेश्या वाले अभवसिद्धिक जीवों के भी चार उद्देशक जानने चाहिए।

एवं तेउलेस्सेहि वि चत्तारि उद्देसगा।

तेजोलेश्यी अभवसिद्धिक जीवों के भी इसी प्रकार चार उद्देशक कहने चाहिए।

पम्हलेस्सेहि वि चत्तारि उद्देसगा।

पद्मलेश्यी अभवसिद्धिक जीवों के भी चार उद्देशक कहने चाहिए।

सुक्कलेस्स-अभवसिद्धिएहि वि चत्तारि उद्देसगा।

शुक्ललेश्या वाले अभवसिद्धिक जीवों के भी चार उद्देशक जानने चाहिए।

एवं एएसु अट्ठावीसाए वि अभवसिद्धीय उद्देसएसु मणुस्सा नेरइयगमेणं नेयव्वा।
–विया. स. ४१, उ. ५७-८४, सु. १-९

इस प्रकार इन अट्ठाईस (५७ से ८४ तक) अभवसिद्धिक उद्देशकों में मनुष्यों सम्बन्धी कथन नैरयिकों के आलापक के समान जानना चाहिए।

४७. सम्मद्दिट्ठिमिच्छादिट्ठि रासीजुम्मकडजुम्माइं चउवीसदंडएसु उववायाइ परूवणं–

४७. सम्यग्दृष्टि-मिथ्यादृष्टि राशियुग्म कृतयुग्मादि वाले चौबीस दंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण–

प. सम्मद्दिट्ठि-रासीजुम्म-कडजुम्म-नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

प्र. भंते ! सम्यग्दृष्टि-राशियुग्म-कृतयुग्मराशि वाले नैरयिक कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गोयमा ! **एवं जहा पढमो उद्देसओ।**

उ. गौतम ! **प्रथम उद्देशक के समान यह उद्देशक जानना चाहिए।**

एवं चउसु वि जुम्मेसु चत्तारि उद्देसगा भवसिद्धियसरिसा कायव्वा।

इसी प्रकार चारों युग्मों में भवसिद्धिक के समान चार उद्देशक कहने चाहिए।

प. कण्हलेस्स-सम्मद्दिट्ठि-रासीजुम्म-कडजुम्म-नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

प्र. भंते ! कृष्णलेश्यी सम्यग्दृष्टि राशि युग्म-कृतयुग्मराशि वाले नैरयिक कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गोयमा ! **एए वि कण्हलेस्ससरिसा चत्तारि उद्देसगा कायव्वा।**

उ. गौतम ! **यहाँ भी कृष्णलेश्या के चार उद्देशकों के समान चार उद्देशक कहने चाहिए।**

एवं सम्मद्दिट्ठिसु वि भवसिद्धियसरिसा अट्ठावीसं उद्देसगा कायव्वा। *–विया. स. ४१, उ. ८५-११२, सु. १-४*

इस प्रकार सम्यग्दृष्टि जीवों के भी भवसिद्धिक जीवों के समान (प्रत्येक लेश्या सम्बन्धी चार-चार उद्देशक होने से इनके २० उद्देशक मिलने से कुल) अट्ठाईस उद्देशक कहने चाहिए।

प. मिच्छद्दिट्ठि-रासीजुम्म-कडजुम्म-नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

प्र. भंते ! मिथ्यादृष्टि-राशियुग्म-कृतयुग्मराशि वाले नैरयिक जीव कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गोयमा ! एवं एत्थ वि मिच्छद्दिट्ठिअभिलावेणं अभवसिद्धियसरिसा अट्ठावीसं उद्देसगा कायव्वा।

–विया. स. ४१, उ. ११३-१४०, सु. १

४८. कण्हपक्खिए सुक्कपक्खिए रासीजुम्म कडजुम्माइ चउवीसदंडएसु उववायाइ परूवणं–

प. कण्हपक्खिय-रासीजुम्म-कडजुम्म-नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! एवं एत्थ वि अभवसिद्धियसरिसा अट्ठावीसं उद्देसगा कायव्वा। *–विया. स. ४१, उ. १४१-१६८, सु. १*

प. सुक्कपक्खिय-रासीजुम्म-कडजुम्म-नेरइया णं भंते ! कओहिंतो उववज्जंति,

उ. गोयमा ! एवं एत्थ वि भवसिद्धियसरिसा अट्ठावीसं उद्देसगा भवंति।

एवं एए सव्वे वि छण्णउयं उद्देसगं भवइ रासीजुम्मसय जाव सुक्कलेस्ससुक्कपक्खिय-रासीजुम्म-कडजुम्म-कलियोग वेमाणिया जाव जइ सकिरिया तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झंति जाव अंतं करेंति,

नो इणट्ठे समट्ठे। *–विया. स. ४१, उ. १६९-१९६, सु. १-२*

□

उ. गौतम ! मिथ्यादृष्टि के अभिलाप से यहां भी अभवसिद्धिक उद्देशकों के समान अट्ठाईस उद्देशक कहने चाहिए।

४८. कृष्णपाक्षिक-शुक्लपाक्षिक राशियुग्म कृतयुग्मादि वाले चौवीस दंडकों में उत्पातादि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! कृष्णपाक्षिक-राशियुग्म-कृतयुग्मराशि वाले नैरयिक कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! यहां भी अभवसिद्धिक-उद्देशकों के समान अट्ठाईस उद्देशक कहने चाहिए।

प्र. भंते ! शुक्लपाक्षिक-राशियुग्म-कृतयुग्मराशि-विशिष्ट नैरयिक कहां से आकर उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! यहाँ भी भवसिद्धिक उद्देशकों के समान अट्ठाईस उद्देशक होते हैं।

इस प्रकार राशियुग्मशतक के शुक्ललेश्यी शुक्लपाक्षिक राशियुग्म-कृतयुग्म-कल्योजराशि वाले वैमानिक यदि सक्रिय हैं तो क्या उस भव को ग्रहण करके सिद्ध होते हैं यावत् सब दुःखों का अन्त करते हैं,

यह अर्थ समर्थ नहीं है पर्यन्त एक सौ छिनवें (१९६) उद्देशक होते हैं।

□

गम्मा अध्ययन : आमुख

यह एक विशिष्ट अध्ययन है जिसमें २४ दण्डकों के जीवों के पारस्परिक गमनागमन (गति-आगति) के आधार पर उत्पाद आदि २० द्वारों का वर्णन है। यह अध्ययन मुख्यतः व्याख्या प्रज्ञप्ति के २४वें शतक पर आधारित है। इस अध्ययन को समझने में गति, व्युक्रान्ति, लेश्या, दृष्टि, ज्ञान, कषाय, इन्द्रिय, समुद्घात, वेद आदि अध्ययन सहायक हैं। अतः पाठक इस अध्ययन के विषय को समझने के लिए उपर्युक्त अध्ययनों की विषय-सामग्री का आलम्बन ले सकते हैं।

चौबीस दण्डक हैं–नैरयिकों का एक, दस भवनवासी देवों के १०, पाँच स्थावरों के ५, विकलेन्द्रियों के ३, तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय का एक, मनुष्य का एक, वाणव्यन्तर देवों का एक, ज्योतिष्क देवों का एक एवं वैमानिक देवों का एक। इन चौबीस दण्डकों में परस्पर गति-आगति अथवा व्युक्रान्ति के आधार पर क्रमशः निम्नाङ्कित २० द्वारों से निरूपण ही इस अध्ययन का प्रमुख प्रतिपाद्य है। २० द्वार हैं–१. उपपात, २. परिमाण (संख्या), ३. संहनन, ४. उच्चत्व (अवगाहना), ५. संस्थान, ६. लेश्या, ७. दृष्टि, ८. ज्ञान-अज्ञान, ९. योग, १०. उपयोग, ११. संज्ञा, १२. कषाय, १३. इन्द्रिय, १४. समुद्घात, १५. वेदना, १६. वेद, १७. आयुष्य, १८. अध्यवसाय, १९. अनुबन्ध और २०. कायसंवेध।

उपपात द्वार के अन्तर्गत यह विचार किया गया है कि अमुक दण्डक का जीव कहाँ से आकर उत्पन्न होता है ? परिमाण द्वार में उनकी उत्पत्ति की संख्या के सन्दर्भ में विचार किया गया है। संहनन द्वार के अन्तर्गत अमुक दण्डक में उत्पन्न होने वाले (किन्तु अधुना यावत् अनुत्पन्न) जीव के संहननों की चर्चा है। उच्चत्व द्वार में वर्तमान भव की अवगाहना का वर्णन किया गया है। संस्थान, लेश्या, दृष्टि, ज्ञान-अज्ञान, योग, उपयोग, संज्ञा, कषाय, इन्द्रिय एवं समुद्घात द्वारों में भी उत्पद्यमान जीव में इनकी सम्बद्ध प्ररूपणा है। वेदना द्वार में साता एवं असाता वेदना का तथा वेद द्वार में स्त्रीवेद, पुरुषवेद एवं नपुंसकवेद का विचार किया गया है। आयुष्य द्वार के अन्तर्गत 'स्थिति' की चर्चा है। अध्यवसाय दो प्रकार के होते हैं–प्रशस्त एवं अप्रशस्त। जो जीव जिस दण्डक में उत्पन्न होने वाला होता है उसके अनुसार ही उसके प्रशस्त (शुभ) या अप्रशस्त (अशुभ) अध्यवसाय (भाव) पाए जाते हैं। अनुबन्ध एवं कायसंवेध ये दो द्वार इस अध्ययन में सर्वथा विशिष्ट प्रतीत होते हैं। अनुबंध का तात्पर्य है विवक्षित पर्याय का अविच्छिन्न (निरन्तर) बने रहना तथा कायसंवेध का तात्पर्य है वर्ण्यमान काय से दूसरी काय में या तुल्यकाय में जाकर पुनः उसी काय में लौटना। कायसंवेध द्वार का विचार भवादेश एवं कालादेश की अपेक्षा दो प्रकार का है।

उपर्युक्त २० द्वारों के माध्यम से प्रत्येक दण्डक के विविध प्रकार के जीवों की जो जानकारी इस अध्ययन में संकलित है वह अत्यन्त सूक्ष्म एवं युक्तिसंगत है। इस अध्ययन का अनुशीलन करने से तत्त्वज्ञों की अनेक गुत्थियाँ सुलझ जाती हैं। क्योंकि इसमें जो प्रतिपादन है वह विस्तृत होने के कारण सूक्ष्मता एवं गहराई तक ले जाता है।

प्रारम्भ में गति की अपेक्षा नैरयिकों के उपपात का वर्णन है जिससे यह स्पष्ट होता है कि नरक में तिर्यञ्च एवं मनुष्य गति के ही जीव आकर उत्पन्न होते हैं, नैरयिक एवं देवों के नहीं। तिर्यञ्च में भी पंचेन्द्रिय के असंज्ञी तथा संज्ञी के पर्याप्तक जीव ही नरक में उत्पन्न होते हैं। रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा से तमःप्रभा पर्यन्त एवं अधःसप्तम नरक में उत्पन्न होने वाले पर्याप्त संज्ञी संख्यात वर्षायुष्क पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिकों का उपपात आदि २० द्वारों में विस्तृत निरूपण है। इसी प्रकार इन नरकों में पर्याप्त संज्ञी संख्यात वर्षायुष्क मनुष्यों का २० द्वारों से वर्णन है।

२. दूसरों के गुणों का अनुसरण करने से,

३. कज्जहेउं,
४. कयपडिकडेइ वा। —ठाणं. अ. ४, उ. ४, सु. ३७०

१६. संसारस्स चउविहत्तं–

चउव्विहे संसारे पण्णत्ते, तं जहा–
१. दव्वसंसारे,
२. खेत्तसंसारे,
३. कालसंसारे,
४. भावसंसारे। —ठाणं. अ. ४, उ. १, सु. २६१

१७. गइविवक्खया संसारस्स चउविहत्तं–

चउव्विहे संसारे पण्णत्ते, तं जहा–
१. णेरइय संसारे, २. तिरिक्खजोणिय संसारे,
३. मणुस्स संसारे, ४. देव संसारे।
—ठाणं. अ. ४, उ. २, सु. २९४

१८. णिक्खेय-विवक्खया सच्चस्स चउप्पगारा–

चउव्विहे सच्चे पण्णत्ते, तं जहा–
१.णामसच्चे, २. ठवणासच्चे,
३. दव्वसच्चे, ३. भावसच्चे।
—ठाणं. अ. ४, उ. १, सु. ३०८

१९. हासुप्पत्ति चउ कारणाणि–

चउहिं ठाणेहिं हासुप्पत्ती सिया, तं जहा–
१. पासेत्ता,
२. भासेत्ता।
३. सुणेत्ता,
४. संभरेत्ता। —ठाणं. अ. ४, उ. १, सु. २६९

२०. वाही-चउप्पगारा–

चउव्विहे वाही पण्णत्ते, तं जहा–
१. वाइए,
२. पित्तिए,
३. सिंभिए,
४. सन्निवाइए। —ठाणं. अ. ४. उ. ४, सु. ३४२

२१. तिगिच्छया चउ अंगो–

चउव्विहा तिगिच्छा पण्णत्ता, तं जहा
१. वेज्जो, २, ओसहाइं
३. आउरे, ४. परिचारए।
—ठाणं. अ. ४, उ. ४, सु. ३४२

२२. तिगिच्छगस्स चउप्पगारा–

चत्तारि तिगिच्छगा पण्णत्ता, तं जहा–
१. आयतिगिच्छे णाममेगे, णो परतिगिच्छए,
२. परतिगिच्छे णाममेगे, णो आयतिगिच्छए,
३. कार्य सिद्धि के लिए अनुकूल प्रयत्न करने से,
४. उपकारी के प्रति उपकार करने से।

१६. चार प्रकार का संसार–

संसार चार प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. द्रव्यसंसार–जीव और पुद्गलों का परिभ्रमण,
२. क्षेत्र संसार–जीव और पुद्गलों के परिभ्रमण का क्षेत्र,
३. काल संसार–काल का परिवर्तन या काल मर्यादा के अनुसार होने वाला जीव और पुद्गलों का परिवर्तन,
४. भाव संसार–जीव और पुद्गलों के परिभ्रमण की क्रिया।

१७. गति की अपेक्षा संसार के चार प्रकार–

संसार (जन्म मरण रूप) चार प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. नैरयिकसंसार, २. तिर्यक्योनिकसंसार,
३. मनुष्यसंसार, ४. देवसंसार।

१८. निक्षेप-विवक्षा से सत्य के चार प्रकार–

सत्य चार प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. नामसत्य, २. स्थापनासत्य,
३. द्रव्यसत्य, ४. भावसत्य।

१९. हास्योत्पत्ति के चार कारण–

चार कारणों से हँसी आती है, यथा–
१. देखकर–विदूषक आदि की चेष्टाओं को देखकर,
२. बोलकर–किसी के बोलने की नकल कर,
३. सुनकर–उस प्रकार की चेष्टाओं और वाणी को सुनकर,
४. स्मरण–पूर्वदृष्ट और सुनी हुई बातों को यादकर।

२०. व्याधि के चार प्रकार–

व्याधि चार प्रकार की कही गई हैं, यथा–
१. वातिक–वायुविकार से होने वाली,
२. पैत्तिक-पित्तविकार से होने वाली,
३. श्लैष्मिक–कफविकार से होने वाली,
४. सान्निपातिक–तीनों के मिश्रण से होने वाली।

२१. चिकित्सा के चार अंग–

चिकित्सा के चार अंग कहे गए हैं, यथा–
१. वैद्य, २. औषध,
३. रोगी, ४. परिचारक।

२२. चिकित्सक के चार प्रकार–

चिकित्सक चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. कुछ चिकित्सक अपनी चिकित्सा करते हैं परन्तु दूसरों की नहीं करते,
२. कुछ चिकित्सक दूसरों की चिकित्सा करते हैं परन्तु अपनी नहीं करते,

३. एगे आयतिगिच्छए वि, परतिगिच्छए वि,

४. एगे णो आयतिगिच्छए, णो परतिगिच्छए।
–ठाणं. अ. ४, उ. ४, सु. ३४२

२३. विकहाओ भेयप्पभेय परूवणं–

चत्तारि विकहाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. इत्थिकहा, २. भत्तकहा,
३. देसकहा, ४. राय कहा।

(१) इत्थिकहा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. इत्थीणं जाइकहा,
२. इत्थीणं कुलकहा,
३. इत्थीणं रूवकहा,
४. इत्थीणं णेवत्थकहा।

(२) भत्तकहा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. भत्तस्स आवावकहा,
२. भत्तस्स णिव्वावकहा,
३. भत्तस्स आरंभकहा,
४. भत्तस्स णिट्ठाणकहा,

(३) देसकहा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. देसविहिकहा,

२. देसविकप्पकहा,

३. देसच्छंदकहा,

४. देसणेवत्थकहा।

(४) रायकहा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. रण्णो अतियाणकहा,
२. रण्णो णिज्जाणकहा,
३. रण्णो बल-वाहणकहा,
४. रण्णो कोस-कोट्ठागारकहा। *–ठाणं. अ. ४, उ.२, सु. २८२*

२४. दंडस्स पंच पगारा–

पंच दंडा पन्नत्ता, तं जहा–

१. अट्ठादंडे,

२. अणट्ठादंडे,
३. हिंसादंडे,

४. अकम्मादंडे,

५. दिट्ठीविपरियासिया दंडे। *–ठाणं. अ. ५, उ. २, सु. ४१८*

२५. णिहिस्स पंच पगारा–

पंच णिही पण्णत्ता, तं जहा–

१. पुत्तणिही, २. मित्तणिही,

३. कुछ चिकित्सक अपनी चिकित्सा भी करते हैं और दूसरों की भी चिकित्सा करते हैं,
४. कुछ चिकित्सक न अपनी चिकित्सा करते हैं और न दूसरों की चिकित्सा करते हैं।

२३. विकथा के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण–

विकथा चार प्रकार की कही गई है, यथा–

१. स्त्री कथा, २. भक्त कथा,
३. देश कथा, ४. राजकथा,

(१) स्त्री कथा चार प्रकार की कही गई है, यथा–

१. स्त्रियों की जाति की कथा,
२. स्त्रियों के कुल की कथा,
३. स्त्रियों के रूप की कथा,
४. स्त्रियों के वेशभूषा की कथा।

(२) भक्तकथा चार प्रकार की कही गई है, यथा–

१. आवापकथा–रसोई घृतादि की कच्ची सामग्री की चर्चा करना,
२. निर्वापकथा–बनी हुई सामग्री की चर्चा करना,
३. आरंभकथा–भोज्य सामग्री की लागत आदि की चर्चा करना,
४. निष्ठानकथा–भोज्य सामग्री में व्यय होने आदि की चर्चा करना।

(३) देशकथा चार प्रकार की कही गई है, यथा–

१. देशविधिकथा–विभिन्न देशों के शासन व्यवस्था की चर्चा करना,
२. देशविकल्प कथा–विभिन्न देशों में उत्पन्न होने वाली वस्तुओं की चर्चा करना,
३. देशच्छंदकथा–विभिन्न देशों के सामाजिक रीति रिवाजों की चर्चा करना,
४. देशनेपथ्यकथा–विभिन्न देशों के पहनावे की चर्चा करना।

(४) राजकथा चार प्रकार की कही गई है, यथा–

१. राजा के अतियान–नगर आदि के प्रवेश की कथा करना,
२. राजा के निर्याण–निष्क्रमण की कथा करना,
३. राजा की सेना और वाहनों की कथा करना,
४. राजा के कोश और कोष्ठागार–अनाज के कोठों की कथा करना।

२४. दण्ड के पाँच प्रकार–

दण्ड पाँच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. अर्थदण्ड–प्रयोजनवश त्रस या स्थावर प्राणियों की हिंसा करना,
२. अनर्थदण्ड–निष्प्रयोजन हिंसा करना,
३. हिंसादण्ड–यह मुझे मार रहा है, मारेगा या मारा था इसलिए हिंसा करना,
४. अकस्मात्दण्ड–एक के वध के लिए प्रहार करने पर दूसरे का वध हो जाना,
५. दृष्टि विपर्यास दण्ड–मित्र को अमित्र जानकर दण्डित करना।

२५. निधि के पाँच प्रकार–

निधि पाँच प्रकार की कही गई हैं, यथा–

१. पुत्रनिधि, २. मित्रनिधि,

३. सिप्पणिही, ४. धणणिही,
५. धन्नणिही। –ठाणं. अ. ५, उ. ३, सु. ४४८

२६. इंदियविसएसु रज्जाइ पंच हेऊ–

पंचहिं ठाणेहिं जीवा सज्जंति, तं जहा–
१. सद्देहिं, २. रूवेहिं,
३. गंधेहिं, ४. रसेहिं
५. फासेहिं।

एवमेव रज्जंति, मुच्छंति, गिज्झंति, अज्झोववज्जंति विणिघायमावज्जंति। –ठाणं. अ. ५, उ. १, सु. ३९०

२७. पडिहाणं पंच पगारा–

पंचविहा पडिहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. गइपडिहा,
२. ठिइपडिहा,
३. बंधणपडिहा,
४. भोगपडिहा,
५. बल-वीरिय-पुरिसक्कार-परक्कमपडिहा।
–ठाणं. अ. ५, उ. १, सु. ४०६

२८. आजीवगाणं पंच पगारा–

पंचविहे आजीवे पण्णत्ते, तं जहा–
१. जाईआजीवे,
२. कुलाजीवे,
३. कम्माजीवे,
४. सिप्पाजीवे,
५. लिंगाजीवे। –ठाणं. अ. ५, उ. १, सु. ४०७

२९. सुत्तस्स विबुज्झण पंच हेऊ–

पंचहिं ठाणेहिं सुत्ते विबुज्झेज्जा, तं जहा–
१. सद्देणं, २. फासेणं,
३. भोयणपरिणामेणं, ४. णिद्दक्खएणं,
५. सुविणदंसणेणं। –ठाणं. अ. ५, उ. २, सु. ४३६

३०. सोयस्स पंच पगारा–

पंचविहे सोए पण्णत्ते, तं जहा–
१. पुढविसोए,
२. आउसोए,
३. तेउसोए,
४. मंतसोए,
५. बंभसोए। –ठाणं अ. ५, उ. ३, सु. ४४९

३१. उक्कलाणं पंच पगारा–

पंच उक्कला पण्णत्ता, तं जहा–
३. शिल्पनिधि, ४. धननिधि,
५. धान्यनिधि।

२६. इन्द्रिय विषयों में अनुरक्ति के पाँच हेतु–

जीव पाँच स्थानों से लिप्त होते हैं, यथा–
१. शब्द से, २. रूप से,
३. गंध से, ४. रस से,
५. स्पर्श से।

इसी प्रकार इन पाँच कारणों से अनुरक्त, मूर्च्छित, गृद्ध, आसक्त और विनष्ट होते हैं।

२७. प्रतिघातों के पाँच प्रकार–

प्रतिघात (स्खलन) पाँच प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. गति-प्रतिघात–अशुभ प्रवृत्ति के द्वारा प्रशस्त गति का अवरोध,
२. स्थिति-प्रतिघात–उदीरणा के द्वारा कर्म-स्थिति का अल्पीकरण,
३. बन्धन-प्रतिघात–प्रशस्त औदारिक शरीर आदि की प्राप्ति का अवरोध,
४. भोग-प्रतिघात–सामग्री के अभाव में भोग की अप्राप्ति,
५. बल, वीर्य, पुरुषकार और पराक्रम का प्रतिघात।

२८. आजीवकों के पाँच प्रकार–

आजीवक पाँच प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. जात्याजीव–जाति से आजीविका करने वाला,
२. कुलाजीव–कुल से आजीविका करने वाला,
३. कर्माजीव–कृषि आदि से आजीविका करने वाला,
४. शिल्पाजीव–कला से आजीविका करने वाला,
५. लिंगाजीव–वेष आदि से आजीविका करने वाला।

२९. सुप्त के जागृत होने के पाँच हेतु–

पाँच कारणों से सोया हुआ मनुष्य जागृत हो जाता है, यथा–
१. शब्द से, २. स्पर्श से,
३. भोजन परिणाम, (भूख से) ४. निद्राक्षय से,
५. स्वप्नदर्शन से।

३०. शौच के पाँच प्रकार–

शौच (शुद्धि) पाँच प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. पृथ्वी शौच–मिट्टी द्वारा शुद्धि करना,
२. जलशौच–जल द्वारा शुद्धि करना,
३. तेजःशौच–अग्नि द्वारा शुद्धि करना,
४. मन्त्रशौच–मन्त्र द्वारा शुद्धि करना,
५. ब्रह्मशौच–ब्रह्मचर्य आदि के आचरण द्वारा शुद्धि करना।

३१. उत्कल के पाँच प्रकार–

उत्कल अथवा उत्कट (प्रबल, प्रचंड) पाँच प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. दंडुक्कले,
२. रज्जुक्कले,
३. तेणुक्कले,
४. देसुक्कले,
५. सव्वुक्कले। —ठाणं. अ. ५, उ. ३, सु. ४५६

३२. छेयणस्स पंच पगारा—

पंचविहे छेयणे पण्णत्ते, तं जहा—
१. उप्पाछेयणे,
२. वियच्छेयणे,
३. बंधच्छेयणे,
४. पएसच्छेयणे,
५. दोधारच्छेयणे। —ठाणं. अ. ५, उ. ३, सु. ४६२ (१)

३३. आणंतरियस्स पंच पगारा—

पंचविहे आणंतरिए पण्णत्ते, तं जहा—
१. उप्पायणंतरिए,
२. वियाणंतरिए,
३. पएसाणंतरिए,
४. समयाणंतरिए,
५. सामण्णाणंतरिए। —ठाणं. अ. ५, उ. ३, सु. ४६२ (२)

३४. तुल्लस्स छ भेया तेसां सरूव परूवणं—

प. कइविहे णं भंते ! तुल्लए पन्नत्ते ?

उ. गोयमा ! छव्विहे तुल्लए पन्नत्ते, तं जहा—
१. दव्वतुल्लए, २. खेत्ततुल्लए,
३. कालतुल्लए, ४. भवतुल्लए।
५. भावतुल्लए, ६. संठाणतुल्लए।

प. १. से केणट्ठेणं भन्ते ! एवं वुच्चइ—
'दव्वतुल्लए, दव्वतुल्लए ?'

उ. गोयमा ! परमाणुपोग्गले परमाणुपोग्गलस्स दव्वओ तुल्ले, परमाणुपोग्गले परमाणुपोग्गलवइरित्तस्स दव्वओ णो तुल्ले।

दुपएसिए खंधे दुपएसियस्स खंधस्स दव्वओ तुल्ले, दुपएसिए खंधे दुपएसियवइरित्तस्स खंधस्स दव्वओ णो तुल्ले।

एवं जाव दसपएसिए।

तुल्लसंखेज्जपएसिए खंधे तुल्लसंखेज्जपएसियस्स खंधस्स दव्वओ तुल्ले, तुल्लसंखेज्जपएसिए खंधे-तुल्लसंखेज्जपएसियवइरित्तस्स खंधस्स दव्वओ णो तुल्ले।

एवं तुल्लअसंखेज्जपएसिए वि।

१. दण्डोत्कल—जिसके पास प्रबल दण्ड शक्ति हो,
२. राज्योत्कल—जिसके पास प्रबल राज्य शक्ति हो,
३. स्तेनोत्कल—जिसके पास चोरों का प्रबल संग्रह हो,
४. देशोत्कल—जिसके पास प्रबल जनमत हो,
५. सर्वोत्कल—जिसके पास पूर्वोक्त सभी दण्ड प्रबलतम हो।

३२. छेदन के पाँच प्रकार—

छेदन (विभाग) पाँच प्रकार का कहा गया है, यथा—
१. उत्पादछेदन—उत्पाद की अपेक्षा से विभाग करना,
२. व्ययछेदन—विनाश की अपेक्षा से विभाग करना,
३. बंधछेदन—सम्बन्ध विच्छेद होना,
४. प्रदेशछेदन—बुद्धि की कल्पना से स्कन्धों का छेदन करना,
५. द्विधारछेदन—अखण्ड वस्तु के दो टुकड़े करना।

३३. आनन्तर्य के पाँच प्रकार—

आनन्तर्य (निरन्तरता) पाँच प्रकार का कहा गया है, यथा—
१. उत्पाद-आनन्तर्य—उत्पाद का अविरह,
२. व्यय-आनन्तर्य—विनाश का अविरह,
३. प्रदेश-आनन्तर्य—प्रदेशों की संलग्नता,
४. समय-आनन्तर्य—समय की संलग्नता,
५. सामान्य-आनन्तर्य—जिसमें विशेष की विवक्षा न हो।

३४. तुल्य के छः भेद और उनके स्वरूप का प्ररूपण—

प. भन्ते ! तुल्य कितने प्रकार का कहा गया है ?

उ. गौतम ! तुल्य छह प्रकार का कहा गया है, यथा—
१. द्रव्यतुल्य, २. क्षेत्रतुल्य,
३. कालतुल्य, ४. भवतुल्य,
५. भावतुल्य, ६. संस्थानतुल्य।

प्र. १. भन्ते ! किस कारण से 'द्रव्यतुल्य-द्रव्यतुल्य' कहा जाता है ?

उ. गौतम ! एक परमाणु पुद्गल दूसरे परमाणु पुद्गल से द्रव्यतः तुल्य है किन्तु परमाणु पुद्गल से व्यतिरिक्त (भिन्न) दूसरे पदार्थों के साथ द्रव्य से तुल्य नहीं है।

एक द्विप्रदेशिक स्कन्ध दूसरे द्विप्रदेशिक स्कन्ध से द्रव्य की अपेक्षा से तुल्य है, किन्तु द्विप्रदेशिक स्कन्ध से व्यतिरिक्त दूसरे स्कन्ध के साथ द्विप्रदेशिक स्कन्ध द्रव्य से तुल्य नहीं है।

इसी प्रकार दशप्रदेशिक स्कन्ध पर्यन्त कहना चाहिए।

एक तुल्य संख्यात प्रदेशिक स्कन्ध दूसरे तुल्य संख्यात प्रदेशिक स्कन्ध के साथ द्रव्य से तुल्य है, किन्तु तुल्य संख्यात प्रदेशिक स्कन्ध से व्यतिरिक्त दूसरे स्कन्ध के साथ वह द्रव्य से तुल्य नहीं है।

इसी प्रकार तुल्यअसंख्यात प्रदेशिक स्कन्ध के विषय में भी कहना चाहिए।

एवं तुल्लअणंतपएसिए वि।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–'दव्वतुल्लए दव्वतुल्लए।'

प. २. से केणट्ठेणं भन्ते ! एवं वुच्चइ–'खेत्ततुल्लए खेत्ततुल्लए ?'

उ. गोयमा ! एगपएसोगाढे पोग्गले एगपएसोगाढस्स पोग्गलस्स खेत्तओ तुल्ले, एगपएसोगाढे पोग्गले एगपएसोगाढवइरित्तस्स पोग्गलस्स खेत्तओ णो तुल्ले,

एवं जाव **दसपएसोगाढे,**

तुल्लसंखेज्जपएसोगाढे पोग्गले, तुल्लसंखेज्जपएसियवइरित्तस्सखंधस्स खेत्तओ णो तुल्ले।

एवं तुल्लअसंखेज्जपएसोगाढे वि।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–'खेत्ततुल्लए, खेत्ततुल्लए।'

प. ३. से केणट्ठेणं भन्ते ! एवं वुच्चइ–'कालतुल्लए कालतुल्लए ?'

उ. गोयमा ! एगसमयठिईए पोग्गले एगसमयठिईयस्स पोग्गलस्स कालओ तुल्ले, एगसमयठिईए पोग्गले एगसमयठिईयवइरित्तस्स पोग्गलस्स कालओ णो तुल्ले।

एवं जाव दसमयट्ठिईए।

तुल्लसंखेज्जसमयट्ठिईए एवं चेव।

एवं तुल्लअसंखेज्जसमयट्ठिईए वि।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'कालतुल्लए कालतुल्लए।'

प. ४. से केणट्ठेणं भन्ते ! एवं वुच्चइ–
'भवतुल्लए भवतुल्लए ?'

उ. गोयमा ! नेरइए नेरइयस्स भवट्ठयाए तुल्ले, नेरइए नेरइयवइरित्तस्स भवट्ठयाए नो तुल्ले।

तिरिक्खजोणिए एवं चेव।
एवं मणुस्से, एवं देवे वि।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–'भवतुल्लए भवतुल्लए।'

प. ५. से केणट्ठेणं भन्ते ! एवं वुच्चइ–
'भावतुल्लए, भावतुल्लए ?'

इसी प्रकार तुल्य अनन्त प्रदेशिक स्कन्ध के विषय में भी जानना चाहिए।

इस कारण से गौतम ! 'द्रव्यतुल्य-द्रव्यतुल्य' कहा जाता है।

प्र. २. भन्ते ! किस कारण से 'क्षेत्रतुल्य-क्षेत्रतुल्य' कहा जाता है ?

उ. गौतम ! एकप्रदेशावगाढ पुद्गल दूसरे एकप्रदेशावगाढ पुद्गल के साथ क्षेत्र से तुल्य है किन्तु एकप्रदेशावगाढ व्यतिरिक्त पुद्गल से एकप्रदेशावगाढ पुद्गल क्षेत्र से तुल्य नहीं है।

इसी प्रकार दस प्रदेशावगाढ पुद्गल के विषय में भी कहना चाहिए।

एक तुल्य संख्यात प्रदेशावगाढ पुद्गल दूसरे तुल्य संख्यात-प्रदेशावगाढ पुद्गल के साथ क्षेत्र से तुल्य है, किन्तु एक तुल्य संख्यातप्रदेशावगाढ व्यतिरिक्त पुद्गल से तुल्य संख्यात-प्रदेशावगाढ पुद्गल क्षेत्र की अपेक्षा तुल्य नहीं है।

इसी प्रकार तुल्य असंख्यात प्रदेशावगाढ पुद्गल के विषय में भी कहना चाहिए।

इस कारण से गौतम ! 'क्षेत्रतुल्य क्षेत्रतुल्य' कहा जाता है।

प्र. ३. भन्ते ! किस कारण से 'कालतुल्य-कालतुल्य' कहा जाता है ?

उ. गौतम ! एक समय की स्थिति वाला पुद्गल अन्य एक समय की स्थिति वाले पुद्गल के साथ काल से तुल्य है किन्तु एक समय की स्थिति वाले पुद्गल से व्यतिरिक्त दूसरे पुद्गलों के साथ एक समय की स्थिति वाला पुद्गल काल से तुल्य नहीं है।

इसी प्रकार दस समय की स्थिति वाले पुद्गल पर्यन्त के विषय में कहना चाहिए।

तुल्य संख्यात समय की स्थिति वाले पुद्गल के विषय में भी इसी प्रकार कहना चाहिए।

तुल्य असंख्यात समय की स्थिति वाले पुद्गल के विषय में भी इसी प्रकार कहना चाहिए।

इस कारण से गौतम ! 'कालतुल्य-कालतुल्य' कहा जाता है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से 'भवतुल्य-भवतुल्य' कहा जाता है ?

उ. गौतम ! एक नैरयिक दूसरे नैरयिक के साथ भव की अपेक्षा तुल्य है, किन्तु एक नैरयिक दूसरे नैरयिक से व्यतिरिक्त (तिर्यञ्च मनुष्यादि के साथ) भव से तुल्य नहीं है।

इसी प्रकार तिर्यञ्चयोनिक भव तुल्य के लिए समझना चाहिए।

मनुष्य तथा देव भव तुल्य के लिए भी इसी प्रकार समझना चाहिए।

इस कारण से गौतम ! भवतुल्य-भवतुल्य' कहा जाता है।

प्र. ५. भन्ते ! किस कारण से 'भावतुल्य-भावतुल्य' कहा जाता है ?

उ. गोयमा ! एगगुणकालए पोग्गले एगगुणकालगस्स पोग्गलस्स भावओ तुल्ले, एगगुणकालए पोग्गले एगगुणकालगवइरित्तस्स पोग्गलस्स भावओ नो तुल्ले,

एवं जाव **दसगुणकालए।**
तुल्लसंखेज्जगुणकालए पोग्गले वि एवं चेव।

एवं तुल्लअसंखेज्जगुणकालए वि।

एवं तुल्लअणंतगुणकालए वि।

जहा कालए एवं नीलए, लोहियए, हालिद्दए, सुक्किल्लए।

एवं सुब्भिगंधे दुब्भिगंधे।

एवं तित्ते जाव **महुरे।**
एवं कक्खडे जाव **लुक्खे।**

उदइए भावे उदइयस्स भावस्स भावओ तुल्ले, उदइए भावे उदइयभाववइरित्तस्स भावस्स भावओ नो तुल्ले।

एवं उवसमिए, खइए, खयोवसमिए, पारिणामिए।

सन्निवाइए भावे सन्निवाइयस्स भावस्स भावओ तुल्ले, सन्निवाइए भावे सन्निवाइय भाववइरित्तस्स भावस्स भावओ नो तुल्ले।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'भावतुल्लए भावतुल्लए।'

प्र. ६. से केणट्ठेणं भन्ते ! एवं वुच्चइ–
'संठाणतुल्लए, संठाणतुल्लए ?'

उ. गोयमा ! परिमंडले संठाणे परिमंडलस्स संठाणस्स संठाणओ तुल्ले, परिमंडले संठाणे परिमंडल-संठाणवइरित्तस्स संठाणस्स संठाणओ नो तुल्ले।
एवं वट्टे, तंसे, चउरंसे, आयए।

समचउरंससंठाणे समचउरंसस्स संठाणस्स संठाणओ तुल्ले, समचउरंसे संठाणे समचउरंससंठाणवइरित्तस्स संठाणस्स संठाणओ नो तुल्ले।
एवं जाव **हुंडे**
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'संठाणतुल्लए संठाणतुल्लए।'

–विया. स. १४, उ. ७, सु. ४-१०

उ. गौतम ! एक गुण काले-वर्ण वाला पुद्गल दूसरे एक गुण काले वर्ण वाले पुद्गल के साथ भाव से तुल्य है, किन्तु एक गुण काले वर्ण वाला पुद्गल एक गुण काले वर्ण से व्यतिरिक्त दूसरे पुद्गलों के साथ भाव से तुल्य नहीं है।

इसी प्रकार दस गुण काले पुद्गल पर्यन्त कहना चाहिए।

इसी प्रकार तुल्य संख्यात गुण कृष्ण वर्ण वाले पुद्गल के लिए भी जानना चाहिए।

इसी प्रकार असंख्यातगुण कृष्ण वर्ण वाले पुद्गल के लिए जानना चाहिए।

इसी प्रकार तुल्य अनन्तगुण कृष्ण वर्ण वाले पुद्गल के लिए भी जानना चाहिए।

जिस प्रकार काले वर्ण के लिए कहा उसी प्रकार नीले, लाल, पीले और श्वेत वर्ण के विषय में भी कहना चाहिए।

इसी प्रकार सुरभिगन्ध और दुरभिगन्ध के लिए कहना चाहिए।

इसी प्रकार तिक्त यावत् मधुर रस के लिए कहना चाहिए।

कर्कश यावत् रुक्ष स्पर्श वाले पुद्गल के लिए भी इसी प्रकार कहना चाहिए।

औदयिक भाव औदयिक भाव की अपेक्षा भाव से तुल्य है किन्तु औदयिक भाव औदयिक भाव से व्यतिरिक्त भाव से भाव की अपेक्षा तुल्य नहीं है।

इसी प्रकार औपशमिक, क्षायिक क्षायोपशमिक तथा पारिणामिक भाव के विषय में भी कहना चाहिए।

सान्निपातिक भाव, सान्निपातिक भाव के साथ भाव से तुल्य है, किन्तु सान्निपातिक भाव सान्निपातिक भाव से व्यतिरिक्त भाव से तुल्य नहीं है।

इस कारण से गौतम ! 'भावतुल्य-भावतुल्य' कहा जाता है।

प्र. ६. भन्ते ! किस कारण से 'संस्थानतुल्य-संस्थानतुल्य' कहा जाता है ?

उ. गौतम ! परिमण्डल संस्थान, अन्य परिमण्डल संस्थान के साथ संस्थानतुल्य है किन्तु परिमण्डल संस्थान परिमण्डल संस्थान से व्यतिरिक्त संस्थान से तुल्य नहीं है।

इसी प्रकार वृत्त संस्थान, त्र्यस्र संस्थान, चतुरस्रसंस्थान एवं आयतसंस्थान के विषय में भी कहना चाहिए।

एक समचतुरस्रसंस्थान अन्य समचतुरस्रसंस्थान के साथ संस्थान से तुल्य है, किन्तु समचतुरस्र संस्थान समचतुरस्र-संस्थान से व्यतिरिक्त संस्थान से तुल्य नहीं है।

इसी प्रकार हुण्डकसंस्थान पर्यन्त कहना चाहिए।

इस कारण से गौतम ! 'संस्थान तुल्य संस्थान तुल्य' कहा जाता है।

३५. छहिं दिसाहिं जीवाणं गई-आगई पवत्ति परूवणं–

छद्दिसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. पाईणा, २. पडीणा,
३. दाहिणा, ४. उदीणा,
५. उड्ढा, ६. अहा।

छहिं दिसाहिं जीवाणं गइ पवत्तइ, तं जहा–

१. पाइणाए **जाव** ६. अहाए।
छहिं दिसाहिं जीवाणं–
२. आगई
३. वक्कंती,
४. आहारे,
५. वड्ढी,
६. णिवड्ढी,
७. विगुव्वणा,
८. गइपरियाए,
९. समुग्घाए,
१०. कालसंजोगे,
११. दंसणाभिगमे,
१२. णाणाभिगमे
१३. जीवाभिगमे,
१४. अजीवाभिगमे पण्णत्ते, तं जहा–

१. पाईणाए **जाव** ६. अहाए
एवं पंचेंदिय तिरिक्खजोणियाण वि मणुस्साण वि।

–ठाणं. अ. ६, सु. ४९९

३६. विस परिणामस्स छव्विहत्तं–

छव्विहे विसपरिणामे पण्णत्ते, तं जहा–

१. डक्के,
२. भुत्ते,
३. निवइए,
४. मंसाणुसारी,
५. सोणियाणुसारी,
६. अट्ठिमिंजाणुसारी। *–ठाणं. अ. ६, सु. ५३३*

३७. सत्तवयण पओग पगारा–

सत्तविहे वयणविकप्पे पण्णत्ते, तं जहा–

३५. छहों दिशाओं में जीवों की गति-आगति आदि प्रवृत्तियों का प्ररूपण–

दिशाएँ छह प्रकार की कही गई हैं, यथा–

१. पूर्व, २. पश्चिम,
३. दक्षिण, ४. उत्तर,
५. ऊर्ध्व, ६. अधः।

छहों ही दिशाओं में जीवों की गति (वर्तमान भव से अग्रिम भव में जाने रूप गति) होती हैं, यथा–

१. पूर्व **यावत्** ६. अधो दिशा।
२. आगति–पूर्व भव से प्रस्तुत भव में आना,
३. अवक्रान्ति–उत्पत्ति स्थान में जाकर उत्पन्न होना,
४. आहार–प्रथम समय में जीवनोपयोगी पुद्गलों का संचय करना,
५. वृद्धि–शरीर की वृद्धि,
६. हानि–शरीर की हानि
७. विक्रिया–विकुर्वणा करना,
८. गति–पर्याय-गमन करना (यहाँ इसका अर्थ परलोकगमन नहीं है)
९. समुद्घात–वेदना आदि में तन्मय होकर आत्मप्रदेशों का इधर-उधर प्रक्षेप करना,
१०. काल संयोग–सूर्य आदि द्वारा कृत काल विभाग,
११. दर्शनाभिगम–अवधि आदि दर्शन के द्वारा वस्तु का परिज्ञान,
१२. ज्ञानाभिगम–अवधि आदि ज्ञान के द्वारा वस्तु का परिज्ञान,
१३. जीवाभिगम–अवधि आदि ज्ञान के द्वारा जीव का परिज्ञान,
१४. अजीवाभिगम–अवधि आदि ज्ञान के द्वारा पुद्गलों का परिज्ञान, ये छहों दिशाओं में जीवों के होते हैं, यथा–

१. पूर्व यावत् ६. अधो दिशा
इसी प्रकार पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च और मनुष्यों की गति आगति आदि छहों दिशाओं में होती है।

३६. विष परिणाम के छह प्रकार–

विष का परिणाम छह प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. दष्ट–विषैले प्राणी द्वारा काट जाने पर प्रभाव डालने वाला,
२. भुक्त–खाए जाने पर प्रभाव डालने वाला,
३. निपतित–शरीर के बाहरी भाग से स्पृष्ट होकर प्रभाव डालने वाला,
४. मांसानुसारी–मांस तक की धातुओं को प्रभावित करने वाला,
५. शोणितानुसारी–रक्त तक की धातुओं को प्रभावित करने वाला,
६. अस्थिमज्जानुसारी–अस्थि मज्जा तक की धातुओं को प्रभावित करने वाला।

३७. वचन प्रयोग के सात प्रकार–

वचन के सात विकल्प कहे गए हैं, यथा–

१. आलावे,
२. अणालावे,
३. उल्लावे,
४. अणुल्लावे,
५. संलावे,
६. पलावे,
७. विप्पलावे। —ठाणं. अ. ७, सु. ५८४

३८. विकहा सत्त पगारा–

सत्त विकहाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. इत्थिकहा, २. भत्तकहा,
३. देसकहा, ४. रायकहा,
५. मिउकालुणिया,
६. दंसणभेयणी,
७. चरित्तभेयणी। —ठाणं. अ. ७, सु. ५६९

३९. सत्त भयट्ठाणाणि–

सत्त भयट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. इहलोगभए,
२. परलोगभए,
३. आदाणभए,
४. अकम्हाभए,
५. आजीवभए,
६. मरणभए,
७. असिलोग भए। —सम. सम. ७, सु. १

४०. आउव्वेदस्स अट्ठंगाणि–

अट्ठविहे आउव्वेदे पण्णत्ते, तं जहा–

१. कुमारभिच्चे,
२. कायतिगिच्छा.
३. सालाई,
४. सल्लहत्ता,
५. जंगोली,
६. भूयविज्जा।
७. खारतंते,
८. रसायणे। —ठाणं. अ. ८, सु. ६११

४१. पुण्णस्स णव पगारा–

णवविहे पुण्णे पण्णत्ते, तं जहा–

१. अण्ण पुण्णे, २. पाण पुण्णे,
३. वत्थ पुण्णे, ४. लयण पुण्णे,
५. सयण पुण्णे, ६. मण पुण्णे,

१. आलाप-थोड़ा बोलना,
२. अनालाप-कुत्सित आलाप करना,
३. अल्लाप-गुनगुनाकर बोलना,
४. अनुल्लाप-कुत्सित ध्वनिविकार के द्वारा बोलना,
५. संलाप-परस्पर भाषण करना,
६. प्रलाप करना,
७. विप्रलाप-विरुद्ध वचन बोलना।

३८. विकथा के सात प्रकार

विकथाएँ सात प्रकार की कही गई हैं, यथा–

१. स्त्रीकथा, २. भक्तकथा,
३. देशकथा, ४. राज्यकथा
५. मृदुकारुणिकी–वियोग के समय करुणारस उत्पन्न करने वाली वार्ता,
६. दर्शनभेदिनी-सम्यक्दर्शन का विनाश करने वाली वार्ता,
७. चारित्रभेदिनी-चारित्र का विनाश करने वाली वार्ता।

३९. सात भय स्थान–

सात भय स्थान कहे गए हैं, यथा–

१. इहलोक भय-सजातीय का सजातीय से भय,
२. परलोक भय-विजातीय से भय,
३. आदान भय-धन आदि के अपहरण से भय,
४. अकस्मात् भय-किसी बाह्य निमित्त के बिना होने वाला भय,
५. आजीव भय-आजीविका का भय,
६. मरण भय-मृत्यु का भय,
७. अश्लोक भय-अपकीर्ति का भय।

४०. आयुर्वेद के आठ अंग–

आयुर्वेद के आठ प्रकार कहे गए हैं, यथा–

१. कुमारभृत्य–बालकों का चिकित्साशास्त्र,
२. कायचिकित्सा–ज्वर आदि रोगों का चिकित्साशास्त्र,
३. शालाक्य–कान, मुँह, नाक आदि के रोगों की शल्य चिकित्सा का शास्त्र,
४. शल्यहत्या–शल्य चिकित्सा का शास्त्र,
५. जंगोली–विष चिकित्सा का शास्त्र,
६. भूतविद्या–देव, असुर, गंधर्व, यक्ष, राक्षस, पिशाच आदि से ग्रस्त व्यक्तियों की चिकित्सा का शास्त्र।
७. क्षारतन्त्र–वीर्य पुष्टि का शास्त्र,
८. रसायन–पारद आदि धातुओं के द्वारा की जाने वाली चिकित्सा का शास्त्र।

४१. पुण्य के नौ प्रकार–

पुण्य के नौ प्रकार कहे गए हैं, यथा–

१. अन्नपुण्य, २. पानपुण्य,
३. वस्त्रपुण्य, ४. लयनपुण्य,
५. शयनपुण्य, ६. मनपुण्य,

७. वइ पुण्णे, ८. काय पुण्णे,
९. णमोक्कार पुण्णे। –ठाणं. अ. ९, सु. ६७६

४२. नव सब्भावपयत्थाणं नामाणि–

नव सब्भावपयत्था पन्नत्ता, तं जहा–

१. जीवा, २. अजीवा,
३. पुण्णं, ४. पावं,
५. आसवो, ६. संवरो,
७. निज्जरा, ८. बंधो,
९. मोक्खो। –ठाणं. अ. ९, सु. ६६५

४३. रोगुप्पत्ति णव कारणा–

णवहिं ठाणेहिं रोगुप्पत्ती सिया, तं जहा–

१. अच्चासणाए,
२. अहियासणाए,
३. अइणिद्दाए,
४. अइजागरिएणं,
५. उच्चारनिरोहेणं,
६. पासवणनिरोहेणं,
७. अद्धाणगमणेणं,
८. भोयणपडिकूलयाए,
९. इंदियत्थविकोवणयाए। –ठाणं. अ. ९, सु. ६६७

४४. णव सरीरस्स मलदार णामाणि–

णवसोयपरिस्सवा बोंदी पण्णत्ता, तं जहा–

१-२ दो सोत्ता, ३-४ दो णेत्ता, ५-६ दो घाणा, ७, मुहं ८. पोसए, ९ पाऊ। –ठाणं. अ. ९, सु. ६७५

४५. विविह विवक्खया अणंतस्स दस पगारा–

दसविहे अणंतए पण्णत्ते, तं जहा–

१. णामाणंतए, २. ठवणाणंतए,
३. दव्वाणंतए, ४. गणणाणंतए,
५. पएसाणंतए, ६. एगओणंतए,
७. दुहओणंतए, ८. देसवित्थाराणंतए,
९. सव्ववित्थाराणंतए, १०. सासयाणंतए।
–ठाणं अ. १०, सु. ७३०

४६. दाणनिमित्त कारणा परूवणं–

दसविहे दाणे पण्णत्ते, तं जहा–

१. अणुकंपा,
२. संगहे चेव,
३. भये
४. कालुणिए ति य।
५. लज्जाए
६. गारवेणं च,
७. अहम्मे उण सत्तमे।

७. वचनपुण्य, ८. कायपुण्य,
९. नमस्कारपुण्य।

४२. सद्भाव पदार्थों के नव भेदों के नाम–

सद्भाव पदार्थ (पारमार्थिक वस्तु) नौ कहे गए हैं, यथा–

१. जीव, २. अजीव,
३. पुण्य, ४. पाप,
५. आश्रव, ६. संवर,
७. निर्जरा, ८. बंध,
९. मोक्ष।

४३. रोगोत्पत्ति के नौ कारण–

नौ स्थानों (कारणों) से रोगों की उत्पत्ति होती है, यथा–

१. निरन्तर बैठे रहना या अतिभोजन करना,
२. अहितकर आसन पर बैठना या अहितकर भोजन करना,
३. अतिनिद्रा लेने से,
४. अतिजागरण करने से,
५. उच्चार (मल) का निरोध करने (रोकने) से,
६. प्रश्रवण का निरोध करने से,
७. अधिक चलने से,
८. भोजन की प्रतिकूलता से,
९. इन्द्रियार्थविकोपन–इन्द्रिय विषयों के अधिक सेवन करने से।

४४. शरीर के मल द्वारों के नौ नाम–

शरीर से मल निकलने के नौ द्वार कहे गए हैं, यथा–

१-२. दो कान, ३-४. दो नेत्र, ५-६. दो नाक, ७. मुँह, ८. मूत्रेन्द्रिय, ९. गुदा।

४५. विविध विवक्षा से अनन्तक के दस प्रकार–

अनन्तक दस प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. नाम अनन्तक, २. स्थापना अनन्तक,
३. द्रव्य अनन्तक, ४. गणना अनन्तक,
५. प्रदेश अनन्तक, ६. एकतः अनन्तक,
७. उभयतः अनन्तक, ८. देशविस्तार अनन्तक
९. सर्वविस्तार अनन्तक, १०. शाश्वत अनन्तक।

४६. दान के दस निमित्त कारणों का प्ररूपण–

दान दस प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. अनुकम्पादान-करुणा से देना,
२. संग्रहदान-सहायता के लिए देना,
३. भयदान-भय से देना,
४. कारुण्यकदान-मृत के पीछे देना,
५. लज्जादान-लज्जावश देना,
६. गौरवदान-यश के लिए देना या गर्वपूर्वक देना,
७. अधर्मदान-हिंसा आदि में आसक्त व्यक्ति को देना,

८. धम्मे य अट्ठमे वुत्ते
९. काहीति य
१०. कतंति य॥ —ठाणं. अ. १०, सु. ७४५

४७. दुसम-सुसम-काल लक्खणं–

दसहिं ठाणेहिं ओगाढं दुस्समं जाणेज्जा, तं जहा–
१. अकाले वरिसइ,
२. काले ण वरिसइ,
३. असाहू पुज्जंति,
४. साहू ण पुज्जंति,
५. गुरुसु जणो मिच्छं पडिवन्नो,
६. अमणुण्णा सद्दा,
७. अमणुण्णा रूवा,
८. अमणुण्णा गंधा,
९. अमणुण्णा रसा,
१०. अमणुण्णा फासा।

दसहिं ठाणेहिं ओगाढं सुसमं जाणेज्जा, तं जहा–
१. अकाले न वरिसइ,
२. काले वरिसइ,
३. असाहू ण पुज्जंति,
४. साहू पुज्जंति,
५. गुरूसु जणो सम्मं पडिवन्नो[1]
६. मणुण्णा सद्दा,
७. मणुण्णा रूवा,
८. मणुण्णा गंधा,
९. मणुण्णा रसा
१०. मणुण्णा फासा। —ठाणं. अ. १०, सु. ७६५

४८. दसविह बल परूवणं–

दसविहे बले पण्णत्ते, तं जहा–

१. सोइंदिय बले,	२. चक्खिंदिय बले,
३. घाणिंदिय बले,	४. रसेंदिय बले,
५. फासिंदिय बले,	६. णाणबले,
७. दंसणबले,	८. चरित्तबले,
९. तवबले,	१०. वीरियबले।

—ठाणं. अ. १०, सु. ७४०

४९. सत्थस्स दस पगारा–

दसविहे सत्थे पण्णत्ते, तं जहा–

१. सत्थमग्गी	२. विसं,
३. लोणं,	४. सिणेहो,
५-६. खारमंबिलं,	
७. दुप्पउत्तो मणो,	८. वाया,
९. काओ,	१०. भावो य अविरई॥

—ठाणं. अ. १०, सु. ७४३

८. धर्म दान-संयमी को देना,
९. करिष्यतिदान-भविष्य में सहयोग करेगा इसलिए देना,
१०. कृतमितिदान-पूर्व में सहयोग किया इसलिए उसे देना।

४७. दुःषम और सुषमकाल का लक्षण–

दस स्थानों से दुःषमकाल की अवस्थिति जानी जाती है, यथा–
१. अकाल में वर्षा होती है,
२. समय पर वर्षा नहीं होती है,
३. असाधुओं की प्रतिष्ठा होती है,
४. साधुओं की प्रतिष्ठा नहीं होती है,
५. गुरुजनों के प्रति अविनयपूर्ण व्यवहार होता है,
६. अमनोज्ञ शब्द होते हैं,
७. अमनोज्ञ रूप होते हैं,
८. अमनोज्ञ गंध होते हैं,
९. अमनोज्ञ रस होते हैं,
१०. अमनोज्ञ स्पर्श होते हैं।

दस स्थानों से सुषमाकाल की अवस्थिति जानी जाती है, यथा–
१. अकाल में वर्षा नहीं होती है,
२. समय पर वर्षा होती है,
३. असाधुओं की प्रतिष्ठा नहीं होती है,
४. साधुओं की प्रतिष्ठा होती है,
५. गुरुजनों के प्रति सम्यक् व्यवहार होता है,
६. शब्द मनोज्ञ होते हैं,
७. रूप मनोज्ञ होते हैं,
८. गंध मनोज्ञ होते हैं,
९. रस मनोज्ञ होते हैं,
१०. स्पर्श मनोज्ञ होते हैं।

४८. दस प्रकार के बलों का प्ररूपण–

दस प्रकार का बल (सामर्थ्य) कहा गया है, यथा–

१. श्रोत्रेन्द्रियबल,	२. चक्षुइन्द्रियबल,
३. घ्राणेन्द्रियबल,	४. जिह्वेन्द्रियबल,
५. स्पर्शेन्द्रियबल,	६. ज्ञानबल,
७. दर्शनबल,	८. चारित्रबल,
९. तपोबल,	१०. वीर्यबल।

४९. दस प्रकार के शस्त्रों का प्ररूपण–

दस प्रकार का शस्त्र कहा गया है, यथा–

१. अग्नि,	२. विष,
३. लवण,	४. स्नेह, (चिकनाई)
५. क्षार, (सोडा आदि)	६. अम्ल, (खटाई) तथा
७. दुष्प्रयुक्त मन,	८. दुष्प्रयुक्त वचन,
९. दुष्प्रयुक्त काया,	१०. भाव से अविरति।

१. ठाणं. अ. ७, सु. ५५९ में सात कारणों में इनके पश्चात् दुस्सम में 'मणो दुहया, वइ दुहया' और सुस्सम में 'मणोसुहया, वइ सुहया' ये दो-दो पद हैं।

५०. आसंसापयोगस्स दस भेया–

दसविहे आसंसप्पओगे पण्णत्ते, तं जहा–

१. इहलोगासंसप्पओगे,
२. परलोगासंसप्पओगे,
३. दुहओलोगासंसप्पओगे,
४. जीवियासंसप्पओगे,
५. मरणासंसप्पओगे।
६. कामासंसप्पओगे,
७. भोगासंसप्पओगे,
८. लाभासंसप्पओगे,
९. पूयासंसप्पओगे,
१०. सक्कारासंसप्पओगे। –ठाणं. अ. १०, सु. ७५९

५१. अथिर-थिर-बालाईणं परियट्टणा-अपरियट्टणा सासयाइ परूवणं–

प. से नूणं भंते ! अथिरे पलोट्टइ, नो थिरे पलोट्टइ ?

अथिरे भज्जइ, नो थिरे भज्जइ ?

सासए बालए, बालियत्तं असासयं ?
सासए पंडिए, पंडियत्तं असासयं ?

उ. हंता, गोयमा ! अथिरे पलोट्टइ जाव पंडियत्तं असासयं।
–विया. स. १, उ. ९, सु. २८

५२. सेलेसिं पडिवन्नगस्स अणगारस्स परप्पयोगेणविणा एयणाइ णिसेह परूवणं–

प. सेलेसिं पडिवन्नए णं भंते ! अणगारे सया समियं एयइ वेयइ जाव तं तं भावे परिणमइ ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे, नऽन्नत्थगेणं परप्पयोगेणं।
–विया. स. १७, उ. ३, सु. १

५३. एयणाया भेया चउगईसु य परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! एयणा पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचविहा एयणा पन्नत्ता, तं जहा–

१. दव्वेयणा, २. खेत्तेयणा,
३. कालेयणा, ४. भवेयणा,
५. भावेयणा।

प. १. दव्वेयणा णं भंते ! कइविहा पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! चउव्विहा पन्नत्ता, तं जहा–

१. नेरइयदव्वेयणा,
२. तिरिक्खजोणियदव्वेयणा,
३. मणुस्सदव्वेयणा,
४. देवदव्वेयणा।

५०. आंशसा प्रयोग के दस भेद–

आशंसा प्रयोग (अभिलाषा या प्रयत्न) के दस प्रकार कहे गए हैं, यथा–

१. इहलोक की आशंसा करना,
२. परलोक की आशंसा करना,
३. इहलोक और परलोक की आशंसा करना,
४. जीवन की आशंसा करना,
५. मरण की आशंसा करना,
६. काम (शब्द और रूप) की आशंसा करना,
७. भोग (गंध, रस और स्पर्श) की आशंसा करना,
८. लाभ की आशंसा करना,
९. पूजा की आशंसा करना,
१०. सत्कार की आशंसा करना।

५१. अस्थिर स्थिर बालादि का परिवर्तन-अपरिवर्तन और शाश्वतादि का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! क्या अस्थिर आत्मा ही बदलती है और स्थिर आत्मा नहीं बदलती है ?

क्या अस्थिर आत्मा ही नियम का भंग करती है और स्थिर आत्मा नहीं करती है ?

क्या बाल आत्मा शाश्वत है और बालत्व आत्मा अशाश्वत है ?

क्या पण्डित आत्मा शाश्वत है और पण्डितत्व अशाश्वत है ?

उ. हां, गौतम ! अस्थिर आत्मा बदलती है यावत् (आत्मा का) पण्डितत्व अशाश्वत है।

५२. शैलशी प्रतिपन्नक अणगार के पर प्रयोग के बिना एजनादि के निषेध का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! शैलेशी अवस्था प्राप्त अनगार क्या सदा निरन्तर कांपता है, विशेषरूप से कांपता है यावत् उन-उन भावों में परिणमता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, पर-प्रयोग के बिना कंपन आदि संभव नहीं है।

५३. एजना के भेद और चार गतियों में प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! एजना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! एजना पाँच प्रकार की कही गई है, यथा–

१. द्रव्य एजना, २. क्षेत्र एजना,
३. काल एजना, ४. भव एजना,
५. भाव एजना।

प्र. १. भन्ते ! द्रव्य एजना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! द्रव्य एजना चार प्रकार की कही गई है, यथा–

१. नैरयिक द्रव्य एजना,
२. तिर्यञ्चयोनिक द्रव्य एजना,
३. मनुष्य द्रव्य एजना,
४. देव द्रव्य एजना।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'नेरइयदव्वेयणा, नेरइयदव्वेयणा ?'

उ. गोयमा ! जे णं नेरइया नेरइयदव्वे वट्टिंसु वा, वट्टंति वा, वट्टिस्संति वा, तेणं तत्थ नेरइया नेरइयदव्वे वट्टमाणा नेरइयदव्वेयणं एइंसु वा, एयंति वा, एइस्संति वा।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'नेरइयदव्वेयणा, नेरइय दव्वेयणा।'

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'तिरिक्खजोणियदव्वेयणा, तिरिक्खजोणियदव्वेयणा ?'

उ. गोयमा ! **एवं चेव**
णवरं–तिरिक्खजोणियदव्वं भाणियव्वं,

सेसं तं चेव।
एवं मणुस्सदव्वेयणा देवदव्वेयणा वि।

प. २. खेत्तेयणा णं भंते ! कइविहा पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! चउव्विहा पन्नत्ता, तं जहा–
१. नेरइयखेत्तेयणा **जाव** ४. देवखेत्तेयणा।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'नेरइयखेत्तेयणा, नेरइयखेत्तेयणा ?'

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

णवरं–नेरइयखेत्तेयणा भाणियव्वा।

एवं जाव देवखेत्तेयणा।
३-४. एवं कालेयणा वि, एवं भवेयणा वि।

५. एवं जाव देवभावेयणा।

–विया. स. १७, उ. ३, सु. २-१०

५४. चलणाए भेयप्पभेया तेसिं सरूव परूवणं–

प. कइविहा णं भंते ! चलणा पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! तिविहा चलणा पन्नत्ता, तं जहा–
१. सरीरचलणा, २. इंदियचलणा,
३. जोगचलणा।

प. १. सरीरचलणा णं भंते ! कइविहा पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचविहासरीरचलणा पन्नत्ता, तं जहा–
१. ओरालियसरीरचलणा **जाव** ५. कम्मगसरीरचलणा।

प. २. इंदियचलणा णं भंते ! कइविहा पन्नत्ता ?

उ. गोयमा ! पंचविहा इंदियचलणा पन्नत्ता, तं जहा–
१. सोइंदियचलणा **जाव** ५. फासिंदियचलणा।

प. ३. जोगचलणा णं भंते ! कइविहा पन्नत्ता ?

प्र. भन्ते ! नैरयिक द्रव्य एजना को नैरयिक द्रव्य एजना क्यों कहा जाता है ?

उ. गौतम ! जो नैरयिक जीव नैरयिकद्रव्य में विद्यमान थे, हैं और रहेंगे, उन नैरयिक जीवों ने नैरयिकद्रव्य में विद्यमान होते हुए नैरयिकद्रव्य की एजना पहले भी की थी, अब भी करते हैं और भविष्य में भी करेंगे।

इस कारण से गौतम ! वह नैरयिकद्रव्य एजना नैरयिक द्रव्य एजना कहलाती है।

प्र. भन्ते ! तिर्यञ्चयोनिकद्रव्य एजना तिर्यञ्चयोनिकद्रव्य एजना क्यों कहलाती है ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् जानना चाहिए**
विशेष–'नैरयिकद्रव्य' के स्थान पर 'तिर्यञ्चयोनिक द्रव्य' कहना चाहिए।
शेष सभी कथन पूर्ववत् है।
इसी प्रकार मनुष्यद्रव्य एजना और देवद्रव्य एजना के लिए भी जानना चाहिए।

प्र. २. भन्ते ! क्षेत्र एजना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! वह चार प्रकार की कही गई है, यथा–
१. नैरयिकक्षेत्र एजना **यावत्** ४. देवक्षेत्र एजना।

प्र. भन्ते ! नैरयिकक्षेत्र एजना को नैरयिक क्षेत्र एजना क्यों कहा जाता है ?

उ. गौतम ! **नैरयिकद्रव्य एजना के समान सारा कथन करना चाहिए।**
विशेष–'नैरयिकद्रव्य एजना' के स्थान पर यहां 'नैरयिक क्षेत्र एजना' कहना चाहिए।
इसी प्रकार देव क्षेत्र एजना पर्यन्त पूर्ववत् कहना चाहिए।
३-४. इसी प्रकार काल एजना और भव एजना के भी चार-चार भेद जानना चाहिए।
५. इसी प्रकार देवभाव एजना पर्यन्त भाव एजना के चार भेद कहने चाहिए।

५४. चलना के भेद-प्रभेद और उनके स्वरूप का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! चलना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! चलना तीन प्रकार की कही गई है, यथा–
१. शरीरचलना, २. इन्द्रियचलना,
३. योगचलना।

प्र. १. भन्ते ! शरीरचलना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! शरीर चलना पाँच प्रकार की कही गई है, यथा–
१. औदारिकशरीरचलना **यावत्** ५. कार्मणशरीरचलना।

प्र. २. भन्ते ! इन्द्रिय चलना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गौतम ! इन्द्रिय चलना पाँच प्रकार की कही गई है. यथा–
१. श्रोत्रेन्द्रिय चलना **यावत्** ५. स्पर्शेन्द्रिय चलना।

प्र. ३. भन्ते ! योगचलना कितने प्रकार की कही गई है ?

उ. गोयमा ! तिविहा जोगचलणा पन्नत्ता, तं जहा–
१. मणोजोगचलणा, २. वइजोगचलणा,
३. कायजोगचलणा।

प. १. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'ओरालियसरीरचलणा-ओरालियसरीरचलणा ?

उ. गोयमा ! जं णं जीवा ओरालियसरीरे वट्टमाणा–ओरालियसरीरप्पायोग्गाइं दव्वाइं ओरालिय–सरीरत्ताए परिणामेमाणा ओरालियसरीरचलणं चलिंसु वा, चलंति वा, चलिस्संति वा।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ 'ओरालिय-सरीरचलणा-ओरालियसरीरचलणा।'

प. २. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'वेउव्वियसरीरचलणा, वेउव्वियसरीरचलणा ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

णवरं–वेउव्वियसरीरे वट्टमाणा।

एवं जाव **कम्मगसरीरचलणा।**

प. ३. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'सोइंदियचलणा, सोइंदियचलणा ?'

उ. गोयमा ! जं णं जीवा सोइंदिए वट्टमाणा सोइंदियप्पायोग्गाइं दव्वाइं सोइंदियत्ताए परिणामेमाणा सोइंदियचलणं चलिंसु वा, चलंति वा, चलिस्संति वा।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'सोइंदियचलणा, सोइंदियचलणा।'
एवं जाव **फासिंदियचलणा।**

प. ४, से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'मणजोगचलणा, मणजोगचलणा।'

उ. गोयमा ! जं णं जीवा मणजोए वट्टमाणा मणजोगप्पायोग्गाइं दव्वाइं मणजोगत्ताए परिणामेमाणा मणचलणं चलिंसु वा, चलंति वा, चलिस्संति वा।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'मणजोगचलणा-मणजोगचलणा'
एवं वइजोगचलणा वि, एवं कायजोगचलणा वि।

–विया. स. १७, उ. ३, सु. ११-२१

५५. जीवाणं भय हेउ परूवणं–

अज्जोत्ति ! समणे भगवं महावीरे गोयमाई समणे णिग्गंथे आमंतेत्ता एवं वयासी–

प. 'किं भया पाणा ? समणाउसो!'

गोयमाई समणा णिग्गंथा समणं भगवं महावीरं उवसंकमंति, उवसंकमित्ता वंदंति, णमंसंति, वंदित्ता, णमंसित्ता एवं वयासी–

उ. गौतम ! योगचलना तीन प्रकार की कही गई है, यथा–
१. मनोयोगचलना, २. वचन योगचलना,
३. काययोगचलना।

प्र. १. भन्ते ! औदारिकशरीर चलना को औदारिक शरीर चलना क्यों कहा जाता है ?

उ. गौतम ! जीवों ने औदारिक शरीर में विद्यमान रहते हुए औदारिक शरीर के योग्य द्रव्यों को औदारिकशरीर के रूप में परिणमाते हुए भूतकाल में औदारिक शरीर की चलना की थी, वर्तमान में चलना करते हैं और भविष्य में चलना करेंगे।

इस कारण से गौतम ! औदारिक शरीर चलना को औदारिक शरीर चलना कहा जाता है।

प्र. २. भन्ते ! वैक्रियशरीर चलना को वैक्रियशरीर चलना क्यों कहा जाता है ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् (औदारिक शरीर चलना के समान) समग्र कथन करना चाहिए।**

विशेष–औदारिकशरीर के स्थान पर वैक्रिय शरीर में विद्यमान रहते हुए कहना चाहिए।

इसी प्रकार कार्मण शरीर चलना पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. ३. भन्ते ! श्रोत्रेन्द्रिय चलना को श्रोत्रेन्द्रिय चलना क्यों कहा जाता है ?

उ. गौतम ! क्योंकि श्रोत्रेन्द्रिय को धारण करते हुए जीवों ने श्रोत्रेन्द्रिय योग्य द्रव्यों को श्रोत्रेन्द्रिय रूप में परिणमाते हुए श्रोत्रेन्द्रिय चलना की थी, वर्तमान में करते हैं और भविष्य में करेंगे।

इस प्रकार से गौतम ! श्रोत्रेन्द्रिय चलना को श्रोत्रेन्द्रिय चलना कहा जाता है।

इसी प्रकार स्पर्शेन्द्रिय चलना पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. ४. भन्ते ! मनोयोग चलना को मनोयोग चलना क्यों कहा जाता है ?

उ. गौतम ! क्योंकि मनोयोग को धारण करते हुए जीवों ने मनोयोग के योग्य द्रव्यों को मनोयोग रूप में परिणमाते हुए मनोयोग की चलना की थी, वर्तमान में चलना करते हैं और भविष्य में भी चलना करेंगे।

इस कारण से गौतम! मनोयोग चलना को मनोयोग चलना कहा जाता है।

इसी प्रकार वचनयोग चलना एवं काययोगचलना के सम्बन्ध में भी जानना चाहिए।

५५. जीवों के भय हेतु का प्ररूपण–

'हे आर्यों' श्रमण भगवान् महावीर ने गौतम आदि श्रमण निर्ग्रन्थों को आमंत्रित कर इस प्रकार कहा–

प्र. 'हे आयुष्मान् श्रमणों ! जीव किससे भयभीत होते हैं ?'

गौतम आदि श्रमण निर्ग्रन्थ भगवान् महावीर के निकट आए और निकट आकर वन्दन नमस्कार किया, वंदन नमस्कार करके यह कहा–

उ. णो खलु वयं देवाणुप्पिया ! एयमट्ठं जाणामो वा पासामो वा, तं जइ णं देवाणुप्पिया ! एयमट्ठं णो गिलायंति परिकहित्तए, तमिच्छामो णं देवाणुप्पियाणं अंतिए एयमट्ठं जाणित्तए।

"अज्जो ! त्ति समणे भगवं महावीरे गोयमाई समणे निग्गंथे आमंतेत्ता एवं वयासी–

"दुक्खभया पाणा समणाउसो !"

प. से णं भंते ! दुक्खे केण कडे ?

उ. गोयमा ! जीवेणं कडे पमाएणं।

प. से णं भंते ! दुक्खे कहं वेइज्जंति ?

उ. गोयमा ! अप्पमाएणं। –ठाणं. अ. ३, उ. २, सु. १७४

५६. जुज्झमाणाणं पुरिसाणं जय-पराजय हेऊ परूवणं–

प. दो भंते ! पुरिसा सरित्तया सरिव्वया सरिसभंडमत्तो–वगरणा अन्नमन्नेणं सद्धिं संगामं संगामेंति, तत्थ णं एगे पुरिसे पराइणइ, एगे पुरिसे पराइज्जइ, से कहमेयं भंते ! एवं ?

उ. गोयमा ! सवीरिए पराइणइ, अवीरिए पराइज्जइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'सवीरिए पराइणइ, अवीरिए पराइज्जइ।'

उ. गोयमा ! जस्स णं वीरियवज्झाइं कम्माइं नो बद्धाइं, नो पुट्ठाइं **जाव** नो अभिसमन्नागयाइं, नो उदिण्णाइं, उवसंताइं भवंति, से णं पुरिसे पराइणइ।
जस्स णं वीरियवज्झाइं कम्माइं बद्धाइं पुट्ठाइं **जाव** अभिसमन्नागयाइं उदिण्णाइं कम्माइं नो उवसंताइं भवंति, से णं पुरिसे पराइज्जइ।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'सवीरिए पराइणइ, अवीरिए पराइज्जइ।'
–विया. स. १, उ. ८, सु. ९

५७. अंगभूय अंतट्ठिय वत्थू समवाएणं रायगिह नयर परूवणं–

तेणं कालेणं तेणं समएणं **जाव** एवं वयासी–

प. किमिदं भंते ! नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?
किं पुढवी नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?
किं आऊ नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?
किं तेऊ, वाऊ, वणस्सई नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?
किं टंका, कूडा, सेला, सिहरी, पब्भारा नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?
किं जल-थल-बिल-गुह-लेणा-नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?

किं उज्झर-निज्झर-चिल्लल-पल्लल-वप्पिणा नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?

उ. देवानुप्रिय ! हम इस अर्थ को नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं, यदि आप देवानुप्रिय को इस अर्थ को कहने में श्रम न हो तो हम देवानुप्रिय आपके पास से इसे जानना चाहते हैं।

'हे आर्यों' श्रमण भगवान् महावीर ने गौतम आदि श्रमण निर्ग्रन्थों को आमन्त्रित कर इस प्रकार कहा–

हे आयुष्मान् श्रमणों ! जीव दुःख से भयभीत होते हैं।

प्र. भन्ते ! वह दुःख किसके द्वारा किया गया है ?

उ. गौतम ! जीवों के द्वारा अपने प्रमाद से किया गया है।

प्र. भन्ते ! दुःख का वेदन (क्षय) कैसे होता है ?

उ. गौतम ! जीवों के द्वारा प्रमाद नहीं करने से क्षय होता है।

५६. युद्ध करते हुए पुरुषों के जय-पराजय हेतु का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! एक सरीखे, एक सरीखी चमड़ी वाले, समानवयस्क, समान द्रव्य और उपकरण (शस्त्रादि साधन) वाले कोई दो पुरुष परस्पर एक-दूसरे के साथ संग्राम करे तो उनमें से एक पुरुष जीतता है और एक पुरुष हारता है तो भन्ते ! ऐसा क्यों होता है ?

उ. गौतम ! जो पुरुष सवीर्य (वीर्यवान् शक्तिशाली) होता है वह जीतता है और जो वीर्यहीन होता है वह हारता है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'जो पुरुष सवीर्य होता है वह जीतता है और जो वीर्यहीन होता है वह हारता है।'

उ. गौतम ! जिसने वीर्य-विघातक कर्म नहीं बाँधे हैं, नहीं स्पर्श किये हैं **यावत्** प्राप्त नहीं किये हैं और उसके वे कर्म उदय में नहीं आए हैं परन्तु उपशान्त हैं वह पुरुष जीतता है।
जिसने वीर्य विघातक कर्म बाँधे हैं, स्पर्श किये हैं **यावत्** प्राप्त किये हैं, उसके वे कर्म उदय में आए हैं परन्तु उपशान्त नहीं हुए हैं, वह पुरुष पराजित होता है।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
'सवीर्य पुरुष विजयी होता है और वीर्यहीन पुरुष पराजित होता है।'

५७. अंगभूत और अंतःस्थित वस्तु समूह के द्वारा राजगृह नगर का प्ररूपण–

उस काल और उस समय में **यावत्** गौतम स्वामी ने श्रमण भगवान महावीर से इस प्रकार पूछा–

प्र. भन्ते ! यह राजगृह नगर क्या कहलाता है ?
क्या पृथ्वी राजगृह नगर कहलाती है ?
क्या जल राजगृह नगर कहलाता है ?
क्या अग्नि, वायु और वनस्पति राजगृह नगर कहलाते हैं ?
क्या टंक, कूट, शैल, शिखरी और प्राग्भार राजगृह नगर कहलाते हैं ?
क्या जल, थल, बिल, गुफा और लयन राजगृह नगर कहलाते हैं ?
क्या उज्झर (जलप्रपात) झरना, निर्झर, चिल्लल (दलदल) पल्लल (जलाशय) वप्रीण (नदी आदि के किनारे का क्षेत्र) राजगृह नगर कहलाते हैं ?

किं अगड-तडाग-दह नईओ वापी-पुक्खरिणी- दीहिया-गुंजालिया-सरा सरपंतियाओ सरसरपंतियाओ-बिलपंतियाओ नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?

किं आरामुज्जाण काणणा वणा वणसंडा वणराईओ नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?

किं देवउल-सभा पवा थूभ खाइय-परिक्खाओ नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?

कि पागार-अट्टालग-चरियदार-गोपुरा नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?

किं पासाय-घर-सरण-लेण-आवणा-नगरं-रायगिहं ति पवुच्चइ ?

किं सिंघाडग-तिग-चउक्क-चच्चर-चउम्मुह महापहा नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?

किं सगड-रह-जाण-जुग्ग-गिल्लि-थिल्लि-सीय संदमाणियाओ नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?

किं लोहो-लोहकडाह-कडुच्छया नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?

किं भवणा नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?

किं देवा-देवीओ मणुस्सा-मणुस्सीओ, तिरिक्खजोणिया, तिरिक्खजोणिणीओ नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?

किं आसण-सयण-खंभ-भंड-सचित्ताचित्त-मीसयाइं दव्वाइं नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?

उ. गोयमा ! पुढविं वि नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ **जाव** सचित्ताचित्त-मीसयाइं दव्वाइं नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

'पुढवी वि नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ **जाव** सचित्ताचित्त मीसयाइं दव्वाइं नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ ?'

उ. गोयमा ! पुढवी जीवाइ य, अजीवा इ य नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ **जाव** सचित्ताचित्त मीसयाइं दव्वाइं जीवा इ य, अजीवा इ य, नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'पुढवी वि नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ–**जाव** सचित्ताचित्त मीसयाइं दव्वाइं नगरं रायगिहं ति पवुच्चइ।'

–विया. स. ५, उ. ९, सु. १-२

५८. खीणभोगी छउमत्थाइ मणुस्सेसु भोगित्त परूवणं–

प. छउमत्थे णं भंते ! मणुस्से जे भविए अन्नयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववज्जित्तए, से नूणं भंते ! से खीणभोगी नो पभू उट्ठाणेणं कम्मेणं बलेणं वीरिएणं पुरिसक्कार-परक्कमेणं विउलाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरित्तए, से नूणं भंते ! एयमट्ठं एवं वयह ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, पभू णं से उट्ठाणेण वि, कम्मेण वि, बलेण वि, वीरियेण वि, पुरिसक्कारपरक्कमेण वि, अन्नयराइं विपुलाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरित्तए तम्हा भोगी, भोगे परिच्चायमाणे महानिज्जरे महापज्जवसाणे भवइ।

क्या कूप, तडाग, द्रह, नदी, वापी, पुष्करिणी, दीर्घिका गुंजालिका, सरोवर, सरपंक्ति, सरसरपंक्ति और बिलपंक्ति राजगृह नगर कहलाते हैं ?

क्या आराम, उद्यान, कानन, वन, वनखण्ड वनराजि राजगृह नगर कहलाते हैं ?

क्या देवकुल, सभा, प्रपा, स्तूप, खाई, परिखा राजगृह नगर कहलाते हैं ?

क्या प्राकार, अट्टालक, चरिका द्वार, गोपुर राजगृह नगर कहलाते हैं ?

क्या प्रासाद, घर, सरण (झोंपड़ा) लयन, आपण (दुकान) क्या राजगृह नगर कहलाते है ?

क्या शृंगाटक त्रिक, चतुष्क, चत्वर, चतुर्मुख, महापथ, पथ राजगृह नगर कहलाते हैं ?

क्या शकट, रथ, यान, युग्य, गिल्ली, थिल्ली, शिविका स्यन्दमानिका राजगृह नगर कहलते हैं ?

क्या डेगची, लोहे की कडाही, कुरछी आदि राजगृह नगर कहलाते हैं ?

क्या भवन, नगर राजगृह नगर कहलाते हैं ?

क्या देव, देवियाँ, मनुष्य, मनुष्यनियाँ, तिर्यञ्च, तिर्यञ्चनियाँ राजगृह नगर कहलाते हैं।

क्या आसन, शयन, खण्ड, भाण्ड एवं सचित्त, अचित्त, मिश्र, द्रव्य राजगृह नगर कहलाते हैं ?

उ. गौतम ! पृथ्वी भी राजगृह नगर कहलाती है **यावत्** सचित्त अचित्त और मिश्र द्रव्य भी राजगृह नगर कहलाते हैं।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

'पृथ्वी भी राजगृह नगर कहलाती है **यावत्** सचित्त, अचित्त और मिश्र द्रव्य भी राजगृह नगर कहलाता है ?'

उ. गौतम ! पृथ्वी जीव (पिण्ड) भी है, अजीव (पिण्ड) भी है, इसलिए यह राजगृह नगर कहलाती है **यावत्** सचित्त अचित्त और मिश्र द्रव्य भी जीव है और अजीव भी है इसलिए ये द्रव्य राजगृह नगर कहलाते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

'पृथ्वी भी राजगृह नगर कहलाती है यावत् सचित्त अचित्त और मिश्र द्रव्य भी राजगृह नगर कहलाते हैं।'

५८. क्षीण-भोगी छद्मस्थादि मनुष्यों में भोगित्व का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! ऐसा छद्मस्थ मनुष्य जो किसी देवलोक में देव रूप में उत्पन्न होने वाला हो तो भन्ते ! वास्तव में (अन्त समय में) क्षीणभोगी होने से वह उत्थान, कर्म, बल, वीर्य और पुरुषकार पराक्रम के द्वारा विपुल भोगोपभोगों को भोगने में समर्थ नहीं है ? भन्ते ! क्या आप इस अर्थ (बात) को इसी तरह कहते हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, क्योंकि वह उत्थान कर्म, बल, वीर्य और पुरुषकार-पराक्रम द्वारा किन्हीं विपुल भोगोपभोगों को भोगने में समर्थ है इसलिए वह भोगी है और भोगों का परित्याग करता हुआ महानिर्जरा और महापर्यवसान (अंत) वाला होता है।

प. आहोहिए णं भंते ! मणुस्से जे भविए अन्नयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववज्जित्तए से नूणं भंते ! से खीणभोगी नो पभू उट्ठाणेणं **जाव** पुरिसक्कारपरक्कमेणं विउलाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरित्तए, से नूणं भंते ! एयमट्ठं एवं वयह ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव जहा छउमत्थे जाव महापज्जवसाणे भवइ।**

प. परमाहोहिए णं भंते ! मणुस्से जे भविए तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झित्तए **जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करेत्तए, से नूणं भंते ! से खीणभोगी नो पभू उट्ठाणेणं **जाव** पुरिसक्कारपरक्कमेणं विउलाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरित्तए, से नूणं भंते ! एयमट्ठं एवं वयह ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे, **सेसं जहा छउमत्थस्स।**

प. केवली णं भंते ! मणूसे जे भविए तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झित्तए **जाव** अंतं करेत्तए, ते नूणं भंते ! ते खीणभोगी नो पभू उट्ठाणेणं **जाव** पुरिसक्कारपरक्कमेणं विउलाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरित्तए, से नूणं भंते ! एयमट्ठं एवं वयह ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव जहा परमाहोहिए जाव महापज्जवसाणे भवइ।** *–विया. स. ७, उ. ७, सु. २०-२३*

५९. अद्दाईपेहणा विण्णाणं–

प. १. अद्दाए णं भंते ! पेहमाणे मणूसे किं अद्दायं पेहेइ, अत्ताणं पेहेइ, पलिभागं पेहेइ ?

उ. गोयमा ! अद्दाइं पेहेइ, णो अत्ताणं पेहेइ, पलिभागं पेहेइ।

एवं एएणं अभिलावेणं २. असिं, ३. मणिं, ४. उदुपाणं, ५. तेल्लं, ६. फाणियं, ७. वसं।

–पण्ण प. १५, उ. १, सु. ९९९

६०. धावमाणस्स आसस्स 'खु खु' सद्दकरणे हेऊ परूवणं–

प. आसस्स णं भंते ! धावमाणस्स किं 'खु खु' त्ति करेइ ?

उ. गोयमा ! आसस्स णं धावमाणस्स हिययस्स य जगयस्स य अंतरा एत्थ णं कक्कडए णामं वाए समुट्ठइ जे णं आसस्स धावमाणस्स 'खु खु' त्ति करेइ।

–विया. स. १०, उ. ३, सु. १८

६१. दव्वाणुओगस्स उवसंहारो–

संसारत्था य सिद्धा य इह जीवा वियाहिया।
रूविणो चेव रूवी य अजीवा दुविहा वि य॥

इह जीवमजीवे य सोच्चा सद्दहिऊण य।
सव्वनयाणं अणुमए रमेज्जा संजमे मुणी॥

–उत्त. अ. ३६, गा. २४८-२४९

प्र. भन्ते ! ऐसा अधोऽवधिक (नियत क्षेत्र का अवधिज्ञानी) मनुष्य जो किसी देवलोक में देव रूप में उत्पन्न होने वाला हो तो भंते ! वास्तव में वह क्षीणभोगी उत्थान यावत् पुरुषकार पराक्रम द्वारा विपुल भोगोपभोगों को भोगने में समर्थ नहीं है ? तो भन्ते ! क्या आप इस अर्थ को इसी तरह कहते हैं ?

उ. **गौतम ! छद्मस्थ के समान महापर्यवसान वाला होता है पर्यन्त समग्र कथन करना चाहिए।**

प्र. भन्ते ! ऐसा परमावधिक (परम) अवधिज्ञानी मनुष्य जो उसी भवग्रहण से सिद्ध होने वाला है **यावत्** सर्व दुखों का अन्त करने वाला है तो भन्ते ! वास्तव में वह क्षीणभोगी उत्थान यावत् पुरुषकार पराक्रम से विपुल भोगोपभोगों को भोगने में समर्थ नहीं है ? भन्ते ! क्या आप इस अर्थ को इसी तरह कहते हैं ?

उ. **गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, शेष वर्णन छद्मस्थों के समान जानना चाहिए।**

प्र. भन्ते ! केवलज्ञानी मनुष्य जो उसी भव ग्रहण से सिद्ध होने वाला है **यावत्** सभी दुखों का अन्त करने वाला है तो भन्ते ! वास्तव में वह क्षीण भोगी उत्थान यावत् पुरुषकार पराक्रम से विपुल भोगोपभोगों को भोगने में समर्थ नहीं है ? भन्ते ! क्या आप इस अर्थ को इसी तरह कहते हैं ?

उ. **गौतम ! इसका कथन परमावधिज्ञानी की तरह महापर्यवसान वाला होता है पर्यन्त करना चाहिए।**

५९. आदर्श आदि को देखने सम्बन्धी विज्ञान–

प्र. भन्ते ! दर्पण में अपना प्रतिबिम्ब देखता हुआ मनुष्य क्या दर्पण को देखता है या अपने आपको देखता है अथवा अपने प्रतिबिम्ब को देखता है ?

उ. गौतम ! वह दर्पण को देखता है, अपने शरीर को नहीं देखता है किन्तु अपने शरीर का प्रतिबिम्ब देखता है।

इसी प्रकार इस अभिलाप के अनुसार क्रमशः २. असि, ३. मणि, ४. गहरा पानी ५. तेल, ६. गीला गुड़ (काकब) ७. वसा के विषय में कथन करना चाहिए।

६०. दौड़ते हुए घोड़े के 'खु खु' शब्द करने के हेतु का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! दौड़ता हुआ घोड़ा 'खु खु' शब्द क्यों करता है ?

उ. गौतम ! दौड़ते हुए घोड़े के हृदय और यकृत के बीच में कर्कट नामक वायु उत्पन्न होती है। इससे दौड़ता हुआ घोड़ा 'खु खु' शब्द करता है।

६१. द्रव्यानुयोग का उपसंहार–

इस प्रकार संसारस्थ और सिद्धों की अपेक्षा जीवों का तथा रूपी और अरूपी की अपेक्षा दोनों प्रकार के अजीवों का कथन किया गया है।

इस प्रकार जीव और अजीव के कथन को सुनकर और उस पर श्रद्धा करके (ज्ञान एवं क्रिया आदि) सभी नयों से सम्मत संयम में मुनि रमण करें।

□ □

संकलन में प्रयुक्त आगम आदि की सूची

[द्रव्यानुयोग का मूल पाठ महावीर जैन विद्यालय बम्बई, जैन विश्व भारती लाडनूं एवं आगम प्रकाशन समिति ब्यावर द्वारा प्रकाशित आगमों के आधार पर सम्पादित किया है। अनेक स्थानों पर जाव आदि का पाठकों के स्वाध्याय में सुविधा रहे इस दृष्टिकोण से संशोधन सम्पादन किया है। सूत्रांक सभी जगह ब्यावर समिति की प्रति के दिये हैं। केवल स्थानांग सूत्र के पाठों में महावीर विद्यालय की प्रति के सूत्रांक दिये हैं।

अनुवाद प्रायः आगम प्रकाशन समिति ब्यावर की प्रतियों से एवं स्थानांग सूत्र, सूत्रकृतांग सूत्र व समवायांग सूत्र का अनुवाद जैन विश्व भारती लाडनूं की प्रति से उद्धृत किया है। अनेक स्थानों पर अनुवाद में सैलाना एवं आचार्य श्री आत्माराम जी म. के आगमों का आधार लेकर संशोधन भी किया है।

आगमों की एवं ग्रन्थों की प्रकाशक नाम सहित सूची नीचे दी जा रही है। हम इन ग्रन्थों के सम्पादकों एवं प्रकाशकों के सदैव आभारी हैं। **–सम्पादकगण**]

	ग्रन्थ नाम	संस्करण	सम्पादक	प्रकाशक
१.	**सूत्रकृतांग सूत्र**	मूल	मुनि श्री जम्बूविजय जी म.	श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई
	सूत्रकृतांग सूत्र	भाग १-२ सानुवाद	युवाचार्य श्री महाप्रज्ञ जी म.	श्री जैन विश्व भारती, लाडनूं (राज.)
	सूत्रकृतांग सूत्र	भाग १-२ सानुवाद	युवाचार्य श्री मधुकर मुनि जी म.	आगम प्रकाशन समिति, पिपलिया बाजार, ब्यावर (राज.)
	सूत्रकृतांग सूत्र	भाग १-२ सानुवाद	श्री अमर मुनि जी म.	आत्म ज्ञानपीठ, मानसा मण्डी (पंजाब)
	सूत्रकृतांग सूत्र	संस्कृत टीका	श्री अभयदेवसूरि जी म.	श्री मोतीलाल बनारसीदास, बेंगलो रोड, दिल्ली
२.	**स्थानांग सूत्र**	मूल	मुनि श्री जम्बूविजय जी म.	श्री महावीर जैन विद्यालय, गोवालिया टैंक, बम्बई
	स्थानांग सूत्र	भाग १-२ सानुवाद	आचार्य श्री आत्माराम जी म.	आचार्य श्री आत्माराम जैन प्रकाशन समिति, लुधियाना
	स्थानांग सूत्र	सानुवाद	युवाचार्य श्री मधुकर मुनि जी म.	आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर (राज.)
	स्थानांग सूत्र	सानुवाद	युवाचार्य श्री महाप्रज्ञ जी म.	श्री जैन विश्व भारती, लाडनूं (राज.)
	स्थानांग सूत्र	सानुवाद	उपाध्याय श्री कन्हैयालाल जी म.	आगम अनुयोग प्रकाशन परिषद्, साण्डेराव
	स्थानांग सूत्र	संस्कृत टीका	आचार्य श्री अभयदेवसूरि जी म.	श्री मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली
३.	**समवायांग सूत्र**	मूल	मुनि श्री जम्बूविजय जी	श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई
	समवायांग सूत्र	सानुवाद	युवाचार्य श्री महाप्रज्ञ जी म.	श्री जैन विश्व भारती, लाडनूं (राज.)
	समवायांग सूत्र	सानुवाद	युवाचार्य श्री मधुकर मुनि जी म.	आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर (राज.)
	समवायांग सूत्र	सानुवाद	उपाध्याय श्री कन्हैयालाल जी म.	आगम अनुयोग प्रकाशन परिषद्, साण्डेराव
	समवायांग सूत्र	संस्कृत टीका	आचार्य श्री अभयदेवसूरि जी म.	श्री मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली
४.	**भगवती सूत्र**	भाग १-३ मूल	मुनि श्री पुण्यविजय जी म.	श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई
	भगवती सूत्र	भाग १-४ सानुवाद	युवाचार्य श्री मधुकर मुनि जी म.	आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर (राज.)
	भगवती सूत्र	भाग १-७ सानुवाद	पं. श्री घेवरचन्द जी 'वीरपुत्र'	जैन संस्कृति रक्षक संघ, सैलाना (म. प्र.)
	भगवती सूत्र	भाग १-४ सानुवाद	पं. श्री बेचरदास जी दोशी	गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद
	भगवती सूत्र	संस्कृत टीका	आचार्य श्री अभयदेवसूरि जी म.	आगमोदय समिति, सूरत
५.	**प्रश्नव्याकरण सूत्र**	सानुवाद	युवाचार्य श्री मधुकर मुनि जी म.	आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर (राज.)
	प्रश्नव्याकरण सूत्र	सानुवाद	श्री अमर मुनि जी म.	आत्म ज्ञानपीठ, मानसा मण्डी (पंजाब)
	प्रश्नव्याकरण सूत्र	मूल	उपाध्याय श्री कन्हैयालाल जी म.	आगम अनुयोग ट्रस्ट, अहमदाबाद
	प्रश्नव्याकरण सूत्र	सानुवाद	आचार्य श्री हस्तीमल जी म.	सम्यक् ज्ञान प्रचारक मण्डल, जयपुर
	प्रश्नव्याकरण सूत्र	सानुवाद	श्री रतनलाल जी डोसी	जैन संस्कृति रक्षक संघ, सैलाना (म. प्र.)
	प्रश्नव्याकरण सूत्र	संस्कृत टीका	आचार्य श्री अभयदेवसूरि जी म.	आगमोदय समिति, सूरत

	ग्रन्थ का नाम	संस्करण	संपादक	प्रकाशक
६.	**औपपातिक सूत्र**	सानुवाद	युवाचार्य श्री मधुकर मुनि जी म.	आगम प्रकाशन समिति, पिपलिया बाजार, ब्यावर (राज.)
नो तहा महप्पवेसणतरा चेव, आइण्णतरा चेव, आउलतरा चेव, अणोमाणतरा चेव।

तेसु णं नरएसु नेरइया पंचमाए धूमप्पभाए पुढवीए नेरइएहिंतो महाकम्मतरा चेव, महाकिरियतरा चेव, महासवतरा चेव, महावेयणतरा चेव।

नो तहा अप्पकम्मतरा चेव, अप्पकिरियतरा चेव, अप्पासवतरा चेव, अप्पवेयणतरा चेव।

अप्पिड्ढियतरा चेव, अप्पजुइयतरा चेव, नोतहा महड्ढियतरा चेव, महज्जुइयतरा चेव।

पंचमाए णं धूमप्पभाए पुढवीए तिण्णि निरयावाससयसहस्सा पण्णत्ता।

एवं जहा छट्ठीए पुढवीए भणिया तहा सत्त वि पुढवीओ परोप्पर भण्णंति जाव रयणप्पभंति जाव नो तहा महड्ढियतरा चेव, महज्जुइयतरा चेव,

अप्पिड्ढियतरा चेव, अप्पज्जुइयतरा चेव।

–विया. स. १३, उ. ४, सु. २-५

वे नरकावास छट्ठी तमःप्रभापृथ्वी के नरकावासों से महत्तर (बड़े) हैं, महाविस्तीर्णतर हैं, महान् अवकाश वाले हैं, बहुत रिक्त स्थान वाले हैं, किन्तु वे महाप्रवेश अत्यन्त आकीर्णतर, प्रचुरतर और अनवमानतर नहीं है। उन नरकावासों में रहे हुए नैरयिक छठी तमःप्रभापृथ्वी के नैरयिकों की अपेक्षा महाकर्म वाले, महाक्रिया वाले, महाश्रव वाले एवं महावेदना वाले हैं। किन्तु अल्पकर्म, अल्पक्रिया, अल्पआश्रव और अल्पवेदना वाले नहीं हैं। वे नैरयिक अल्प ऋद्धि वाले और अल्प द्युति वाले हैं, किन्तु महान् ऋद्धि वाले और महान् द्युति वाले नहीं हैं।

छठी तमःप्रभापृथ्वी में पाँच कम एक लाख नरकावास कहे गए हैं।

वे नरकावास अधःसप्तमपृथ्वी के नरकावासों के जैसे महत्तर महाविस्तीर्ण, महान् अवकाश वाले और शून्य स्थान वाले नहीं हैं।

वे (सप्तम नरकपृथ्वी के नरकावासों की अपेक्षा) महाप्रवेश वाले, संकीर्ण, व्याप्त और विशाल हैं।

उन नरकावासों में रहे हुए नैरयिक अधःसप्तमपृथ्वी के नैरयिकों की अपेक्षा अल्पकर्म, अल्पक्रिया, अल्प आश्रव और अल्पवेदना वाले हैं, किन्तु वे (अधःसप्तमपृथ्वी के नारकों के समान) महाकर्म, महाक्रिया, महाश्रव और महावेदना वाले नहीं हैं।

वे (उनकी अपेक्षा) महान् ऋद्धि और महान् द्युति वाले हैं, किन्तु वे (उनकी तरह) अल्प ऋद्धि वाले और अल्प द्युति वाले नहीं हैं।

छठी तमःप्रभा नरकपृथ्वी के नरकावास पाँचवीं धूमप्रभा नरकपृथ्वी के नरकावासों से महत्तर, महाविस्तीर्ण, महान् अवकाश वाले और महान् रिक्त स्थान वाले हैं।

किन्तु वे (पंचम नरकपृथ्वी के नरकावासों की तरह) महाप्रवेश वाले, संकीर्ण, व्याप्त और विशाल नहीं हैं।

छठी पृथ्वी के नरकावासों के नैरयिक पाँचवीं धूमप्रभापृथ्वी के नैरयिकों की अपेक्षा महाकर्म, महाक्रिया, महाश्रव तथा महावेदना वाले हैं।

किन्तु उनकी (पाँचवीं धूमप्रभा के नारकों की) तरह वे अल्पकर्म अल्पक्रिया अल्पाश्रव एवं अल्पवेदना वाले नहीं हैं।

वे उनसे अल्प ऋद्धि वाले और अल्प द्युति वाले हैं किन्तु महान् ऋद्धि वाले और महान् द्युति वाले नहीं हैं।

पाँचवीं धूमप्रभापृथ्वी में तीन लाख नरकावास कहे गए हैं।

इसी प्रकार जैसे छठी तमःप्रभापृथ्वी के लिए कहा उसी प्रकार रत्नप्रभापृथ्वी पर्यंत सातों नरकपृथ्वियों के लिए परस्पर कहना चाहिए कि (शर्कराप्रभापृथ्वी के नैरयिक-रत्नप्रभापृथ्वी के नैरयिकों की अपेक्षा (महान् ऋद्धि और महान् द्युति वाले नहीं हैं। किन्तु वे (उनकी अपेक्षा) अल्प ऋद्धि और अल्प द्युति वाले हैं।

पृ. ८०

चमरिन्देण नट्टविहि उवदंसणं–

चमरेन्द्र द्वारा नाट्य विधि का उपदर्शन–

सूत्र १६१ (ख)

तेणं कालेणं तेणं समएणं चमरे असुरिंदे असुरराया चमरचंचाए रायहाणीए सभाए सुहम्माए चमरंसि सीहासणंसि चउसट्ठीए सामाणियसाहस्सीहिं **जाव** नट्टविहिं उवदंसेत्ता जामेव दिसिं पाउब्भूए तामेव दिसिं पडिगए। *–विया. स. ३, उ. २, सु. २*

उस काल और उस समय में चौंसठ हजार सामानिक देवों से परिवृत होकर अपनी चमरचंचा नामक राजधानी की सुधर्मासभा में चमर नामक सिंहासन पर स्थित असुरेन्द्र असुरराज चमर ने (राजगृह में विराजमान भगवान को अवधिज्ञान से देखा) यावत् नाट्यविधि दिखलाकर जिस दिशा से आया था उसी दिशा में वापस लौट गया।

तिर्यक्लोक

पृ. १२२

तिरियलोए खेत्ताणुपुव्विस्स परूवणं–

सूत्र ४ (ख)

तिरियलोयखेत्ताणुपुव्वी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. पुव्वाणुपुव्वी, २. पच्छाणुपुव्वी, ३ अणाणुपुव्वी।

प. से किं तं पुव्वाणुपुव्वी ?

उ. पुव्वाणुपुव्वी–

जंबुद्दीवे, लवणे, धायइ, कालोय, पुक्खरे, वरुणे।
खीर, घय, खोय, नंदी, अरुणवरे, कुंडले, रूयगे ॥१॥

जंबुद्दीवाओ खलु निरंतरा, सेसया असंखइमा।
भुयगवर, कुसवरा वि य कोंचवरा भरणमाइया ॥२॥

आभरण, वत्थ, गंधे, उप्पल, तिलये य पउम, निहि, रूयणे।
वासहर, दह, णईओ विजया वक्खार, कप्पिंदा ॥३॥

कुरू, मंदर, आवासा कूडा नक्खत्त, चंद सूरा य।
देवे नागे जक्खे भूये य सयंभुरमणे य ॥४॥

से तं पुव्वाणुपुव्वी।

प. से किं तं पच्छाणुपुव्वी ?

उ. पच्छाणुपुव्वी सयंभूरमणे य भूए य जाव जंबुद्दीवे।
से तं पच्छाणुपुव्वी।

प. से किं तं अणाणुपुव्वी ?

उ. अणाणुपुव्वी एयाय चेव एगादियाए एगुत्तरियाए असंखेज्जगच्छगयाए सेढीए अण्णमण्णब्भासो दुरूवूणो।
से त अणाणुपुव्वी। –अणु. सु. १६८-१७१

पृ. १२४ के प्रारम्भ में

जंबुद्दीव वण्णस्स संगहणी गाहा–

सूत्र ४ (क)

१. खंडा २. जोयण ३. वासा ४. पव्वय ५. कूडाय ६. तित्थ ७. सेढीओ। ८. विजय ९. दहदह १०. सलिलाओ पिंडए होइ संगहणी ॥ –जंबू. वक्ख. ६, सु. १५८

तिर्यक्लोक-क्षेत्रानुपूर्वी का प्ररूपण–

तिर्यग् (मध्य) लोकक्षेत्रानुपूर्वी के तीन भेद कहे गये हैं, यथा–

१. पूर्वानुपूर्वी, २. पश्चानुपूर्वी, ३. अनानुपूर्वी।

प्र. मध्यलोक क्षेत्र पूर्वानुपूर्वी का क्या स्वरूप है ?

उ. मध्यलोक क्षेत्र पूर्वानुपूर्वी का स्वरूप इस प्रकार है–

जम्बूद्वीप, लवणसमुद्र, धातकीखंडद्वीप, कालोदधिसमुद्र, पुष्करद्वीप (पुष्करोदसमुद्र), वरुणद्वीप (वरुणोदसमुद्र), क्षीरद्वीप (क्षीरोदसमुद्र), घृतद्वीप (घृतोदसमुद्र), इक्षुवरद्वीप (इक्षुवरसमुद्र), नन्दीद्वीप (नन्दीसमुद्र), अरुणवरद्वीप (अरुणवरसमुद्र), कुण्डलद्वीप (कुण्डलसमुद्र), रूचकद्वीप (रूचकसमुद्र) ॥१॥

जम्बूद्वीप से लेकर ये सभी द्वीप-समुद्र बिना किसी अन्तर के एक-दूसरे को घेरे हुए स्थित हैं। इनके आगे असंख्यात द्वीप-समुद्रों के पश्चात् भुजगवर है, इसके बाद फिर असंख्यात द्वीप-समुद्रों के पश्चात् कुशवरद्वीप समुद्र, इसके बाद असंख्यात द्वीप समुद्रों के पश्चात् क्रोंचवर द्वीप है ॥२॥

पुनः असंख्यात द्वीप-समुद्रों के पश्चात् आभरणों आदि के सदृश शुभ नाम वाले द्वीप-समुद्र हैं। यथा–आभरण, वस्त्र, गंध, उत्पल, तिलक, पद्म, निधि, रत्न, वर्षधर, ह्रद, नदी, विजय, वक्षस्कार, कल्पेन्द्र ॥३॥

कुरू, मंदर, आवास, कूट, नक्षत्र, चन्द्र, सूर्यदेव, नाग, यक्ष, भूत आदि के पर्यायवाचक नामों वाले द्वीप-समुद्र असंख्यात हैं और अन्त में स्वयंभूरमणद्वीप एवं स्वयंभूरमणसमुद्र है ॥४॥

यह मध्यलोक क्षेत्र पूर्वानुपूर्वी का कथन है।

प्र. मध्यलोक क्षेत्र पश्चानुपूर्वी का क्या स्वरूप है ?

उ. स्वयंभूरमणसमुद्र, भूतद्वीप आदि से जम्बूद्वीप पर्यन्त व्युत्क्रम से द्वीप-समुद्रों के कथन करने को मध्यलोक क्षेत्रपश्चानुपूर्वी कहते हैं।

प्र. मध्यलोक क्षेत्रअनानुपूर्वी का क्या स्वरूप है ?

उ. एक से प्रारम्भ कर असंख्यात पर्यन्त की श्रेणी स्थापित कर उनका परस्पर गुणाकार करने पर निष्पन्न राशि में से आद्य और अन्तिम इन दो भंगों को छोड़कर मध्य के समस्त भंग मध्यलोक क्षेत्रअनानुपूर्वी कहलाते हैं।

जंबूद्वीप वर्णन की संग्रहणी गाथा–

१. खण्ड २. योजन ३. वर्ष ४. पर्वत ५. कूट ६. तीर्थ ७. श्रेणियाँ ८. विजय ९. द्रह तथा १०. नदियाँ इन दस की यह संग्रहणी गाथा है।

खंडगणियाणुसारेण जंबुद्दीवस्स खंड संखा परूवणं–

सूत्र ४ (ख)

प. जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे भरहप्पमाणमेत्तेहिं खंडेहिं केवइयं खंडगणिएणं पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! णउअं खंडसयं खंडगणिएणं पण्णत्ते।

–जंबू. वक्ख. ६, सु. १५८

खण्डगणित के अनुसार जंबूद्वीप की खण्ड संख्या का प्ररूपण–

प्र. भंते ! जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र के बराबर खण्ड किये जाएँ तो वे कितने कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! खण्डगणित के अनुसार वे एक सौ नव्वे कहे गए हैं।

जंबुद्दीवस्स खेत्तफलपमाण परूवणं–

सूत्र ४ (ग)

प. जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे केवइअं जोअणगणिएणं पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! सत्तेव य कोडिसया, णउआ छप्पण्ण सय-सहस्साइं।
चउणवइं च सहस्सा, सयं दिबद्धं च गणिअ-पयं॥२॥

–जंबू. वक्ख. २, सु. १५८

जम्बूद्वीप के क्षेत्रफल प्रमाण का प्ररूपण–

प्र. भंते ! योजनगणित के अनुसार जम्बूद्वीप का कितना प्रमाण (क्षेत्रफल) कहा गया है ?

उ. गौतम ! जम्बूद्वीप का क्षेत्रफल (७,९०,५६,९४,१५०) सात अरब, नव्वे करोड़, छप्पन लाख, चौरानवे हजार, एक सौ पचास योजन का कहा गया है।

जंबुद्दीवस्स कला परिमाणं–

सूत्र ४ (घ)

जंबुद्दीवस्स णं दीवस्स कलाओ एगूणवीसं छेयणाओ पण्णत्ताओ।

–सम. सम. १९, सु. ४

जम्बूद्वीप की कलाओं का परिमाण–

जम्बूद्वीप नामक द्वीप की कलाएँ एक योजन के उन्नीस छेदनक (भाग रूप) कही गई हैं।

पृ. २३१

निसढ-नीलवंत वासहर पव्वएहिंतो रयणप्पभापुढवी अंतरं–

सूत्र ३४३ (ख)

निसढस्स णं वासहरपव्वयस्स उवरिल्लाओ सिहरतलाओ इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए पढमस्स कंडस्स बहुमज्झदेसभाए एसणं नव जोयणसयाइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते।

एवं नीलवंतस्स वि। *–सम. सु. ९००*

निषध-नीलवंत वर्षधर पर्वतों से रत्नप्रभापृथ्वी का अंतर–

निषध वर्षधर पर्वत के उपरितन शिखरतल से इस रत्नप्रभा पृथ्वी के प्रथम काण्ड के बहुमध्यदेश भाग का अबाधा अन्तर नौ सौ योजन का कहा गया है।

इसी प्रकार नीलवंत का भी अंतर जानना चाहिए।

पृ. २३४

बाहिरिया मंदर पव्वयाणं उच्चत्तं परूवणं–

सूत्र ३४८ (ख)

सव्वेवि णं बाहिरया मंदरा चउरासीइं–चउरासीइं जोयणसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं पण्णत्ता। *–सम. सम. ८४, सु. १*

बाहर के मंदर पर्वतों की ऊँचाई का प्ररूपण–

बाहर के सभी मंदर पर्वत चौरासी-चौरासी हजार योजन ऊँचे कहे गए हैं।

पृ. २५७

जंबुद्दीव विज्जाहराई सेढीणं अवट्ठिई आगाराइ य परूवणं–

सूत्र ४०६ (ख)

वेअड्ढस्स णं पव्वयस्स उभओ पासिं दस-दस जोअणाइं उड्ढं उप्पइत्ता एत्थ णं दुवे विज्जाहरसेढीओ पण्णत्ताओ-पाईणपडीणाययाओ, उदीणदाहिण-वित्थिण्णाओ, दस दस जोअणाइं विक्खंभेणं, पव्वयसमियाओ आयामेणं, उभओ पासिं दोहिं पउमवरवेइयाहिं, दोहिं वणसंडेहिं संपरिक्खित्ताओ, ताओ णं पउमवरवेइयाओ, अद्धजोअणं उड्ढं उच्चत्तेणं, पंचधणुसयाइं विक्खंभेणं, पव्वयसमियाओ आयामेणं, वणसंडा वि पउमवरवेइयासमगा आयामेणं।

वण्णओ।

जम्बूद्वीप में विद्याधरादि श्रेणियों की अवस्थिति और आकारादि का प्ररूपण–

वैताढ्य पर्वत के दोनों ओर दस-दस योजन की ऊँचाई पर दो विद्याधर श्रेणियाँ (आवास पंक्तियाँ) कही गई हैं। वे पूर्व-पश्चिम में लम्बी तथा उत्तर-दक्षिण में चौड़ी हैं। उनकी चौड़ाई दस-दस योजन तथा लम्बाई पर्वत जितनी है। वे दोनों पार्श्व में दो-दो पद्मवरवेदिकाओं तथा दो-दो वनखण्डों से परिवेष्टित हैं। वे पद्मवरवेदिकाएँ ऊँचाई में आधा योजन, चौड़ाई में पाँच सौ धनुष तथा लम्बाई में पर्वत जितनी है। वनखण्ड भी लम्बाई में पद्मवरवेदिकाओं जितने ही हैं।

उनका वर्णन पूर्ववत् समझ लेना चाहिए।

प. विज्जाहरसेढीणं भंते ! भूमीणं केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! बहुसमरणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते, से जहाणामए आलिंगपुक्खरेइ वा जाव णाणाविहपंचवण्णेहिं मणीहिं, तणेहिं उवसोभिए, तं जहा–कित्तिमेहिं चेव, अकित्तिमेहिं चेव।

तत्थ णं दाहिणिल्लाए विज्जाहरसेढीए गगणवल्लभपामोक्खा पण्णासं विज्जाहरणगरावासा पण्णत्ता, उत्तरिल्लाए विज्जाहरसेढीए रहनेउरचक्कवालपामोक्खा सट्ठिं विज्जाहरणगरावासा पण्णत्ता, एवामेव सपुव्वावरेणं दाहिणिल्लाए, उत्तरिल्लाए विज्जाहरसेढीए एगं दसुत्तरं विज्जाहरणगरावाससयं भवंतीतिमक्खायं।

ते विज्जाहरणगरा रिद्धत्थिमियसमिद्धा पमुइयजणजाणवया जाव पडिरूवा।

तेसु णं विज्जाहरणगरेसु विज्जाहररायाणो परिवसंति महयाहिमवंतमलयमंदरमहिंदसारा।

रायवण्णओ भाणिअव्वो।

प. विज्जाहरसेढीणं भंते ! मणुआणं केरिसए आयारभाव-पडोयारे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! ते णं मणुआ बहुसंघयणा, बहुसंठाणा, बहुउच्चत्त-पज्जवा, बहुआउपज्जवा, बहूइं वासाइं आउं पालेंति, पालित्ता अप्पेगइया णिरयगामी, अप्पेगइया तिरियगामी, अप्पेगइया मणुयगामी, अप्पेगइया देवगामी, अप्पेगइया सिज्झंति, बुज्झंति मुच्चंति परिणिव्वायंति सव्वदुक्खाणमंतं करेंति।

तासि णं विज्जाहरसेढीणं बहुसमरमणिज्जाओ भूमिभागाओ वेअड्ढस्स पव्वयस्स उभओ पासिं दस-दस जोअणाइं उड्ढं उप्पइत्ता एत्थ णं दुवे अभिओगसेढीओ पण्णत्ताओ। पाईणपडीणायताओ, उदीणदाहिण वित्थिण्णाओ, दस-दस जोअणाइं विक्खंभेणं, पव्वयसमियाओ आयामेणं, उभओ पासिं दोहिं पउमवरवेइयाहिं दोहिं वणसंडेहिं संपरिक्खित्ताओ वण्णओ दोण्ह वि पव्वयसमियाओ आयामेणं।

प. आभिओगसेढीणं भंते ! केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते **जाव** तणेहिं उवसोभिए।

वण्णाइं जाव तणाणं सद्दोत्ति।

तासि णं आभिओगसेढीणं तत्थ देसे तहिं-तहिं बहवे वाणमंतरा देवा य देवीओ अ आसयंति, सयंति **जाव** फलवित्तिविसेसं पच्चणुभवमाणा विहरंति।

तासु णं आभिओगसेढीसु सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सोम जम वरूण वेसमणकाइआणं आभिओगाणं देवाणं बहवे

प्र. भंते ! विद्याधर श्रेणियों की भूमि का आकार स्वरूप कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! उनका भूमिभाग बड़ा समतल रमणीय कहा गया है। वह मुरज के ऊपरी भाग के समान समतल है **यावत्** नाना प्रकार की मणियों तथा तृणों से सुशोभित है, यथा–कृत्रिम, अकृत्रिम।

दक्षिणवर्ती विद्याधर श्रेणी में गगनवल्लभ आदि पचास विद्याधर नगर कहे गए हैं। उत्तरवर्ती विद्याधर श्रेणी में रथनूपुरचक्रवाल आदि साठ विद्याधर नगर कहे गए हैं। इस प्रकार दक्षिणवर्ती एवं उत्तरवर्ती विद्याधर श्रेणियों के कुल मिलाकर एक सौ दस नगरावास कहे गए हैं।

वे विद्याधर-नगर वैभवशाली सुरक्षित एवं समृद्ध हैं। वहाँ के निवासी तथा अन्य भागों से आये हुए व्यक्ति वहाँ आमोद-प्रमोद के प्रचुर साधन होने से प्रसन्न रहते हैं **यावत्** अत्यंत दर्शनीय हैं।

उन विद्याधर नगरों में विद्याधर राजा निवास करते हैं, वे महाहिमवान् पर्वत के सदृश महत्ता तथा मलय मेरू एवं महेन्द्र संज्ञक पर्वतों के सदृश प्रधानता या विशिष्टता लिए हुए हैं।

इत्यादि राजा का वर्णन करना चाहिए।

प्र. भंते ! विद्याधर श्रेणियों के मनुष्यों का आकार स्वरूप कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! वहाँ के मनुष्यों का संहनन, संस्थान, ऊँचाई, आयु अनेक प्रकार का है। वे बहुत वर्षों का आयुष्य भोगते हैं, भोगकर कई नरकगति में, कई तिर्यञ्चगति में, कई मनुष्यगति में और कई देवगति में जाते हैं। कई सिद्ध बुद्ध मुक्त परिनिर्वृत और सब दुःखों का अंत करते हैं।

उन विद्याधर श्रेणियों के समतल भूमिभाग से वैताढ्य पर्वत के दोनों ओर दस-दस योजन ऊपर दो आभियोगिक श्रेणियाँ कही गई हैं।

वे पूर्व पश्चिम में लम्बी तथा उत्तर दक्षिण में चौड़ी हैं। उनकी चौड़ाई दस-दस योजन तथा लम्बाई पर्वत जितनी है। वे दोनों श्रेणियाँ अपने दोनों ओर दो पद्मवरवेदिकाओं एवं दो वनखण्डों से परिवेष्टित हैं। लम्बाई में दोनों पर्वत जितनी हैं।

इनका वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए।

प्र. भंते ! आभियोगिक श्रेणियों का आकार स्वरूप कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! उनका बड़ा समतल रमणीय भूमि भाग कहा गया है **यावत्** मणियों एवं तृणों से उपशोभित है।

मणियों के वर्ण यावत् तृणों के शब्दों का वर्णन करना चाहिए।

उन आभियोगिक श्रेणियों पर बहुत से वाणव्यंतर देव-देवियाँ बैठते हैं, शयन करते हैं **यावत्** अपने पुण्य कर्मों के फल विशेष का अनुभव करते हुए विचरते हैं।

उन आभियोगिक श्रेणियों में देवराज देवेन्द्र शक्र के सोम, यम, वरुण तथा वैश्रमणकायिक आभियोगिक देवों के बहुत से

भवणा पण्णत्ता। ते णं भवणा बाहिं वट्टा अंतो चउरंसा वण्णओ।

तत्थ णं सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सोम जम वरूण वेसमणकाइआ बहवे आभिओगा देवा महिड्ढिआ, महज्जुईआ, महाबला, महायसा, महासोक्खा पलिओवमट्ठिईया परिवसंति।

–जंबू. वक्ख. १, सु. १३-१६

भवन कहे गए हैं। वे भवन बाहर से गोल भीतर से चौरस हैं, इत्यादि भवनों का वर्णन कहना चाहिए।

वहाँ देवराज देवेन्द्र शक्र के अत्यन्त ऋद्धिसम्पन्न बलवान्, यशस्वी, सौख्यसम्पन्न और पल्योपम की स्थिति वाले सोम, यम, वरुण एवं वैश्रमण संज्ञक आभियोगिक देव निवास करते हैं।

जंबुद्दीवे विज्जाहराइ सेढीणं संखा परूवणं–

जंबूद्वीप में विद्याधरादि श्रेणियों की संख्या का प्ररूपण–

सूत्र ४०६ (ग)

प. जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे केवइआ विज्जाहरसेढीओ ? केवइआ आभिओगसेढीओ पण्णत्ताओ ?

उ. गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे अट्ठसट्ठी विज्जाहर सेढीओ, अट्ठसट्ठी आभिओगसेढीओ पण्णत्ताओ।

एवामेव सपुव्वावरेणं जंबुद्दीवे दीवे छत्तीसे सेढीसए भवंतीतिमक्खायं। *–जंबू. वक्ख. ६, सु. १५८*

प्र. भंते ! जंबूद्वीप द्वीप में कितनी विद्याधर श्रेणियाँ और कितनी आभियोगिक श्रेणियाँ कही गई हैं ?

उ. गौतम ! जंबूद्वीप द्वीप में अड़सठ विद्याधर श्रेणियाँ और अड़सठ आभियोगिक श्रेणियाँ कही गई हैं।

इस प्रकार कुल मिलाकर जंबूद्वीप द्वीप में एक सौ छत्तीस श्रेणियाँ होती हैं ऐसा कहा गया है।

पृ. २६२

णिसढ नीलवंतपव्वय समीवे वक्खार पव्वयाणं उच्चत्तं उव्वेहे य परूवणं–

निषध-नीलवंत पर्वतों के समीप के वक्षस्कार पर्वतों की ऊँचाई और गहराई का प्ररूपण–

सूत्र ४१२ (ख)

सव्वेवि णं वक्खारपव्वया णिसढ-नीलवंत-वासहर पव्वयंतेणं चत्तारि-चत्तारि जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, चत्तारि-चत्तारि गाउयसयाइं उव्वेहेणं पण्णत्ता। *–सम. सु. १०६ (३)*

सभी वक्षस्कार पर्वत निषध और नीलवंत वर्षधर पर्वतों के पास चार सौ-चार सौ योजन ऊँचे तथा चार सौ-चार सौ गव्यूति गहरे कहे गए हैं।

पृ. २७६

वासहर पव्वयाणं कूडेहिंतो समधरणितलस्स अंतरं–

वर्षधर पर्वतों के कूटों से समभूतल का अंतर–

सूत्र ४४८ (ख)

चुल्लहिमवंतकूडस्स णं उवरिल्लाओ चरिमंताओ चुल्लहिमवंतस्स वासहरपव्वयस्स समे धरणितले, एस णं छ जोयणसयाइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते।

एवं सिहरीकूडस्स वि। *–सम. सु. १०९ (२)*

चुल्लहिमवंतकूट के उपरितन चरमान्त से चुल्लहिमवंत वर्षधर पर्वत के समभूतल का अबाधा अन्तर छह सौ योजन का कहा गया है।

इसी प्रकार शिखरीकूट का भी अंतर जानना चाहिये।

महाहिमवंतकूडस्स णं उवरिल्लाओ चरिमंताओ महाहिमवंतस्स वासहरपव्वयस्स समे धरणितले, एस णं सत्त जोयणसयाइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते।

एवं रूप्पिकूडस्स वि। *–सम. सु. ११० (५)*

महाहिमवंतकूट के उपरितन चरमान्त से महाहिमवंत वर्षधर पर्वत के समभूतल का अबाधा अन्तर सात सौ योजन का कहा गया है।

इसी प्रकार रुक्मीकूट का भी अंतर जानना चाहिए।

निसहकूडस्स णं उवरिल्लाओ सिहरतलाओ णिसढस्स वासहर पव्वयस्स समे धरणितले, एस णं नव जोयणसयाइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते।

एवं नीलवंतकूडस्स वि। *–सम. सु. ११२ (५)*

निषधकूट के उपरितन चरमान्त से निषध वर्षधर पर्वत के समभूतल का अबाधा अन्तर नौ सौ योजन का कहा गया है।

इसी प्रकार नीलवंतकूट का भी अंतर जानना चाहिए।

पृ. २८२

हरिहरिस्सहकूडाणं बलकूडस्स य उच्चत्ताइ परूवणं–

हरिहरिस्सहकूटों और बलकूट की ऊँचाई आदि का प्ररूपण–

सूत्र ४५८ (ख)

सव्वेवि णं हरिहरिस्सहकूडा वक्खारकूडवज्जा दस-दस जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, मूले दस जोयणसयाइं विक्खंभेणं पण्णत्ता।

वक्षस्कारकूटों को छोड़कर सभी हरिकूट और हरिस्सहकूट हजार-हजार योजन ऊँचे और मूल में हजार-हजार योजन चौड़े कहे गए हैं।

एवं बलकूडा वि नंदणकूडवज्जा। —सम. सु. ११३ (५-६)

इसी प्रकार नंदनकूटों को छोड़कर बलकूटों के लिए भी जानना चाहिए

वक्खारपव्वयकूडाणं उच्चत्त आयाम विक्खंभ य परूवणं—

वक्षस्कार पर्वत के कूटों की ऊँचाई और लम्बाई-चौड़ाई का प्ररूपण—

सूत्र ४५८ (ग)

सव्वेवि णं वक्खारपव्वयकूडा हरिहरिस्सहकूडवज्जा पंच-पंच जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, मूले पंच-पंच जोयणसयाइं आयामविक्खंभेणं पण्णत्ता। —सम. सु. १०८ (६)

हरिहरिस्सह कूटों को छोड़कर सभी वक्षस्कार पर्वतों के कूट पाँच सौ-पाँच सौ योजन ऊँचे तथा मूल में पाँच सौ-पाँच सौ योजन लम्बे-चौड़े कहे गए हैं।

पृ. २८९

बलकूडवज्जा नंदणकूडाणं उच्चत्तं आयाम-विक्खंभ य परूवणं—

बलकूट को छोड़कर नंदनकूटों की ऊँचाई और लम्बाई-चौड़ाई का प्ररूपण—

सूत्र ४८३ (ख)

सव्वेवि णं नंदणकूडा बलकूडवज्जा पंच-पंच जोयणसयाइं उड्ढं उच्चत्तेणं, मूले पंच-पंच जोयणसयाइं आयामविक्खंभेणं पण्णत्ता। —सम. सु. १०८ (७)

बलकूट को छोड़कर सभी नन्दनवन के कूट पाँच सौ-पाँच सौ योजन ऊँचे तथा मूल में पाँच सौ-पाँच सौ योजन लम्बे-चौड़े कहे गये हैं।

पृ. ३२३

सीता-सीतोदा नईयाओ पवायं दिसा परूवणं—

सीता-शीतोदा नदियों के प्रवाह दिशा का प्ररूपण—

सूत्र ५८९ (ख)

निसहाओ णं वासहरपव्वयाओ तिगिंछिद्दहाओ सीतोदामहानदी चोवत्तरिं जोयणसयाइं साहियाइं उत्तराहि मुही पवहित्ता वइरामइयाए जिब्भियाए चउजोयणायामाए पण्णासजोयणविक्खंभाए वइरतले कुंडे महया घडमुहपवत्तिएणं मुत्तावलिहार संठाणसंठिएणं पवाएणं महया सद्देणं पवडइ।

एवं सीता वि दक्खिणाभिमुही भाणियव्वा।

—सम. सम. ७४, सु. २

निषध वर्षधर पर्वत के तिगिंछिद्रह से शीतोदा महानदी कुछ अधिक चौहत्तर सौ योजन उत्तर दिशा की ओर बहकर चार योजन लम्बी और पचास योजन चौड़ी वज्ररत्नमय जिह्वा से विशाल घटमुख में प्रवेश करके मुक्तावलिहार के संस्थान से संस्थित प्रवाह से महान् शब्द करती हुई (वज्रतल वाले) कुंड में गिरती है।

इसी प्रकार सीता नदी का भी दक्षिणाभिमुखी बहकर कुंड में गिरने का कथन करना चाहिए।

पृ. ३२९

जंबुद्दीवे णवजोयणिय मच्छाणं पवेसणं—

जम्बूद्वीप में नौ योजन के मत्स्यों का प्रवेश—

सूत्र ६०५ (ख)

जंबुद्दीवे दीवे णवजोयणिया मच्छा पविसिंसु वा, पविसंति वा, पविसिस्संति वा। —ठाणं अ. ९, सु. ६७२

जम्बूद्वीप नामक द्वीप में नौ योजन के मत्स्यों ने प्रवेश किया था, करते हैं और करेंगे।

पृ. ३४५

अोहेण वेलंधर णागरायाणं आवास पव्वयाणं परूवणं—

सामान्यतः वेलंधर नागराजों के आवास पर्वतों का प्ररूपण—

सूत्र ६४९ (ख)

जंबुद्दीवस्स णं दीवस्स बाहिरिल्लाओ वेइयंताओ चउद्दिसिं लवणसमुद्दं बायालीसं बायालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहेत्ता, एत्थ णं चउण्हं वेलंधर णागराईणं चत्तारि आवासपव्वया पण्णत्ता, तं जहा—

१. गोथूभे, २. उदओभासे,
३. संखे, ४. दगसीमे।

तत्थ णं चत्तारि देवा महिड्ढिया जाव पलिओवमट्ठिईया परिवसंति, तं जहा—

१. गोथूभे, २. सिवए,
३. संखे, ४. मणोसिलाए।

—ठाणं अ. ४, सु. ३०२

जम्बूद्वीप द्वीप की बाहरी वेदिका के अन्तिम भाग से चारों दिशाओं में लवणसमुद्र में बयालीस-बयालीस हजार योजन जाने पर वेलंधर नागराजों के चार आवास पर्वत कहे गए हैं, यथा—

१. गोस्तूप, २. उदकावभास,
३. शंख, ४. दकसीम।

उनमें पल्योपम की स्थिति वाले चार महर्धिक देव रहते हैं, यथा—

१. गोस्तूप, २. शिवक,
३. शंख, ४. मनःशिलाक।

पृ. ३५०

ओहेण अणुवेलंधर णागरायाणं आवास पव्वयाणं परूवणं–

सूत्र ६६५ (ख)

जंबुद्दीवस्स णं दीवस्स बाहिरिल्लाओ वेइयंताओ चउसु विदिसासु लवणसमुद्दं बायालीसं बायालीसं जोयणसहस्साइं ओगाहेत्ता, एत्थ णं चउण्हं अणुवेलंधर णागराईणं चत्तारि आवासपव्वया पण्णत्ता, तं जहा–

१. कक्कोडए, २. विज्जुप्पभे,
३. केलासे, ४. अरूणप्पभे।

तत्थं णं चत्तारि देवा महिड्ढिया जाव पलिओवमट्ठिईया परिवसंति, तं जहा–

१. कक्कोडए, २. कद्दमए,
३. केलासे, ४. अरूणप्पभे।

–ठाणं. अ. ४, सु. ३०२

सामान्यतः अनुवेलंधर नागराजों के आवास पर्वतों का प्ररूपण–

जम्बूद्वीप द्वीप की बाहरी वेदिका के अन्तिम भाग से चारों विदिशाओं में लवण समुद्र में बयालीस-बयालीस हजार योजन जाने पर अनुवेलंधर नागराजों के चार आवास पर्वत कहे गए हैं, यथा–

१. कर्कोटक, २. विद्युत्प्रभ,
३. कैलाश, ४. अरूणप्रभ।

उनमें पल्योपम की स्थिति वाले चार महर्धिक देव रहते हैं, यथा–

१. कर्कोटक, २. कर्दमक,
३. कैलाश, ४. अरूणप्रभ।

पृ. ३५२

महापायालाणं रयणप्पभा पुढवीए अंतरं परूवणं–

सूत्र ६७४ (ख)

वलयामुहस्स णं पायालस्स हेट्ठिल्लाओ चरिमंताओ इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए हेठिल्ले चरिमंते, एस णं एगूणासीइं जोयणसहस्साइं अबाहाए अंतरे पण्णत्ते।

एवं केउस्स वि, जूयस्स वि, ईसरस्स वि।

–सम. सम. ७९, सु. १-२

महापाताल कलशों का रत्नप्रभा पृथ्वी से अंतर का प्ररूपण–

वलयामुख पातालकलश के नीचे के चरमान्त से इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नीचे के चरमान्त का अबाधा अन्तर उन्नासी हजार योजन का कहा गया है।

इसी प्रकार केतु, यूपक और ईश्वर नामक महापाताल कलशों से भी अंतर जानना चाहिए।

पृ. ३६१

धायइसंडदीवे खेत्ताइ संखा परूवणं–

सूत्र ७०२ (ख)

धायसंडे णं दीवे–

दो भरहाइं, दो एरवयाइं, दो हेमवयाइं, दो हेरण्णवयाइं, दो हरिवासाइं, दो रम्मगवासाइं, दो पुव्वविदेहाइं, दो अवरविदेहाइं, दो देवकुराओ, दो देवकुरूमहद्दुमा, दो देवकुरूमहद्दुमवासी देवा, दो उत्तरकुराओ, दो उत्तरकुरूमहद्दुमा, दो उत्तरकुरूमहद्दुमवासी देवा। *–ठाणं. अ. २, सु. १००*

धातकीखण्ड द्वीप में क्षेत्रादि की संख्या का प्ररूपण–

धातकीखण्ड द्वीप में–

भरत, ऐरवत, हैमवत, हैरण्यवत, हरिवर्ष, रम्यक्वर्ष, पूर्वविदेह, अपरविदेह, देवकुरू, देवकुरूमहाद्रुम, देवकुरूमहाद्रुमवासी देव, उत्तरकुरू, उत्तरकुरूमहाद्रुम, उत्तरकुरूमहाद्रुमवासी देव दो-दो कहे गए हैं।

पृ. ३७४

मंडलिय पव्वया णं नामाणि–

सूत्र ७५१ (ख)

तओ मंडलिया पव्वया पण्णत्ता, तं जहा–

१. माणसुत्तरे, २. कुंडलवरे, ३. रूयगवरे।

–ठाणं. अ. ३, उ. ४, सु. २०५

मांडलिक पर्वतों के नाम–

मांडलिक पर्वत तीन कहे गए हैं, यथा–

१. मानुषोत्तर, २. कुण्डलवर, ३. रूचकवर।

पृ. ३७५

माणुसुत्तर पव्वयस्स बाहिरं चंदसूराणं अवट्ठिय जोग परूवणं–

सूत्र ७५३ (ख)

बहियाओ मणुस्सनगस्स चंदसूराणं अवट्ठिया जोगा।

मानुषोत्तर पर्वत के बाहर चन्द्र सूर्यों के अवस्थित योग का प्ररूपण–

मानुषोत्तर पर्वत के बाहर चन्द्र व सूर्य अवस्थित योग वाले हैं।

चंदा अभीइजुत्ता सूरा पुण होंति पुस्सेहिं।[1] ॥३२॥

–जीवा. पडि. ३, सु. १७७

पृ. ४१४

रूयगवर-कुंडलवरपव्वयाणं उव्वेहाइ परूवणं–

सूत्र ८४७ (ख)

रूयगवरे णं पव्वए दस जोयणसयाइं उव्वेहेणं,
मूले दस जोयणसहस्साइं विक्खंभेणं,
उवरिं दस जोयणसयाइं विक्खंभेणं पण्णत्ते।
एवं कुंडलवरे वि। *–ठाणं. अ. १०, सु. ७२५*

पृ. ४१६

बहुमच्छकच्छभाइण्णं समुद्दाणणामाणि–

सूत्र ८९४ (ख)

प. कइ णं भंते ! समुद्दा बहुमच्छकच्छभाइण्णा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! तओ समुद्दा बहुमच्छकच्छभाइण्णा पण्णता, तं जहा–
१. लवणे, २. कालोए, ३. सयंभूरमणे[2]।
अवसेसा समुद्दा अप्पमच्छकच्छभाइण्णा पण्णत्ता समणाउसो!
–जीवा. पडि. ३, सु. १८७

पृ. ४१९

दीवंत सागरंताणं फुसणा परूवणं–

सूत्र ९०४ (ख)

प. दीवंते भंते ! सागरंतं फुसइ ? सागरंते वि दीवंतं फुसइ ?

उ. हंता, गोयमा ! दीवंते सागरंतं फुसइ, सागरंते वि दिवंतं फुसइ जाव नियमा छद्दिसिं फुसइ।

एवं एएणं अभिलावेणं उदयंते, पोदंते, दूसंतं, छायंते, आतवंतं जाव नियमा छद्दिसिं फुसइ।

–विया. स. १, उ. ६, सु. ५-६

ज्योतिष्क निरूपण

पृ. ४२८

जोइसिय देवाणं वण्णगदार गाहाओ–

सूत्र ९२५ (ख)

१. हिट्ठिं,

चन्द्र अभिजित्नक्षत्र से और सूर्य पुष्यनक्षत्र से युक्त रहते हैं।

रूचकवर और कुण्डलवर पर्वतों के उद्वेध आदि का प्ररूपण–

रुचकवर पर्वत की गहराई एक हजार योजन की है।
मूल भाग में उसकी चौड़ाई दस हजार योजन की है।
ऊपर के भाग की चौड़ाई एक हजार योजन की कही गई है।
कुण्डलवर पर्वत का कथन रूचकवर पर्वत के समान जानना चाहिए।

मच्छ-कच्छभ आदि बहुल समुद्रों के नाम–

प्र. भंते ! कौन से समुद्र बहुत मत्स्य-कच्छपों से व्याप्त कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! तीन समुद्र बहुत मत्स्य-कच्छपों से व्याप्त कहे गए हैं, यथा–
१. लवण, २. कालोद, ३. स्वयंभूरमण समुद्र।
हे आयुष्मन् श्रमण ! शेष सब समुद्र अल्प मत्स्य-कच्छपों वाले कहे गए हैं।।

द्वीप सागरांत की स्पर्शना का परूपण–

प्र. भंते ! क्या द्वीप का अन्त (किनारा) समुद्र के अन्त को स्पर्श करता है और समुद्र का अन्त क्या द्वीप के अन्त को स्पर्श करता है ?

उ. हाँ, गौतम ! द्वीप का अन्त समुद्र के अंत को और समुद्र का अन्त द्वीप के अन्त को **यावत्** नियम से छहों दिशाओं को स्पर्श करता है।
इसी प्रकार इसी अभिलाप से पानी का किनारा पोत (नोका) के किनारे को और पोत का किनारा पानी के किनारे को, छेद का किनारा वस्त्र के किनारे को और वस्त्र का किनारा छेद के किनारे को, छाया का अन्त आतप (धूप) के अन्त को और आतप का अन्त छाया के अन्त को यावत् नियमपूर्वक छहों दिशाओं को स्पर्श करता है।

ज्योतिष्क देवों की वर्णक द्वार गाथाएँ–

१. अधस्तन–निचले, मध्य और ऊपरी क्षेत्र में स्थित तारा विमानों के देव,

---

१. सूरिय. पा. १९, सु. १००

२. ठाणं अ. ३, सु. १५७

२. ससि-परिवारो,
३. मन्दर बाहा तहेव,
४. लोगंते,
५. धरणितलाओ अबाधा,
६. अंतो बाहिं च उड्ढमुहे,
७. संठाणं च,
८. पमाणं,
९. वहंति,
१०. सीहगई,
११. इड्ढिमन्ता य,
१२. तारंतर
१३. अग्गमहिसी तुडिअ,
१४. पहु,
१५. ठिईअ,
१६. अप्पबहू। –*जंबू. वक्ख. ७, सु. १९६*

पृ. ४३१

जोइसिय विमाणाणं संखाइ परूवणं–

सूत्र ९२८ (ख)

प. केवइया णं भंते ! जोइसियविमाणावाससयसहस्सा पण्णत्ता ?
उ. गोयमा ! असंखेज्जा जोइसियविमाणावाससयसहस्सा पण्णत्ता।

प. ते णं भंते ! किं मया पण्णत्ता ?
उ. गोयमा ! सव्वफालिहामया अच्छा,
सेसं तं चेव। –*विया. स. १९, उ. ७, सु. ६-७*

२. चन्द्र परिवार,
३. मेरू से ज्योतिश्चक्र के अन्तर,
४. लोकान्त से ज्योतिश्चक्र के अन्तर,
५. भूतल से ज्योतिश्चक्र के अन्तर,
६. नक्षत्रों के अन्दर बाहर ऊर्ध्वमुखादि चलने,
७. ज्योतिष्क देवों के विमानों के संस्थान,
८. ज्योतिष्क देवों की संख्या,
९. चन्द्र आदि के वाहक देवों की संख्या,
१०. ज्योतिष्क देवों की शीघ्र मंद गति,
११. देवों की ऋद्धि,
१२. ताराओं का पारस्परिक अन्तर,
१३. ज्योतिष्क देवों की अग्रमहिषियाँ,
१४. देवियों के साथ भोग भोगने का सामर्थ्य,
१५. ज्योतिष्क देवों की स्थिति,
१६. ज्योतिष्क देवों का अल्पबहुत्व।

ज्योतिष्क विमानों की संख्यादि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! ज्योतिष्क देवों के विमानावास कितने लाख कहे गए हैं ?
उ. गौतम ! ज्योतिष्क देवों के विमानावास असंख्यात लाख कहे गए हैं।
प्र. भंते ! वे विमानावास किस वस्तु से निर्मित हैं ?
उ. गौतम ! वे विमानावास सर्वस्फटिकरत्नमय हैं और स्वच्छ हैं, शेष सब वर्णन पूर्ववत् समझना चाहिए।

पृ. ४३४

लवणसमुद्दे नक्खत्ताणं गहाण य संखा परूवणं–

सूत्र ९३२ (ख)

लवणे णं समुद्दे चत्तारि कत्तियाओ जाव चत्तारि भरणीओ।

चत्तारि अग्गी जाव चत्तारि जमा।
चत्तारि अंगारा जाव चत्तारि भावकेऊ।
–*ठाणं अ. ४, उ. २, सु. ३०३*

लवण समुद्र में नक्षत्रों और ग्रहों की संख्या का प्ररूपण–

लवण समुद्र में कृत्तिका से भरणी पर्यन्त चार-चार नक्षत्रों ने, चन्द्रमा के साथ योग किया था, करते हैं और करेंगे।
इन नक्षत्रों के अग्नि यावत् यम ये चार-चार देव हैं।
अंगार से भावकेतु पर्यन्त के सभी ग्रहों ने चार किया था, करते हैं और करेंगे।

पृ. ४३९

समयखेत्ते जोइसियाणं परूवणस्स उवसंहारो–

सूत्र ९३८ (ख)

एसो तारापिंडो सव्वसमासेणं मणुयलोगम्मि।
बहिया पुण ताराओ जिणेहिं भणिया असंखेज्जा ॥१॥

एवइयं तारग्गं जं भणियं माणुसम्मि लोगम्मि।
चारं कलंबयापुप्फसंठियं जोइसं चरइ[1] ॥२॥
–*जीवा. पडि. ३, सु. १७७*

समय क्षेत्र में ज्योतिष्कों के प्ररूपण का उपसंहार–

इस प्रकार मनुष्यलोक में तारापिण्ड पूर्वोक्त संख्याप्रमाण हैं।
मनुष्यलोक के बाहर तारापिण्डों का प्रमाण जिनेश्वर देवों ने असंख्यात कहा है।
मनुष्यलोक में जो पूर्वोक्त तारागणों का प्रमाम कहा गया है वे गति स्थान वाले होने से गतिशील हैं और कदम्ब के फूल के आकार के समान हैं।

१. सूरिय. पा. १९, सु. १००

पृ. ५५७

उत्तरायणगय सूरस्स मंडलांतर गई परूवणं–

सूत्र ५५६ (ख)

उत्तरायणगए णं सूरिए चउवीसंगुलियं पोरिसिछायं णिव्वत्तइत्ता णं णियट्टइत्ति। –सम. सम. २४, सु. ५

उत्तरायणगत सूर्य की मंडलांतर गति का प्ररूपण–

उत्तरायण में गया हुआ सूर्य चौबीस अंगुल वाली पौरुषी छाया करके कर्क संक्रांति के दिन सर्वाभ्यंतर मंडल से दूसरे मंडल में जाता है।

पृ. ५६२

चंद सूराणं परोप्परं अंतराई परूवणं–

सूत्र ५६ (ख)

चंदाओ सूरस्स य सूरा चंदस्स अंतरं होइ।
पन्नास सहस्साइं तु जोयणाणं अणूणाइं ॥२७॥

सूरस्स य सूरस्स य ससिणो ससिणो य अंतरं होइ।
वहियाओ मणुस्सनगस्स जोयणाणं सयसहस्सं ॥२८॥

सूरंतरिया चंदा चंदंतरिया य दिणयरा दित्ता।
चित्तंतरलेसागा सुहलेसा मंदलेसा य[1] ॥२९॥

–जीवा. पडि. ३, सु. ११७

चन्द्र और सूर्य का परस्पर अंतर आदि का प्ररूपण–

मानुषोत्तर पर्वत के बाहर चन्द्र से सूर्य का और सूर्य से चन्द्र का अन्तर पचास-पचास हजार योजन का है।

तथा सूर्य से सूर्य का और चन्द्र से चन्द्र का अन्तर एक लाख योजन का है।

चन्द्र का प्रकाश सूर्य से और सूर्य का प्रकाश चन्द्र से अंतरित होता है। इसलिए परस्पर प्रकाश को अंतरित होने से चन्द्र सूर्य की प्रभा सुहावनी व सुखरूप लगती है।

पृ. ५६८

चंद सूराणं तावक्खेत्तस्स वुड्ढिहाणी हेऊ परूवणं–

सूत्र ६१ (ख)

तेसिं पविसंताणं तावक्खेत्तं तु वड्ढए नियमा।
तेणेव कमेण पुणो परिहायई निक्खमंताणं ॥१४॥

–जीवा. पडि. ३, सु. १७७ (३)

चन्द्र सूर्यों के तापक्षेत्र की वृद्धि हानि के हेतु का प्ररूपणं–

सर्वबाह्यमण्डल से आभ्यन्तरमण्डल में प्रवेश करते हुए सूर्य और चन्द्रमा का तापक्षेत्र प्रतिदिन नियमतः आयाम की अपेक्षा बढ़ता जाता है और जिस क्रम से वह बढ़ता है उसी क्रम से सर्वाभ्यन्तरमण्डल से बाहर निकलने वाले सूर्य और चन्द्रमा का तापक्षेत्र क्रमशः घटता जाता है।

पृ. ५७९

जंबुद्दीवस्स सूराणं सूरदीवाणं परूवणं–

सूत्र ६८ (ख)

प. कहि णं भंते ! जंबुद्दीवगाणं सूराणं सूरदीवा णामं दीवा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पच्चत्थिमेणं लवणसमुद्दं बारसजोयणसहस्साइं ओगाहित्ता।

तं चेव उच्चत्तं, आयामविक्खंभेणं, परिक्खेवो, वेदिया, वनसंडो, भूमिभागा जाव आसयंति, पासायवडेंसगाणं तं चेव पमाणं मणिपेढिया सीहासणा सपरिवारा।

अट्ठो उप्पलाइं सूरप्पभाइं सूरा एत्थ देवा जाव रायहाणीओ सगाणं दीवाणं पच्चत्थिमेणं अण्णम्मि जंबुद्दीवे दीवे।

जम्बूद्वीप के सूर्यों के सूर्य द्वीपों का प्ररूपण–

प्र. भंते ! जम्बूद्वीप के सूर्यों के सूर्यद्वीप नामक द्वीप कहाँ कहे गए हैं?

उ. गौतम ! जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत के पश्चिम में लवणसमुद्र में बारह हजार योजन आगे जाने पर जम्बूद्वीप के सूर्यों के सूर्यद्वीप हैं।

उनका उच्चत्व, आयाम-विष्कंभ, परिधि, वेदिका, वनखंड, भूमिभाग यावत् देव देवियों का बैठना-उठना, प्रसादावतंसक, उनका प्रमाण, मणिपीठिका, सपरिवार सिंहासन आदि का वर्णन चन्द्रद्वीप की तरह कहना चाहिए।

(भंते ! सूर्यद्वीप क्यों कहलाते हैं) (गौतम !) उन द्वीपों की बावड़ियों आदि में सूर्य के समान वर्ण और आकृति वाले बहुत सारे उत्पल आदि कमल हैं, इसलिए वे सूर्यद्वीप कहलाते हैं यावत् इनकी राजधानियाँ अपने-अपने द्वीपों से पश्चिम में अन्य जम्बूद्वीप में हैं।

---

१. सूरिय. पा. १९, सु. १००

सेसं तं चेव जाव सूरा देवा। –जीवा. पडि. ३, सु. १६२

शेष वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए।
वहाँ सूर्य नामक महर्धिक देव रहते हैं पर्यन्त जानना चाहिए।

पृ. ५९७

णक्खत्ताणं वण्णगदार गाहा–

नक्षत्रों की वर्णक द्वार गाथा–

सूत्र ८८ (क)

१. जोगो,
२. देव य,
३. तारग्ग,
४. गोत्त,
५. संठाण,
६. चंद-रवि-जोगा।
७. कुल,
८. पुण्णिम अवमंसा य,
९. सण्णिवाए,
१०. अणेता य ॥१॥ –जंबू. वक्ख. ७, सु. १८८

१. **योग**–अट्ठाईस नक्षत्रों में कौन-सा नक्षत्र चन्द्रमा के साथ दक्षिणयोगी है, कौन-सा नक्षत्र उत्तरयोगी है इत्यादि दिशायोग,
२. **देवता**–नक्षत्रों का देवता,
३. **ताराग्र**–नक्षत्रों का तारा परिमाण,
४. **गोत्र**–नक्षत्रों के गोत्र,
५. **संस्थान**–नक्षत्रों के आकार,
६. **चन्द्र-रवि-योग**–नक्षत्रों का चन्द्रमा और सूर्य के साथ योग,
७. **कुल**–कुलसंज्ञक, उपकुलसंज्ञक तथा कुलोपकुलसंज्ञक नक्षत्रों के नाम,
८. **पूर्णिमा-अमावस्या**–पूर्णिमाओं और अमावस्याओं की संख्या,
९. **सन्निपात**–पूर्णिमाओं तथा अमावस्याओं की अपेक्षा से नक्षत्रों का संबंध,
१०. **नेता**–मास समापक नक्षत्रों के नाम इन सबका यहाँ वर्णन है।

पृ. ६५४

तारारूवाणं चलण हेऊ–

तारा रूपों के चलित होने के हेतु–

सूत्र १२८ (ख)

तिहिं ठाणेहिं तारारूवे चलेज्जा, तं जहा–
१. विकुव्वमाणे वा, २. परियारेमाणे वा,
३. ठाणाओ वा ठाणं संकममाणे-तारारूवे चलेज्जा।
–ठाणं. अ. ३, उ. १, सु. १४१

तीन कारणों से तारे चलित होते हैं, यथा–
१. वैक्रिय रूप करते हुए, २. परिचारणा करते हुए,
३. एक स्थान से दूसरे स्थान में संक्रमण करते हुए तारे चलित होते हैं।

ऊर्ध्वलोक

पृ. ६५७

उड्ढलोय खेत्ताणुपुव्विस्स परूवणं–

ऊर्ध्वलोक क्षेत्रानुपूर्वी का परूपण–

सूत्र ५ (ख)

उड्ढलोगखेत्ताणुपुव्वी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. पुव्वाणुपुव्वी, २. पच्छाणुपुव्वी, ३. अणाणुपुव्वी।
प. से किं तं पुव्वाणुपुव्वी?
उ. पुव्वाणुपुव्वी–१. सोहम्मे, २. ईसाणे, ३. सणंकुमारे, ४. माहिंदे, ५. बंभलोए, ६. लंतए, ७. महासुक्के, ८. सहस्सारे, ९. आणए, १०. पाणए, ११. आरणे, १२. अच्चुए, १३. गेवेज्जविमाणा, १४. अणुत्तरविमाणा, १५. ईसिपब्भारा।

से तं पुव्वाणुपुव्वी।

ऊर्ध्वलोक क्षेत्रानुपूर्वी तीन प्रकार की कही गई है, यथा–
१. पूर्वानुपूर्वी, २. पश्चानुपूर्वी, ३. अनानुपूर्वी।
प्र. ऊर्ध्वलोक क्षेत्रपूर्वानुपूर्वी का क्या स्वरूप है?
उ. ऊर्ध्वलोक क्षेत्र पूर्वानुपूर्वी का स्वरूप इस प्रकार है–
१. सौधर्म, २. ईशान, ३. सनत्कुमार, ४. माहेन्द्र, ५. ब्रह्मलोक, ६. लान्तक, ७. महाशुक्र, ८. सहस्रार, ९. आनत, १०. प्राणत, ११. आरण, १२. अच्युत, १३. ग्रैवेयकविमान, १४. अनुत्तरविमान, १५. ईषत्-प्राग्भारापृथ्वी।
इस क्रम से ऊर्ध्वलोक के क्षेत्रों का कथन करने को ऊर्ध्वलोक क्षेत्र पूर्वानुपूर्वी कहते हैं।

प. से किं तं पच्छाणुपुव्वी ?

उ. पच्छाणुपुव्वी ईसिपब्भारा **जाव सोहम्मेकप्पे।**
से तं पच्छाणुपुव्वी।

प. से किं तं अणाणुपुव्वी ?

उ. अणाणुपुव्वी एयाए चेव एगादियाए एगुत्तरियाए पण्णरसगच्छगयाए सेढीए अण्णमण्णब्भासो दुरूवूणो।

से तं अणाणुपुव्वी। *–अणु. सु. १७२-१७५*

पृ. ६५८

वेमाणिय विमाणाणं संखाइ परूवणं–

सूत्र ६ (ख)

प. सोहम्मे णं भंते ! कप्पे केवइया विमाणावाससयसहस्सा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! बत्तीसं विमाणावाससयसहस्सा पण्णत्ता।

प. ते णं भंते ! किं मया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! सव्वरयणामया अच्छा, **सेसं तं चेव।**

एवं जाव **अणुत्तरविमाणा।**

णवरं–जाणियव्वा जत्तिया भवणा विमाणा वा।
–विया स. १९, उ. ७, सु. ८-१०

वैमानिक विमानों की संख्या आदि का प्ररूपण–

प्र. भंते ! सौधर्म कल्प में कितने लाख विमानावास कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! उसमें बत्तीस लाख विमानावास कहे गए हैं।

प्र. भंते ! वे विमानावास किस वस्तु से निर्मित हैं ?

उ. गौतम ! वे सर्वरत्नमय हैं और स्वच्छ हैं, **शेष सब वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए।**

इसी प्रकार (सौधर्म कल्प से) अनुत्तरविमान पर्यन्त कहना चाहिए।

विशेष–जहाँ जितने भवन या विमान हों उतने कहने चाहिए।

पृ. ६५९

कप्पोववन्नग वेमाणिय देवाणं इंदा–

सूत्र ७ (ख)

सोहम्मीसाणेसु णं कप्पेसु दो इंदा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सक्के चेव, २. ईसाणे चेव।

सणंकुमार माहिंदेसु कप्पेसु दो इंदा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सणंकुमारे चेव, २. माहिंदे चेव।

बंभलोग-लंतएसु णं कप्पेसु दो इंदा पण्णत्ता, तं जहा–

१. बंभे चेव, २. लंतए चेव।

महासुक्क-सहस्सारेसु णं कप्पेसु दो इंदा पण्णत्ता, तं जहा–

१. महासुक्के चेव, २. सहस्सारे चेव।

आणय-पाणय आरण-अच्चुएसु णं कप्पेसु दो इंदा पण्णत्ता, तं जहा–

१. पाणए चेव, २. अच्चुए चेव। *–ठाणं अ. २, सु. १०४*

कल्पोपपन्नक वैमानिक देवों के इन्द्र–

सौधर्म और ईशान कल्प के दो इन्द्र कहे गए हैं, यथा–

१. शक्र, २. ईशान।

सनत्कुमार और माहेन्द्र कल्प के दो इन्द्र कहे गए हैं, यथा–

१. सनत्कुमार, २. माहेन्द्र।

ब्रह्मलोक और लान्तक कल्प के दो इन्द्र कहे गए हैं, यथा–

१. ब्रह्म २. लान्तक।

महाशुक्र और सहस्रार कल्प के दो इन्द्र कहे गए हैं, यथा–

१. महाशुक्र, २. सहस्रार।

आनत और प्राणत तथा आरण और अच्युत कल्प के दो इन्द्र कहे गए हैं, यथा–

१. प्राणत, २. अच्युत।

पृ. ६६०

सोहम्मे कप्पे सुहम्माए सभाए जिणसकहाओ अवट्ठिइ–

सूत्र ८ (ख)

सोहम्मे कप्पे सुहम्माए सभाए माणवए चेइयखंभे हेट्ठा उवरिं च अद्धतेरस जोयणाणि वज्जेत्ता मज्झे पणतीसं जोयणेसु वइरामएसु गोलवट्ट समुग्गएसु जिणसकहाओ पण्णत्ताओ। *–सम. सम. ३५*

सौधर्म कल्प की सुधर्मा सभा में जिनअस्थियों की अवस्थिति–

सौधर्म कल्प की सुधर्मा सभा में माणवक नामक चैत्यस्तंभ के नीचे और ऊपर के साढ़े बारह-साढ़े बारह योजन क्षेत्र को छोड़कर मध्य के पैंतीस योजन में वज्रमय गोलवृत्त वर्तुलाकार डिब्बों में जिनेश्वर देवों की अस्थियाँ कही गई हैं।

पृ. ६६९

सोहम्मीसाणाई कप्पाणं अहे गेहाईणं अभावं बलाहयाईण भाव य परूवणं–

सौधर्म-ईशानादि कल्पों के नीचे गृहादिकों का अभाव बलाहकादिकों के भाव का प्ररूपण–

सूत्र २८ (ख)

प. अत्थि णं भंते ! सोहम्मीसाणाणं कप्पाणं अहे गेहा इ वा, गेहावणा इ वा ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. अत्थि णं भंते ! सोहम्मीसाणाणं कप्पाणं अहे उराला बलाहया ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।
देवो पकरेइ, असुरो वि पकरेइ, नो नाओ पकरेइ।

एवं थणियसद्दे वि।

प. अत्थि णं भंते ! सोहम्मीसाणाणं कप्पाणं अहे बायरे पुढविकाइए, बायरे अगणिकाए ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे, नऽन्नत्थ विग्गहगइसमावन्नएणं।

प. अत्थि णं भंते ! चंदिम-सूरिय-गहगण-नक्खत्त-तारारूवा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. अत्थि णं भंते ! गामाइ वा **जाव** सण्णिवेसाइ वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. अत्थि णं भंते ! चंदाभा इ वा, सूराभा इ वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
एवं सणंकुमार माहिंदेसु,

णवरं–देवो एगो पकरेइ।
एवं बंभलोए वि।
एवं बंभलोगस्स उवरिं सव्वेहिं देवो पकरेइ।

पुच्छियव्वे य बायरे आउकाए, बायरे तेउकाए, बायरे वणस्सइकाइए।
अन्नं तं चेव।
गाहा–तमुकाए कप्पपणए अगणी पुढवी य, अगणि पुढवीसु।
आऊ तेउ वणस्सइ कप्पुवरिम कण्हराईसु॥
–विया. स. ६, उ. ८, सु. १५-२६

प्र. भंते ! क्या सौधर्म और ईशान कल्पों के नीचे गृह या गृहापण हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! क्या सौधर्म और ईशान देवलोकों के नीचे उदार बलाहक (महामेघ) हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! (वहाँ महामेघ हैं)।
(सौधर्म और ईशान देवलोक के नीचे पूर्वोक्त ये कार्य बादलों का छाना, मेघ उमड़ना, वर्षा बरसाना आदि) **देव करते हैं, असुर भी करते हैं, किन्तु नागकुमार नहीं करते।**
इसी प्रकार वहाँ स्तनित शब्द के लिए भी कहना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या सौधर्म और ईशान देवलोक के नीचे बादर पृथ्वीकायिक और बादर अग्निकाय हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, यह निषेध विग्रहगति समापन्नक जीवों के सिवाय दूसरे जीवों के लिए जानना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या वहाँ चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और तारारूप हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! क्या वहाँ ग्राम **यावत्** सन्निवेश हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! क्या वहाँ चन्द्रप्रभा और सूर्यप्रभा है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
इसी प्रकार सनत्कुमार और माहेन्द्र देवलोकों के लिए भी कहना चाहिए।
विशेष–वहाँ (यह सब) सिर्फ देव ही करते हैं।
इसी प्रकार ब्रह्मलोक (पंचम देवलोक) में भी कहना चाहिए।
इसी प्रकार ब्रह्मलोक से ऊपर के सभी देवलोकों में पूर्वोक्त कथन करना चाहिए और (यह सब) सिर्फ देव ही करते हैं।
इसी प्रकार बादर अप्काय, बादर अग्निकाय और बादर वनस्पतिकाय के लिए प्रश्न करने चाहिए तथा
पूर्ववत् सब कथन करना चाहिए।
गाथार्थ–तमस्काय और पाँच देवलोकों में अग्निकाय और पृथ्वीकाय के सम्बन्ध में रत्नप्रभा आदि नरकपृथ्वियों में अग्निकाय के सम्बन्ध में पाँचवें देवलोक से ऊपर सब स्थानों में तथा कृष्णराजियों में अप्काय, तेजस्काय और वनस्पतिकाय के सम्बन्ध में प्रश्न करने चाहिए।

पृ. ६८७

सोत्थियाइ वेमाणिय देव विमाणाणं आयाम-विक्खंभ महालयत्त य परूवणं–

स्वस्तिक आदि वैमानिक देव विमानों के आयाम-विष्कंभ और विशालता का प्ररूपण–

सूत्र. ७४ (ख)

प. अत्थि णं भंते ! विमाणाइं सोत्थियाणि, सोत्थियावत्ताइं, सोत्थियपभाइं, सोत्थियकन्ताइं, सोत्थियवन्नाइं,

प्र. भंते ! क्या स्वस्तिक, स्वस्तिकावर्त, स्वस्तिकप्रभ, स्वस्तिककान्त, स्वस्तिकवर्ण, स्वस्तिकलेश्य,

सोत्थियलेसाइं, सोत्थियज्झयाइं, सोत्थियसिंगाराइं, सोत्थियकूडाइं, सोत्थियसिट्ठाइं सोत्थियउत्तरवडिंसगाइं ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. ते णं भंते ! विमाणा केमहालया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जावइए णं सूरिए उदेइ जावइएणं य सूरिए अत्थमइ एवइया तिण्णोवासंतराइं अत्थेगइयस्स देवस्स एक्के विक्कमे सिया। से णं देवे ताए उक्किट्ठाए तुरियाए जाव दिव्वाए देवगइए वीइवयमाणे वीइवयमाणे जाव एगाहं वा दुयाहं वा उक्कोसेणं छम्मासा वीइवएज्जा, अत्थेगइया विमाणं वीइवएज्जा, अत्थेगइया विमाणं नो वीइवएज्जा, एमहालया णं गोयमा ! ते विमाणा पण्णत्ता।

प. अत्थि णं भंते ! विमाणाइं अच्चीणि अच्चिरावत्ताइं तहेव जाव अच्चुत्तरवडिंसगाइं ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

प. ते णं भंते ! विमाणा केमहालया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! एवं जहा सोत्थियाईणि।

णवरं–एवइयाइं पंच उवासंतराइं अत्थेगइयस्स देवस्स एगे विक्कमे सिया।

सेसं तं चेव।

प. अत्थि णं भंते ! विमाणाइं कामाइं कामावत्ताइं जाव कामुत्तरवडिंसगाइं ?

उ. हंता, अत्थि।

प. ते णं भंते ! विमाणा केमहालया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहा सोत्थियाईणि।

णवरं–सत्त उवासंतराइं विक्कमे।

सेसं तहेव।

प. अत्थि णं भंते ! विमाणाइं विजयाइं वेजयंताइं जयंताइं अपराजियाइं ?

उ. हंता, अत्थि।

प. ते णं भंते ! विमाणा केमहालया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जावइए सूरिए उदेह एवइयाइं नव ओवासंतराइं,

सेसं तं चेव, जाव नो चेव णं ते विमाणे वीइवएज्जा एमहालयाणं विमाणा पण्णत्ता, समणाउसो !

–जीवा. पडि. ३, सु. ९९

स्वस्तिकध्वज, स्वस्तिकशृंगार, स्वस्तिककूट, स्वस्तिकशिष्ट और स्वस्तिकोत्तरावतंसक नाम वाले विमान हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! हैं।

प्र. भंते ! वे विमान कितने बड़े कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जितनी दूरी से सूर्य उदित होता हुआ अस्त होता हुआ दिखाई देता है उतना एक अवकाशान्तर है ऐसे तीन अवकाशान्तरप्रमाण क्षेत्र किसी देव का एक विक्रम (पदन्यास) हो और वह देव उस उत्कृष्ट, त्वरित यावत् दिव्य देवगति से चलता हुआ यावत् एक दिन, दो दिन उत्कृष्ट छह मास तक चलता जाए तो किसी विमान का तो पार पा सकता है और किसी विमान का पार नहीं पा सकता है। हे गौतम ! इतने बड़े वे विमान कहे गये हैं।

प्र. भंते ! क्या अर्चि, अर्चिरावर्त यावत् अर्चिरूत्तरावतंसक नाम वाले विमान हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! हैं।

प्र. भंते ! वे विमान कितने बड़े कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! **जैसा कथन स्वस्तिक आदि विमानों का किया है वैसा ही यहाँ करना चाहिए।**

विशेष–यहाँ पाँच अवकाशान्तर प्रमाण-क्षेत्र किसी देव का एक पदन्यास (एक विक्रम) कहना चाहिए।

शेष सब कथन पूर्ववत् है।

प्र. भंते ! क्या काम, कामावर्त यावत् कामोत्तरावतंसक नाम वाले विमान हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! हैं।

प्र. भंते ! वे विमान कितने बड़े कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! **जैसा कथन स्वस्तिकादि विमानों का किया है वैसा ही यहाँ करना चाहिए।**

विशेष–यहाँ वैसे सात अवकाशान्तर प्रमाण-क्षेत्र किसी देव का विक्रम (पदन्यास) कहना चाहिए।

शेष सब कथन पूर्ववत् है।

प्र. भंते ! क्या विजय, वैजयंत, जयंत और अपराजित नाम के विमान हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! हैं।

प्र. भंते ! वे विमान कितने बड़े कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! जितनी दूरी से सूर्य दिखाई देता है इत्यादि एक अवकाशान्तर की तरह नौ अवकाशान्तर प्रमाण क्षेत्र किसी एक देव का एक पदन्यास कहना चाहिए।

शेष कथन पूर्ववत् है यावत् किन्हीं विमानों के पार नहीं पहुँच सकता है। हे आयुष्मन् श्रमण ! इतने बड़े विमान कहे गये हैं।

काल लोक

पृ. ६९१

कालाणुपुव्विस्स भेयप्पभेया–

सूत्र १ (ख)

प. से किं तं कालाणुपुव्वी ?

कालानुपूर्वी के भेद-प्रभेद–

प्र. कालानुपूर्वी का क्या स्वरूप है ?

उ. कालाणुपुव्वी दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. ओवणिहिया य, २. अणोवणिहिया य।
तत्थ णं जा सा ओवणिहिया सा ठप्पा।
तत्थ णं जा सा अणोवणिहिया सा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. णेगम-ववहाराणं, २. संगहस्स य।
–अणु. सु. १८०-१८२

उ. कालानुपूर्वी दो प्रकार की कही गई है, यथा–
१. औपनिधिकी, २. अनौपनिधिकी।
इनमें से औपनिधिकी कालानुपूर्वी अविवेचनीय है।
अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी दो प्रकार की कही गई है, यथा–
१. नैगम-व्यवहारनयसम्मत, २. संग्रहनयसम्मत।

णेगम-ववहारनय सम्मया अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी–

सूत्र १ (ग)

प. से किं तं णेगम-ववहाराणं अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी ?

उ. णेगम-ववहाराणं अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी-पंचविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. अट्ठपयपरूवणया, २. भंगसमुक्कित्तणया,
३. भंगोवदंसणया, ४. समोयारे,
५. अणुगमे।

प. से किं तं णेगम-ववहाराणं अट्ठपयपरूवणया ?

उ. णेगम-ववहाराणं अट्ठपयपरूवणया–

तिसमयट्ठिईए आणुपुव्वी **जाव** दससमयट्ठिईए आणुपुव्वी, संखेज्जसमयट्ठिईए आणुपुव्वी,

असंखेज्जसमयट्ठिईए आणुपुव्वी,
एगसमयट्ठिईए अणाणुपुव्वी,
दुसमयट्ठिईए अवत्तव्वए,
तिसमयट्ठिईयाओ आणुपुव्वीओ **जाव** असंखेज्जसमयट्ठिईयाओ आणुपुव्वीओ।
एगसमयट्ठिईयाओ अणाणुपुव्वीओ,
दुसमयट्ठिईयाइं अवत्तव्वयाइं।
से तं णेगम-ववहाराणं अट्ठपयपरूवणया।

प. एयाए णं णेगम-ववहाराणं अट्ठपयपरूवणयाए किं पओयणं ?

उ. एयाए णं णेगम-ववहाराणं अट्ठपयपरूवणयाए भंगसमुक्कित्तणया कज्जइ।

प. से किं तं णेगम-ववहाराणं भंगसमुक्कित्तणया ?

उ. णेगम-ववहाराणं भंगसमुक्कित्तणया–

अत्थि आणुपुव्वी, अत्थि अणाणुपुव्वी, अत्थि अवत्तव्वए।
एवं दव्वाणुपुव्वीगमेणं कालाणुपुव्वीए वि ते चेव छव्वीसं भंगा भाणियव्वा।
से तं णेगम-ववहाराणं भंगसमुक्कित्तणया।

प. एयाए णं णेगम-ववहाराणं भंगसमुक्कित्तणयाए किं पओयणं ?

उ. एयाए णं णेगम-ववहाराणं भंगसमुक्कित्तणयाए भंगोवदंसणया कज्जइ।

नैगम-व्यवहारनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी–

प्र. नैगम-व्यवहारनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी का क्या स्वरूप है ?

उ. नैगम-व्यवहारनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी पाँच प्रकार की कही गई है, यथा–
१. अर्थपदप्ररूपणता, २. भंगसमुत्कीर्तनता,
३. भंगोपदर्शनता, ४. समवतार,
५. अनुगम।

प्र. नैगम-व्यवहारनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणता का क्या स्वरूप है ?

उ. नैगम-व्यवहारनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणता का स्वरूप इस प्रकार है–
तीन समय की स्थिति वाला द्रव्य आनुपूर्वी है **यावत्** दस समय की स्थिति वाला द्रव्य आनुपूर्वी है, संख्यात समय की स्थिति वाला द्रव्य आनुपूर्वी है,
असंख्यात समय की स्थिति वाला द्रव्य आनुपूर्वी है,
एक समय की स्थिति वाला द्रव्य अनानुपूर्वी है,
दो समय की स्थिति वाला द्रव्य अवक्तव्य है,
तीन समय की स्थिति वाले द्रव्य आनुपूर्वी हैं **यावत्** असंख्यात समय की स्थिति वाले द्रव्य आनुपूर्वी हैं,
एक समय की स्थिति वाले द्रव्य अनानुपूर्वी हैं,
दो समय की स्थिति वाले द्रव्य अवक्तव्य हैं,
यह नैगम-व्यवहारनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणता का स्वरूप है।

प्र. इस नैगम-व्यवहारनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणा का क्या प्रयोजन है ?

उ. इस नैगम-व्यवहारनयसम्मत अर्थपदप्ररूपण के द्वारा भंगसमुत्कीर्तनता की जाती है।

प्र. नैगम-व्यहारनयसम्मत भंगसमुत्कीर्तनता का क्या स्वरूप है ?

उ. नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंगसमुत्कीर्तनता का स्वरूप इस प्रकार है–
आनुपूर्वी है, अनानुपूर्वी है, अवक्तव्य है।
इसी प्रकार द्रव्यानुपूर्वीवत् कालानुपूर्वी के भी २६ भंग जानना चाहिए।
यह नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंगसमुत्कीर्तनता का स्वरूप है।

प्र. इस नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंगसमुत्कीर्तनता का क्या प्रयोजन है ?

उ. इस नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंगसमुत्कीर्तनता से भंगोपदर्शनता की जाती है।

प. से किं तं णेगम-ववहाराणं भंगोवदंसणया ?

उ. णेगम-ववहाराणं भंगोवदंसणया–

१. तिसमयट्ठिईए आणुपुव्वी,
२. एगसमयट्ठिईए अणाणुपुव्वी,
३. दुसमयट्ठिईए अवत्तव्वए,
४. तिसमयट्ठिईयाओ आणुपुव्वीओ,
५. एगसमयट्ठिईयाओ अणाणुपुव्वीओ,
६. दुसमयट्ठिईयाइं अवत्तव्वयाइं।

एवं दव्वाणुपुव्वीगमेणं ते चेव छव्वीसं भंगा भाणियव्वा।

से तं णेगम-ववहाराणं भंगोवदंसणया।

प. णेगम-ववहाराणं आणुपुव्वीदव्वाइं कहिं समोयरंति ?

उ. तिण्णि वि सट्ठाणे-सट्ठाणे समोयरंति त्ति भाणियव्वं।
से तं समोयारे।

प. से किं तं अणुगमे ?

उ. अणुगमे-णवविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. संतपयपरूवणया, २. दव्वपमाणं, ३. च खेत्त, ४. फुसणा य, ५. कालो, ६. य अंतरं, ७. भाग, ८. भाव, ९. अप्पाबहुं चेव ॥१०॥

प. णेगम-ववहाराणं आणुपुव्वीदव्वाइं किं अत्थि णत्थि ?

उ. नियमा तिण्णि वि अत्थि।

प. णेगम-ववहाराणं आणुपुव्विदव्वाइं किं संखेज्जाइं असंखेज्जाइं अणंताइं ?

उ. तिण्णि वि नो संखेज्जाइं, असंखेज्जाइं, नो अणंताइं।

प. णेगम-ववहाराणं आणुपुव्वीदव्वाइं लोगस्स किं संखेज्जइभागे होज्जा, असंखेज्जइभागे होज्जा, संखेज्जेसु वा भागेसु होज्जा, असंखेज्जेसु वा भागेसु होज्जा, सव्वलोए होज्जा ?

उ. एगदव्वं पडुच्च लोगस्स संखेज्जइभागे वा होज्जा, असंखेज्जइभागे वा होज्जा, संखेज्जेसु वा भागेसु होज्जा, असंखेज्जेसु वा भागेसु होज्जा, देसूणे वा लोए होज्जा।
नाणादव्वाइं पडुच्च नियमा सव्वलोए होज्जा।
एवं अणाणुपुव्वी अवत्तव्वयदव्वाणि भाणियव्वाणि जहा णेगम ववहाराणं खेत्ताणुपुव्वीए एवं फुसणा वि भाणियव्वा।

प. १. णेगम-ववहाराणं आणुपुव्वीदव्वाइं कालओ केवचिरं होइ ?

उ. एगं दव्वं पडुच्च-जहण्णेणं तिण्णि समया, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं।
नाणादव्वाइं पडुच्च सव्वद्धा।

प. २. णेगम-ववहाराणं अणाणुपुव्वीदव्वाइं कालओ केवचिरं होइ ?

प्र. नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंगोपदर्शनता का क्या स्वरूप है ?

उ. नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंगोपदर्शनता का स्वरूप इस प्रकार है–
१. तीन समय की स्थिति वाला द्रव्य आनुपूर्वी है,
२. एक समय की स्थिति वाला द्रव्य अनानुपूर्वी है,
३. दो समय की स्थिति वाला द्रव्य अवक्तव्य है।
४. तीन समय की स्थिति वाले द्रव्य आनुपूर्वी हैं।
५. एक समय की स्थिति वाले द्रव्य अनानुपूर्वी हैं।
६. दो समय की स्थिति वाले द्रव्य अवक्तव्य हैं।

इस प्रकार द्रव्यानुपूर्वी के समान यहाँ भी छब्बीस भंग जानने चाहिए।

यह नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंगोपदर्शनता का स्वरूप है।

प्र. नैगम-व्यवहारनयसम्मत आनुपूर्वी द्रव्यों का कहाँ समवतार होता है ?

उ. तीनों स्व-स्व स्थान में समवतरित जानने चाहिए।
यह समवतार का स्वरूप है।

प्र. अनुगम का क्या स्वरूप है ?

उ. अनुगम नौ प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. सतपदप्ररूपणता, २. द्रव्यप्रमाण, ३. क्षेत्र, ४. स्पर्शना, ५. काल, ६. अन्तर, ७. भाग, ८. भाव, ९. अल्पबहुत्व।

प्र. नैगम-व्यवहारनयसम्मत आनुपूर्वी द्रव्य हैं या नहीं हैं ?

उ. नियमतः ये तीनों द्रव्य हैं।

प्र. नैगम-व्यवहारनयसम्मत आनुपूर्वी आदि द्रव्य संख्यात हैं, असंख्यात हैं या अनन्त हैं ?

उ. तीनों द्रव्य संख्यात और अनन्त नहीं हैं, परन्तु असंख्यात हैं।

प्र. नैगम और व्यवहारनयसम्मत आनुपूर्वी द्रव्य क्या लोक के संख्यातवें भाग में, असंख्यातवें भाग में, संख्यातवें भागों में, असंख्यातवें भागों में या सम्पूर्ण लोक में रहते हैं ?

उ. एक द्रव्य की अपेक्षा लोक के संख्यातवें भाग में, असंख्यातवें भाग में, संख्यात भागों में, असंख्यात भागों में या देशऊन (कुछ कम) लोक में रहते हैं।
अनेक द्रव्यों की अपेक्षा निश्चित रूप से सम्पूर्ण लोक में रहते हैं।
जिस प्रकार नैगम और व्यवहारनय की अपेक्षा क्षेत्रानुपूर्वी का कथन किया है, इसी प्रकार अनानुपूर्वी और अवक्तव्य द्रव्यों के लिए भी कहना चाहिए।
इसी प्रकार स्पर्शना के लिए भी जानना चाहिए।

प्र. १. नैगम-व्यवहारनयसम्मत आनुपूर्वी द्रव्य कितने काल तक रहते हैं ?

उ. एक आनुपूर्वी द्रव्य की अपेक्षा जघन्य स्थिति तीन समय की उत्कृष्ट स्थिति असंख्यात काल की है।
अनेक आनुपूर्वी द्रव्यों की अपेक्षा स्थिति सर्वकालिक है।

प्र. २. नैगम-व्यवहारनयसम्मत अनानुपूर्वी द्रव्य कितने काल तक रहते हैं ?

उ. एगदव्वं पडुच्च-अजहण्णमणुक्कोसेणं एक्कं समयं,
नाणादव्वाइं पडुच्च सव्वद्धा।

प्र. ३. णेगम-ववहाराणं अवत्तव्वयदव्वाइं कालओ केवचिरं होइ?

उ. एगं दव्वं पडुच्च अजहण्णमणुक्कोसेणं दो समया,
नाणादव्वाइं पडुच्च सव्वद्धा।

प्र. १. णेगम-ववहाराणं आणुपुव्विदव्वाणमंतरं कालओ केवचिरं होइ?

उ. एगं दव्वं पडुच्च-जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं दो समया,

नाणादव्वाइं पडुच्च नत्थि अंतरं।

प्र. २. णेगम-ववहाराणं अणाणुपुव्विदव्वाणमंतरं कालओ केवचिरं होइ?

उ. एगं दव्वं पडुच्च-जहण्णेणं दो समया, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं,
नाणादव्वाइं पडुच्च णत्थि अंतरं।

प्र. ३. णेगम-ववहाराणं अवत्तव्वगदव्वाणं अंतरं कालओ केवचिरं होइ?

उ. एगं दव्वं पडुच्च-जहण्णेणं एगं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं,
नाणादव्वाइं पडुच्च-णत्थि अंतरं।

प्र. णेगम-ववहाराणं आणुपुव्विदव्वाइं सेसदव्वाणं कइभागे होज्जा?

उ. **जहेव खेत्ताणुपुव्वीए।**
भावो वि तहेव अप्पाबहुं पि तहेव नेयव्वं।

से तं अणुगमे।
से तं णेगम-ववहाराणं अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी।

–अणु सु. १८३-१९८

संगहणय सम्मय अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी–

सूत्र १ (घ)

प्र. से किं तं संगहस्स अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी?

उ. संगहस्स अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी-पंचविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. अट्ठपयपरूवणया, २. भंगसमुक्कित्तणया,
३. भंगोवदंसणया, ४. समोयारे, ५. अणुगमे।

प्र. से किं तं संगहस्स अट्ठपयपरूवणया?

उ. **संगहस्स अट्ठपयपरूवणयाइ पंच वि दाराइं संगहस्स खेत्ताणुपुव्वीए गमेण भाणियव्वाणि।**
णवरं–ठिईअभिलावो।
से तं संगहस्स अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी।
से तं अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी। *–अणु सु. १९९-२००*

ओवणिहिया कालाणुपुव्वी–

सूत्र १ (ङ)

प्र. से किं तं ओवणिहिया कालाणुपुव्वी?

उ. एक द्रव्य की अपेक्षा तो अजघन्य और अनुत्कृष्ट स्थिति एक समय की तथा अनेक द्रव्यों की अपेक्षा सर्वकालिक है।

प्र. ३. नैगम-व्यवहारनयसम्मत अवक्तव्य द्रव्य कितने काल रहते हैं?

उ. एक द्रव्य की अपेक्षा अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थिति दो समय की है।
अनेक द्रव्यों की अपेक्षा सर्वकालिक है।

प्र. १. नैगम-व्यवहारनयसम्मत आनुपूर्वी द्रव्यों का अन्तर कितने समय का होता है?

उ. एक द्रव्य की अपेक्षा जघन्य अन्तर एक समय का और उत्कृष्ट अन्तर दो समय का है।
किन्तु अनेक द्रव्यों की अपेक्षा से अन्तर नहीं है।

प्र. २. नैगम-व्यवहारनयसम्मत अनानुपूर्वी द्रव्यों का अन्तर कितने समय का होता है?

उ. एक द्रव्य की अपेक्षा जघन्य दो समय का और उत्कृष्ट असंख्यात काल का है।
अनेक द्रव्यों की अपेक्षा से अन्तर नहीं है।

प्र. ३. नैगम-व्यवहारनयसम्मत अवक्तव्य द्रव्यों का अन्तर कितने समय का होता है?

उ. एक द्रव्य की अपेक्षा जघन्य अन्तर एक समय का और उत्कृष्ट असंख्यात काल का है।
अनेक द्रव्यों की अपेक्षा से अन्तर नहीं है।

प्र. नैगम-व्यवहारनयसम्मत आनुपूर्वी द्रव्य शेष द्रव्यों के कितने भाग प्रमाण है?

उ. **यहाँ क्षेत्रानुपूर्वी जैसा ही कथन समझना चाहिए।**
भावद्वार और अल्पबहुत्व का भी कथन क्षेत्रानुपूर्वी जैसा ही समझना चाहिए।
यह अनुगम का स्वरूप है।
यह नैगम-व्यवहारनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी है।

संग्रहनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी–

प्र. संग्रहनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी का क्या स्वरूप है?

उ. संग्रहनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी पाँच प्रकार की कही गई है, यथा–
१. अर्थपदप्ररूपणता, २. भंगसमुत्कीर्तनता,
३. भंगोपदर्शनता, ४. समवतार, ५. अनुगम।

प्र. संग्रहनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणता का क्या स्वरूप है?

उ. **संग्रहनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणता आदि इन पाँचों द्वारों का कथन संग्रहनयसम्मत क्षेत्रानुपूर्वी के समान जानना चाहिए।**
विशेष–प्रदेशावगाढ के बदले स्थिति कहना चाहिए।
यह संग्रहनयसम्मत अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी है।
यह अनौपनिधिकी कालानुपूर्वी है।

औपनिधिकी कालानुपूर्वी–

प्र. औपनिधिकी कालानुपूर्वी का क्या स्वरूप है?

उ. ओवणिहिया कालाणुपुव्वी-तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. पुव्वाणुपुव्वी, २. पच्छाणुपुव्वी, ३. अणाणुपुव्वी।

प. से किं तं पुव्वाणुपुव्वी ?

उ. पुव्वाणुपुव्वी–एगसमयठिईए दुसमयठिईए तिसमयठिईए **जाव** दससमयठिईए **जाव** संखेज्जसमयठिईए असंखेज्जसमयठिईए।

से तं पुव्वाणुपुव्वी।

प. से किं तं पच्छाणुपुव्वी ?

उ. पच्छाणुपुव्वी–असंखेज्जसमयठिईए **जाव** एक्कसमयठिईए।

से तं पच्छाणुपुव्वी।

प. से किं तं अणाणुपुव्वी ?

उ. अणाणुपुव्वी–एयाए चेव एगादियाए एगुत्तरियाए असंखेज्ज गच्छ गयाए सेढीए अण्णमण्णब्भासो दुरूवूणो।
से तं अणाणुपुव्वी।

अहवा–ओवणिहिया कालाणुपुव्वी तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. पुव्वाणुपुव्वी, २. पच्छाणुपुव्वी, ३. अणाणुपुव्वी।

प. से किं तं पुव्वाणुपुव्वी ?

उ. पुव्वाणुपुव्वी–समए, आवलिया, आणापाणू, थोवे, लवे, मुहुत्ते, दिवसे, अहोरत्ते, पक्खे, मासे, उदू, अयणे, संवच्छरे, जुगे, वाससए, वाससहस्से, वाससयसहस्से, पुव्वंगे पुव्वे, तुडियंगे तुडिए, अडडंगे अडडे, अववंगे अववे, हूहुयंगे हूहुए, उप्पलंगे उप्पले, पउमंगे पउमे, णलिणंगे णलिणे, अत्थनिउरंगे अत्थनिउरे, अउयंगे अउए, नउयंगे नउए, पउयंगे पउए, चूलियंगे चूलिए, सीसपहेलियंगे सीसपहेलिया, पलिओवमे, सागरोवमे, ओसप्पिणी, उस्सप्पिणी, पोग्गलपरियट्टे, तीतद्धा अणागतद्धा, सव्वद्धा।

से तं पुव्वाणुपुव्वी।

प. से किं तं पच्छाणुपुव्वी ?

उ. पच्छाणुपुव्वी–सव्वद्धा अणागतद्धा **जाव** समए।

से तं पच्छाणुपुव्वी।

प. से किं तं अणाणुपुव्वी ?

उ. अणाणुपुव्वी–एयाए चेव एगादियाए एगुत्तरियाए अणंतगच्छगयाए सेढीए अण्णमण्णब्भासो दुरूवूणो।

से तं अणाणुपुव्वी।

से तं ओवणिहिया कालाणुपुव्वी।

से तं कालाणुपुव्वी। –अणु. सु. २०१-२०२

उ. औपनिधिकी कालानुपूर्वी तीन प्रकार की कही गई है, यथा–
१. पूर्वानुपूर्वी, २. पश्चानुपूर्वी, ३. अनानुपूर्वी।

प्र. पूर्वानुपूर्वी का क्या स्वरूप है ?

उ. पूर्वानुपूर्वी का स्वरूप इस प्रकार है–एक समय की स्थिति वाले, दो समय की स्थिति वाले, तीन समय की स्थिति वाले **यावत्** दस समय की स्थिति वाले **यावत्** संख्यात समय की स्थिति वाले, असंख्यात समय की स्थिति वाले।
इस अनुक्रम से कथन करने को पूर्वानुपूर्वी कहते हैं।

प्र. पश्चानुपूर्वी का क्या स्वरूप है ?

उ. पश्चानुपूर्वी का स्वरूप इस प्रकार है–असंख्यात समय की स्थिति वाले **यावत्** एक समय की स्थिति वाले द्रव्यों का–
इस प्रकार विपरीत क्रम से कथन करना पश्चानुपूर्वी है।

प्र. अनानुपूर्वी का क्या स्वरूप है ?

उ. अनानुपूर्वी का स्वरूप इस प्रकार है–एक से लेकर असंख्यात पर्यन्त एक-एक की वृद्धि द्वारा निष्पन्न श्रेणी में परस्पर गुणाकार करने से प्राप्त महाराशि में से आदि और अन्त के दो भंगों से न्यून राशि अनानुपूर्वी है।

अथवा–औपनिधिकी कालानुपूर्वी तीन प्रकार की कही गई है, यथा–
१. पूर्वानुपूर्वी, २. पश्चानुपूर्वी, ३. अनानुपूर्वी।

प्र. पूर्वानुपूर्वी का क्या स्वरूप है ?

उ. समय, आवलिका, आनप्राण, स्तोक, लव, मुहूर्त, दिवस, अहोरात्र, पक्ष, मास, ऋतु, अयन, संवत्सर, युग, वर्षशत, वर्षसहस्र, वर्षशतसहस्र, पूर्वांग पूर्व, त्रुटितांग त्रुटित, अडडांग अडड, अववांग अवव, हुहुकांग हुहुक, उत्पलांग उत्पल, पद्मांग पद्म, नलिनांग नलिन, अर्थनिपुरांग अर्थनिपुर, अयुतांग अयुत, नयुतांग नयुत, प्रयुतांग प्रयुत, चूलिकांग चूलिका, शीर्षप्रहेलिकांग शीर्षप्रहेलिका, पल्योपम, सागरोपम, अवसर्पिणी, उत्सर्पिणी, पुद्गलपरावर्त, अतीतकाल, अनागतकाल, सर्वकाल, इस प्रकार क्रम से कथन करना काल की अपेक्षा पूर्वानुपूर्वी है।
यह पूर्वानुपूर्वी है।

प्र. पश्चानुपूर्वी का क्या स्वरूप है ?

उ. सर्वकाल, अनागतकाल **यावत्** समय पर्यन्त व्युत्क्रम से पदों की स्थापना करना पश्चानुपूर्वी है।
यह पश्चानुपूर्वी है।

प्र. अनानुपूर्वी का क्या स्वरूप है ?

उ. एक से प्रारम्भ कर एकोत्तर वृद्धि करके सर्वकाल पर्यन्त की श्रेणी स्थापित कर परस्पर गुणाकार से निष्पन्न राशि में से आद्य और अन्तिम दो भंगों को कम करने के बाद बचे हुए शेष भंग अनानुपूर्वी हैं।
यह अनानुपूर्वी है।

यह औपनिधिकी कालानुपूर्वी है।

यह कालानुपूर्वी है।

पृ. ६९४

चेत्तासोएसु मासेसु पोरिसीच्छायप्पमाणं–

सूत्र ६ (ख)

चेत्तासोएसु णं मासेसु सइ छत्तीसंगुलियं सूरिए पोरिसीछायं निव्वत्तइ। *–सम. सम. ३६, सु. ४*

चैत्र और आसोज मास में पौरुषी छाया का प्रमाण–

चैत्र और आश्विन मास में सूर्य एक बार छत्तीस अंगुल प्रमाण पौरुषी छाया करता है।

कत्तियबहुल सत्तमीए पोरिसीच्छायप्पमाणं–

सूत्र ६ (ग)

कत्तियबहुलसत्तमीए णं सूरिए सत्ततीसंगुलियं पोरिसिच्छायं निव्वत्तइत्ता णं चारं चरइ। *–सम. सम. ३७, सु. ५*

कार्तिक वदी सप्तमी को पौरुषी छाया का प्रमाण–

कार्तिक कृष्णा सप्तमी के दिन सूर्य सैंतीस अंगुल की पौरुषी छाया करता हुआ गति करता है।

पृ. ६९९

कम्माकम्मभूमिसु ओसप्पिणी-उस्सप्पिणी कालस्स भावाभाव परूवणं–

सूत्र १२ (ख)

प. एएसु णं भंते ! तीसासु अकम्मभूमीसु अत्थि ओसप्पिणी इ वा, उस्सप्पिणी इ वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. एएसु णं पंचसु भरहेसु, पंचसु एरवएसु अत्थि ओसप्पिणी इ वा, उस्सप्पिणी इ वा ?

उ. हंता, गोयमा ! अत्थि।

एएसु णं पंचसु महाविदेहेसु णेवत्थि ओसप्पिणी नेवत्थि उस्सप्पिणी अवट्ठिए णं तत्थ काले पण्णत्ते समणाउसो!

–विया. स. २०, उ. ८, सु. ३-५

कर्म-अकर्म भूमियों में अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी काल के भाव-अभाव का प्ररूपण–

प्र. भंते ! इन (उपर्युक्त) तीस अकर्मभूमियों में क्या अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी काल है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! इन पाँच भरत और पाँच ऐरवत क्षेत्रों में क्या अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी काल है ?

उ. हाँ, गौतम ! है।

इन (उपर्युक्त) पाँच महाविदेह क्षेत्रों में वहाँ न तो अवसर्पिणी काल है और न उत्सर्पिणी काल है।

हे आयुष्मन् श्रमण ! वहाँ (एकमात्र) अवस्थित काल कहा गया है।

ओसप्पिणी-उस्सप्पिणीए सुसमसुसमा कालस्समान परूवणं–

सूत्र १२ (ग)

जंबुद्दीवे दीवे भरहेरवएसु वासेसु तीताए उस्सप्पिणीए सुसमसुसमाए समाए चत्तारि सागरोवमकोडाकोडीओ कालो हुत्था।

जंबुद्दीवे दीवे भरहेरवएसु वासेसु इमीसे ओसप्पिणीए सुसमसुसमाए समाए चत्तारि सागरोवमकोडाकोडीओ कालो पण्णत्तो।

जंबुद्दीवे दीवे भरहेरवएसु वासेसु आगमेस्साए उस्सप्पिणीए सुसमसुमाए समाए चत्तारि सागरोवमकोडाकोडीओ कालो भविस्सइ।

एवं धायइसंडदीव पुरत्थिमद्धे वि।

एवं पुक्खरवरदीव पच्चत्थिमद्धे वि। *–ठाणं अ. ४, उ. २, सु. २९९*

अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी के सुषमसुषमा कालमान का प्ररूपण–

जम्बूद्वीप द्वीप के भरत ऐरवत क्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी के "सुषमसुषमा" नामक आरे का कालमान चार कोडाकोडी सागरोपम का था।

जम्बूद्वीप द्वीप के भरत और ऐरवत क्षेत्र में इस अवसर्पिणी के "सुषमसुषमा" नामक आरे का कालमान चार कोडाकोडी सागरोपम का कहा है।

जम्बूद्वीप द्वीप के भरत और ऐरवत क्षेत्र में आगामी उत्सर्पिणी के "सुषमसुषमा" नामक आरे का कालमान चार कोडाकोडी सागरोपम का होगा।

इसी प्रकार धातकीखण्ड के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध में एवं अर्ध पुष्करवरद्वीप के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध में काल जानना चाहिए।

भरहेवासे ओसप्पिणीकालस्स छण्हंआरकाणं आयारभाव पडोयार परूवणं–

सूत्र १२ (घ)

प. १. जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे भरहे वासे इमीसे ओसप्पिणीए

भरत क्षेत्र में अवसर्पिणी काल के छः आरों के आकार भाव स्वरूप का परूपण–

प्र. १. भंते ! जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में इस अवसर्पिणी काल के

सुसमसुसमाए समाए उत्तमकट्ठपत्ताए भरहस्स वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे होत्था?

सुषमसुषमा नामक प्रथम आरे में जब वह अपने उत्कर्ष की पराकाष्ठा में था तब भरत क्षेत्र का आकार स्वरूप किस प्रकार का था?

उ. गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे होत्था, से जहाणामए आलिंगपुक्खरेइ वा **जाव** णाणामणिपंचवण्णेहिं तणेहिं य मणीहिं य उवसोभिए, तं जहा– किण्हेहिं **जाव** सुक्किल्लेहिं।

उ. गौतम ! उसका भूमिभाग बड़ा समतल व रमणीय था। वह मुरज के ऊपरी भाग के समान समतल **यावत्** अनेक प्रकार की इन पाँच वर्ण की मणियों एवं तृणों से उपशोभित था, यथा–काली **यावत्** सफेद।

एवं वण्णो, गंधो, रसो, फासो, सद्दो अ तणाण य मणीण य भाणिअव्वो जाव तत्थ णं बहवे मणुस्सा मणुस्सीओ आसयंति, संयति, चिट्ठंति, णिसीअंति, तुअट्टंति, हसंति, रमंति, ललंति।

इस प्रकार तृणों एवं मणियों के वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श तथा शब्द का वर्णन करना चाहिए यावत् वहाँ बहुत से मनुष्य मनुष्यनियाँ आश्रय लेते, शयन करते, खड़े होते, बैठते, देह को दायें-बायें घुमाते, मोड़ते, हँसते, रमण करते और मनोरंजन करते हैं।

तीसे णं समाए भरहे वासे बहवे १. उद्दाला, २, कुद्दाला, ३. मुद्दाला, ४. कयमाला, ५, णट्टमाला, ६. दंतमाला, ७. नागमाला, ८. सिंगमाला, ९. संखमाला, १०. सेअमाला।

उस समय भरत क्षेत्र में १. उद्दाल, २. कुद्दाल, ३. मुद्दाल, ४. कृतमाल, ५. नृत्तमाल, ६. दन्तमाल, ७. नागमाल, ८. शृंगमाल, ९. शंखमाल तथा १०. श्वेतमाल नामक दस वृक्ष कहे गए हैं।

णामं दुमगणा पण्णत्ता, कुसविकुसविसुद्धरूक्खमूला, मूलमंतो, कंदमंतो **जाव** बीअमंतो।

उनकी जड़ें डाभ तथा दूसरे प्रकार के तृणों से विशुद्ध थीं। वे मूल वाले, जड़ वाले यावत् बीज वाले थे।

पत्तेहिं य पुप्फेहिं य फलेहिं य उच्छण्णपडिच्छण्णा, सिरीए अईव-अईव उवसोभेमाणा चिट्ठंति।

वे पत्तों, फूलों और फलों से परस्पर आच्छादित होने के कारण अपनी शोभा से अत्यन्त उपशोभित होते हैं।

तीसे णं समाए भरहे वासे तत्थ-तत्थ बहवे भेरूतालवणाइं, हेरूतालवणाइं, मेरूतालवणाइं, पभयालवणाइं, सालवणाइं, सरलवणाइं, सत्तिवण्णवणाइं, पूयफलिवणाइं, खज्जूरीवणाइं, णालिएरीवणाइं, कुसविकुसविसुद्धरूक्खमूलाइं **जाव** चिट्ठंति।

उस समय भरत क्षेत्र में जहाँ-तहाँ बहुत से भेरूताल वृक्षों के वन, हेरूताल वृक्षों के वन, मेरूताल वृक्षों के वन, प्रभताल वृक्षों के वन, साल के वृक्षों के वन, सरल वृक्षों के वन, सप्तपर्ण वृक्षों के वन, सुपारी के वृक्षों के वन, खजूर के वृक्षों के वन, नारियल के वृक्षों के वन थे। उनकी जड़ें डाभ तथा दूसरे प्रकार के तृणों से विशुद्ध **यावत्** रहित हैं।

तीसे णं समाए भरहे वासे तत्थ-तत्थ बहवे सेरिआगुम्मा, णीमालिआगुम्मा, कोरंटयगुम्मा, बंधुजीवगगुम्मा, मणोज्जगुम्मा, बीअगुम्मा, बाणगुम्मा, कणइरगुम्मा, कुज्जयगुम्मा, सिंदुवारगुम्मा, मोग्गरगुम्मा, जूहिआगुम्मा, मल्लिआगुम्मा, वासंतिआगुम्मा, वत्थुलगुम्मा, कत्थुलगुम्मा, सेवालगुम्मा, अगेत्थिगुम्मा, मगदंतिआगुम्मा, चंपकगुम्मा, जाइगुम्मा, णवणीइआगुम्मा, कुंदगुम्मा, महाजाइगुम्मा रम्मा महामेहणिकुरंबभूआ दसद्धवण्णं कुसुमं कुसुमेंति।

उस समय भरत क्षेत्र में जहाँ-तहाँ अनेक सेरिका गुल्म, नवमालिका गुल्म, कोरंटक गुल्म, बन्धुजीवक गुल्म, मनोज्ञ गुल्म, बीज गुल्म, बाण गुल्म, कनेर गुल्म, कुब्जक गुल्म, सिंदुवार गुल्म, मुद्गर गुल्म, यूथिका गुल्म, मल्लिका गुल्म, वासंतिका गुल्म, वस्तुक गुल्म, कस्तुल गुल्म, शैवाल गुल्म, अगस्ति गुल्म, मगदंतिका गुल्म, चंपक गुल्म, जाती गुल्म, नवनीतिका गुल्म, कुन्द गुल्म, महाजाती गुल्म थे। वे गुल्म रमणीय बादलों की घटाओं जैसे गहरे पंचरंगे फूलों से युक्त थे।

जे णं भरहे वासे बहुसमरमणिज्जं भूमिभागं वायविधुअग्गसाला मुक्कपुप्फपुंजोवयारकलिअं करेंति।

वे वायु से प्रकंपित अपनी शाखाओं के अग्र भाग से गिरे हुए फूलों से वे भरत क्षेत्र के अति समतल, रमणीय भूमिभाग को सुरभित बना देते थे।

तीसे णं समाए भरहे वासे तत्थ-तत्थ तहिं तहिं बहुईओ पउमलयाओ **जाव** सामलयाओ णिच्चं कुसुमिआओ **जाव** लयावण्णओ।

उस समय भरत क्षेत्र में जहाँ-तहाँ अनेक पद्मलताएँ **यावत्** श्यामलताएँ होती हैं। वे लताएँ सब ऋतुओं में फूलती थीं **यावत् कलंगियाँ** धारण किये रहती थीं।

तीसे णं समाए भरहे वासे तत्थ-तत्थ तहिं तहिं बहुईओ वणराईओ पण्णत्ताओ। किण्हाओ, किण्णहोभासाओ **जाव** मणोहराओ, रयमत्तगछप्पयकोरंग-भिंगारग-कोंडलग जीवंजीवग-नंदीमुह-कविल-पिंगलक्खग-कारंडव-चक्कवायग-कलहंस-हंस-सारस-अणेगसउणगण मिहुणविअरिआओ सघुणइयमहुरसरणाइआओ, संपिंडिअ-दरिय-भमर-महुयरि-

उस समय भरत क्षेत्र में जहाँ-तहाँ बहुत-सी वनराजियाँ (वनपंक्तियाँ) थीं। वे कृष्ण कृष्णावभासयुक्त **यावत्-मनोहर** थीं। पुष्प पराग के सौरभ से मत्त, भ्रमर, कोरक, भृंगारक, कुंडल, चकोर, नन्दीमुख, कपिल, पिंगलाक्षक, करंडक, चक्रवाक, बतक, हंस, सारस आदि अनेक पक्षियों के जोड़े उनमें विचरण करते थे। वे वनराजियाँ पक्षियों के मधुर शब्दों

पहकर परिलिंत-मत्त-छप्पय-कुसुमासवलोलमहुर-गुमगुमंत-गुंजंतदेसभागाओ, अब्भिंतरपुप्फ फलाओ बाहिरपत्तोच्छण्णओ, पत्तेहि य पुप्फेहि य ओच्छन्न वलिच्छत्ताओ, साउफलाओ, निरोययाओ, अकंटयाओ, णाणाविह-गुच्छ-गुम्ममंडवग-सोहियाओ, विचित्तसुहकेउ-भूयाओ, वावी-पुक्खरिणी दीहियासु-निवेसिय-रम्मजाल-हरयाओ पिडिम-णीहारिम-सुगंधि-सुह-सुरभि-मणहरं च महयागंधद्धाणिं मुयंताओ, सव्वोउयपुप्फुफलसमिद्धाओ सुरम्माओ पासाईयाओ दरिसणिज्जाओ अभिरूवाओ पडिरूवाओ। तीसे णं समाए भरहे वासे तत्थ-तत्थ तहिं तहिं मत्तंगा णामं दुमगणा पण्णत्ता।

से सदा प्रतिध्वनित रहती थीं। उन वनराजियों के प्रदेश कुसुमों का आसव पीने को उत्सुक, मधुर गुंजन करते हुए भ्रमरियों के समूह से परिवृत मत्त भ्रमरों की मधुर ध्वनि से मुखरित थे। वे वनराजियाँ भीतर पुष्पों और फलों से तथा बाहर पत्तों से आच्छन्न थीं। पत्र और पुष्पों रूपी छत्रों से वे आच्छादित थीं। वहाँ के फल स्वादिष्ट थे। वहाँ का वातावरण निरोग था। वे काँटों से रहित थीं। वे तरह-तरह के फूलों के गुच्छों, लताओं के गुल्मों तथा मंडपों से शोभित थीं। वे अनेक प्रकार की सुन्दर ध्वजा से सुशोभित मालूम होती थीं। जहाँ सुघड़ता से निर्मित जाली झरोखों से युक्त वापिकाएँ, पुष्करणियाँ और दीर्घकाएँ थीं। वनराजियाँ ऐसी तृप्तिप्रद सुगन्ध छोड़ती थीं जो बाहर निकलकर पूँजीभूत होकर बहुत दूर फैल जाती थी और बड़ी मनोहर थी। वे वनराजियाँ सब ऋतुओं के पुष्पों और फलों से समृद्ध थीं। वे सुरम्य, प्रासादिक, दर्शनीय, अभिरूप और प्रतिरूप थीं। उस समय भरत क्षेत्र में जहाँ-तहाँ मत्तांग नामक कल्पवृक्ष समूह होते थे।

एवं जाव अणिगणा णामं दुमगणा पण्णत्ता।

इसी प्रकार अनग्न पर्यन्त दस प्रकार के कल्पवृक्ष समूह कहे गए हैं।

प. तीसे णं भंते ! समाए भरहे वासे मणुआणं केरिसए आयारभाव पडोयारे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! ते णं मणुआ सुपइट्ठियकुम्म चारूचलणा जाव पासाईया दरिसणिज्जा अभिरूवा पडिरूवा।

प. तेसि णं भंते ! मणुआणं केवइकालस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ ?

उ. गोयमा ! अट्ठमभत्तस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ, पुढवीपुप्फफलाहारा णं ते मणुआ पण्णत्ता, समणाउसो!

प. तीसे णं भंते ! समाए भरहे वासे मणुआणं केवइअं कालं ठिई पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं देसूणाइं तिण्णि पलिओवमाइं, उक्कोसेणं तिण्णि पलिओवमाइं।

प. तीसे णं भंते ! समाए भरहे वासे मणुआणं सरीरा केवइअं उच्चत्तेणं पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं देसूणाइं तिण्णि गाउआइं, उक्कोसेणं तिण्णि गाउआइं।

प. ते णं भंते ! मणुआ किं संघयणी पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! वइरोसभणारायसंघयणी पण्णत्ता।

प. तेसि णं भंते ! मणुआणं सरीरा किं संठिया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! समचउरंससंठाणसंठिआ पण्णत्ता, तेसि णं मणुआणं बेछप्पण्णा पिट्ठकरंडयसया पण्णत्ता, समणाउसो !

प. ते णं भंते ! मणुआ कालमासे कालं किच्चा कहिं गच्छन्ति ? कहिं उववज्जंति ?

उ. गोयमा ! छम्मासावसेसाउ जुअलगं पसवंति, एगूणपण्णं राइंदिआइं सारक्खंति, संगोवेंति, संगोवेत्ता, कासित्ता, छीइत्ता, जंभाइत्ता, अक्किट्ठा अव्वहिआ–अपरिआविआ

प्र. भंते ! उस समय भरत वर्ष के मनुष्यों का आकार भाव स्वरूप कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! उन मनुष्यों के चरण सुन्दर आकृति वाले कछुवे की पीठ की तरह उठे हुए मनोज्ञ यावत् प्रासादिक दर्शनीय अभिरूप प्रतिरूप होते हैं।

प्र. भंते ! उन मनुष्यों को कितने समय बाद आहार की इच्छा उत्पन्न होती है ?

उ. हे आयुष्मन् ! श्रमण गौतम ! उनको तीन दिन के बाद आहार की इच्छा उत्पन्न होती है। वे मनुष्य पृथ्वी, पुष्प और फल का आहार करने वाले कहे गए हैं।

प्र. भंते ! उस समय भरत क्षेत्र में मनुष्यों का आयुष्य कितने काल का कहा गया है ?

उ. गौतम ! जघन्य देशून तीन पल्योपम का और उत्कृष्ट तीन पल्योपम का होता है।

प्र. भंते ! उस समय भरत क्षेत्र में मनुष्यों के शरीर कितने ऊँचे कहे गए हैं ?

उ. गौतम ! उनके शरीर जघन्यतः देशून तीन गव्यूति तथा उत्कृष्टतः तीन गव्यूति ऊँचे होते हैं।

प्र. भंते ! उन मनुष्यों का संहनन कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! वे वज्र-ऋषभ-नाराच संहनन वाले होते हैं।

प्र. भंते ! उन मनुष्यों का शरीर संस्थान कैसा कहा गया है ?

उ. हे आयुष्मन् ! श्रमण गौतम ! उनका समचौरस संस्थान कहा गया है। उनके पसलियों की दो सौ छप्पन हड्डियाँ होती हैं।

प्र. भंते ! वे मनुष्य कालमास में काल करके कहाँ जाते हैं ? कहाँ उत्पन्न होते हैं ?

उ. गौतम ! जब उनका आयुष्य छह मास शेष रहता है तब वे एक युगल (एक बच्चा-एक बच्ची) को उत्पन्न करते हैं, उनकी पचास दिन-रात सार सम्हाल करते हैं, पालन-पोषण करते हैं,

कालमासे कालं किच्चा देवलोएसु उववज्जंति, देवलोअपरिग्गहा णं ते मणुआ पण्णत्ता।

प. तीसे णं भंते ! समाए भरहे वासे कइविहा मणुस्सा अणुसज्जित्था ?

उ. गोयमा ! छव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–१. पम्हगंधा, २. मिअगंधा, ३. अममा, ४. तेअतली, ५. सहा, ६. सणिचारी[1]। –जंबू. वक्ख. २, सु. २६-३२

२. तीसे णं समाए चउहिं सागरोवमकोडाकोडीहिं काले वीइक्कंते अणंतेहिं वण्णपज्जवेहिं, अणंतेहिं गंधपज्जवेहिं, अणंतेहिं रसपज्जवेहिं, अणंतेहिं फासपज्जवेहिं, अणंतेहिं संघयणपज्जवेहिं, अणंतेहिं संठाणपज्जवेहिं, अणंतेहिं उच्चत्तपज्जवेहिं, अणंतेहिं आउपज्जवेहिं, अणंतेहिं गुरुलहुपज्जवेहिं, अणंतेहिं अगुरुलहुपज्जवेहिं, अणंतेहिं उट्ठाणकम्मबलवीरिअ-पुरिसक्कार-परक्कमपज्जवेहिं, अणंतगुण परिहाणीए परिहायमाणे-परिहायमाणे एत्थ णं सुसमा णामं समाकाले पडिवज्जिसु, समणाउसो !

प. जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे इमीसे ओसप्पिणीए सुसमाए समाए उत्तम कट्ठपत्ताए भरहस्स वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे होत्था ?

उ. गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे होत्था, से जहाणामए आलिंगपुक्खरेइ वा।
तं चेव जं सुसमसुसमाए पुव्ववण्णिअं।

णवरं–णाणत्तं चउधणुसहस्समूसिआ एगे अट्ठावीसे पिट्ठकरंडकसए छट्ठभत्तस्स आहारट्ठे चउसट्ठिं राइंदिआइं सारक्खंति, दो पलिओवमाइं आऊ।

सेसं तं चेव।
तीसे णं समाए चउव्विहा मणुस्सा अणुसज्जित्था, तं जहा–
१. एका, २. पउरजंघा, ३. कुसुमा, ४. सुसमणा।

३. तीसे णं समाए तिहिं सागरोवमकोडाकोडीहिं काले वीइक्कंते अणंतेहिं वण्णपज्जवेहिं जाव अणंतेहिं उट्ठाण-कम्म-बलवीरिय-पुरिसक्कार-परक्कमपज्जवेहिं अणंतगुण परिहाणीए परिहायमाणे-परिहायमाणे एत्थ णं सुसमदुस्समाणामं समा पडिवज्जिसु, समणाउसो !

सा णं समा तिहा विभज्जइ, तं जहा–१. पढमे तिभाए, २. मज्झिमे तिभाए, ३. पच्छिमे तिभाए।

पालन पोषण कर वे खाँस कर, छींक कर, जम्हाई लेकर शारीरिक कष्ट, व्यथा तथा परिताप का अनुभव नहीं करते हुए काल मास में काल करके देवलोकों में उत्पन्न होते हैं। उन मनुष्यों का जन्म देवलोक में ही कहा गया है।

प्र. भंते ! उस समय भरत क्षेत्र में कितने प्रकार के मनुष्य होते हैं ?

उ. गौतम ! छह प्रकार के मनुष्य कहे गये हैं, यथा–१. **पद्मगन्ध**–कमल के समान गंध वाले, २. **मृगगंध**–कस्तूरी सदृश गंध वाले, ३. **अमम**–ममत्वरहित, ४. **तेजस्वी**–पराक्रमी, ५. सह–सहनशील, ६. **शनैश्चारी**–उत्सुकता न होने से धीरे-धीरे चलने वाले।

२. हे आयुष्मन् श्रमण ! चार कोडाकोडी सागरोपम के प्रमाण वाले सुषम-सुषमा नामक प्रथम आरे के व्यतीत होने पर अनन्त वर्ण पर्यायों, अनन्त गंध पर्यायों , अनन्त रस पर्यायों, अनन्त स्पर्श पर्यायों, अनन्त संहनन पर्यायों, अनन्त संस्थान पर्यायों, अनन्त उच्चत्व पर्यायों, अनन्त आयु पर्यायों, अनन्त गुरु-लघु पर्यायों, अनन्त अगुरु-लघु पर्यायों, अनन्त उत्थान-कर्म-बल-वीर्य-पुरुषाकार-पराक्रम पर्यायों का अनन्त गुण परिहानि के क्रम से ह्रास होते-होते अवसर्पिणी काल का सुषमा नामक द्वितीय आरा प्रारम्भ होता है।

प्र. भंते ! इस अवसर्पिणी के उत्कृष्टता को प्राप्त सुषमा नामक आरे में जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र का कैसा आकार स्वरूप कहा गया है ?

उ. गौतम ! उसका भूमिभाग बहुत समतल और रमणीय होता है।

मुरज के ऊपरी भाग जैसा इत्यादि जैसा वर्णन सुषम-सुषमा आरे में किया गया है वैसा ही यहाँ जानना चाहिए।

उससे इतना अन्तर है–उस काल के मनुष्य चार हजार धनुष की अवगाहना वाले होते हैं, उनकी पसलियों की हड्डियाँ एक सौ अट्ठाईस होती हैं। दो दिन बीतने पर उन्हें भोजन की इच्छा होती है। वे अपने यौगलिक बच्चों की चौंसठ दिन-रात तक सार सम्हाल करते हैं, उनकी आयु दो पल्योपम की होती है।
शेष सब कथन पूर्ववत् है।

उस समय चार प्रकार के मनुष्य होते हैं–
१. **एक**–प्रवर श्रेष्ठ, २. **प्रचुरजंघ**–पुष्ट जंघा वाले, ३. **कुसुम**–पुष्प के सदृश सुकुमार, ४. **सुश्रमन**-अत्यन्त शान्त।

३. हे आयुष्मन् श्रमण ! तीन कोटाकोटि सागरोपम के प्रमाण वाले सुषमा नामक द्वितीय आरे के व्यतीत होने पर अनन्त वर्ण पर्यायों यावत् अनन्त उत्थान कर्म-बल-वीर्य पुरुषाकार पराक्रम पर्यायों का अनन्त गुण परिहानि के क्रम से ह्रास होते-होते अवसर्पिणी काल का सुषमदुषमा नामक तृतीय आरा प्रारम्भ होता है।

वह आरा तीन भागों में विभक्त है, यथा–१. प्रथम त्रिभाग, २. मध्यम त्रिभाग ३. पश्चिम (अंतिम) त्रिभाग।

---

१. मनुष्य मनुष्यनियों के क्षेत्र आदि संबंधी विस्तृत वर्णन एकोरूक द्वीप के वर्णन में देखें, यहाँ विशेष (**जीवा. पडि. ३, सु. १११**) अंतर पाठ दिया है, शेष वर्णन उसके समान है।

प. जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे इमीसे ओसप्पिणीए सुसमदुस्समाए समाए पढमभज्झिमेसु तिभाएसु भरहस्स वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे होत्था ?

उ. गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे होत्था, **सो चेव गमो णेअव्वो णाणत्तं**–दो धणुसहस्साइं उड्ढं उच्चत्तेणं, तेसिं च मणुआणं चउसट्ठिपिट्ठकरंडगा, चउत्थभत्तस्स आहारत्थे समुप्पज्जइ, ठिई पलिओवमं, एगूणासीइं राइंदियाइं सारक्खंति, संगोवेंति **जाव** देवलोएसु उववज्जंति, देवलोगपरिग्गहिआ णं ते मणुआ पण्णत्ता, समणाउसो !

प्र. भंते ! इस अवसर्पिणी के सुषमदुषमा आरे के प्रथम तथा मध्यम त्रिभाग में जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र का आकार भाव स्वरूप कैसा होता है ?

उ. हे आयुष्मन् श्रमण गौतम ! उसका भूमिभाग बहुत समतल और रमणीय होता है। उसका **पूर्ववत् वर्णन जानना चाहिए।** अन्तर यह है उस समय के मनुष्यों के शरीर की ऊँचाई दो हजार धनुष होती है। उनकी पसलियों की हड्डियाँ चौंसठ होती है। एक दिन के बाद उनमें आहार की इच्छा उत्पन्न होती है। उनकी आयु एक पल्योपम की होती है। अपने यौगलिक शिशुओं का वे ७९ दिन-रात पालन-पोषण करते हैं, सुरक्षा करते हैं **यावत्** उन मनुष्यों का जन्म देवलोक में होता है। वे मनुष्य देवलोक वासी ही कहे गए हैं।

प. तीसे णं भंते ! समाए पच्छिमे तिभाए भरहस्स वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे होत्था ?

उ. गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे होत्था, से जहाणामए आलिंगपुक्खरेइ वा **जाव** मणीहिं उवसोभिए, तं जहा–किंत्तिमेहिं चेव, अकित्तिमेहिं चेव।

प. तीसे णं भंते ! समाए पच्छिमे तिभागे भरहे वासे मणुआणं केरिसए आयारभावपडोयारे होत्था ?

उ. गोयमा ! तेसिं मणुयाणं छव्विहे संघयणे, छव्विहे संठाणे, बहूणि धणुसयाणि उड्ढं उच्चत्तेणं जहण्णेणं संखिज्जाणि वासाणि, उक्कोसेणं असंखिज्जाणि वासाणि आउअं पालेंति, पालित्ता अप्पेगइया णिरयगामी, अप्पेगइया तिरिअगामी, अप्पेगइया मणुस्सगामी, अप्पेगइया देवगामी, अप्पेगइया सिज्झंति, बुज्झंति, मुच्चंति, परिणिव्वायंति सव्वदुक्खाणमंतं करेंति। *–जम्बू. वक्ख. २, सु. ३३-३४*

प्र. भंते ! उस आरे के अंतिम भाग में भरत क्षेत्र का आकार स्वरूप कैसा होता है ?

उ. गौतम ! उस समय मुरज के ऊपरी भाग जैसा उसका भूमिभाग बहुत समतल तथा रमणीय होता है **यावत्** कृत्रिम एवं अकृत्रिम मणियों से उपशोभित होता है।

प्र. भंते ! उस आरे के अंतिम तीसरे भाग में भरत क्षेत्र में मनुष्यों का आकार स्वरूप कैसा होता है ?

उ. गौतम ! उन मनुष्यों के छहों प्रकार के संहनन होते हैं, छहों प्रकार के संस्थान होते हैं, उनके शरीर की ऊँचाई सैकड़ों धनुष परिमाण होती है। उनका आयुष्य जघन्य संख्यात वर्षों का तथा उत्कृष्टतः असंख्यात वर्षों का होता है। अपनी आयु पूर्ण कर उनमें से कई नरक गति में, कई तिर्यञ्च गति में, कई मनुष्य गति में और कई देव गति में उत्पन्न होते हैं तथा कई सिद्ध, बुद्ध, मुक्त, परिनिर्वृत्त और समग्र दुःखों का अन्त करने वाले होते हैं।

४. तीसे णं समाए दोहिं सागरोवमकोडाकोडीहिं काले वीइक्कंते अणंतेहिं वण्णपज्जवेहिं **जाव** परिहायमाणे-परिहायमाणे एत्थ णं दूसमसुसमा णामं समाकाले पडिवज्जिंसु, समणाउसो !

४. हे आयुष्मन् श्रमण ! दो कोटाकोटि सागरोपम के प्रमाण वाले सुषम-दुःषमा नामक तृतीय आरे के व्यतीत होने पर अनन्त वर्ण पर्यायों आदि के क्रमशः हीन होते-होते अवसर्पिणी काल का दुषम-सुषमा नामक चौथा आरा प्रारम्भ होता है।

प. तीसे णं भंते ! समाए भरहस्स वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पण्णत्ते, से जहाणामए आलिंगपुक्खरेइ वा **जाव** मणीहिं उवसोभिए तं जहा–किंत्तिमेहिं चेव, अकित्तिमेहिं चेव।

प. तीसे णं भंते ! समाए भरहे मणुआणं केरिसए आयारभावपडोयारे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! तेसिं मणुआणं छव्विहे संघयणे, छव्विहे संठाणे, बहूइं धणूइं उड्ढं उच्चत्तेणं, जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं पुव्वकोडी आउअं पालेंति, पालित्ता, अप्पेगइआ णिरयगामी, अप्पेगइया तिरियगामी, अप्पेगइया मणुयगामी, अप्पेगइआ देवगामी, अप्पेगइआ सिज्झंति, बुज्झंति, मुच्चंति, परिणिव्वायंति सव्वदुक्खाणमंतं करेंति।

प्र. भंते ! उस समय भरत क्षेत्र का आकार भाव स्वरूप कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! उस समय में भरत क्षेत्र का भूमिभाग बहुत समतल और रमणीय होता है। मुरज के ऊपरी भाग जैसा समतल है **यावत्** कृत्रिम तथा अकृत्रिम मणियों से उपशोभित होता है।

प्र. भंते ! उस समय भरत क्षेत्र के मनुष्यों का आकार भावस्वरूप कैसा कहा गया है ?

उ. गौतम ! उन मनुष्यों के छह प्रकार के संहनन होते हैं, छह प्रकार के संस्थान होते हैं उनकी ऊँचाई अनेक धनुष प्रमाण होती है। वे जघन्य अन्तर्मुहूर्त तथा उत्कृष्ट पूर्वकोटि का आयु भोगकर उनमें से कई नरक गति में, कई तिर्यञ्च गति में, कई मनुष्य गति में तथा कई देव गति में जाते हैं और कई सिद्ध, बुद्ध, मुक्त एवं परिनिर्वृत्त होते हैं तथा समस्त दुःखों का अन्त करते हैं।

तीसे णं समाए तओ वंसा समुप्पज्जित्था, तं जहा–१. अरहंतवंसे, २. चक्कवट्टिवंसे, ३. दसारवंसे, तीसे णं समाए तेवीसं तित्थयरा, इक्कारस चक्कवट्टी, णव बलदेवा, णव वासुदेवा समुप्पज्जित्था।

उस समय तीन वंश १. अर्हत् वंश, २. चक्रवर्ति वंश तथा ३. दशार वंश उत्पन्न (स्थापित) होते हैं तथा उस काल में तेईस तीर्थंकर, ग्यारह चक्रवर्ती, नौ बलदेव और नौ वासुदेव उत्पन्न होते हैं।

५. तीसे णं समाए एक्काए सागरोवमकोडाकोडीए बायालीसाए वाससहस्सेहिं ऊणिआए काले वीइक्कंते अणंतेहिं वण्णपज्जवेहिं तहेव **जाव** परिहाणीए परिहायमाणे-परिहायमाणे **एत्थ** णं दूसमाणामं समा काले पडिवज्जिस्सइ समणाउसो !

५. हे आयुष्मन् श्रमण ! बयालीस हजार वर्ष कम एक कोडाकोडी सागरोपम के प्रमाण वाले दुःषमसुषमा नामक चतुर्थ आरे के पूर्ण होने पर **उसी प्रकार** अनन्त वर्ण पर्यायों आदि का क्रमशः ह्रास होते-होते अवसर्पिणी काल का दुषमा नामक पाँचवाँ आरा प्रारम्भ होगा।

प. तीसे णं भंते ! समाए भरहस्स वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे भविस्सइ ?

प्र. भंते ! उस काल में भरत क्षेत्र का कैसा आकार स्वरूप कहा गया है ?

उ. गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे भविस्सइ, से जहाणामए आलिंगपुक्खरेइ वा, मुइंगपुक्खरेइ वा **जाव** णाणामणिपंचवण्णेहिं कित्तिमेहिं चेव, अकित्तिमेहिं चेव।

उ. गौतम ! उस समय भरत क्षेत्र का भूमिभाग बहुत समतल और रमणीय होता है। वह मुरज के मृदंग के ऊपरी भाग जैसा समतल **यावत्** विविध प्रकार के पाँच वर्णों तथा कृत्रिम और अकृत्रिम मणियों द्वारा उपशोभित होता है।

प. तीसे णं भंते ! समाए भरहस्स वासस्स मणुआणं केरिसए आयारभावपडोयारे **पण्णत्ते** ?

प्र. भंते ! उस काल में भरत क्षेत्र में मनुष्यों का आकार स्वरूप कैसा कहा गया है ?

उ. गोयमा ! तेसिं **मणुयाणं छव्विहे संघयणे, छव्विहे** संठाणे, **बहुइओ रयणीओ उड्ढं उच्चत्तेणं जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं साइरेगं वाससयं आउयं** पालेंति **पालेत्ता अप्पेगइया णिरयगामी जाव** सव्वदुक्खाणमंतं करेंति।

उ. गौतम ! उस समय मनुष्यों के छह प्रकार के संहनन और छह प्रकार के संस्थान होते हैं। उनकी ऊँचाई अनेक हाथ (सात हाथ) की होती है। वे जघन्य अन्तर्मुहूर्त तथा उत्कृष्ट कुछ अधिक सौ वर्ष का आयु भोगते हैं और भोगकर उनमें से कई नरक गति में जाते हैं **यावत्** कई सब दुःखों का अंत करते हैं।

तीसे णं समाए पच्छिमे तिभागे **गणधम्मे**, पासंडधम्मे, रायधम्मे, जायतेए धम्मचरणे वोच्छिज्जिस्सइ।

उस काल के अन्तिम तीसरे भाग में गण धर्म, खण्ड धर्म, राज धर्म, अग्नि धर्म तथा धर्माचरण विच्छिन्न हो जायेंगे।

६. तीसे णं समाए एक्कवीसाए वाससहस्सेहिं काले विइक्कंते अणंतेहिं वण्णपज्जवेहिं **जाव** परिहाणीए परिहायमाणे-परिहायमाणे एत्थ णं दूसमदूसमा णामं समा काले पडिवज्जिस्सइ, समणाउसो !

६. हे आयुष्मन् श्रमण ! इक्कीस हजार वर्ष प्रमाण वाले दुषमा नामक पाँचवें आरे के पूर्ण होने पर अनन्त वर्ण पर्यायों आदि का क्रमशः ह्रास होते-होते अवसर्पिणी काल का दुःषमा-दुषमा नामक छट्ठा आरा प्रारम्भ होगा।

प. तीसे णं भंते ! समाए उत्तमकट्ठपत्ताए भरहस्स वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे भविस्सइ ?

प्र. भंते ! जब वह आरा उत्कृष्ट की पराकाष्ठा पर पहुँचेगा तब भरत क्षेत्र का आकार स्वरूप कैसा होगा ?

उ. गोयमा ! काले भविस्सइ हाहाभूए, भंभाभूए, कोलाहलभूए, समाणुभावेण य खरफरूसधूलिमइला, दुव्विसहा, वाउला, भयंकरा य वाया संवट्टगा य वाइंति।

उ. गौतम ! उस समय दुःखार्ततावश लोगों में हाहाकार मच जायेगा, गाय आदि पशुओं में दुःखोद्विग्नता से चीत्कार फैल जायेगा, कोलाहल मच जायेगा। तब अत्यन्त कठोर, धूल से मलिन दुस्सह व्याकुल आकुलतापूर्ण भयंकर वायु चलेंगे, संवर्तक तृण काष्ठ आदि को उड़ाकर कहीं का कहीं पहुँचा देने वाले वायु विष चलेंगे।

इह अभिक्खणं-अभिक्खणं धूमाहिंतिअ दिसा समंता रउस्सला रेणुकलुसतमपडलणिरालोआ समयलुक्खयाए णं अहिअं चंदा सीअं मोच्छिहिंति, अहिअं सूरिआ तविस्संति।

उस काल में दिशाएँ प्रतिक्षण धुआँ छोड़ती रहेंगी, वे सर्वथा रज से भरी हुई होंगी, धूल से मलिन होंगी और घोर अंधकार के कारण प्रकाश शून्य हो जायेंगी। काल की रूक्षता के कारण चन्द्र अधिक अहित अपथ्य शीत हिम छोड़ेंगे, सूर्य असह्य रूप में तपेंगे।

अदुत्तरं च णं गोयमा ! अभिक्खणं अरसमेहा, विरसमेहा, खारमेहा, खत्तमेहा, अग्गिमेहा, विज्जुमेहा, विसमेहा, अजवणिज्जोदगा, वाहिरोगवेदणो दारुणपरिणामसलिला, अमणुण्णपाणिअगा चंडानिलपहयतिक्खधाराणिवायपउरं वासं वासिहिंति।

गौतम ! इस कारण **अरसमेघ**–मनोज्ञ रस वर्जित जलयुक्त मेघ, **विरसमेघ**–विपरीत रसमय जलयुक्त मेघ, **क्षारमेघ**–खार के समान जलयुक्त मेघ, **खात्रमेघ**–करीष सदृश रसमय जलयुक्त मेघ (अम्ल या खट्टे जलयुक्त मेघ), **अग्निमेघ**–अग्नि सदृश दाहक जलयुक्त मेघ, **विद्युत मेघ**–बिजली गिराने वाले मेघ, **विषमेघ**–विषमय जलवर्षक मेघ, **अयापनीयोदक**–अप्रयोजनीय मेघ, **व्याद्धि**–कुष्ट आदि और तत्काल प्राण लेने वाली बीमारी उत्पादक जलयुक्त मेघ, **अप्रियमेघ**-तूफान जनित तीव्र प्रचुर जलधारा छोड़ने वाले मेघ निरंतर वर्षा करेंगे।

तेणं भरहे वासे गामागर-णगर-खेडकब्बड-मडंब-दोणमुह-पट्टणासमगयं जणवयं, चउप्पयगवेलए, खहयरे पक्खिसंघे गामारण्णप्पयारणिरए तसे अ पाणे, बहुप्पयारे रूक्ख-गुच्छ-गुम्म-लय-वल्लि-पवालंकुरमादीए तणवणस्सइकाइए ओसहीओ अ विद्धंसेहिंति, पव्वयगिरिडोंगरूत्थलभट्टिमादीए अ वेअड्ढगिरिवज्जे विरावेहिंति, सलिल-बिल-विसम-गत्तणिण्णुण्णयाणि अ गंगासिंधुवज्जाइं समीकरेहिंति।

जिससे भरत क्षेत्र के ग्राम, आकर, नगर, खेट, कर्बट, मडम्ब, द्रोणमुख, पट्टन आश्रम निवासी मनुष्यों, गाय आदि चौपाये प्राणियों, खेचर पक्षियों, गाँवों और वनों में रहने वाले द्वीन्द्रियादि त्रसों और प्राणियों तथा अनेक प्रकार के वृक्षों, नवमालिका आदि गुल्मों, अशोकलता आदि लताओं, वालुक्य आदि गुच्छों, बेलों, पत्तों, अंकुर इत्यादि बादर वनस्पति-कायिक औषधियों का वे विध्वंस कर देंगे, वैताढ्य आदि शाश्वत पर्वतों के अतिरिक्त अन्य पर्वतों, वैभार आदि क्रीड़ापर्वतों, चित्रकूट आदि डूँगरों, पथरीले टीलों, धूलवर्जित भूमि पठारों को तहस-नहस कर डालेंगे। गंगा और सिन्धु महानदी के अतिरिक्त शेष जल के स्रोतों, झरनों, विषमगर्त-उबड़-खाबड़ गड्ढों, निम्न उन्नत नीचे ऊँचे जलीय स्थानों को समान कर देंगे अर्थात् उनका नामोनिशान मिटा देंगे।

प. तीसे णं भंते ! समाए भरहस्स वासस्स भूमीए केरिसए आयारभावपडोयारे भविस्सइ ?

प्र. भंते ! उस काल में भरत क्षेत्र की भूमि का आकार स्वरूप कैसा होगा ?

उ. गोयमा ! भूमी भविस्सइ इंगालभूआ, मुम्मुरभूआ, छारिअभूआ, तत्तकवेल्लुअभूआ, तत्तसमजोइभूआ, धूलिबहुला, रेणुबहुला, पंकबहुला, पणयबहुला, चलणिबहुला, [illegible] भविस्सइ।

उ. गौतम ! उस समय भूमि अंगारों जैसी, अग्निकणों जैसी, गर्म राख जैसी, तपे हुए कवेलु जैसी, सर्वत्र एक जैसी तप्त ज्वालामय होगी। उसमें धूलि रेणु वालुका पंक कीचड़ पतला कीचट चलते समय जिसमें पैर डूब जाए ऐसे प्रचुर कीचड़ की

उ. गोयमा ! मणुआ भविस्संति दुरूवा, दुव्वण्णा, दुगंधा, दुरसा, दुफासा अणिट्ठा अकंता, अप्पिआ, असुभा, अमणुन्ना, अमणामा।

हीणस्सरा, दीणस्सरा, अणिट्ठस्सरा, अकंतस्सरा, अप्पिअस्सरा, अमणामस्सरा, अमणुण्णस्सरा। अणादेज्जवयणपच्चायाता, णिल्लज्जा, कूड-कवड-कलह-बंध-वेर-निरया मज्जायातिक्कमप्पहाणा, अकज्जणिच्चुज्जुया, गुरूणिओगविणयरहिआ य विकलरूवा, परूढ णह केस-मंसु-रोमा, काला, खरफरूससमावण्णा, फुट्टसिरा, [illegible] कविलपलिअकेसा, बहुण्हारूणिसंपिणद्धदुद्दंसणिज्जरूवा, संकुडिअ वलीतरंग परिवेढिअंगमंगा, जरापरिणय व्व थेरगणरा, पविरलपरिसडिअदंतसेढी, उब्भडघडमुहा, विसमणयणवंकणासा, वंकवलीविगयभेसणमुहा, दुद्द

उनका स्वर हीन, दीन, अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अमनोगम्य और अमनोज्ञ होगा। उनका वचन अनादेय अशोभन होगा। वे निर्लज्ज होंगे, कूट, कपट, कलह, बन्ध तथा वैर भाव में निरत होंगे। मर्यादाएँ लाँघने में तत्पर रहेंगे। अकार्य करने में सदा उद्यत होंगे, गुरुजनों की आज्ञा पालन और विनय से रहित होंगे, उनका विकराल रूप होगा। बढ़े हुए नख, केश तथा दाढ़ी मूँछ युक्त काले, कठोर स्पर्शयुक्त, गहरी रेखाओं या सलवटों के कारण फटे हुए से मस्तक युक्त धुएँ से वर्ण वाले तथा सफेद केशों से युक्त, अत्यधिक नाड़ियों से परिबद्ध होने से दुर्दर्शनीय रूप से युक्त, देह में पास-पास पड़ी झुर्रियों की तरंगों से परिव्याप्त अंगयुक्त, जरा जर्जर बूढ़ों से सदृश प्रविरल दूर-दूर प्ररूढ तथा परिशटित परिपतितदन्त श्रेणीयुक्त, घड़े के विकृत [illegible] खरोंची हुई देहयुक्त, ऊँट आदि की चाल के समान अशुभ चालयुक्त, विषमसन्धि बन्धनयुक्त, अयथावस्थित अस्थियुक्त,

चालयुक्त, विषमसन्धि बन्धनयुक्त, अयथावस्थित अस्थियुक्त,

कुसंघयणकुप्पमाणकुसंठिआ, कुरूवा कुट्ठाणासणकुसेज्जकुभोइणो, असुइणो अणेगवाहिपीलि-अंगमंगा खलंतविब्भलगई णिरूच्छाहा, सत्तपरि-वज्जियाविगयचेट्ठा नट्ठतेआ, अभिक्खणं सीउण्हखरफरूसवाय विज्झडि-अमलिणपंसुर ओगुंडिअंगमंगा, बहुकोह-माण-माया-लोभा, बहुमोहा, असुभदुक्खभागी, ओसण्णं धम्मसण्ण-सम्मत्तपरिब्भट्ठा।

पौष्टिक भोजनरहित, शक्तिहीन, कुत्सित संहनन, कुत्सित परिमाण, कुत्सित संस्थान एवं कुत्सित रूप युक्त, कुत्सित आश्रय, कुत्सित आसन, कुत्सित शय्या तथा कुत्सित भोजनसेवी, अशुचि अपवित्र अथवा अश्रुति श्रुत-शास्त्र ज्ञान वर्जित अनेक व्याधियों से पीड़ित, स्खलित विह्वल गति युक्त लड़खड़ाकर चलने वाले, उत्साहरहित सत्वहीन निश्चेष्ट, नष्टतेज तेजोविहीन निरन्तर शीत उष्ण तीक्ष्ण कठोर वायु से व्याप्त शरीरयुक्त, मलिन धूलि से आवृत देहयुक्त, बहु क्रोधी अहंकारी मायावी लोभी तथा मोहमय अशुभ कार्यों के परिमाणस्वरूप अत्यधिक दुःखी प्रायः धर्मसंज्ञा धार्मिक श्रद्धा तथा सम्यक्त्व से परिभ्रष्ट होंगे।

उक्कोसेणं रयणिप्पमाणमेत्ता, सोलसवीसइवास-परमाउसो, बहुपुत्तणत्तुपरियालपणयबहुला, गंगासिंधुओ महाणईओ वेअड्ढं च पव्वये नीसाए बावत्तरिं णिगोअबीअं बीअमेत्ता बिलवासिणो मणुआ भविस्संति[1]।

उत्कृष्टतः उनके शरीर की ऊँचाई एक हाथ की होगी, उनका अधिकतम आयुष्य स्त्रियों का सोलह वर्ष तथा पुरुषों का बीस वर्ष का होगा। अपने बहुपुत्र पौत्रमय परिवार में उनका बड़ा प्रेम मोह होगा। वे गंगा महानदी, सिन्धु महानदी के तट तथा वैताढ्य पर्वत के समीपवर्ती बिलों में रहेंगे। वे बिलवासी मनुष्य संख्या में बहत्तर होंगे। जो भविष्य में मानव जाति के विस्तार के लिए बीजरूप होंगे।

प. तेणं भंते मणुआ किमाहारिस्संति ?

उ. गोयमा ! तेणं कालेणं ते णं समएणं गंगासिंधुओ महाणईओ रहपहमित्तवित्थराओ अक्खसोअप्पमाणमेत्तं जलं वोज्झिहिंति। सेवि अ णं जले बहुमच्छकच्छभाइण्णे णो चेव णं आउबहुले भविस्सइ।

प्र. भंते ! वे मनुष्य क्या आहार करेंगे ?

उ. गौतम ! उस काल और उस समय में गंगा महानदी और सिन्धु महानदी ये दो नदियाँ रहेंगी। जिनका रथ चलने के लिए अपेक्षित पथ जितना मात्र उनका विस्तार होगा। उनमें रथ के चक्र के छेद की गहराई जितना गहरा जल रहेगा। उनमें अनेक मत्स्य तथा कच्छप कछुए रहेंगे। उस जल में सजातीय अप्काय के जीव नहीं होंगे।

तए णं ते मणुआ सूरूग्गमणमुहुत्तंसि अ सूरत्थमणमुहुत्तंसि अ विलेहिंतो णिद्धाइस्संति, विलेहिंतो णिद्धाइत्ता मच्छकच्छभे थलाइं गाहेहिंति, मच्छकच्छभे थलाइं गाहेत्ता सीआतवतत्तेहिं मच्छकच्छभेहिं इक्कवीसं वाससहस्साइं वित्तिं कप्पेमाणा विहरिस्संति[2]।

वे मनुष्य सूर्योदय के समय तथा सूर्यास्त के समय अपने बिलों से तेजी से दौड़कर निकलेंगे। बिलों से निकलकर मछलियों और कछुओं को पकड़ेंगे और उनको किनारे पर लायेंगे। किनारे लाकर रात में शीत द्वारा तथा दिन में आतप द्वारा उनको पकायेंगे, सुखायेंगे, इस प्रकार वे अतिसरस खाद्य को पचाने में असमर्थ अपनी जठराग्नि के अनुरूप उन्हें आहार योग्य बना लेंगे। इस आहार वृत्ति द्वारा वे इक्कीस हजार वर्ष पर्यन्त अपना निर्वाह करेंगे।

प. ते णं भंते ! मणुआ णिस्सीला णिव्वया, णिग्गुणा, णिम्मेरा, णिप्पच्चक्खाणपोसहोववासा, ओसण्णं मंसाहारा, मच्छाहारा, खुड्डाहारा, कुणिमाहारा कालमासे कालं किच्चा कहिं गच्छिहिंति, कहिं उववज्जिहिंति ?

प्र. भंते ! वे मनुष्य जो **निःशील**--शीलरहित, आचाररहित, **निर्व्रत**--महाव्रत अणुव्रतरहित, **निर्गुण**--उत्तरगुणरहित, **निर्मर्याद**--कुल आदि की मर्यादाओं से रहित, **प्रत्याख्यान**--त्याग पौषध व उपवास से रहित होंगे। वे प्रायः माँसभोजी, मत्स्यभोजी, यत्र-तत्र अवशिष्ट क्षुद्र तुच्छ धान्यादिक भोजी, कुणिपभोजी-- वसा या चर्बी आदि दुर्गन्धित पदार्थ भोजी होंगे। वे मनुष्य आयुष्य समाप्त होने पर मरकर कहाँ जायेंगे, कहाँ उत्पन्न होंगे ?

उ. गोयमा ! ओसण्णं णरगतिरिक्खजोणिएसु उववज्जिहिंति।

उ. गौतम ! वे प्रायः नरकगति और तिर्यञ्चगति में उत्पन्न होंगे।

प. तीसे णं भंते ! समाए सीहा, वग्घा, विगा, दीविआ, अच्छा, तरस्सा, परस्परा, सरभ, सियालबिरालसुणगा, कोलसुणगा,

प्र. भंते ! तत्कालवर्ती सिंह, बाघ, भेड़िए, रीछ, तरक्ष, चीते, गेंडे शरभ-अष्टापद, शृंगाल, बिलाव, कुत्ते, जंगली कुत्ते या सूअर,

१. विया.स.७,उ.६,सु.३१-३३

२. विया.स.७,उ.६,सु.३४

ससगा, चित्तगा, चिल्ललगा, ओसण्णं मंसाहारा, मच्छाहारा, खोद्दाहारा, कुणिमाहारा कालमासे कालं किच्चा कहिं गच्छिहिंति, कहिं उववज्जिहिंति ?

उ. गोयमा ! ओसण्णं णरगतिरिक्खजोणिएसु उववज्जिहिंति।

प. ते णं भंते ! ढंका, कंका, पीलगा, मग्गुगा, सिही ओसण्णं मंसाहारा, मच्छाहारा, खोद्दाहारा, कुणिमाहारा कालमासे कालं किच्चा कहिं गच्छिहिंति, कहिं उववज्जिहिंति ?

उ. गोयमा ! ओसण्णं णरगतिरिक्खजोणिएसु गच्छिहिंति उववज्जिहिंति[1]। —*जंबू. वक्ख. २, सु. ४४-४६*

खरगोश, चीतल तथा चिल्लक जो प्रायः माँसाहारी मत्स्याहारी, क्षुद्राहारी तथा कुणिमाहारी होंगे वे आयुष्य समाप्त होने पर मरकर कहाँ जायेंगे, कहाँ उत्पन्न होंगे ?

उ. गौतम ! वे प्रायः नरकगति और तिर्यञ्चगति में उत्पन्न होंगे।

प्र. भंते ! ढंक (काक विशेष) कंक कठफोडा पीलक मद्गुक जल काकशिखी मयूर जो प्रायः माँसाहारी मत्स्याहारी क्षुद्राहारी तथा कुणिमाहारी होंगे वे आयुष्य समाप्त होने पर मरकर कहाँ जायेंगे, कहाँ उत्पन्न होंगे ?

उ. गौतम ! वे प्रायः नरकगति और तिर्यञ्चगति में जायेंगे।

भरहे वासे उस्सप्पिणी कालस्स छण्हंआरकाणं आयारभावपडोयार परूवणं–

भरत क्षेत्र में उत्सर्पिणी काल के छह आरों के आकार भाव स्वरूप का प्ररूपण–

सूत्र १२ (ङ)

१. तीसे णं समाए इक्कवीसाइ वाससहस्सेहिं काले वीइक्कंते आगमिस्साइ उस्सप्पिणीए सावणबहुलपडिवए बालवकरणंसि अभीइणक्खत्ते चोद्दसपढमसमये अणंतेहिं वण्णपज्जवेहिं **जाव** अणंतगुण परविढीए परिवड्ढेमाणे-परिवड्ढेमाणे एत्थ णं दूसमदूसमा णामं समा काले पडिवज्जिस्सइ, समणाउसो !

१. हे आयुष्मन् श्रमण ! उस अवसर्पिणी काल के छठे आरे के इक्कीस हजार वर्ष व्यतीत हो जाने पर श्रावण मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा के दिन बालव नामक करण में चन्द्रमा के साथ अभिजित् नक्षत्र का योग होने पर चतुर्दशविध काल के प्रथम समय में आगामी उत्सर्पिणी काल का दुषमदुषमा नामक प्रथम आरा प्रारम्भ होगा। उसमें अनन्त वर्ण पर्यायादि अनन्तगुण परिवृद्धि के क्रम से परिवर्द्धित होते जायेंगे।

प. तीसे णं भंते! समाए भरहस्स वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे भविस्सइ ?

प्र. भंते ! उस काल में भरत क्षेत्र का आकार स्वरूप कैसा होगा ?

उ. गोयमा ! **काले भविस्सइ, हाहाभूए, भंभाभूए एवं सो चेव दूसमदूसमावेढओ णेअव्वो।**

उ. गौतम ! **उस समय अवसर्पिणी काल के दुषमदुषमा नामक छट्ठे आरे के समान हाहाकारमय चीत्कारमय स्थिति होगी।**

२. तीसे णं समाए एक्कवीसाए वाससहस्सेहिं काले विइक्कंते अणंतेहिं वण्णपज्जवेहिं **जाव** अणंतगुणपरिवुड्ढीए परिवड्ढेमाणे-परिवड्ढेमाणे एत्थ णं दूसमादूसमा णामं समा काले पडिवज्जिस्सइ, समणाउसो !

तेणं कालेणं तेणं समएणं पुक्खलसंवट्टए णामं महामेहे पाउब्भविस्सइ भरहप्पमाणमित्ते आयामेणं तदणुरूवं च णं विक्खंभबाहल्लेणं। तए णं से पुक्खलसंवट्टए महामेहखिप्पामेव पतण तणाइस्सइ, खिप्पामेव पतणतणाइत्ता खिप्पामेव पविज्जुआइस्सइ खिप्पामेव पविज्जुआइत्ता खिप्पामेव जुग-मुसल-मुट्ठिप्पमाणमित्ताहिं धाराहिं ओघमेघं सत्तरत्तं वासं वासिस्सइ, तेणं भरहस्स वासस्स भूमिभागं इंगालभूअं मुम्मुरभूअं छारिअभूअं तत्त कवेल्लुगभूअं तत्तसमजोइभूअं णिव्वाविस्सइ त्ति।

तंसि च णं पुक्खलसंवट्टगंसि महामेहंसि सत्तरत्तं णिवतितंसि समाणंसि एत्थ णं खीरमेहे णामं महामेहे पाउब्भविस्सइ, भरहप्पमाणमेत्ते आयामेणं, तदणुरूवं च णं विक्खंभबाहल्लेणं।

२. हे आयुष्मन् श्रमण ! उस काल के उत्सर्पिणी के प्रथम आरक दुःषम दुषमा के इक्कीस हजार वर्ष व्यतीत हो जाने पर उसका दुषमा नामक द्वितीय आरा प्रारम्भ होगा। उसमें अनन्त वर्णपर्यायादि अनन्त गुण परिवृद्धि के क्रम से परिवर्द्धित होते जायेंगे।

उस काल और उस समय उत्सर्पिणी काल के दुःषमा नामक दूसरे आरे के प्रारम्भ में भरत क्षेत्र प्रमाण आयाम विष्कम्भ बाहल्य वाला पुष्कर संवर्तक नामक महामेघ प्रादुर्भूत होगा। वह पुष्कर संवर्तक महामेघ शीघ्र ही गर्जन करेगा, गर्जन कर शीघ्र ही विद्युत से युक्त होगा, उसमें बिजलियाँ चमकने लगेंगी, विद्युतयुक्त शीघ्र ही वह युग मूसल और मुष्टि परिमित कोटि धाराओं से सात दिन-रात तक सर्वत्र एक जैसा बरसेगा जिससे वह भरत क्षेत्र के अंगारमय मुर्मुरमय, क्षारमय तप्त कटाह सदृश सब ओर से परितृप्त तथा दहकते भूमिभाग को शीतल करेगा।

यों सात दिन-रात तक पुष्कर संवर्तक महामेघ के बरस जाने पर क्षीरमेघ नामक महामेघ प्रकट होगा। वह लम्बाई चौड़ाई तथा विस्तार में भरत क्षेत्र जितना होगा। वह क्षीरमेघ नामक

१. विया. स. ७, उ. ६, सु. ३५-३७

तए णं से खीरमेहे णामं महामेहे खिप्पामेव पतणतणाइस्सइ जाव खिप्पामेव जुग-मुसल-मुट्ठिप्पमाणमित्ताहिं धाराहिं ओघमेघं सत्तरत्तं वासं वासिस्सइ, जेणं भरहवासस्स भूमीए वण्णं गंधं रसं फासं च जणइस्सइ।

तंसि च णं खीरमेहंसि सत्तरत्तं णिवतितंसि समाणंसि इत्थ णं घयमेहे णामं महामेहे पाउब्भविस्सइ। भरहप्पमाणमेत्ते आयामेणं, तदणुरूवं च णं विक्खंभबाहल्लेणं तए णं से घयमेहे महामेहे खिप्पामेव पतणतणाइस्सइ जाव वासं वासिस्सइ। जेणं भरहस्स वासस्स भूमीए सिणेहभावं जणइस्सइ।

तंसि च णं घयमेहंसि सत्तरत्तं णिवतितंसि समाणंसि एत्थ णं अमयमेहे णामं महामेहे पाउब्भविस्सइ। भरहप्पमाणमित्तं आयामेणं तदणुरूवं च णं विक्खंभबाहल्लेणं, तए णं से अमयमेहे णामं महामेहे खिप्पामेव पतणतणाइस्सइ जाव वासं वासिस्सइ जेणं भरहे वासे रूक्ख-गुच्छ-गुम्म-लय-वल्लि-तण-पव्वग-हरिय-ओसहिं पवालंकुरमाईए तणवणस्सइकाइए जणइस्सइ।

तंसि च णं अमयमेहंसि सत्तरत्तं णिवतितंसि समाणंसि एत्थ णं रसमेहे णामं महामेहे पाउब्भविस्सइ। भरहप्पमाणमेत्ते आयामेणं तदणुरूवं च विक्खंभबाहल्लेणं। तए णं से रसमेहे णामं महामेहे खिप्पामेव पतणतणाइस्सइ जाव वासं वासिस्सइ।

जेणं तेसिं वहूणं रूक्ख-गुच्छ-गुम्म-लय-वल्लि-तण-पव्वग-हरित-ओसहि-पवालंकुरमादीणं १. तित्त, २. कडुअ, ३. कसाय, ४. अंबिल, ५. महुरे पंचविहे रसविसेसे जणइस्सइ।

तए णं भरहे वासे भविस्सइ परूढरूक्ख-गुच्छ-गुम्म-लय-वल्लि-तण-पव्वग-हरिअ-ओसहिए उवचियतय पत्त पवालंकुर पुप्फ-फलसमुइए सुहोवभोगे या वि भविस्सइ।

तए णं से मणुआ भरहे वासे परूढरूक्ख-गुच्छ-गुम्म-लय-वल्लि-तण-पव्वय-हरिअ-ओसहिअं-उवचितय-पत्त-पवाल-पल्लवंकुर-पुप्फ-फल-समुइअं सुहोवभोगं जायं जायं चावि पासहिंति पासित्ता विलेहिंतो णिद्धाइस्संति, णिद्धाइत्ता हट्ठतुट्ठा अण्णमण्णं सद्दाविस्संति, सद्दावित्ता एवं वदिस्संति–

जाए णं देवाणुप्पिआ ! भरहे वासे परूढरूक्ख गुच्छ-गुम्म-लय-वल्लि-तण-पव्वय-हरिय-ओसहिए-उवचिय-तय-पत्त-पवाल-पल्लवंकुर-पुप्फ-फल-समुइए सुहोवभोगे तं जे णं देवाणुप्पिआ ! अम्हे केइ अज्जप्पभिइ असुभं कुणिमं आहारं आहारिस्सइ से णं अणेगाहिं छायाहिं वज्जणिज्जेत्ति कट्टु संठिइं ठवेस्संति, ठवेत्ता भरहे वासे सुहंसुहेणं अभिरममाणा अभिरममाणा विहरिस्संति।

महामेघ शीघ्र ही गर्जन करेगा यावत् शीघ्र ही युग-मूसल और मुष्टि परिमित धाराओं से सर्वत्र एक सदृश सात दिन-रात तक वर्षा करेगा। जिससे भरत क्षेत्र की भूमि में शुभ वर्ण, शुभ गन्ध, शुभ रस तथा शुभ स्पर्श उत्पन्न हो जायेंगे।

उस क्षीरमेघ के सात दिन-रात बरस जाने पर घृतमेघ नामक महामेघ प्रकट होगा। वह लम्बाई चौड़ाई और विस्तार में भरत क्षेत्र जितना होगा। वह घृतमेघ नामक विशाल बादल शीघ्र ही गर्जन करेगा यावत् वर्षा करेगा। इस प्रकार वह भरत क्षेत्र की भूमि में स्नेहभाव स्निग्धता उत्पन्न करेगा।

उस घृतमेघ के सात दिन-रात तक बरस जाने पर अमृतमेघ नामक महामेघ प्रकट होगा। वह लम्बाई चौड़ाई और विस्तार में भरत क्षेत्र जितना होगा। वह अमृतमेघ नामक विशाल बादल शीघ्र ही गर्जन करेगा यावत् वर्षा करेगा। इस प्रकार वह भरत क्षेत्र में वृक्ष, गुच्छ, गुल्म, लता, बेल, तृण, घास, पर्वग, गन्ने आदि हरित हरियाली दूब आदि औषधि जड़ी बूटी पत्ते तथा कोंपल आदि तृण वनस्पतियों को उत्पन्न करेगा।

उस अमृतमेघ के इस प्रकार सात दिन-रात बरस जाने पर रसमेघ नामक महामेघ प्रकट होगा। वह लम्बाई चौड़ाई और विस्तार में भरत क्षेत्र जितना होगा। फिर वह रसमेघ नामक विशाल बादल शीघ्र ही गर्जन करेगा यावत् वर्षा करेगा।

जिससे उन वृक्ष, गुच्छ, गुल्म, लता, बेल, तृण, पर्वग, हरियाली, औषधि, पत्ते और कोंपल आदि में १. तिक्त, २. कटुक, ३. कषाय, ४. अम्ल तथा ५. मधुर इन पाँच प्रकार के रसों को उत्पन्न करेगा।

तब भरत क्षेत्र में वृक्ष गुच्छ, गुल्म, लता, बेल, तृण, पर्वग, हरियाली, औषधि, पत्ते तथा कोंपल आदि उगेंगे। उनकी त्वचा छाल, पत्र, प्रवाल, पल्लव, अंकुर, पुष्प, फल ये सब परिपुष्ट होंगे और सुखपूर्वक सेवन करने योग्य होंगे।

तब वे बिलवासी मनुष्य देखते हैं कि भरत क्षेत्र में वृक्ष, गुच्छ, गुल्म, लता, बेल, तृण, पर्वग, हरियाली औषधि ये सब उत्पन्न हो गये हैं। छाल, पत्र, प्रवाल, पल्लव, अंकुर, पुष्प तथा फल परिपुष्ट एवं सुखोपभोग्य हो गये हैं, ऐसा देखकर वे बिलों से निकलेंगे और निकलकर हर्षित एवं प्रसन्न होते हुए एक-दूसरे को पुकारेंगे, पुकारकर कहेंगे–

"हे देवानुप्रियों ! भरत क्षेत्र में वृक्ष, गुच्छ, गुल्म, लता, बेल, तृण, पर्वग, हरियाली, औषधि ये सब उत्पन्न हो गये हैं। तथा छाल, पत्र, प्रवाल, पल्लव, अंकुर, पुष्प, फल ये सब परिपुष्ट एवं सुखोपभोग्य हो गये हैं। अतः हे देवानुप्रियों ! आज से जो कोई अशुभ मांसादिमूलक आहार करेगा उसकी छाया भी वर्जनीय होगी।" इस प्रकार से विचार करके मर्यादा की व्यवस्था करेंगे और व्यवस्था करके भरत क्षेत्र में सुखशान्ति का अनुभव करते हुए रहेंगे।

प. तीसे णं भंते ! समाए भरहस्स वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे भविस्सइ ?

प्र. भंते ! उस समय (उत्सर्पिणी काल के दुःषमा नामक द्वितीय आरक में) भरत क्षेत्र का आकार भावस्वरूप कैसा होगा ?

उ. गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे भविस्सइ से जहाणामए आलिंगपुक्खरेइ वा, मुइंगपुक्खरेइ वा जाव णाणामणिपंचवण्णेहिं किंत्तिमेहिं चेव, अकित्तिमेहिं चेव।

प. तीसे णं भंते ! समाए मणुआणं केरिसए आयारभावपडोयारे भविस्सइ ?

उ. गोयमा ! समाए मणुआणं छव्विहं संघयणं, छव्विहे संठाणे, बहूईओ रयणीओ उड्ढं उच्चत्तेणं जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं उक्कोसेणं साइरेगं वाससयं आउअं पालेहिंति, पालेत्ता अप्पेगइआ णिरयगामी, अप्पेगइआ तिरियगामी, अप्पेगइआ मणुयगामी, अप्पेगइआ देवगामी ण सिज्झंति।

३. तीसे णं समाए एक्कवीसाए वाससहस्सेहिं काले वीइक्कंते अणंतेहिं वण्णपज्जवेहिं जाव परिवड्ढेमाणे-परिवड्ढेमाणे एत्थ णं दुस्समसुसमा णामं समा काले पडिवज्जिस्सइ, समणाउसो !

प. तीसे णं भंते ! समाए भरहस्स वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे भविस्सइ ?

उ. गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे भविस्सइ, से जहाणामए आलिंगपुक्खरेइ वा, मुइंगपुक्खरेइ वा जाव णाणामणिपंचवण्णेहिं किंत्तिमेहिं चेव, अकित्तिमेहिं चेव।

प. तेसि णं भंते ! मणुआणं केरिसए आयारभावपडोयारे भविस्सइ ?

उ. गोयमा ! तेसि णं मणुआणं छव्विहे संघयणे, छव्विहे संठाणे बहूइ धणूइं उड्ढं उच्चत्तेणं जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं पुव्वकोडीआउअं पालिहिंति, पालेत्ता, अप्पेगइआ णिरयगामी, अप्पेगइआ तिरियगामी, अप्पेगइआ मणुयगामी, अप्पेगइआ देवगामी, अप्पेगइआ सिज्झंति, बुज्झंति, मुच्चंति, परिणिव्वायंति सव्वदुक्खाणमंतं करेंति।

तीसे णं समाए तओ वंसा समुप्पज्जिस्संति, तं जहा–१. तित्थगरवंसे, २. चक्कवट्टिवंसे, ३. दसारवंसे। तीसे णं समाए तेवीसं तित्थगरा, एक्कारस चक्कवट्टि, णव बलदेवा, णव वासुदेवा समुप्पज्जिस्संति।

४. तीसे णं समाए सागरोवमकोडाकोडीए बायालीसाए वाससहस्सेहिं ऊणिआए काले वीइक्कंते अणंतेहिं वण्णपज्जवेहिं जाव अणंतगुणपरिवुड्ढी परिवड्ढेमाणे-परिवड्ढेमाणे एत्थ णं सुसमदूसमा णामं समा काले पडिवज्जिस्सइ, समणाउसो !

सा णं समा तिहा विभजिस्सइ तं जहा–१. पढमे तिभागे, २. मज्झिमे तिभागे, ३. पच्छिमे तिभागे।

प. तीसे णं भंते ! समाए पढमे तिभाए भरहस्स वासस्स केरिसए आयारभावपडोयारे भविस्सइ ?

उ. गोयमा ! बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे भविस्सइ।

मणुआणं जाव ओसप्पिणीए पच्छिमे तिभागे वत्तव्वया सा भाणिअव्वा कुलगरवज्जा उसभसामिवज्जा।

उ. गौतम ! मुरज तथा मृदंग के ऊपरी भाग जैसा उसका भूमिभाग बहुत समतल तथा रमणीय होगा यावत् अनेक प्रकार की कृत्रिम एवं अकृत्रिम पाँच वर्ण की मणियों से उपशोभित होगा।

प्र. भंते ! उस समय के मनुष्यों का आकार भाव स्वरूप कैसा होगा ?

उ. गौतम ! उन मनुष्यों का छह प्रकार का संहनन एवं छह प्रकार का संस्थान होगा। उनकी ऊँचाई अनेक प्रकार के हाथों की होगी। उनका जघन्य अन्तर्मुहूर्त तथा उत्कृष्ट कुछ अधिक सौ वर्ष का आयुष्य होगा और आयुष्य को भोगकर उनमें से कई नरक गति में, कई तिर्यञ्च गति में, कई मनुष्य गति में और कई देव गति में उत्पन्न होंगे, किन्तु सिद्ध नहीं होंगे।

३. हे आयुष्मन् श्रमण ! उस आरे के इक्कीस हजार वर्ष प्रमाण काल व्यतीत हो जाने पर उत्सर्पिणी काल का दुषम-सुषमा नामक तृतीय आरा आरंभ होगा। उसमें अनन्त वर्ण पर्याय आदि क्रमशः परिवर्द्धित होते जायेंगे।

प्र. भंते ! उस काल में भरत क्षेत्र का आकार भावस्वरूप कैसा होगा ?

उ. गौतम ! वह मुरज या मृदंग के ऊपरी भाग के समान उसका भूमिभाग बड़ा समतल एवं रमणीय होगा। वह नानाविध कृत्रिम तथा अकृत्रिम पंचरंगी मणियों से उपशोभित होगा।

प्र. भंते ! उन मनुष्यों का आकार भावस्वरूप कैसा होगा ?

उ. गौतम ! उन मनुष्यों का छह प्रकार का संहनन तथा छह प्रकार संस्थान होगा। उनके शरीर की ऊँचाई अनेक धनुष परिमाण होगी। उनका आयु जघन्य अन्तर्मुहूर्त तथा उत्कृष्ट पूर्व कोटि का होगा। आयु भोगकर उनमें से कई नरक गति में, कई तिर्यञ्च गति में, कई मनुष्य गति में और कई देव गति में जायेंगे। कई सिद्ध, बुद्ध, मुक्त एवं परिनिर्वृत्त होंगे तथा समस्त दुःखों का अन्त करेंगे।

उस काल में तीन वंश उत्पन्न होंगे, यथा–१. तीर्थंकर वंश, २. चक्रवर्ती वंश, ३. दशार वंश। उस काल में तेईस तीर्थंकर, ग्यारह चक्रवर्ती, नौ बलदेव तथा नौ वासुदेव उत्पन्न होंगे।

४. हे आयुष्मन् श्रमण ! उस आरे के बयालीस हजार वर्ष कम एक सागरोपम कोडाकोडी काल व्यतीत हो जाने पर उत्सर्पिणी काल का सुषम दुषमा नामक चतुर्थ आरा प्रारम्भ होगा। उसमें अनन्त वर्ण पर्याय आदि की क्रम से उत्तरोत्तर अनन्तगुण वृद्धि होती जायेगी।

वह काल तीन भागों में विभक्त होगा, यथा–१. प्रथम त्रिभाग, २. मध्यम त्रिभाग, तथा ३. अन्तिम त्रिभाग।

प्र. भंते ! उस काल के प्रथम त्रिभाग में भरत क्षेत्र का आकार भावस्वरूप कैसा होगा ?

उ. गौतम ! उसका भूमिभाग बहुत समतल तथा रमणीय होगा।

अवसर्पिणी काल के सुषम-दुषमा आरे के अन्तिम तृतीयांश में जैसे मनुष्यों का वर्णन किया गया है वैसा ही यहाँ करना चाहिए।

अण्णे पढंति तं जहा–तीसे णं समाए पढमे तिभाए इमे पण्णरस कुलगरा समुप्पज्जिस्संति, तं जहा–

१. सुमई, २. पडिस्सुई, ३. सीमंकरे, ४. सीमंधरे, ५. खेमंकरे, ६. खेमंधरे, ७. विमलवाहणे, ८. चक्खुमं, ९. जसमं, १०. अभिचंदे, ११. चंदाभे, १२. सेणई, १३. मरूदेवे, १४. णाभी, १५. उसभे।

सेसं तं चेव, दंडणीईओ पडिलोमाओ णेअव्वाओ।

तीसे णं समाए पढमे तिभाए रायधम्मे, गणधम्मे, पाखंडधम्मे, अग्गिधम्मे, धम्मेचरणे अ वोच्छिज्जिस्सइ।

तीसे णं समाए मज्झिमपच्छिमेसु तिभागेसु पढममज्झिमेसु वत्तव्वया ओसप्पिणीए सा भाणिअव्वा।

५-६. सुसमा तहेव सुसमसुसमा वि तहेव।
छव्विहा मणुस्सा अणुसज्जिस्संति जाव सणिचारी॥
–जंबू. वक्ख. २, सु. ४७-५०

पृ. ७०७

खेत्तपलिओवमस्स भेया–

सूत्र २० (ख)

प. से किं तं खेत्तपलिओवमे ?

उ. खेत्तपलिओवमे-दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. सुहुमे य, २. वावहारिए य।
तत्थ णं जे से सुहुमे से ठप्पे। –अणु. सु. ३९२

सोदाहरणं वावहारिय खेत्त पलिओवमस्स सरूव परूवणं–

सूत्र २० (ग)

प. से किं तं वावहारिए खेत्तपलिओवमे ?

उ. वावहारिए खेत्तपलिओवमे–
से जहानामए पल्ले सिया जोयणं आयाम-विक्खंभेणं, जोयण उड्ढं उच्चत्तेणं, तं तिगुणं सविसेसं परिक्खेवेणं,

से णं पल्ले एगाहिय बेहिय तेहिय जाव भरिए वालग्गकोडीणं।

तेण्णं वालग्गा णो अग्गी डहेज्जा, णो वाओ हरेज्जा जाव णो पूइत्ताए हव्वमागच्छेज्जा।
जे णं तस्स पल्लस्स आगासपदेसा तेहिं वालग्गेहिं, अप्पुण्णा तओ णं समए-समए एगमेगं आगासपएसं अवहाय जावइएणं कालेणं से पल्ले खीणे जाव तिट्ठिए भवइ।
से तं वावहारिए खेत्तपलिओवमे।

एएसिं पल्लाणं, कोडाकोडी हवेज्ज दसगुणिया तं वावहारियस्स खेत्तसागरोवमस्स एगस्स भवे परिमाणं।

किन्तु इसमें कुलकर और भगवान ऋषभ का वर्णन नहीं करें।
इस संदर्भ में अन्य आचार्यों का कथन इस प्रकार है–
उस काल के प्रथम त्रिभाग में पन्द्रह कुलकर होंगे, यथा–
१. सुमति, २. प्रतिश्रुति, ३. सीमंकर, ४. सीमन्धर, ५. क्षेमंकर, ६. क्षेमंधर, ७. विमलवाहन, ८. चक्षुष्मान्, ९. यशस्वान्, १०. अभिचन्द्र, ११. चन्द्राभ, १२. प्रसेनजित, १३. मरूदेव, १४. नाभि, १५. ऋषभ।
शेष कथन उसी प्रकार है। दण्डनीतियाँ विपरीत क्रम से समझनी चाहिए।
